# एकोत्तरशती


রবীন্দ্র

# एकोत्तरशती

देवनागरी लिपि मे १०१ चुनी हुई कविताएँ

रवीन्द्रनाथ ठाकुर

UNIVERSITY LIBRARY
13 APR 1960
ALLAHABAD.

साहित्य

साहित्य अकादेमी
नई दिल्ली

*Ekottarasati*—101 Select Poems of Rabindranath Tagore in devanagari transliteration with explanatory notes. Frontispiece. Self-portrait in colour by Rabindranath. Sahitya Akademi, New Delhi (1958) Price: *de luxe* edition, Rs 10, ordinary, Rs. 8.

© साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

176543

810-H
122

विश्वभारती प्रकाशन विभाग के सौजन्य से
प्रस्तुत संस्करण का प्रकाशन
प्राप्तिस्थान
राजकमल प्रकाशन (प्राइवेट) लि०
फैजबाजार, दरियागंज, दिल्ली
मुद्रक :
श्री शैलेन्द्रनाथ गुहराय,
श्री सरस्वती प्रेस लि०, कलकत्ता ९
मूल्य
विशेष सस्करण १० रुपया
सामान्य संस्करण ८ रुपया

# भूमिका

रवीन्द्रनाथ उन साहित्य-स्रष्टाओ मे है जिन्हे काल की परिधि मे बाँधा नही जा सकता। केवल रचनाओं के परिमाण की दृष्टि से भी कम ही लेखक उनकी बराबरी कर सकते है। उन्होने एक हजार से भी अधिक कविताओं तथा दो हजार से भी अधिक गीतों की रचना की है। इनके अलावा बहुत-सारी कहानियाँ, उपन्यास, नाटक तथा विविध विषयों (जैसे धर्म, शिक्षा, राजनीति और साहित्य)-संबंधी निबंध उन्होंने लिखे है। एक शब्द मे उन सभी विषयो की ओर उनकी दृष्टि गई है जिनमे मनुष्य की अभिरुचि है। रचनाओं के गुणगत मूल्यांकन की दृष्टि से वे उस ऊँचाई तक पहुँचे है जहाँ कभी ही कभी कुछ ही महान् व्यक्ति पहुँचे है। जब हम उनकी रचनाओं के विशाल क्षेत्र और महत्त्व का स्मरण करते है तो इसमे आश्चर्य नही मालूम पड़ता कि उनके प्रशसक उन्हे इतिहास मे शायद सबसे बडा साहित्य-स्रष्टा मानते हैं।

किसी प्रतिभावान महान व्यक्ति के आविर्भाव का कारण बतलाना कठिन है, क्योंकि वे साधारण से व्यतिक्रम ही होते हैं। साथ ही प्रतिभावान व्यक्ति की यह भी विशेषता होती है कि वे जाति के अवचेतन या अर्द्धचेतन मन को अनुप्रेरित करने वाले आवेगों और भावनाओं को रूप देते हैं। इस प्रकार अपनी जाति के साथ उनका एक सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। इसीसे यह बात समझी जा सकती है कि जब प्रतिभाशाली व्यक्ति का आविर्भाव होता है तब लोग क्यो श्रद्धा और आश्चर्य से उसका अभिनंदन करते हैं? जनचित्त उसके शब्दों और कार्यो मे अपनी उन भावनाओं और आशा-आकांक्षाओं का मूर्त्त रूप पाता है जिनके हल्के-से स्पन्दन का अनुभव तो उसने किया है, लेकिन उसे व्यक्त नही कर सका है। प्रतिभावान व्यक्ति भी इस प्रकार के संबंध से लाभान्वित होते हैं। जाति के मस्तिष्क को अनुप्रेरित करने वाली अपरिपक्व भावनाओं और अस्पष्ट आशा-आकांक्षाओं से वह शक्ति

ग्रहण करता है। इन दोनों ही दृष्टियों से रवीन्द्रनाथ प्रतिभा के अनूठे नमूने है। उनकी असाधारणता के सम्बन्ध मे कोई प्रश्न ही नही उठता। लेकिन साथ ही, साधारण लोगो के जीवन से भी, जिन्हे उन्होने प्यार किया था और जिनके लिए वे जिए थे, उनका संबध गहरा और घनिष्ठ था।

अपने जन्म के स्थान और काल की दृष्टि से भी रवीन्द्रनाथ सौभाग्यशाली थे। पश्चिमी जातियों के आगमन ने भारतीय जीवन की शान्त धारा मे आलोड़न पैदा कर दिया था और समस्त देश में एक नये जागरण का सचार हो रहा था। इसके प्रारम्भिक धक्के ने भारतीय मानस मे चकाचौध पैदा कर दी थी और उस काल के प्रारम्भिक सुधारकों को पश्चिम का अन्धानुयायी बना दिया था। रवीन्द्रनाथ का जन्म तब हुआ जब प्रथम-प्रथम की यह अन्ध श्रद्धा खत्म हो रही थी, लेकिन पश्चिमी जातियों के लाए हुए आदर्श अभी भी क्रियाशील और शक्तिशाली थे। साथ ही विरासत में पाए हुए भारतीय मूल्यों के स्वीकार की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही थी। इसलिए यह काल एक ऐसी विशिष्ट प्रतिभा के आविर्भाव के लिए उपयुक्त था, जो अपने मे पूर्वी और पश्चिमी मूल्यों का समन्वय कर सके।

केवल काल ही नही बल्कि स्थान भी उनके उपयुक्त था। भारतवर्ष के अन्य भागो की अपेक्षा सभवत: बगाल ने इस धक्के का अधिक अनुभव किया था। बंगाल में भी जीवन के इस नये स्पन्दन का प्रभाव सब से ज्यादा कलकत्ता मे ही दीख पडा। रवीन्द्रनाथ की प्रतिभा के विकसित होने मे उनका पारिवारिक वातावरण भी सहायक था। इनका परिवार भी भारतीय जागरण के अग्रदूतों में था। उसने प्राचीन विरासत को छोड़े बिना ही नये जमाने की इस चुनौती को स्वीकार किया था। ब्राह्मण होने के नाते रवीन्द्रनाथ ने प्राचीन भारतीय परंपराओं को बड़े सहज और स्वाभाविक ढंग से अपना लिया। वे केवल साहित्य से ही प्रभावित नही हुए, बल्कि संस्कृति मे पिरोए धार्मिक और सांस्कृतिक आदर्शो से भी। वे भूस्वामी-वर्ग के थे, इसलिए

मध्ययुगीन मुगल दरबार की मिश्र संस्कृति को बिना किसी हिचक के स्वीकार कर सके थे। उन दोनों बातों मे उन दिनों के अन्य ब्राह्मण जमीदारों से वे सभवत: भिन्न नही थे, लेकिन उनमें से बहुतों के विपरीत आधुनिक जगत् की नई धाराओं के प्रति भी वे सचेतन थे। प्राचीन और मध्ययुगीन भारतीय परपराओं से सराबोर उनका परिवार एक ही साथ पाश्चात्य शिक्षा और जीवन-प्रणाली के अग्रणियों मे भी था। रवीन्द्रनाथ की भारतीय विरासत अत्यंत समृद्ध थी और उनके मन मे व्यक्त या अव्यक्त द्विधा या द्वन्द्व नही था। उनकी पारिवारिक पृष्ठ-भूमि को ध्यान मे रखा जाय, तो इस बात को समझना कोई मुश्किल न होगा। उनका समंजस व्यक्तित्त्व उस भेद-भाव से मुक्त था जो उनके बहुतेरे समकालीनों की शक्ति का ह्रास कर रहा था।

सचमुच रवीन्द्रनाथ इस विषय में भाग्यशाली थे कि प्राचीन और मध्यकालीन भारतीय मूल्यों को बिना छोड़े ही उन्होंने नवीन की चुनौती स्वीकार कर ली। जो लोग अपनी ही सस्कृति से विमुख हो चले थे और पश्चिम से प्राप्त प्रेरणा पर ही अधिक निर्भर रहने लगे थे, वे जातीय जीवन से उखड़-से गये। इसीसे उनकी प्रेरणाओं के स्रोतो मे कमी हो गई और उनकी आध्यात्मिक पूँजी का ह्रास हो गया। यही कारण है कि उनमे से अनेक, प्रतिभाशाली और गुणज्ञ होने के बावजूद, भारतीय जीवन और साहित्य पर गहरा और स्थायी प्रभाव नही डाल सके। प्रतिभावान महान व्यक्ति जाति की अन्तरतम अनुप्रेरणाओ के साथ अपने-आपको एक करके जो शक्ति प्राप्त करता है, उसका उन लोगो मे अभाव था।

एक और दूसरी चीज थी जिससे रवीन्द्रनाथ को जन-जीवन के साथ अपने-आपको एक करने मे सहायता मिली। जीवन के प्रारंभिक काल मे पद्मा नदी के दियारों पर वे महीनो एक बजरे में रहे और इस प्रकार से देश की ग्रामीण सस्कृति के बड़े निकट सपर्क मे आए। देश के उस अचल मे जीवन की जो अनुभूति उन्हे हुई, उसका मूल देश के आदिम और प्राचीन इतिहास मे था। मध्ययुग मे पनपने वाली

नागरिक सस्कृति से कही अधिक गहराई तक यह सस्कृति लोगो के जीवन मे अपनी जड़े जमा चुकी थी। इस प्रकार से रवीन्द्रनाथ ने एक ऐसे जगत् मे प्रवेश पाया जिससे शहर के लोग अपरिचित होते है। जातीय चेतना के कुछ गभीरतम तलों मे उनकी जड़े जमी। साधारण लोगों के भरे-पूरे जीवन का संस्पर्श ही उनकी अशेष सृजनी शक्ति के मूल मे है और यही कारण है कि उन्हे प्रेरणा-शक्ति की कभी कमी नही हुई।

रवीन्द्रनाथ के जीवन और उनकी रचनाओ पर विचार करते समय उनकी प्रतिभा की अद्भुत जीवनी-शक्ति से बार-बार चकित हुए बिना कोई नही रह सकता। वे प्रमुख रूप से कवि थे, लेकिन उनकी दिल-चस्पियाँ कविता तक ही सीमित नही थी। साहित्य के विविध क्षेत्रों मे उनकी देन का सकेत हम पहले ही कर चुके हैं। साहित्य को यदि हम व्यापकतम अर्थ मे भी ले, तो भी हम पाते है कि यह क्षेत्र उनकी समस्त उद्दामता को समेट नही सकता। वे संगीतज्ञ तथा बहुत बड़े चित्र-शिल्पी भी थे। इसके अलावा धर्म और शिक्षा-संबधी तत्त्व-चितन, राजनीति और सामाजिक सुधार, नैतिक उत्थान और आर्थिक पुन-र्निर्माण के क्षेत्रों में भी उनकी देन बड़े महत्त्व की है। वस्तुत: इन क्षेत्रों में इनका कार्य इतने महत्त्व का है कि वे आधुनिक भारत के निर्माताओ मे गिने जा सकते हैं।

जीवन को पूर्ण और अविभाज्य इकाई मानने मे ही रवीन्द्रनाथ की शक्ति निहित है। आदर्शो अथवा संस्कृतियों के द्वंद्व या विखडन ने उनकी शक्ति को कभी भी विभाजित नही किया। इसलिए इसमे कोई आश्चर्य नही कि कला और जीवन को उन्होंने अलग-अलग नही माना। उन्नीसवी शताब्दी के अत मे सौन्दर्य-शास्त्र के एक नये सिद्धान्त ने यूरोप पर आधिपत्य जमा लिया था। बहुत लोग ऐसे थे जिनका कहना था कि कला के उद्देश्य से ही कला को अपनाना चाहिए, यह कोई ज़रूरी नही कि जीवन से उसका संबंध हो ही। हवाई महल या गजदंत-मीनारे ही कलात्मक प्रयासो के प्रतीक और नमूने बन गई थी। इस

सिद्धान्त के पुजारी कहने लगे थे कि कवि और कलाकार सर्व प्रथम स्वप्नचारी है। रवीन्द्रनाथ ने इस मत को कभी भी स्वीकार नहीं किया कि कला जीवन से विच्छिन्न है। उन्होंने सौदर्य को ढूँढा तो, लेकिन जीवन की अभिव्यक्ति के रूप मे ही। साथ ही उनका यह भी विश्वास था कि जीवन मे माधुर्य तब तक नही आता जब तक कि वह सौन्दर्य से स्निग्ध न हो जाय। रवीन्द्रनाथ की दृष्टि मे कवि-धर्म ही मानव-धर्म है।

( २ )

रवीन्द्रनाथ ससार के श्रेष्ठतम गीति-कवियों मे गिने जाते हैं। सवेदनाओं की सचाई और भाव-चित्रो की सजीवता उनके पदो के सगीत से मिल कर एक ऐसे काव्य की सृष्टि करती है कि शब्दों के भूल जाने पर भी पद-सगीत पाठक के मन को विभोर किये रहता है। संवेदना, भाव-चित्र और सगीत का इस प्रकार से घुल-मिल जाना उनके प्रारभिक जीवन से ही दीख पडने लगता है। 'निर्झरेर स्वप्नभग' की रचना उस समय हुई जब वे बीस वर्ष के भी नही थे, लेकिन वह आज भी बगला, और यदि सच पूछा जाय तो किसी भी भाषा की श्रेष्ठतम गीतियों मे है। यह कविता केवल अपने संगीत और तीव्रता के कारण ही विशिष्ट नही है, बल्कि अपने भाव-चित्रो की सबलता के कारण भी है। और शायद इससे भी महत्त्व की बात यह है कि इसमें प्रकृति और मनुष्य को एकता के ऐसे योग-सूत्र मे बॉधा गया है जो कभी टूटने वाला नही है। प्रकृति और मनुष्य का यह सायुज्य रवीन्द्रनाथ के काव्य की एक बहुत बड़ी विशेषता रहा है और यह बात उनमे उनके समस्त जीवन बनी रही।

धरती को इतने प्राण-पण से प्यार करने वाला कोई दूसरा कवि शायद कभी नही हुआ। रात या दिन अथवा ऋतु-चक्र की शायद ही कोई भावभगी या मुहूर्त ऐसा होगा, जिसका गान रवीन्द्रनाथ ने अपनी कविता में नही गाया हो। उनके काव्य के जादू ने बगाल के दृश्य रूपों की छवि और उसकी ध्वनियो के दृश्यों को बारंबार अपने भीतर उतार-

उतार लिया है। कालिदास के जमाने से ही भारतीय कवियों ने वर्षा ऋतु का गुण-गान अपूर्व उल्लास के साथ किया है। अपने सैकड़ों गीतो और कविताओ मे रवीन्द्रनाथ ने वर्षा के बदलते रूपों का चित्रण किया है। वास्तव मे वर्षा-ऋतु-सबंधी उनके गीत और उनकी कविताएँ हमारी जातीय विरासत का एक अग हो गई है। वर्षा के आगमन के ठीक पहले झुलसी हुई धरती की प्रतीक्षा, पहले-पहल के दौगरे के बाद भीगी मिट्टी से उठती सौधी सौधी गन्ध, नई-नई उगी घास के हरे अंकुरो मे प्राणों का स्पन्दन, काले-काले बादल जो प्रात'कालीन स्वच्छ प्रकाश को धुँधला कर देते हैं तथा सायंकालीन छाया मे जादू भर देते है, रात्रि की स्तब्धता में पड़ती वर्षा की अविराम टप टप; ये तथा सैकड़ों अन्य चित्र रवीन्द्रनाथ के मुग्धकारी काव्य मे प्राणवान हो-हो उठते है। उनमे उन्होने मानव-हृदय के सुख-दुःख का ताना-बाना बुन दिया है। यहाँ तक कि प्रकृति और मनुष्य एक-दूसरे की मनोदशा को प्रतिबिबित करने लगते है और उनका पार्थक्य ओझल हो जाता है।

रवीन्द्रनाथ ने दूसरी ऋतुओं को भी आँखो से ओझल नही होने दिया। शरद् और वसन्त के भिन्न-भिन्न भावो का चित्रण उन्होंने किया है। नव वसन्त का उद्दाम उन्माद, शिशिर ऋतु का बन्धनो से मुक्ति पाने का भाव, क्षिप्र गति से फूट-फूट उठे रग और ध्वनियाँ आदि उनकी बहुत-सी कविताओं और गीतों मे प्रतिबिबित है। उनमे केवल वसन्त का आनन्द और शक्तिमत्ता ही नही बल्कि उसकी अनित्यता और क्षण-भंगुरता के भाव भी प्रतिफलित हुए है। पूर्णता और परिपक्वता के भाव लिए शरत् का मेघ-धुला आकाश रवीन्द्रनाथ की बहुत-सी कविताओं मे विशेष रूप से प्रकट हुआ है। उनके एक अत्यन्त सफल गीति-नाट्य की रचना शरद् को ले कर ही हुई है, जिसमे कार्यसकुलता के बोझ से मुक्ति पाने का भाव है। शीत और ग्रीष्म-काल को भी उन्होंने नहीं भुलाया। अपनी एक सुप्रसिद्ध कविता मे रवीन्द्रनाथ ने ग्रीष्म को एक ऐसा कठोर तपस्वी माना है, जो साँसें रोके नवजीवन के आविर्भाव की प्रतीक्षा कर रहा है।

रवीन्द्रनाथ को धरती से इतने अटूट बन्धन मे केवल प्रकृति-सौन्दर्य ने ही नही बाँधा। उन्होंने धरती को इसलिए भी प्यार किया कि वह मनुष्य की वासस्थली है। अनगिनत कविताओं और गीतों मे उन्होने मनुष्य के प्रति अपने प्रेम को उँडेला है। मनुष्य के हृदय की शायद ही कोई ऐसी सवेदना हो जिसने उनके हृदय को स्पदित नही किया। सुख-दु.ख से भरे मानव की गहन प्रेम-लीला की हजारो अभिव्यक्तियाँ कुछ ऐसे शब्दों मे केलासित हो गई है कि जिन्हे कभी भुलाया नही जा सकता। नैराश्य, मन की व्यथा तथा निष्फल प्रतीक्षा की असह्य पीड़ा का सजीव चित्रण पाठक को विस्मय मे डाल देता है। उन्होंने मनुष्य के भावावेगो के चिरन्तन साथी के रूप मे भी प्रकृति को चित्रित किया है। वे जानते थे कि जीवन नाना सघर्षो और प्रचेष्टाओं से भरा हुआ है और यह ससार त्रुटियों से रहित नही है, लेकिन उनका विश्वास यह भी था कि त्रुटियों, दोषों, क्लेशो और लालसाओं के कारण हमारा यह सांसारिक जीवन मनुष्य के लिए और भी प्रिय हो उटता है।

रवीन्द्रनाथ ने ससार को केवल ऐसा रगमच ही नही माना, जहाँ मनुष्य जीवन मे पूर्णता प्राप्त करने का प्रयास करता है, बल्कि उसे स्नेहमयी माँ के रूप मे भी देखा है, जो जीवन के विविध अनुभवों मे सारगर्भित अर्थ खोजने की साधना में लगे मनुष्य की निगरानी करती रहती है। रवीन्द्रनाथ कोई संन्यासी नही थे, और न ही वह कोई सुख-विलासी या इंद्रिय-सर्वस्ववादी ही थे। एक ओर तो उन्होंने उस आदर्श का जान-बूझकर प्रत्याख्यान किया, जो शरीर-धर्मो और नानाविध भोगों को अस्वीकार करता है, तथा दूसरी ओर उन्होंने केवल इद्रिय-सुख या केवल भोग-लिप्सा को ही सब-कुछ कभी नही माना। जीवन के सम्यक् ज्ञान की प्राप्ति की साधना मे सतत लगे रहने को ही वे जीवन का वास्तविक गौरव मानते थे। जीवन की इस परिपूर्णता को पाने की यह आकाक्षा बार-बार उनकी कविताओं मे प्रकट हुई है। 'वसुन्धरा' नामक अपनी कविता मे उन्होंने

पृथ्वी के भरे-पूरे जीवन और सृष्टि की आदिम शक्ति के उफनते ज्वार के साथ मनुष्य के अतरग सबध का गीत गाया है। अपनी एक सुप्रसिद्ध गीति 'स्वर्ग हइते बिदाय' (स्वर्ग से विदाई) मे उन्होंने उच्छ्वास-रहित शान्त स्वर्ग-सुख के साथ सासारिक जीवन के अजस्र सुख-दु.ख के ज्वार-भाटो की तुलना की है। रवीन्द्रनाथ ने हमे किसी प्रकार के भ्रम मे नही रहने दिया कि वे किस जीवन को अधिक पसन्द करते है।

रवीन्द्रनाथ मुख्यत. गीतिकार ही है, लेकिन उनके प्रकृति-प्रेम और जीवन के वैविध्य के साथ उनकी अन्तरंगता ने उनकी बहुत-सी कविताओं मे एक सुसमृद्ध नाट्य-गुण ला दिया है। रवीन्द्रनाथ के गंभीर मानव-धर्म और न्याय के लिए उनकी आकुलता को देखते हुए इस बात मे कोई आश्चर्य नही कि वह सामाजिक एव राजनीतिक विषयों की ओर भी आकृष्ट हुए। किसी प्रकार का कोई विशेष अनुभव भले ही सामयिक क्यो न रहा हो, लेकिन जिसको भी उन्होने छू दिया है वह एक ऊँचे दरजे पर पहुँच गया है और सार्वभौम हो गया है। अपने ही लोगों के पूर्वग्रहो और कुसस्कारो के खिलाफ उन्होने कुछेक कटु व्यग्यों की रचना भी की है। लेकिन उन रचनाओ मे शायद ही कोई ऐसी हों जिनमे उनके भीतर की मानवता उनके रोष और क्रोध के स्तर से ऊपर न उठ गई हो। यहाँ तक कि उनकी देशभक्ति-पूर्ण कविताएँ भी समग्र मानव जाति की भावना से अनुप्रेरित है। रवीन्द्रनाथ के लिए देश-प्रेम एक सहज गुण था जिसमे अपने देश और देशवासियों के लिए प्रेम तो था, लेकिन दूसरे देश-वालों के प्रति घृणा या हिसा-भाव नही था, और इस प्रकार से वह देश-प्रेम नकारात्मक कभी नही था। इसका एक अत्यन्त सुन्दर उदाहरण उनकी कविता 'गुरु गोविन्द' मे मिलता है। इसमें अपने देश तथा देशवासियो के लिए उनका गभीर प्रेम समग्र मानव जाति के प्रति प्रेम की गहराई मे उतर आता है। रवीन्द्रनाथ ने इस बात को कभी भी स्वीकार नहीं किया कि जिसमें मानवीय तत्त्व है वह भी कभी उनके लिए विदेशी हो सकता है। अपनी सुप्रसिद्ध कविता

'प्रवासी' मे उन्होंने कहा है कि सभी जगह मेरा घर है और ससार के सभी हिस्से मे मेरा देश है। समग्र मानव-जाति के साथ एकात्म-बोध का यह भाव बडे सुन्दर ढंग से हमारे राष्ट्रीय गीत मे प्रकट हुआ है। इसमे रवीन्द्रनाथ ने भारत-भाग्य-विधाता के रूप में समस्त ससार के जनगणमन-अधिनायक का आह्वान किया है।

मनुष्य के प्रति रवीन्द्रनाथ का यह प्रेम अनजाने तथा अपरिहार्य रूप से भगवान् के प्रति प्रेम का रूप ले लेता है। हम यह देख चुके है कि उनकी कल्पना मे जीवन की अभिरुचि का जो विकसन हुआ है, उसमे प्रकृति और मानव एकाकार हो गए है। उन्होंने यह कभी भी नही सोचा कि भगवान् मनुष्य के जीवन से दूर और अलग की वस्तु है। उनके लिए प्रेम ही भगवान् था। सन्तान के प्रति माता का वात्सल्य अथवा प्रेमिका के प्रति प्रेमी का प्रेम उस महत् प्रेम के उदाहरण-मात्र है और यह प्रेम ही परमात्मा है। और यह प्रेम केवल रहस्यवादी भाव-विह्वलता मे ही नही प्रकट होता बल्कि साधारण मनुष्य की नित्य-प्रति की जीवन-यात्रा मे भी प्रकट होता है। रवीन्द्रनाथ ने बार-बार कहा है कि जीवन के सहज साधारण सबधों मे और नित्य-प्रति की उस कार्यावलि मे, जिन पर कि ससार टिका हुआ है, भगवान् को प्रत्यक्ष करना चाहिए। इसमे कोई सन्देह नही कि रवीन्द्रनाथ वैष्णव काव्य और सूफी-रहस्यवाद से अत्यधिक प्रभावित थे। उनकी कविता और उनके गीत ऐसे भाव-चित्रों से भरे है तथा उनका वक्तव्य विषय कुछ इस प्रकार का है कि हमे रहस्यवादियों के भावोल्लास की याद आ जाती है, लेकिन साथ-साथ उनमें दिन-प्रतिदिन की जीवन-यात्रा की वास्तविकताओं के प्रति भी एक तीव्र जागरूकता है। उनके शब्दो और वाक्याशो मे प्रकाशन-भंगी की एक ऐसी यथार्थता है जो व्यक्तिगत अनुभव के बिना सभव नही। संवेदना के चित्रण की बारीकियाँ प्रकृति के भिन्न-भिन्न भाव-रूपों से इस प्रकार घुल-मिल गई है कि ससार के काव्य-साहित्य मे वैसा चित्रण कम ही देखने को मिलता है।

उनके रहस्यवादी काव्य की विशेषता की कुछ चर्चा कर लेनी चाहिए। जब 'गीतांजलि' का अग्रेजी अनुवाद पहले-पहल प्रकाशित हुआ, तब युद्ध से जर्जर और तिक्त बने संसार में इसके प्रेम और शान्ति के संदेश के लिए पश्चिमी देशों ने इसका खूब जोरो से स्वागत किया। इसमे कोई सन्देह नही कि उस पतले-से संस्करण की कविताएँ एक गभीर शान्ति की भावना से ओत-प्रोत हैं।

इस पुस्तक मे रवीन्द्रनाथ की कविता का जो विषय है, वह हमारी दैनंदिनी अभिज्ञता से ही लिया गया है। उनकी भाषा बोल-चाल की और भाव-चित्र सरल है। फिर भी सौदर्य और सुदूर के इगित का एक ऐसा गुण उनमे निहित है, जिसका वर्णन नही किया जा सकता। यूरोप तथा अमेरिका के पाठकों के लिए ये कविताएँ आश्चर्य-मिश्रित हर्ष उत्पन्न करने वाले एक नये आविष्कार–जैसी थी। लेकिन रवीन्द्रनाथ की रचनाओं को मूल बगला में पढ़ने वाले पाठकों के लिए ये कविताएँ उनकी प्रारम्भिक रचनाओं की स्वाभाविक परिणति-मात्र थी। प्रकृति और मनुष्य के प्रति उनका प्रेम अनजाने भाव से भगवान् के प्रति उनके प्रेम मे विलीन हो गया था। उनके निजी जीवन की गंभीर व्यथा ने उनके भाव-चित्रों और वक्तव्य विषय को अत्यन्त मधुर और गहन बना दिया था। उनके अनुभव के विकास-क्रम ने उन पर यह द्विधा-रहित सत्य प्रकट कर दिया था कि जीवन मात्र रहस्य से आवेष्टित है। मनुष्य-जीवन की करुणा और विस्मय ने उनकी रचनाओं मे एक नई सहानुभूति और मर्मस्पर्शिता ला दी थी।

रवीन्द्रनाथ की, अतिम दिनो की, बहुत-सी गीतियों की एक विशेषता यह रही है कि वे अत्यन्त सहज-सरल है। प्रारभिक काल की अपनी रचनाओं में उन्होंने सस्कृत के बहुत-से प्रसगों और ध्वनि-साम्यों का अधिक-से-अधिक प्रयोग किया है। बहुत सी कविताओं में प्राचीन भारतीय साहित्य की वस्तु-योजना और भावभगी का समावेश हो गया है। इसमें कोई सन्देह नही कि उन्होंने पुराने को

नये साँचे मे ढाला है, लेकिन फिर भी यह समझने मे भूल नही हो सकती कि सुसमृद्ध भारतीय पुराण-साहित्य से उसका गहरा सम्बन्ध है। मनुष्य और परमात्मा के प्रति निवेदित अपनी कविताओं मे उन्होंने सभी प्रकार के अलकरण का परित्याग कर दिया है। मनुष्य की साधारण-से-साधारण परिस्थिति का भी उपयोग उन्होंने सत्य की अपनी अनुभूति को अभिव्यक्त करने के लिए किया है। उनकी भाषा भी सर्व-साधारण की भाषा-जैसी सहज, सरल और स्पष्ट हो गई है। बाद के इन बहुत-से गीति-काव्यों और गीतो मे हम अनुभूति के सामीप्य का साक्षात्कार अनुभव करते है। शब्द बिलकुल पारदर्शक और स्वच्छ हो गए है। विशुद्ध सगीत की ध्वनियो की नाई उनमे ऐसी सबलता और स्पष्टता आ गई है, जिससे हम बहुधा अवाक् रह जाते है।

हम यह भी नही भूल सकते कि रवीन्द्रनाथ अपने समस्त जीवन मे सत्य के निर्भीक और सच्चे खोजी रहे। उनकी बुद्धि के तेज ने प्रवचना और पाखण्ड के बाह्य दिखावटी स्वरूप को, जिसका निर्माण हम अपने दैन्य को छिपाने के लिए करते हैं, छिन्न-भिन्न कर दिया है। उनकी रचनाओ की ऊर्जस्विता और शौर्य वाले गुण से वे लोग बहुत दूर तक अपरिचित ही हैं, जिन्होने उन्हें मूल मे नही पढ़ा है। इसका एक कारण यह है कि अनुवाद के लिए चुनी हुई रचनाएँ ही ली गई हैं; और उनमे कुछ ऐसी कविताएँ छाँट दी गई है जिनसे रवीन्द्रनाथ की बुद्धि के पैनेपन और प्रसार-मात्र का पता चल पाता। दूसरा कारण यह है कि बहुत-से अनुवाद छाया-मात्र है, और उनमे मूल की खुरदरी और दुर्दम शक्तिमत्ता प्रायः खो-सी गई है। मनुष्य तथा उसकी नियति के प्रति रवीन्द्रनाथ की दिलचस्पी उनके जीवन के प्रारंभिक काल से ही दीख पडने लगती है। 'सन्ध्या संगीत' मे भी, जो कि उनके प्रथम-प्रथम के काव्य-सग्रहों मे है, हम उन्हे मानव के अस्तित्व की समस्या को ले कर उलझते हुए पाते है। मनुष्य का स्वार्थ जब प्रेम का बाना पहन लेता है तो उससे एक असुन्दरता-सी

उत्पन्न होती है। अल्पवयस्क तरुण होते हुए भी रवीन्द्रनाथ ने इस असुदरता का वर्णन किया है। 'नैवेद्य' तक आते-आते उनमे यह दार्शनिक पुट गंभीर और गाढ हो उठा है, लेकिन बौद्धिकता और भावावेग के समन्वय का सुन्दरतम रूप हम शायद 'बलाका' में ही पाते है। 'बलाका' की कुछ कविताएँ विचार और सवेदना के समन्वय को प्रकाश मे लाती हैं। और इस समन्वय के फलस्वरूप दर्शन-शास्त्र के सिद्धान्त विशुद्ध गीति-काव्य का रूप ले लेते हैं।

अपने जीवन के प्राय: अन्तिम दिनों तक रवीन्द्रनाथ नई अनुभूतियों और नई अभिव्यक्तियो के लिए सतत-प्रयासी रहे। साठवे साल के बाद तो उनकी गीति-रचनाओं की जैसे बाढ़-सी आ गई थी। और वे रचनाएँ उनकी युवावस्था के प्रारम्भिक काल की उत्कृष्ट रचनाओं तक से होड़ लगा सकती हैं। इस काल की कविताओं मे गभीर सवेदना और भावोद्वेग का एक नया सुर है जो दुख से तपकर विशुद्ध हो चुका है। इस दशक में व्यक्तित्व के जो घनिष्ठ सुर और निजत्व-भाव मिलते हैं, उसका स्थान अगले दशक मे एक गहन एवं गभीर मानव-धर्म ने ले लिया है। पहले की उनकी रचनाओं मे भाव और भाषा का जो प्राचुर्य था, उसके स्थान पर अब भाव और भाषा की एक अपूर्व किफ़ायतशारी देखने को मिलती है। अन्त की उनकी कुछ कविताओं में सामर्थ्य और आत्म-विश्वास का एक ऐसा भाव है जिसका बुद्धि-तेज हमे चकित कर देता है। इसके अलावा जीवन के चरम लक्ष्य के संबंध में उन्होंने कुछ प्रश्न नये सिरे से भी उठाए हैं और साथ ही बड़े शान्त और स्निग्ध भाव से जीवन को उसकी सभी न्यूनताओं और सभावनाओ के साथ स्वीकार किया है।

(३)

रवीन्द्रनाथ ने एक हज़ार से अधिक कविताएँ और दो हजार गीत लिखे हैं। वे मुश्किल से पन्द्रह वर्ष के रहे होंगे जब उनकी प्रथम पुस्तक प्रकाश मे आई और अन्तिम कविता उनकी मृत्यु के ठीक

पहले की लिखी हुई है। इस बात से यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि उनकी रचनाओं का चुनाव करना इतना कठिन क्यों है। वास्तव मे साहित्यिक रचनाओं का सग्रह तैयार करना बराबर ही मुश्किल होता है। कोई भी संग्रह संकलनकर्ता के अपने ही विचारों और रुचि के अनुसार होता है और ऐसी आशा कोई भी नहीं कर सकता कि उसकी पसन्द सबको संतुष्ट करेगी। यही कारण है कि कोई भी संग्रह हमे पूरा संतोष नही दे पाता। अगर गद्य के लिए यह बात सत्य हो तो काव्य के लिए तो यह और भी अधिक सत्य है। भिन्न-भिन्न पाठको की भिन्न-भिन्न रुचि होती है। इसके अलावा किसी कविता का आवेदन पाठक के अपने निजी अनुभव तथा मनो-दशा पर भी निर्भर करता है। कोई एक ही कविता अगर किसी पाठक के हृदय को छू लेती है तो दूसरे पाठक को बिलकुल निरुत्साह छोड़ जाती है। यहाँ तक कि एक ही पाठक भिन्न-भिन्न काल मे तथा मन की भिन्न-भिन्न स्थितियो मे अलग-अलग ढंग से प्रभावित होता है। चाहे चुनाव कितनी भी बुद्धिमत्ता से क्यों न किया गया हो और संकलनकर्ता कितना भी विवेकशील क्यों न हो, यह असभव-सा ही है कि कोई ऐसा संग्रह निकले जो सदा-सर्वदा सभी पाठकों को सन्तुष्ट कर सके।

रवीन्द्रनाथ की रचनाओं का परिमाण, विस्तार और वैचित्र्य एक ओर तो चुनाव के काम को कठिन बना देते है तो दूसरी ओर चुनाव को और भी आवश्यक बना देते हैं। महान-से-महान कवि भी सब समय अन्त·प्रेरणा के शिखर पर नही रह सकता। समय-समय पर उसे भी भारमुक्त होना पड़ता है और कभी-कभी तो उसे घाटी में भी उतर आना पड़ता है। औसत पाठक को न समय मिलता है और न उसमे वैसी प्रवृत्ति ही होती है कि वह महान साहित्यकार की सभी रचनाओं को पढ़ने का कष्ट उठा, उसकी सर्वोत्कृष्ट कृति को खोज निकाले और उसका आनंद ले। विदेशी पाठकों के बीच रवीन्द्रनाथ की ख्याति को कुछ धक्का लगा है, क्योंकि मुख्य रूप से उनकी रचनाओ

का एक ही पहलू उनके सामने रखा गया है और यह बात भी नहीं कि वह भी सब समय कोई उनका सबसे महत् और सबसे श्रेष्ठ पहलू ही हो। यह बात केवल विदेशी पाठकों पर ही लागू नही होती, बल्कि बंगाल के बाहर के भारतीय पाठकों पर भी लागू होती है। दो अर्थों मे यह एक राष्ट्रीय दुर्भाग्य है। एक तो इस अर्थ में कि भारतवर्ष के बहु-संख्यक लोग भारतवर्ष के सबसे बडे कवि की कुछ सर्वोत्कृष्ट रचनाओ से अपरिचित ही रह गए है और दूसरे इस अर्थ मे कि भारतवर्ष की दृष्टि का प्रसार कहाँ तक है, इसे समझने और जानने का अवसर बाहर की दुनिया को नही मिला है। इसलिए यह आवश्यक है कि राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय हित के लिए रवीन्द्रनाथ की रचनाओ का एक नया संग्रह प्रस्तुत किया जाय। साहित्य अकादेमी ने इस चुनौती को स्वीकार किया है और वह रवीन्द्रनाथ की चुनी हुई कविताओ, गीतों, नाटकों, उपन्यासो, कहानियों और निबंधों के आठ अलग-अलग सग्रह निकालने जा रही है। सभी भारतीय भाषाओं के पाठकों को रवीन्द्रनाथ की प्रतिभा के शौर्य, पैनेपन और विस्तार का सुन्दर-सा ज्ञान करा देना उनका पहला ध्येय होगा। उनका एक दूसरा अतिरिक्त ध्येय होगा कि वे ससार के दूसरे देशों के पाठकों को वही उपहार भेंट करेंगे।

१०१ कविताओं का यह संग्रह प्रस्तावित चुनी हुई रचनाओं की पहली क़िस्त है। ये कविताएँ पहले तो देवनागरी अक्षरों में प्रकाशित की जा रही है और बाद मे भारत की सभी प्रमुख भाषाओं में अनूदित होंगी। और उसके बाद वे संसार की प्रमुख भाषाओं मे भी अनूदित हो सकती हैं। उत्तर भारत की सभी भाषाओ में एव ऐसा निकट का सबध है कि वे पाठक भी, जो बगला नही जानते— जिस भाषा मे रवीन्द्रनाथ ने लिखा था—अगर किसी कविता क पढ सके तो वे उसे समझ ले सकते हैं। यह निकट का सबंध केवल भाषा मे ही नही है, बल्कि समान परंपरा, समान अनुभूति, समान कथा-प्रसंग से उत्पन्न भावावेगों और मनोभावो मे भी है। दक्षिण भारत की भाषाओं से अलबत्ता मौखिक रूप मे निस्सन्देह बहुत

बड़ा अन्तर है, लेकिन आवेग, अनुभूति और परंपरा के क्षेत्र में दोनों का सबंध अत्यन्त घनिष्ठ है। अनुवादो की सहायता से प्राय सभी भारतीय भाषाओं के पाठक देवनागरी अक्षरों मे प्रकाशित रवीन्द्रनाथ की मौलिक रचनाओं के सौन्दर्य और अभिव्यंजना को ठीक-ठीक परखने मे समर्थ हो सकेंगे। बाद मे जब इन कविताओं का अनुवाद ससार की अन्य भाषाओं में होगा, तब, ऐसी आशा की जा सकती है कि, अब तक के संग्रहों और अनुवादों से वे अधिक प्रतिनिधि-मूलक होंगी और रवीन्द्रनाथ को कुछ अधिक समझने मे सहायक सिद्ध होगी।

१०१ की संख्या कुछ खास पवित्र नही है। अगर कोई पाठक यह कहे कि यह सख्या दुगुनी भी कर दी जाय तो इसमे केवल उत्कृष्ट रचनाएँ ही रहेगी, तो कम-से-कम मैं उस वक्तव्य को गलत नही मानूँगा। और मै इस आक्षेप को भी स्वीकार कर लूँगा कि उस संग्रह में कुछ ऐसी कविताएँ बाद मे पड गई है जो संग्रह की कविताओं से और भी अधिक अच्छी नही तो कम-से-कम उन-जैसी अच्छी तो हैं ही। इसमें मतभेद की गुजाइश बराबर बनी रहेगी कि किसी महान कवि की कौन-सी एक सौ या दो सौ कविताएँ उत्कृष्ट हैं। वैसे इस संग्रह के बारे में दो बातों का दावा मै अवश्य करूँगा। इसमें कोई भी ऐसी कविता नही है जो प्रथम कोटि की न हो। और यह भी कि सग्रह प्रतिनिधि-मूलक है और इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि रवीन्द्रनाथ की भिन्न भिन्न शैलियों और मनोदशाओं का परिचय देने वाली कुछ कविताए नमूने के तौर पर आ जायँ। लेकिन एक बात की ओर ध्यान दिलाना आवश्यक है कि गीत जान-बूझ-कर इस संग्रह से छोड़ दिए गए है। इसमे कोई सन्देह नही कि रवीन्द्रनाथ के संगीत-परक गीतों में उनके कुछ उत्कृष्ट काव्य भी हैं, लेकिन गीतों का एक सग्रह अलग से निकालने की योजना है, इसलिए इस संग्रह मे उन्हे छोड़ देना ही ठीक समझा गया है।

इस सग्रह का प्रारंभ 'निर्झरेर स्वप्नभग' से हुआ है जिसकी चर्चा हम कर चुके है। रवीन्द्रनाथ ने इस कविता को अपनी ही काव्य-

प्रतिभा का जागरण माना था। इसमें गीति-काव्य का जो सुर है उसे रवीन्द्रनाथ के लंबे कवि-जीवन में बार-बार आमंत्रित किया गया है। कभी-कभी यह सुर रहस्यात्मक उत्कण्ठा और तीव्र इच्छा से रंग गया है, जैसा कि हम 'सोनार तरी' (संख्या ८) अथवा 'निरुद्देश यात्रा' (सं० १५) में देखते हैं। और कभी-कभी तो यह सुर गंभीर मानवीय वासना और अभिप्राय से ओत-प्रोत हो उठा है; जैसे 'येते नाहि दिब' (स० ११), 'वसुन्धरा' (सं० १४) अथवा' भारत-तीर्थ' (स० ६०) मे। कभी-कभी संगीत ही प्रधान हो उठा है और उस समय ऐन्द्रियिकता और बौद्धिकता का सुन्दर समन्वय देखने को मिलता है जैसे 'उर्वशी' (सं० १९), 'छवि' (स० ६५) अथवा 'चञ्चला' (सं० ६७) मे। इस समन्वय का एक अत्यन्त उत्कृष्ट नमूना 'प्रहर शेषेर आलोय राङा' (स० ८७) नामक टुकड़े में मिलता है।

रवीन्द्रनाथ की दृष्टि मे मनुष्य का सबसे बड़ा कृतित्व इस बात में है कि वह अपनी निजी व्यथा और संसार की विकराल वेदना पर विजय प्राप्त करे। स्वार्थपरता के कारण उत्पन्न होने वाले दुःखों और वैयक्तिक कलहों पर मनुष्य जय-लाभ करता है। वह उस गंभीर वेदना से भी ऊपर उठता है जो जीवन की क्षणभंगुरता का अनिवार्य परिणाम है। 'बिदाय-अभिशाप' (स० १३) में कच जब देवयानी के शाप के बदले उसे वरदान देता है, उसकी मंगल-कामना करता है तो वह सचमुच मे मनुष्य हो उठता है। 'ब्राह्मण' (सं० १७) मे गुरु ने पाया है कि मनुष्य का महत्त्व वंश-गौरव में नहीं, बल्कि इस बात में है कि बिना किसी दुराव, बिना किसी अन्तर की दुविधा के वह सत्य को स्वीकार करता है। 'येते नाहि दिब' (स० ११) मे कवि ने इस बात को समझा है कि कभी-कभी एक छोटा बच्चा भी मानव-प्रकृति के सहज सत्य को प्रकट कर सकता है, जब कि अधिक समझदारी का भान करने वाले स्त्री-पुरुष इसमें असफल हो सकते हैं। 'गान्धारीर आवेदन' (स० ३१) तथा 'कर्ण-

कुन्तीसवाद' (स० ३०) में स्नेह, आकाक्षा अथवा भय के ऊपर मनुष्य के गौरव की विजय की बड़ी सुन्दर अभिव्यक्ति हुई है। मानवीय संबंधों के सौन्दर्य तथा करुण भाव को हम उनकी शिशुसबधी कविता-माला में पाते है जो 'जन्मकथा' (सं० ४६) से प्रारभ होती है।

रवीन्द्रनाथ ने प्राय. ही परपराभुक्त प्रसगो और विषयो को लिया है। प्राचीन भारतीय साहित्य उनका उपजीव्य रहा है। वैसे तो उन्होंने जिस चीज का भी स्पर्श किया है, उसमे रूपान्तर ला दिया है। कालिदास के प्रति रवीन्द्रनाथ की अत्यधिक श्रद्धा थी और उनसे वे विमुग्ध होते रहे हैं, लेकिन जब उन्होंने उनसे भी कोई प्रसग या विषय ग्रहण किया है तो उसको इस ढंग से मोड़ा है कि उनकी अपनी रचना प्रधान रूप से आधुनिक हो गई है। रवीन्द्रनाथ के लिए 'मेघदूत' (सं० ६) किसी पौराणिक यक्ष का अपनी प्रिया को भेजा हुआ संदेश नही है, बल्कि प्रत्येक युग और स्थान के सभी प्रेमियों की तीव्र उत्कण्ठा की अभिव्यंजना है। 'अहल्यार प्रति' (स० ७), 'भ्रष्ट लग्न' (सं० २५) तथा 'स्वप्न' (स० २६) मे एक लुप्त हो चुके अतीत के वातावरण को उन्होंने फिर से लौटाया है, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया है कि अतीत फिर से हम लोगों के आज के आवेगों और मनोदशाओं मे ही बस रहा है। अतीत और वर्तमान तथा पुराण और अनुभव के सबध को जितने कौशल से 'मदनभस्मेर पर' (सं० २७) जैसी कविताओं में प्रतिष्ठित किया गया है, वह शायद ही कही देखने को मिले। अतीत की परपराओ को फिर से ला कर उसमे प्राण-प्रतिष्ठा करने की प्रवृत्ति उनकी अंतिम कविताओं में देखने को नही मिलती। 'तपोभङ्ग' (स० ७७) मे एक प्राचीन पौराणिक कथा की एक अत्यन्त ही मार्मिक व्याख्या की गई है और उसे सुन्दर रूप दिया गया है। इस कविता मे सन्यास के ऊपर नूतन जीवन के उफान की अन्तिम विजय की घोषणा की गई है।

रवीन्द्रनाथ ने केवल विषय और प्रसग को ले कर ही प्रयोग नही किये बल्कि काव्य के रूप-विधान को ले कर भी किये हैं। अपने पूर्व-

वर्तियो के प्रभाव से वे कभी आतंकित नही हुए। बगला के परंपरा-भुक्त वैष्णव-काव्य से उन्होंने बिना संकोच लिया है और स्वयं ही बिहारीलाल-जैसे बगाली कवियों का आभार माना है। अपने वातावरण अथवा युग से कोई अछूता नहीं रह सकता। इस तरह के प्रयास सफल कम ही हो पाते है और वास्तव में ऐसा प्रयास साधारणत. कवि में आत्म-विश्वास के अभाव का लक्षण-मात्र है। रवीन्द्रनाथ का विकास अपने समसामयिक समाज के प्रभाव मे ही हुआ; लेकिन विकास की इस प्रक्रिया ने ही उन्हें ऐसा समर्थ बना दिया कि समय पा कर वे इन सबसे ऊपर उठ सके। एक बार माध्यम के संबंध मे निश्चय कर लेने के बाद अपनी कविता के वक्तव्य-विषय और रूप-विधान दोनों मे ही वे प्रयोग करने मे हिचकते नही थे और उन अनुभव-क्षेत्रों से प्रेरणा ग्रहण करते थे जिनकी ओर पहले बंगला-काव्य मे ध्यान नही दिया गया था। सच तो यह है कि उन्होंने इस विवाद को बहुत दूर तक ख़त्म ही कर दिया कि कविता का विषय क्या है और क्या नहीं है। 'क्षणिका' में हम उन्हे ऐसे प्रसंग का चुनाव करते हुए देखते हैं जिसमे प्रथम दृष्टि मे किसी भी प्रकार की काव्यगत संभावना नहीं दीख पड़ती, लेकिन अपनी प्रतिभा के बल पर वे उसे सामान्य धरातल से ऊपर उठा देते हैं और सौन्दर्य के प्रकाश से उसे प्रकाशमय बना देते हैं। वर्ड्सवर्थ का यह दावा कि गभीरतम अनुभूति को सहज ढंग से अभिव्यक्त किया जा सकता है और दैनंदिन जीवन की वास्त-विकताओं को रहस्य के आलोक से आलोकित किया जा सकता है, रवीन्द्रनाथ की उस काल की बहुत सी कविताओं द्वारा समर्थित हो जाता है। हास्य और रुदन, विनोद और आवेग घुल-मिल कर अभिलाषा, उत्कंठा और तीव्र उपहास का अपरूप संयोग सम्पन्न कर देते हैं। 'कृष्णकली' (सं० ३५), 'यथास्थान' (सं० ३९) और 'सेकाल' (सं० ४०) आदि कविताओं मे मनुष्य की चित्त-वृत्ति, आवेग और संवेदना का आश्चर्यजनक पारस्परिक घात-प्रतिघात देखने को मिलता है।

रवीन्द्रनाथ की प्रतिभा प्रधान रूप से गीति-काव्यात्मक थी, लेकिन कभी-कभी हम उनमे समाज की बुराइयों के विरुद्ध अगर कटूक्ति नही तो व्याजोक्ति का तीव्र स्वर अवश्य पाते हैं। वे जानते थे कि प्रचलित धारणा के अनुसार आध्यात्मिकता के सबंध मे जो भारतीय दावा है, वह बहुत-कुछ तो विचार करने की अक्षमता अथवा अनिच्छा के सिवा और कुछ नही है। अपनी कविता 'हि टि छट्' (स० ९) मे रवीन्द्रनाथ ने निर्मम हो कर गभीरता के उस घटाटोप को छिन्न-भिन्न कर दिया है जो बहुधा एक खाली दिमाग को छिपाएर हता है। 'दुइ पाखी' (स० १०) मे उन्होंने उन निष्प्राण परपराओं और अर्थहीन आचारों की खिल्ली उड़ाई है, जिन्होंने जीवन को जटिल कर रखा है। 'देवतार ग्रास' (स० २८) मे उन्होंने बद्धमूल धारणा और मनुष्य के धर्म के बीच होने वाले सघर्ष का चित्रण किया है और दिखलाया है कि किस प्रकार से बाह्याचार के ऊपर सत्य की अन्तिम विजय होती है। बाह्याचारो मे मनुष्य सत्य को खो देता है। 'अपमानित' (सं० ६१) और 'धूलामन्दिर' (स० ६२) मे हम मनुष्य की अवमानना के विरुद्ध घृणा और रोष के अन्तर को पाते है। जीविका-निर्वाह के लिए अपनाई गई वृत्ति के आधार पर किसी को छोटा और किसी को बड़ा मानने को वे कदापि तैयार नही थे।

कुछ आलोचक यह आपत्ति उठा सकते है कि इस सग्रह में उनके उत्तरकालीन जीवन की कविताएँ ही अधिक है। इस अभियोग में शायद कुछ तथ्य भी है, क्योंकि इस सग्रह मे सन् १९२८ ई० से सन् १९४१ ई० तक की २० से अधिक कविताएँ हैं और सन् १८८२ ई० से सन् १९२४ ई० तक की केवल ८० ही कविताएँ ली गई है। इसका एक कारण यह है कि अभी तक के मूल बगला के सग्रह मे अथवा दूसरी भाषाओं के अनुवादों मे प्रारभिक काल की रचनाओं का तो आम तौर पर बहुत-कुछ बेहतर और अधिकतर समावेश हो चुका है। उत्तर-कालीन रचनाओं से कुछ अधिक चुनाव करने का दूसरा कारण यह है इस काल की कविताओं में विचार और अभिव्यजना की दृष्टि से

अधिक सयम से काम लिया गया है। टेकनीक की श्रेष्ठता और विचारो की गहनता ने मिल कर इस काल की कविताओं को अधिक गभीर और मार्मिक बना दिया है। अपनी युवावस्था के प्रारभिक दिनों मे रवीन्द्रनाथ ने प्रेम-सबंधी बहुत-सी सुन्दर कविताएँ लिखी हैं, लेकिन वे जीवन के ऊपरी तल को ही छूने वाली लगती हैं तथा उस गहराई तक नही जाती जहाँ मनोराग की आग जल रही होती है। समय-समय पर आलोचको ने कहा है कि प्रेम की अनुभूति की अपेक्षा वे शब्दों और अभिव्यक्ति के ढंग पर अधिक ध्यान देते रहे। लेकिन यह सम्पूर्ण सत्य नही है, क्योंकि हमारे सामने 'रात्रे ओ प्रभाते' (सं० २२) अथवा 'स्वर्ग हइते बिदाय' (सं० २०) की तीव्र लालसा भरी पक्तियाँ है। अगर इन कविताओं को कोई उनकी उत्तरकालीन कविताओं के पास रखें तो यह स्वीकार करना ही पड़ेगा कि बाद की कविताओं में गहराई और वजन है जिनका पहले की कविताओं मे अपेक्षाकृत अभाव है। किसी भी भाषा में कम ही कविताएँ ऐसी होंगी जो संयम और मनोराग की गाढ़ता मे 'पूर्णता' (सं० ७८) अथवा 'आशंका' (स० ८०) की बराबरी कर सकें।

तीव्रता और प्रगाढ़ता की अभिवृद्धि के अलावा उनकी उत्तर-कालीन कविताओ मे जीवन के रहस्यों के प्रति उनका आकर्षण उत्तरोत्तर बढ़ता हुआ दीख पड़ता है। प्रचुर समृद्धि और वैचित्र्य के होने पर भी बगला-काव्य मे प्रादेशिकता का गुण प्राय: ही दीख पड़ता है। यहाँ तक कि कुछ अत्यन्त सुन्दर वैष्णव गीति-काव्य भी आचलिक वातावरण से इतने अधिक ओत-प्रोत हैं कि उसे छोड़ कर उनके लिए ऊपर उठना कठिन है। रवीन्द्रनाथ का यह एक बहुत बड़ा कृतित्व है कि उन्होंने सार्वभौमिकता और शिष्टता के एक नये सुर को बंगला काव्य में प्रविष्ट कराया। इसीलिए उनकी कविताएँ जिस प्रकार से बंगाल के किसी आदमी को प्रभावित करती हैं, ठीक उसी तरह से अमेरिका या यूरोप के निवासी को भी। सार्वभौमिकता और शिष्टता का यह सुर उनके लंबे जीवन में उत्तरोत्तर गहरा होता गया और

उनके अन्तिम दिनों की कविताओ मे तो वह और भी स्पष्ट दीखता है। मनुष्य के प्रयत्न और प्रचेष्टाएँ, उसकी आशाओ और असफलताओं तथा अपनी आकांक्षाओं और नित्य-प्रति के कार्य के साथ अपने को एक कर देने के उसके प्रयास भी इन उत्तरकालीन कविताओं में परिलक्षित होते है। अपने अन्तिम दिनो मे रवीन्द्रनाथ को जो शारीरिक कष्ट भोगने पड़े थे, उसकी अभिव्यक्ति उन कविताओं मे इतनी स्पष्टता और तीव्रता से की गई है, जिसकी समता शायद ही कही देखने को मिले। 'अवसन्न चेतनार गोधूलिवेलाय' (सं० ८८) अथवा 'ऋणशोध' (सं० ९१) आदि कविताओं मे भाषा और अभिव्यक्ति का जो सयम दीख पड़ता है उसके साथ उनकी युवावस्था के प्रारंभिक काल की रचनाओं के प्राचुर्य और बेफ़िक्री का बहुत बड़ा अन्तर है। पिछले दिनों की कविताओं मे न केवल सयम और किफायतशारी का ही भाव है बल्कि उनमे पूर्णता और भरा-पूरा होने का भी भाव है। लगता है जैसे संसार और जीवन के साथ उन्होने समझौता कर लिया है। संसार मे दु ख और कष्ट है, जीवन मे मृत्यु की छाया सदा ही पीछे लगी रहती है, लेकिन इन सभी कमियों के बावजूद जीवन अर्थपूर्ण है और अपने-आप मे उसका एक महत्त्व है। 'ए जीवने सुन्दरेर' (स० ९५), अथवा 'मधुमँय पृथिवीर धूलि' (स० ९६) आदि कविताओं मे मृत्यु की घाटी की छाया मे जीवन की विजय का भाव है।

किसी कवि के मानसिक विकास पर प्रकाश डालना असंभव नही तो कठिन अवश्य है। अनुभव के दूसरे-दूसरे क्षेत्रो मे विकास का एक क्रम होता है, जो कुछ नियमों का अनुसरण करता है। लेकिन जहाँ तक काव्य का प्रश्न है, अन्त:प्रेरणा मे रहस्यात्मक ढग से ज्वार-भाटा आता रहता है और उसकी व्याख्या नही हो सकती। कभी-कभी किसी कवि की उत्कृष्ट कविताएँ तो उसकी युवावस्था के प्रारंभिक काल की लिखी हुई होती है और प्रौढ़ावस्था की रचनाएँ साधारण और पारंपरिक होती है। रवीन्द्रनाथ भी इसके अपवाद नही हैं। उनकी

प्रारंभिक काल की कुछ कविताएँ अति उत्कृष्ट है और बाद की कुछ कविताएँ ऐसी है मानो वे बिना किसी प्रेरणा के लिखी गई हों। चाहे जो हो, अस्सी वर्ष की अपनी लबी उम्र मे अपनी अन्त प्रेरणा को उन्होंने जिस प्रकार से जिलाए रखा, वह उन्हे युग-युग तक जीवित रहने वाले महान कवियो की कोटि मे रख देता है। जिस उद्दाम तेज, उद्यम और जीवनी-शक्ति से वे ऐसा करने मे समर्थ हो सके उसके पीछे उनके व्यक्तित्व की पूर्णता और अखण्डता है। उन विभिन्न सूत्रों को उन्होंने अपने मे एकत्र कर लिया था जिनसे आज के भारत की समन्वयात्मक संस्कृति का निर्माण हुआ है। यह गौरव उन्हीको प्राप्त है कि उन्होंने भारत के बहुमुखी जीवन के भिन्न-भिन्न पहलुओं को लिया और उन्हें आलोकित किया। सस्कृत-साहित्य से उन्होंने बहुत-कुछ लिया और बगला की शब्दावलि और छन्द को समृद्ध किया। वैष्णव-गीति-काव्यात्मकता और सूफी रहस्य-भावना के पूर्ण एकीकरण का श्रेय उन्हींको प्राप्त है। मध्य युग की सामन्तशाही प्रथा में जिस दरबारी ढग का विकास हुआ, उसकी व्याख्या करने मे उन्होंने पूरी सहानुभूति और कल्पना से काम लिया है। इसीके साथ सर्व-साधारण के जीवन से भी उन्होने ऐसा बहुत-कुछ लिया, जिसका उपयोग पहले नहीं हुआ था। बंगाल के गाँवों के भाव-चित्रों और प्रतीकों का ताना-बाना उनकी कविता मे बड़े कौशल से बुना गया है। बगला-साहित्य में उन्होंने यूरोप के आदर्शों और चिन्तन का भी सुन्दर सामंजस्य उपस्थित किया। 'बलाका' संग्रह की बहुत-सी कविताओं मे शक्ति और गति के भाव का समावेश यूरोप की प्रेरणा कहा जा सकता है। मनुष्य-जाति ने अति प्राचीन काल मे ही यह समझ लिया था कि सब-कुछ क्षण-स्थायी है। इसे सभी वस्तुओ में छिपी गति का प्रतीक बना कर रवीन्द्रनाथ ने इसमें एक नया अर्थ भर दिया है।

थोड़े मे, प्राचीन भारतीय साहित्य की विरासत, मुग़ल दरबार के विशिष्ट तौर-तरीक़े, बंगाल के सर्व-साधारण के जीवन के सहज सत्य और आधुनिक यूरोप की उद्दाम शक्ति और बौद्धिक सबलता के

समिश्रण से रवीन्द्रनाथ की कविता का प्रादुर्भाव हुआ। वे सभी युगों और सभी सस्कृतियों के उत्तराधिकारी हैं। इन भिन्न-भिन्न सूत्रों और प्रसंगों के संयोग ने उनकी कविता को लोच, सार्वभौमिकता और अशेष हृदयग्राहिता प्रदान की है।

२२ अप्रैल १९५७ **हुमायून कबिर**

इस खंड के लिप्यतर तथा शब्दार्थ श्री राम पूजन लिवारी, हिंदी भवन, शाति निकेतन, ने प्रस्तुत किये है। प्रत्येक कविता के साथ उसकी रचना-तिथि दी गयी है। जिन कविताओं की रचना-तिथियाँ उपलब्ध नहीं हैं, उनके साथ उनके पुस्तक-रूप मे प्रकाशन की तिथि बड़े कोष्ठकों मे दी गयी है। इन तिथियों को श्री पुलिनविहारी सेन तथा श्री जगदिन्द्र भौमिक ने मिला कर देख लिया है, जिसके लिए हम उनके आभारी हैं।

—प्रकाशक

# सूचीपत्र


| | | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|
| १ | निर्झरेर स्वप्नभंग | १ |
| २ | प्राण | ३ |
| ३ | निष्फल कामना | ४ |
| ४ | वधू | ८ |
| ५ | व्यक्त प्रेम | १३ |
| ६ | मेघदूत | १७ |
| ७ | अहल्यार प्रति | २४ |
| ८ | सोनार तरी | २९ |
| ९ | हिं टिं छट् | ३१ |
| १० | दुइ पाखी | ४१ |
| ११ | येते नाहि दिब | ४४ |
| १२ | झुलन | ५५ |
| १३ | बिदाय-अभिशाप | ५९ |
| १४ | वसुन्धरा | ७९ |
| १५ | निरुद्देश यात्रा | ९५ |
| १६ | एबार फिराओ मोरे | ९९ |
| १७ | ब्राह्मण | १०७ |
| १८ | पुरातन भृत्य | ११२ |
| १९ | उर्वशी | ११६ |
| २० | स्वर्ग हइते बिदाय | १२१ |
| २१ | जीवन-देवता | १२८ |
| २२ | रात्रे ओ प्रभाते | १३१ |
| २३ | दिदि | १३३ |
| २४ | दुःसमय | १३४ |
| २५ | भ्रष्ट लग्न | १३६ |

| | | पृष्ठ-सख्या |
|---|---|---|
| २६ | स्वप्न | १३९ |
| २७ | मदनभस्मेर पर | १४१ |
| २८ | देवतार ग्रास | १४४ |
| २९ | अभिसार | १५५ |
| ३० | कर्णकुन्तीसवाद | १५९ |
| ३१ | गान्धारीर आवेदन | १७१ |
| ३२ | वैशाख | २०० |
| ३३ | नववर्षा | २०३ |
| ३४ | विरह | २०६ |
| ३५ | कृष्णकलि | २०९ |
| ३६ | आविर्भाव | २११ |
| ३७ | उद्बोधन | २१४ |
| ३८ | प्रतिज्ञा | २१७ |
| ३९ | यथास्थान | २१८ |
| ४० | सेकाल | २२२ |
| ४१ | न्यायदण्ड | २२८ |
| ४२ | प्रार्थना | २२९ |
| ४३ | मुक्ति | २३० |
| ४४ | त्राण | २३१ |
| ४५ | प्रतिनिधि | २३२ |
| ४६ | जैन्मकथा | २३४ |
| ४७ | वीरपुरुष | २३६ |
| ४८ | लुकोचुरि | २४० |
| ४९ | जगत्-पारावारेर तीरे | २४२ |
| ५० | अपयश | २४५ |
| ५१ | समव्यथी | २४७ |
| ५२ | समालोचक | २४८ |

| | | | | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|---|---|---|
| ५३ | कथा कओ | .. | . | २५० |
| ५४ | मरीचिका | .. | .. | २५१ |
| ५५ | शुभक्षण | ... | ... | २५२ |
| ५६ | अनावश्यक | .. | . | २५४ |
| ५७ | कृपण | | .. | २५६ |
| ५८ | बिदाय | .. | .. | २५८ |
| ५९ | बन्दी | . | . | २६० |
| ६० | भारततीर्थ | .. | .. | २६२ |
| ६१ | अपमानित | | . | २६५ |
| ६२ | धुलामन्दिर | ... | . | २६७ |
| ६३ | याबार दिन | . | ... | २६८ |
| ६४ | शङ्ख | . | . | २६९ |
| ६५ | छवि | . | | २७१ |
| ६६ | शा-जाहान | . | | २७७ |
| ६७ | चञ्चला | .. | .. | २८५ |
| ६८ | दान | . | . | २९० |
| ६९ | विचार | . | | २९४ |
| ७० | माधवी | ... | .. | २९८ |
| ७१ | प्रेमेर परश | .. | . | २९९ |
| ७२ | दुइ नारी | .. | . | ३०० |
| ७३ | बलाका | ... | .. | ३०२ |
| ७४ | मुक्ति | . | .. | ३०६ |
| ७५ | हारिये-याओया | ... | .. | ३१२ |
| ७६ | मने पड़ा | ... | .. | ३१३ |
| ७७ | तपोभङ्ग | .. | .. | ३१५ |
| ७८ | पूर्णता | ... | . | ३२२ |
| ७९ | आशा | .. | .. | ३२५ |

पृष्ठ-सख्या


| | | |
|---|---|---|
| ८० | आशका .. .. | ३२९ |
| ८१ | बिदाय . .. | ३३१ |
| ८२ | पान्थ ... ... | ३३६ |
| ८३ | प्रश्न .. . | ३३८ |
| ८४ | मृत्युञ्जय . | ३४० |
| ८५ | प्रथम पूजा . .. | ३४२ |
| ८६ | याबार समय हल विहङ्गेर ... ... | ३५२ |
| ८७ | प्रहर शेषेर आलोय राङा . | ३५३ |
| ८८ | अवसन्न चेतनार गोधूलिवेलाय . .. | ३५४ |
| ८९ | जन्म दिन . ... | ३५५ |
| ९० | जपेर माला .. ... | ३६३ |
| ९१ | ऋणशोध ... . | ३६४ |
| ९२ | आमार कीर्तिरे आमि करि ना विश्वास .. | ३६५ |
| ९३ | ऐकतान ... | ३६७ |
| ९४ | हिस्ररात्रि आसे चुपे चुपे ... ... | ३७२ |
| ९५ | ए जीवने सुन्दरेर पेयेछि मधुर आशीर्वाद ... | ३७३ |
| ९६ | मधुमय पृथिवीर धूलि ... ... | ३७४ |
| ९७ | शून्य चौकि ... ... | ३७५ |
| ९८ | आमार ए जन्मदिन-माझे आमि हारा ... | ३७६ |
| ९९ | रूप-नारानेर कूले ... ... | ३७७ |
| १०० | प्रथम दिनेर सूर्य ... ... | ३७८ |
| १०१ | तोमार सृष्टिर पथ ... ... | ३७९ |

## निर्झरेर स्वप्नभङ्ग

आजि ए प्रभाते रविर कर
केमने पशिल प्राणेर 'पर,
केमने पशिल गुहार आँधारे प्रभातपाखिर गान।
ना जानि केन रे एतदिन परे जागिया उठिल प्राण।
जागिया उठेछे प्राण,
ओरे उथलि उठेछे वारि,
ओरे प्राणेर वेदना प्राणेर आवेग रुधिया राखिते नारि।
थर थर करि काँपिछे भूधर,
शिला राशि राशि पडिछे खसे,
फुलिया फुलिया फेनिल सलिल
गरजि उठिछे दारुण रोषे।

हेथाय होथाय पागलेर प्राय
घुरिया घुरिया मातिया बेडाय—
बाहिरिते चाय, देखिते ना पाय कोथाय कारार द्वार।
केन रे विधाता पाषाण हेन,
चारिदिके तार बाँधन केन!
भाङ रे हृदय, भाङ रे बाँधन,
साध् रे आजिके प्राणेर साधन,

---

**रविर कर**—सूर्य की किरणे; **केमने**—किस प्रकार से, **पशिल**—प्रवेश किया, **केन**—क्यो, **एतदिन**—इतने दिन; **उथलि**—उद्वेलित; **धिया......नारि**—अवरुद्ध नही कर पाता; **पड़िछे खसे**—टूट कर गिरता है।

**हेथाय होथाय**—यहाँ वहाँ; **पागलेर प्राय**—पागल के समान, **मातिया**—मत्त होकर; **बेड़ाय**—घूमता है; **बाहिरेते चाय**—बाहर होना चाहता है; **कोथाय**—कहाँ; **हेन**—ऐसा; **तार**—उसके; **बाँधन**—बन्धन, **भाङ**—तोड़ो;

लहरीर 'परे लहरी तुलिया
आघातेर 'परे आघात कर् ।
मातिया यखन उठेछे परान
किसेर आँधार, किसेर पाषाण !
उथलि यखन उठेछे वासना,
जगते तखन किसेर डर !

आमि ढालिब करुणाधारा,
आमि भाङिब पाषाणकारा,
आमि जगत् प्लाविया बेड़ाब गाहिया
आकुल पागल-पारा ।
केश एलाइया, फुल कुड़ाइया,
रामधनु-आँका पाखा उड़ाइया,
रविर किरणे हासि छड़ाइया दिब रे परान ढालि ।
शिखर हइते शिखरे छुटिब,
भूधर हइते भूधरे लुटिब,
हेसे खलखल गेये कलकल ताले ताले दिब तालि ।
एत कथा आछे, एत गान आछे, एत प्राण आछे मोर,
एत सुख आछे, एत साध आछे—प्राण हये आछे भोर ।।

---

**तुलिया**—उठा कर, उत्तोलित कर; **यखन**—जब; **किसेर**—किसका; **तखन**—तब ।

**आमि**—मैं; **ढालिब**—ढालूँगा; **गाहिया**—गाते हुए; **पागल-पारा**—पागल के सदृश; **एलाइया**—आलुलायित कर, खोल कर; **कुड़ाइया**—चुन कर, बटोर कर; **रामधनु-आँका**—इन्द्रधनुष अंकित किया हुआ; **पाखा**—पख; **हासि**—हँसी; **छड़ाइया**—विकीर्ण कर; **दिब**—दूँगा; **हइते**—से, **छुटिब**—दौड़ूँगा, वेग से प्रवाहित होऊँगा, **लुटिब**—लोटूँगा, **हसे**—हँस कर, **गेये**—गा कर, **एत**—इतना; **कथा**—बात; **आछे**—है; **मोर**—मेरा, **भोर**—विभोर ।

की जानि की हल आजि, जागिया उठिल प्राण,
दूर हते शुनि येन महासागरेर गान ।
ओरे चारिदिके मोर
ए की कारागार घोर,
भाङ भाङ भाङ कारा, आघाते आघात कर् ।
ओरे आज की गान गेयेछे पाखि,
एसेछे रविर कर ।।

१८८२ 'प्रभात संगीत'

## प्राण

मरिते चाहि ना आमि सुन्दर भुवने,
मानवेर माझे आमि बाँचिबारे चाइ ।
एइ सूर्यकरे एइ पुष्पित कानने
जीवन्त हृदय-माझे यदि स्थान पाइ !
धराय प्राणेर खेला चिरतरङ्गित,
विरह मिलन कत हासि-अश्रुमय—
मानवेर सुखे दु:खे गाँथिया संगीत
यदि गो रचिते पारि अमर-आलय !
ता यदि ना पारि तबे बाँचि यत काल
तोमादेरि माझखाने लभि येन ठाँइ,

---

**की**—क्या ; **हल**—हुआ ; **हत**—से , **शुनि**—सुनता हूँ ; **येन**—जैसे ; **एसेछे**—आया है ।

**मरिते....ना**—मरना नही चाहता ; **माझे**—मध्य मे, बीच मे; **बाँचिबारे**—बँचना, जीना, **एइ**—इस; **धराय**—पृथ्वी पर; **कत**—कितना; **गाँथिया**—गूँथ कर ; **रचिते पारि**—रच सकूँ, बना सकूँ ; **ता**—उसे; **यत**—जितना ; **तोमादेरि**—तुमलोगो के ; **माझखाने**—मध्य मे, बीच मे; **लभि**—लाभ करूँ, प्राप्त करूँ ; **येन**—जिसमे ; **ठाँइ**—जगह, स्थान;

तोमरा तुलिबे बले सकाल बिकाल
नव नव संगीतेर कुसुम फुटाइ ।
हासिमुखे नियो फुल, तार परे हाय
फेले दियो फुल, यदि से फुल शुकाय ।।

[नवम्बर १८८६] 'कड़ि ओ कोमल'

## निष्फल कामना

रवि अस्त याय ।
अरण्येते अन्धकार, आकाशेते आलो ।
सन्ध्या नत-आँखि
धीरे आसे दिवार पश्चाते ।
बहे कि ना बहे
बिदायविषादश्रान्त सन्ध्यार बातास ।
दुटि हाते हात दिये क्षुधार्त नयने
चेये आछि दुटि आँखि-माझे ।।

•

खुँजितेछि, कोथा तुमि,
कोथा तुमि !

---

**तोमरा तुलिबे बले**—तुमलोग तोडोगे इसलिये, **सकाल**—सबेरे; **बिकाल**—अपराह्न, **फुटाइ**—प्रस्फुटित करता हूँ; **नियो**—लेना; **तार परे**—उसके बाद; **फेले दियो**—फेक देना; **शुकाय**—सूख जाय ।

**आलो**—आलोक, प्रकाश; **आसे**—आता है; **दिवार पश्चाते**—दिन के पीछे; **बातास**—हवा, **हात**—हाथ; **दुटि**—दो; **चेये आछि**—देख रहा हूँ ।

**खुँजितेछि**—खोज रहा हूँ; **कोथा**—कहाँ, **तुमि**—तुम;

ये अमृत लुकानो तोमाय
से कोथाय !
अन्धकार सन्ध्यार आकाशे
विजन तारार माझे काँपिछे येमन
स्वर्गेर आलोकमय रहस्य असीम,
ओइ नयनेर
निबिड़ तिमिरतले, काँपिछे तेमनि
आत्मार रहस्यशिखा ।
ताइ चेये आछि ।
प्राण मन सब लये ताइ डुबितेछि
अतल आकाङ्क्षापारावारे ।
तोमार आँखिर माझे,
हासिर आड़ाले,
वचनेर सुधास्रोते,
तोमार वदनव्यापी
करुण शान्तिर तले
तोमारे कोथाय पाबो—
ताइ ए क्रन्दन ।।

वृथा ए क्रन्दन ।
हाय रे दुराशा,
ए रहस्य, ए आनन्द तोर तरे नय ।

---

**लुकानो**—छिपा हुआ; **तोमाय**—तुझमे; **से**—वह; **कोथाय**—कहाँ, **येमन**—जैसे; **ओइ**—उस; **तेमनि**—तैसे; **लये**—ले कर, **ताइ**—इसलिये, **आड़ाले**—आड़ मे, अन्तराल मे ; **तोमारे**—तुम्हे , **पाबो**—पाऊँगा , **ताइ**—इसलिये ।

**ए**—यह; **तोर....नय**—तुम्हारे लिये नही है ;

याहा पास ताइ भालो—
हासिटुकु, कथाटुकु,
नयनेर दृष्टिटुकु, प्रेमेर आभास।
समग्र मानव तुइ पेते चास,
ए की दुःसाहस !
की आछे वा तोर !
की पारिबि दिते !
आछे कि अनन्त प्रेम ?
पारिबि मिटाते
जीवनेर अनन्त अभाव ?
महाकाश—भरा
ए असीम जगत्-जनता,
ए निबिड़ आलो-अन्धकार,
कोटि छायापथ, मायापथ,
दुर्गम उदय-अस्ताचल,
एरि माझे पथ करि
पारिबि कि निये येते
चिर सहचरे
चिर रात्रि दिन
एका असहाय ?
ये-जन आपनि भीत, कातर, दुर्बल,
म्लान, क्षुधातृषातुर, अन्ध, दिशाहारा,

---

**याहा**—जो; **पास**—पाओ, **हासिटुकु**—थोडी सी हँसी (टु का प्रयोग अत्यल्प परिमाण का बोध कराने के लिये किया जाता है।), **तुइ....चास**—तू पाना चाहता है; **की.....तोर**—तुम्हारे पास क्या है; **की.....दिते**—क्या दे सकोगे; **आछे कि**—क्या है, **पारिबि मिटाते**—मिटा सकेगा; **जनता**—भीड़; **एरि....येते**—इसीके बीच पथ बना कर क्या ले जा सकोगे; **एका**—अकेला, निःसग, **ये-जन**—जो मनुष्य, **आपनि**—अपने ही; **दिशाहारा**—दिग्भ्रान्त;

आपन हृदयभारे पीड़ित जर्जर,
से काहारे पेते चाय चिरदिन-तरे !

क्षुधा मिटाबार खाद्य नहे ये मानव,
केह नहे तोमार आमार ।
अति सयतने
अति संगोपने,
सुखे दु.खे, निशीथे दिवसे,
विपदे सम्पदे,
जीवने मरणे,
शत ऋतु-आवर्तने
शतदल उठितेछे फुटि—
सुतीक्ष्ण वासना-छुरि दिये
तुमि ताहा चाओ छिँड़े निते ?
लओ तार मधुर सौरभ,
देखो तार सौन्दर्यविकाश,
मधु तार करो तुमि पान,
भालोबासो, प्रेमे हओ बली—
चेयो ना ताहारे ।
आकाङ्क्षार धन नहे आत्मा मानवेर ।।

---

**भारे**—भार से, बोझा से, **से....तरे**—वह चिरदिन के लिये किसे पाना चाहता है ।

**मिटाबार**—मिटाने का , **नहे**—नही है ; **केह......आमार**—कोई तुम्हारा हमारा नही है , **उठितेछे फुटि**—प्रस्फुटित हो उठता है ; **छुरि दिये**—छुरी से, छुरी द्वारा ; **तुमि....निते**—तुम उसे तोड लेना चाहते हो ; **लओ**—लो ; **तार**—उसका ; **भालोबासो**—प्यार करो, प्रेम करो; **हओ**—होओ; **चेयोना ताहारे**—उसे देखो मत; **नहे**—नही है ।

शान्त सन्ध्या, स्तब्ध कोलाहल ।
निबाओ वासनावह्नि नयनेर नीरे ।
चलो धीरे घरे फिरे याइ ।।

२८ नवम्बर १८८७ 'मानसी'

## वधू

'बेला ये पडे एल, जल्‌के चल् ।'
पुरोनो सेइ सुरे   के येन डाके दूरे—
कोथा से छाया सखी, कोथा से जल !
कोथा से बाँधा घाट, अशथतल !
छिलाम आनमने   एकेला गृहकोणे,
के येन डाकिल रे 'जल्‌के चल्' ।।

कलसी लये काँखे, पथ से बाँका—
बामेते माठ शुधु   सदाइ करे धु धु,
डाहिने बाँशबन हेलाये शाखा ।
दिघिर कालो जले   साँझेर आलो झले,
दुधारे घन बन छायाय-ढाका ।
गभीर थिर नीरे   भासिया याइ धीरे,
पिक कुहरे तीरे अमियमाखा ।

---

**निबाओ**—बुझाओ ।

**बेला....एल**—दिन ढल गया ; **पुरोनो**—पुराना ; **के येन**—कौन जैसे; **डाके**—पुकारता है; **कोथा**—कहाँ; **अशथतल**—अश्वत्थ तल, पीपल के नीचे; **आनमने**—अनमना; **एकेला**—अकेला (-ली) ।

**बामेते**—बाँयी ओर, **माठ**—मैदान, **शुधु**—केवल, **सदाइ**—सदा ही; **डाहिने**—दाहिने; **हेलाये**—झुलाता है, झोका देकर झुकाता है ; **दिघिर**—पुष्करिणी का, सरोवर का (दिघि–दीर्घिका) ; **आलो**—आलोक, प्रकाश ; **दुधारे**—दोनो ओर ; **छायाय-ढाका**—छाया से ढँका ; **भासिया**—बह कर ; **अमियमाखा**—अमृत से घोला हुआ ;

पथे आसिते फिरे, आँधार तरु शिरे
सहसा देखि चाँद आकाशे आँका ।।

अशथ उठियाछे प्राचीर टूटि,
सेखाने छुटिताम सकाले उठि ।
शरते धरातल शिशिरे झलमल,
करबी थोलो थोलो रयेछे फुटि ।
प्राचीर बेये बेये सबुजे फेले छेये
बेगुनि-फुले-भरा लतिका दुटि ।
फाटले दिये आँखि आड़ाले बसे थाकि,
आँचल पदतले पड़ेछे लुटि ।।

माठेर परे माठ, माठेर शेषे
सुदूर ग्रामखानि आकाशे मेशे ।
एधारे पुरातन श्यामल ताल बन
सघन सारि दिये दाँड़ाय घेसे ।
बाँधेर जलरेखा झलसे, याय देखा,
जटला करे तीरे राखाल एसे ।

---

**आँका**—अकित ।

**सेखाने**—वहाँ; **छुटिताम**—दौड कर जाती; **सकाले**—सबेरे; **शिशिरे**—हिमकण से, **करबी**—कनेर; **थोलो थोलो**—थोक थोक; **प्राचीर .....बेये**—प्राचीर का सहारा ले ले कर फैलने वाली, **सबुजे**—हरियाली, **फेले छेये**—फैलाती हुई; **दुटि**—दो; **फाटले**—दरार मे, **दिये आँखि**—दृष्टि लगा कर; **आड़ाले.....थाकि**—ओट मे बैठी रहती हूँ; **पड़ेछे लुटि**—लोट पड़ा है ।

**माठेर.. माठ**—मैदान के बाद मैदान, विस्तीर्ण क्षेत्र; **ग्रामखानि**—ग्राम, गाँव, **मेशे**—मिला हुआ ; **एधारे**—इस तरफ़, इस ओर , **ताल**—ताड, **सारि**—पक्ति ; **सघन .. घेंसे**—(तालबन की) सघन पक्ति स्पर्श करती हुई खडी है; **झलसे**—चमकती है, **जटला... एसे**—तीर पर आ कर चरवाहे इकट्ठा होते है ;

चलेछे पथखानि कोथाय नाहि जानि,
के जाने कत शत नूतन देशे ।।

हाय रे राजधानी पाषाण काया !
विराट मुठितले चापिछे दृढ़बले
व्याकुल बालिकारे, नाहिको माया ।
कोथा से खोला माठ, उदार पथघाट,
पाखिर गान कइ, बनेर छाया ।।

के येन चारिदिके दाँड़िये आछे,
खुलिते नारि मन शुनिबे पाछे ।
हेथाय वृथा काँदा, देयाले पेये बाधा
काँदन फिरे आसे आपन-काछे ।।

आमार आँखि जल केह ना बोझे ।
अवाक ह्ये सबे कारण खोँजे ।
'किछुते नाहि तोष, ए तो विषम दोष,
ग्राम्य बालिकार स्वभाव ओ ये ।

---

**चलेछे......जानि**—नही जानती पथ कहाँ जाता है; **के ...देशे**—कौन जानता है कितने सैकड़ो नवीन देश मे ।

**हाय......याय**—हाय, तौभी जाने देना होता (पडता) है, तौभी चला जाता है (चला जाना पडता है); **चलितेछे एमनि**—इसी तरह चल रहा है; **हते**—से; **डाकिते डाकिते**—चिल्लाते चिल्लाते, **हुहु ...कलरवे**—विश्वतट को आर्तस्वर से पूर्ण करते हुए सभी हूहू करते हुए तीव्र वेग से चले जाते हैं, **सम्मुख . .येते**—सामने की लहर को पीछे वाली लहर चिल्लाती हुई कहती है, 'नही जाने दूंगी, नही जाने दूंगी', **नाहि साड़ा**—कोई नही सुनता, कोई ध्यान नहीं देता।

**उठितेछे बाजि**—बज उठता है, गूंज उठता है; **सेइ**—वही, **शिशुर .. वाणी**—शिशु जैसी विश्व की अबोध वाणी ; **धरे**—से; **याहा हाराय**—वह (विश्व) जो पाता है उसे गँवा देता है, **तबु......मुष्टि**—तौभी तो (उसकी) मुट्ठी ढीली नही पडी, **सेइ**—उसी,

अक्षुण्ण प्रेमेर गर्वे कहिछे से डाकि,
'येते नाहि दिब।' म्लानमुख, अश्रु-आँखि,
दण्डे दण्डे पले पले टुटिछे गरब,
तबु प्रेम किछुते ना माने पराभव—
तबु विद्रोहेर भावे रुद्ध कण्ठे कय,
'येते नाहि दिब।' यतबार पराजय
ततबार कहे, 'आमि भालोबासि यारे
से कि कभु आमा हते दूरे येते पारे!
आमार आकाङ्क्षासम एमन आकुल,
एमन सकल-बाड़ा, एमन अकूल,
एमन प्रबल विश्वे किछु आछे आर!'
एत बलि दर्पभरे करे से प्रचार,
'येते नाहि दिब।' तखनि देखिते पाय
शुष्क तुच्छ धूलिसम उडे चले याय
एकटि निश्वासे तार आदरेर धन,
अश्रुजले भेसे याय दुइटि नयन,
छिन्नमूल तरुसम पडे पृथ्वीतले
हतगर्व नतशिर। तबु प्रेम बले,

---

**कहिछे**—कह रहा है, **से**—वह (विश्व), **टुटिछे गरब**—गर्व टूट रहा है, अहकार चूर हो रहा है; **तबु पराभव**—तौभी प्रेम किसी तरह पराभव (हार) नही मानता; **कय**—कहता है, **यतबार**—जितनी बार; **ततबार कहे**—उतनी बार कहता है, **आमि .पारे**—मै जिसे प्यार करता हूँ वह क्या कभी मुझसे दूर जा सकता है, **आमार.. .आर?**—मेरी आकाक्षा के समान, इतना आकुल, इतना 'सबसे बढा हुआ', ऐसा अकूल, इतना प्रबल ससार मे और कुछ है; **एत बलि**—इतना कह कर; **दर्प.. .प्रचार**—दर्प के साथ वह कहता है; **तखनि .....धन**—उसी समय देखता है शुष्क तुच्छ धूलि के समान एक निश्वास मे उसके आदर का धन (प्रिय पात्र) उड कर चला जाता है; **अश्रु-जले.....नयन**—(उसकी) दोनो ऑखे अश्रुजल मे बह जाती है; **बले**—कहता है;

'सत्यभङ्ग हबे ना विधिर। आमि ताँर
पेयेछि स्वाक्षर-देओया महा-अङ्गीकार
चिर-अधिकारलिपि।' ताइ स्फीतबुके
सर्वशक्ति मरणेर मुखेर सम्मुखे
दाँड़ाइया सुकुमार क्षीण तनुलता
बले, 'मृत्यु, तुमि नाइ।'—हेन गर्वकथा!
मृत्यु हासे बसि। मरणपीड़ित सेइ
चिरजीवी प्रेम आच्छन्न करेछे एइ
अनन्त ससार, विषण्ण नयन'-परे
अश्रुबाष्पसम, व्याकुल आशका-भरे
चिरकम्पमान। आशाहीन श्रान्त आशा
टानिया रेखेछे एक विषाद-कुयाशा
विश्वमय। आजि येन पड़िछे नयने,
दुखानि अबोध बाहु विफल बाँधने
जड़ाये पड़िया आछे निखिलेरे घिरे
स्तब्ध सकातर। चञ्चल स्रोतेर नीरे
पड़े आछे एकखानि अचञ्चल छाया,
अश्रुवृष्टिभरा कोन् मेघेर से माया॥

---

**सत्य .विधि**—विधि (विधाता) का सत्य भङ्ग नही होगा; **ताँर**—उनका; **पेयेछि ......अङ्गीकार**—हस्ताक्षर किया हुआ महा-अङ्गीकार पाया है। **चिर-अधिकारलिपि**—हमेशा के लिये अधिकार देने वाली लिपि (लेखन); **ताइ**—इसीलिये, **स्फीतबुके**—छाती फुला कर; **सर्वशक्ति . नाइ**—सर्व-शक्तिमान मृत्यु के मुख के सामने खडी हो कर सुकुमार क्षीण तनुलता (सुन्दर सुकुमार शरीर वाली) कहती है, मृत्यु तुम नही हो; **हेन गर्वकथा**–ऐसी गर्वोक्ति, **मृत्यु बसि**—मृत्यु बैठ कर हँसती है, **मरण .संसार**—मृत्यु से पीडा पाने वाला वही चिरजीवी प्रेम इस अनन्त ससार को आच्छन्न किए हुए है; **टानिया...... विश्वमय**—विश्वव्यापी एक विषाद-कुहासा फैला रखा है, **आजि .. नयने**—आज जैसे आँखो के सामने आ जाता है, **दुखानि**—दो। **पड़े. .. छाया**—एक अचञ्चल छाया पडी हुई है; **कोन् . माया**—किस मेघ की वह छलना है।

ताइ आजि शुनितेछि तरुर मर्मरे
एत व्याकुलता; अलस औदास्यभरे
मध्याह्नेर तप्तवायु मिछे खेला करे
शुष्क पत्र लये। बेला धीरे याय चले
छाया दीर्घतर करि अश्वत्थेर तले।
मेठो सुरे काँदे येन अनन्तेर बाँशि
विश्वेर प्रान्तर-माझे। शुनिया उदासी
वसुन्धरा बसिया आछेन एलोचुले
दूरव्यापी शस्यक्षेत्रे जाह्नवीर कूले
एकखानि रौद्रपीत हिरण्य-अञ्चल
वक्षे टानि दिया; स्थिर नयन-युगल
दूर नीलाम्बरे मग्न; मुखे नाहि वाणी।
देखिलाम ताँर सेइ म्लान मुखखानि
सेइ द्वारप्रान्ते लीन स्तब्ध मर्माहत
मोर चारि वत्सरेर कन्याटिर मतो।।

२९ अक्टूबर १८९२ 'सोनार तरी'

---

**ताइ.. ..व्याकुलता**—इसीलिये आज वृक्षो के मर्मर मे इतनी व्याकुलता सुन रहा हूँ; **औदास्यभरे**—उदासी से भरी; **मध्याह्नेर लये**—मध्याह्न की तप्त वायु व्यर्थ ही सूखे पत्तो को ले कर खेला करती है, **बेला . तले**—अश्वत्थ (पीपल) के नीचे दीर्घतर छाया करती हुई बेला धीरे चली जाती है; **मेठो.....माझे**—जैसे अनन्त की वंशी विश्व के विस्तृत मैदान मे मैदान वाले सुर मे क्रन्दन कर रही है, **उदासी**—सन्यासिनी, **बसिया आछेन**—बैठी हुई हैं; **एलोचुले**—आलुलायित केशो वाली, **एकखानि**—एक, **टानि दिया**—खीच कर ; **देखिलाम......मुखखानि**—उनके उसी म्लान मुख को मैंने देखा।

# झुलन

आमि    परानेर साथे खेलिब आजिके मरणखेला
निशीथ बेला।
सघन बरषा, गगन आँधार,
हेरो वारिधारे काँदे चारिधार,
भीषण रङ्गे भवतरङ्गे भासाइ भेला,
बाहिर हयेछि स्वप्नशयन करिया हेला,
रात्रिबेला।।

ओगो    पवने गगने सागरे आजिके की कल्लोल!
दे दोल् दोल्।
पश्चात् हते हाहा क'रे हासि
मत्त झटिका ठेला देय आसि,
येन ए लक्ष यक्षशिशुर अट्टरोल।
आकाशे पाताले पागले माताले हट्टगोल।
दे दोल् दोल्।।

आजि    जागिया उठिया परान आमार बसिया आछे
बुकेर काछे।

---

**परानेर साथे**—प्राणो के साथ, **आजिके**—आज; **हेरो**—देखो, **वारिधारे**—वारिधारा मे, **काँदे**—क्रन्दन करता है; **चारिधार**—चारों दिशाएँ, **भासाइ**—बहाए; **भेला**—केले आदि के थम्भ द्वारा निर्मित पानी मे बहने वाली एक प्रकार की छोटी सी तरी; **बाहिर हयेछि**—बाहर हुआ हूँ, **स्वप्न. .हेला**—स्वप्न-शयन की अवहेला कर।

**दे दोल्**—झुलाओ; **पश्चात् आसि**—पीछे से आकर प्रमत्त आँधी हाहा-कर हँसती है और धक्का देती है, **येन . रोल**—जैसे लक्ष लक्ष यक्ष शिशुओ की यह शोरगुल हो; **आकाशे . हट्टगोल**—आकाश पाताल मे पागलो और मद्यपो का होहल्ला है।

**आजि... काछे**—आज मेरे प्राण जाग उठे है और हृदय के पास बैठे है,

थाकिया थाकिया उठिछे काँपिया,
धरिछे आमार वक्ष चापिया,
निठुर निबिड बन्धनसुखे हृदय नाचे;
त्रासे उल्लासे परान आमार व्याकुलियाछे
बुकेर काछे ।।

हाय, एतकाल आमि रेखेछिनु तारे यतनभरे
शयन'-परे ।
व्यथा पाछे लागे, दुख पाछे जागे,
निशिदिन ताइ बहु अनुरागे
बासरशयन करेछि रचन कुसुमथरे;
दुयार रुधिया रेखेछिनु तारे गोपन घरे
यतनभरे ।।

कत सोहाग करेछि चुम्बन करि नयनपाते
स्नेहेर साथे ।
शुनायेछि तारे माथा राखि पाशे
कत प्रियनाम मृदु मधुभाषे,

---

**थाकिया थाकिया**—रह रह कर; **उठिछे काँपिया**—काँप उठते है; **धरिछे.... चापिया**—मेरे वक्ष को दबा कर पकडते है, **निठुर . नाचे**—निष्ठुर, गाढ बन्धन के सुख से हृदय नाचता है; **त्रासे ... व्याकुलियाछे**—त्रास से, उल्लास से मेरे प्राण व्याकुल हो रहे हैं ।

**एतकाल.... परे**—इतने समय तक मैने उसे आदर (स्नेह) पूर्वक शय्या पर रखा था; **व्यथा... जागे**—पीछे (मन को) व्यथा अनुभव हो, दुख लगे; **निशिदिन .कुसुमथरे**—इसीलिये अत्यन्त अनुराग के साथ फूलो के स्तर (तोड) से सुहाग-शय्या की रचना की है, **दुयार. भरे**—दरवाज़े को बंद कर घर मे स्नेह के साथ उसे गोपन कर रखा था ।

**कत**—कितना, **सोहाग**—प्रणयपूर्ण यत्न; **करेछि**—किया है, **नयनपाते**—आँखों की पलकों पर ; **शुनायेछि**—सुनाया है ; **तारे**—उसे, **माथा राखि**—सिर रख कर; **पाशे**—पार्श्व मे, **कत**—कितने, **भाषे**—भाषा मे,

गुञ्जरतान करियाछि गान ज्योत्स्नाराते;
या-किछु मधुर दियेछिनु तार दुखानि हाते
स्नेहेर साथे ।।

शेषे सुखेर शयने श्रान्त परान आलसरसे,
आवेशवशे ।
परश करिले जागे ना से आर,
कुसुमेर हार लागे गुरुभार,
घुमे जागरणे मिशि एकाकार निशिदिवसे;
वेदनाविहीन असाड़ विराग मरमे पशे
आवेशवशे ।।

ढालि मधुरे मधुर वधूरे आमार हाराइ बुझि,
पाइने खुँजि ।
बासरेर दीप निबे निबे आसे,
व्याकुल नयने हेरि चारि पाशे,
शुधु राशि राशि शुष्क कुसुम हयेछे पुँजि;
अतल स्वप्न-सागरे डुबिया मरि ये युझि
काहारे खुँजि ।।

---

**करियाछि**—किया है, **ज्योत्स्नाराते**—चाँदनी रात मे; **या-किछु साथे**—जो कुछ मधुर है (उसे) स्नेह के साथ उसके दोनो हाथो मे दिया था ।

**परान**—प्राण, **परश आर**—स्पर्श करने पर भी वह और नही जगता; **मिशि**—मिल कर; **असाड़**—अवश; **मरमे**—मर्म मे, **पशे**—प्रवेश करता है।

**बासरेर दीप**—बासर गृह (सुहाग-गृह) का दीपक, **निबे. .आसे**—बुझने बुझने को हो गया है; **व्याकुल पाशे**—व्याकुल आँखों से चारो ओर देखता हूँ, **शुधु ...पुँजि**—केवल राशि-राशि सूखे फूलों का ढेर लगा है; **डुबिया**—डूब कर; **मरि.. .. युझि**—जूझ कर मर रहा हूँ; **काहारे खुँजि**—किसको खोजते हुए ।

ताइ भेबेछि आजिके खेलिते हइबे नूतन खेला
रात्रिबेला ।
मरणदोलाय धरि रशिगाछि
बसिब दुजने बड़ो काछाकाछि,
झञ्झा आसिया अट्ट हासिया मारिबे ठेला,
आमाते प्राणेते खेलिब दुजने झुलन खेला
निशीथ बेला ।।

दे दोल् दोल्
दे दोल् दोल्
ए महासागरे तुफान तोल् ।
वधूरे आमार पेयेछि आबार, भरेछे कोल ।
प्रियारे आमार तुलेछे जागाये प्रलय रोल ।
वक्षशोणिते उठेछे आबार की हिल्लोल ।
भितरे बाहिरे जेगेछे आमार की कल्लोल !
उडे कुन्तल, उडे अञ्चल,
उड़े वनमाला वायुचञ्चल,
बाजे कङ्कण बाजे किङ्किणी—मत्त बोल ।
दे दोल् दोल् ।।

---

**ताइ. . ..खेला**—इसीलिये सोचा है कि आज नूतन खेला खेलना होगा; **मरणदोलाय**—मरण के झूले पर; **धरि**—पकड कर; **रशिगाछि**—रस्सी, **बसिब.....काछि**—(हम) दोनो अत्यन्त पास-पास बैठेगे; **झंझा .. ठेला**—झझा (आँधी) आ कर अट्टहास कर धक्का मारेगी, **आमाते . .खेला**—मैं और प्राण दोनों झुलन-खेला खेलेंगे (झूला झूलेंगे) ।

**ए .. तोल्**—इस महासागर मे तूफान उठाओ; **पेयेछि आबार**—फिर से पाया है, **भरेछे कोल**—गोद भर गई है; **तुलेछे .. रोल**—प्रलय का चीत्कार जगा दिया है; **वक्ष. हिल्लोल**—हृदय के खून मे न जाने फिर कौन-सा हिल्लोल उठा है; **भितरे. ..कल्लोल**—हमारे बाहर और भीतर कौन-सा कल्लोल जग पडा है; **मत्त बोल**—मत्त करने वाला बोल (गत) ।

आय रे झञ्झा, पराणवधूर
आवरणराशि करिया दे दूर,
करि लुन्ठन अवगुन्ठन-वसन खोल्।
दे दोल् दोल्।।

प्राणेते आमाते मुखोमुखि आज
चिनि लब दोँहे छाड़ि भय लाज,
वक्षे वक्षे परशिब दोँहे भाबे बिभोल।
दे दोल् दोल्।
स्वप्न टुटिया बाहिरेछे आज दुटो पागल।
दे दोल् दोल्।।

२७ मार्च १८९३ 'सोनार तरी'

## बिदाय-अभिशाप

कच। देहो आज्ञा, देवयानी देवलोके दास
करिबे प्रयाण। आजि गुरुगृहवास
समाप्त आमार। आशीर्वाद करो मोरे
ये विद्या शिखिनु ताहा चिरदिन ध'रे

---

**आय रे झंझा**—झञ्झा (आँधी) आ, **परानवधूर** ..**दूर**—प्राण-वधू की आवरणराशि को दूर कर दे, **करि लुन्ठन**—अपहरण करके।

**प्राणेते. .. आज**—आज प्राण और मै आमने-सामने है; **चिनि. .लाज**—लाज और भय छोड कर दोनो (एक दूसरे को) पहचान लेगे, **वक्षे . बिभोल**—वक्ष से वक्ष मिलाएगे (आलिगित होगे), दोनो भाव मे विभोर हो जाएगे, **स्वप्न टुटिया**—स्वप्न को चूर्ण कर, **बाहिरेछे .. .पागल**—दो पगले आज बाहर हुए है।

**बिदाय-अभिशाप**—बिदाई का अभिशाप; **देहो आज्ञा**—आज्ञा दो; **देवलोके**—देवलोक को, **करिबे**—करेगा, **आमार**—मेरा; **ये**—जो; **शिखिनु**—सीखी, **ताहा**—वह, **धरे**—तक के लिये,

अन्तरे जाज्वल्य थाके उज्ज्वल रतन
सुमेरुशिखरशिरे सूर्येर मतन,
अक्षय किरण।

देवयानी। मनोरथ पुरियाछे,
पेयेछ दुर्लभ विद्या आचार्येर काछे,
सहस्रवर्षेर तव दु:साध्य साधना
सिद्ध आजि; आर-किछु नाहि कि कामना,
भेबे देखो मने मने।

कच। आर किछु नाहि।

देवयानी। किछु नाइ? तबु आरबार देखो चाहि,
अवगाहि हृदयेर सीमान्त अवधि
करह सन्धान, अन्तरेर प्रान्ते यदि
कोनो वाञ्छा थाके, कुशेर अकुरसम
क्षुद्र दृष्टि-अगोचर, तबु तीक्ष्णतम।

कच। आजि पूर्ण कृतार्थ जीवन। कोनो ठाँइ
मोर माझे कोनो दैन्य कोनो शून्य नाइ,
सुलक्षणे।

देवयानी। तुमि सुखी त्रिजगत्-माझे।
याओ तबे इन्द्रलोके आपनार काजे
उच्चशिरे गौरव बहिया। स्वर्गपुरे

---

**थाके**—रहे; **सूर्येर मतन**—सूर्य के समान।

**पुरियाछे**—पूरा हो गया है; **पेयेछ**—पाया है; **आचार्येर काछे**—आचार्य के पास, **आर ..मने**—मन ही मन चिन्ता कर देखो क्या और कोई कामना नही है; **आर..... नाहि**—और कुछ नही है।

**किछु नाइ**—कुछ नही; **तबु चाहि**—तौभी फिर ध्यान दे कर देखो; **अवधि**—पर्यन्त, **करह**—करो, **अन्तरेर. थाके**—अन्तर मे यदि कोई वांछा हो।

**कोनो ... नाइ**—किसी जगह मेरे भीतर कोई दैन्य, कोई रिक्तता नही है।

**याओ तबे**—जाओ तब; **आपनार काजे**—अपने काज के लिये; **गौरव बहिया**—गौरव वहन करते हुए (गौरवान्वित हो कर),

उठिबे आनन्दध्वनि, मनोहर सुरे
बाजिबे मङ्गलशङ्ख, सुराङ्गनागण
करिबे तोमार शिरे पुष्प बरिषन
सद्यच्छिन्न नन्दनेर मन्दारमञ्जरी।
स्वर्गपथे कलकण्ठे अप्सरी किन्नरी
दिबे हुलुध्वनि। आहा विप्र, बहुक्लेशे
केटेछे तोमार दिन विजने विदेशे
सुकठोर अध्ययने। नाहि छिल केह
स्मरण कराये दिते सुखमय गेह,
निवारिते प्रवासवेदना। अतिथिरे
यथासाध्य पूजियाछि दरिद्रकुटिरे
याहा छिल दिये। ताइ ब'ले स्वर्गसुख
कोथा पाब, कोथा हेथा अनिन्दित मुख
सुरललनार। बड़ो आशा करि मने,
आतिथ्येर अपराध रबे ना स्मरणे
फिरे गिये सुरलोके।

कच। सुकल्याण हासे
प्रसन्न बिदाय आजि दिते हबे दासे।

---

**उठिबे**—उठेगी, **करिबे बरिषन**—तुम्हारे सिर पर पुष्प-वर्षा करेगी; **सद्यच्छिन्न**—अभी की तोडी हुई, **नन्दनेर**—नन्दन की, **दिबे**—देगी (करेगी); **हुलुध्वनि**—मगल, विवाहादि के समय स्त्रियाँ मुँह से एक प्रकार की ध्वनि करती है; यह बगाल मे प्रचलित है; **केटेछे दिन**—तुम्हारे दिन कटे है (बीते है), **नाहि . केह**—कोई नही था, **स्मरण कराये दिते**—(जो) स्मरण करा देता, **निवारिते**—निवारण करने के लिये, दूर करने के लिये, **प्रवास वेदना**—प्रवास की व्यथा, **अतिथिरे. दिये**—दरिद्र कुटी मे जो कुछ था (उसे) दे कर यथासाध्य पूजा की है, **ताइ ब'ले**—तो इससे क्या; **कोथा पाब**—कहाँ पाऊँगी; **कोथा सुरललनार**—कहाँ यहाँ अनिन्दित मुख वाली सुरललनाएँ है; **बड़ो सुरलोके**—मन मे बडी आशा है कि सुरलोक मे जा कर आतिथ्य का अपराध स्मरण नही रहेगा।

**सुकल्याण .दासे**—आज दास को कल्याणकारी हँसी के साथ प्रसन्न बिदाई देनी होगी।

देवयानी। हासि? हाय सखा, ए तो स्वर्गपुरी नय।
पुष्पे कीट सम हेथा तृष्णा जेगे रय
मर्म-माझे वांछा घुरे वांछितेरे घिरे
लाछित भ्रमर यथा बारम्बार फिरे
मुद्रित पद्मेर काछे। हेथा सुख गेले
स्मृति एकाकिनी बसि दीर्घश्वास फेले
शून्यगृहे; हेथाय सुलभ नाहि हासि।
याओ बन्धु, की हइबे मिथ्या काल नाशि,
उत्कण्ठित देवगण।—
येतेछ चलिया?
सकलि समाप्त हल दु कथा बलिया?
दशशत वर्ष परे एइ कि बिदाय!
कच। देवयानी, की आमार अपराध!
देवयानी। हाय,
सुन्दरी अरण्यभूमि सहस्र वत्सर
दियेछे वल्लभ छाया, पल्लवमर्मर,
शुनायेछे विहङ्गकूजन—तारे आजि
एतइ सहजे छेड़े याबे? तरुराजि

---

**हासि**—हँसी, **ए......नय**—यह तो स्वर्गपुरी नही है; **पुष्पे...रय**—पुष्प मे कीट के समान यहाँ तृष्णा जगी रहती है; **मर्म .घिरे**—हृदय के भीतर वांछित (वस्तु) को घेर कर वाछा घूमती रहती है; **लांछित**—अकित, **फिरे**—घूमता है; **मुद्रित**—छपा हुआ, **पद्मेर काछे**—पद्म के पास; **हेथा**—यहाँ; **सुख**—प्रिय; **गेले**—जाने पर, **बहि ...शून्यगृहे**—शून्यगृह मे बैठ कर दीर्घश्वास फेकती है; **हेथाय हासि**—यहाँ हँसी सुलभ नही है, **याओ**—जाओ; **की .. नाशि**—झूठमूठ समय बरबाद कर क्या होगा।

**येतेछ चलिया**—चले जा रहे हो; **सकलि ..बलिया**—दो बातें कहने से (ही) सब कुछ समाप्त हो गया, **परे**—बाद, **एइ. ... बिदाय**—क्या यही बिदाई है; **की अपराध**—क्या मेरा अपराध है।

**दियेछे**—दिया है, **वल्लभ**—प्रिय, **तारे . .याबे**—उसे ही आज इतने सहज भाव से छोड चले जाओगे;

म्लान हये आछे येन, हेरो आजिकार
वनच्छाया गाढ़तर शोके अन्धकार,
केंदे ओठे वायु, शुष्क पत्र झरे पड़े;
तुमि शुधु चले याबे सहास्य अधरे
निशान्तेर सुखस्वप्नसम ?

कच। देवयानी,
ए वनभूमिरे आमि मातृभूमि मानि,
हेथा मोर नवजन्मलाभ। एर 'परे
नाहि मोर अनादर—चिरप्रीतिभरे
चिरदिन करिब स्मरण।

देवयानी। एइ सेइ
वटतल, येथा तुमि प्रति दिवसेइ
गोधन चराते एसे पडिते घुमाये
मध्याह्नेर खरतापे; क्लान्त तव काये
अतिथिवत्सल दीर्घ छायाखानि
दित बिछाइया; सुख सुप्ति दित आनि
झर्झर पल्लवदले करिया बीजन
मृदुस्वरे;—येयो सखा, तबु किछुक्षण
परिचित तरुतले बसो शेषबार,
निये याओ सम्भाषण ए स्नेहछायार—

---

**हये आछे**—हो गए है, **येन**—जैसे; **हेरो**—देखो; **आजिकार**—आज की; **केंदे ओठे**—क्रन्दन कर उठती है; **तुमि याबे**—केवल तुम चले जाओगे।

**ए ...मानि**—इस वनभूमि को मै मातृभूमि मानता हूँ; **एर 'परे**—इसके ऊपर; **करिब**—करुँगा।

**एइ सेइ**—यही वह; **येथा**—जहाँ, **एसे**—आ कर, **पड़िते घुमाये**—सो पड़ते (जाते), **छायाखानि**—छाया; **दित बिछाइया**—बिछा देती, **सुख... आनि**—सुख-निद्रा ले आ देती; **करिया बीजन**—व्यजन कर, पखा झल कर; **बसो**—बैठो; **निये याओ**—ले जाओ, **ए**—इस, **स्नेहछायार**—स्नेह छाया का;

दुइ दण्ड थेके याओ, से बिलम्बे तव
स्वर्गेर हबे ना कोनो क्षति।

कच। अभिनव
ब'ले मने हय बिदायेर क्षणे
एइ-सब चिरपरिचित बन्धुगणे,
पलातक प्रियजने बाँधिबार तरे
करिछे विस्तार सबे व्यग्र स्नेहभरे
नूतन बन्धनजाल, अन्तिम मिनति,
अपूर्व सौन्दर्यराशि। ओगो वनस्पति,
आश्रितजनेर बन्धु, करि नमस्कार।
कत पान्थ बसिबेक छायाय तोमार;
कत छात्र कत दिन आमार मतन
प्रच्छन्न प्रच्छायतले नीरव निर्जन
तृणासने पतङ्गेर मृदुगुञ्जस्वरे
करिबेक अध्ययन; प्रात.स्नान-परे
ऋषिबालकेरा आसि सजल वल्कल
शुकाबे तोमार शाखे; राखालेर दल
मध्याह्ने करिबे खेला; ओगो तारि माझे
ए पुरानो बन्धु येन स्मरणे विराजे।

---

**दुइ. . ..याओ**—दो दण्ड ठहर कर जाओ, **से .. क्षति**—उस विलम्ब से तुम्हारे स्वर्ग की कोई क्षति नही होगी।

**अभिनव ..बन्धुगणे**—बिदाई के क्षण मे ये सब चिरपरिचित बन्धुगण अभिनव जैसे लगते है, **प्रियजने तरे**—प्रियजन को बाधने के लिये; **करिछे .....जाल**—सभी व्यग्र हो कर स्नेहपूर्ण नूतन जाल का विस्तार कर रहे है, **मिनति**—विनति, **करि**—करता हूँ, **कत पान्थ**—कितने पथिक; **बसिबेक**—बैठेगे; **छायाय तोमार**—तुम्हारी छाया मे, **आमार मतन**—मेरे समान; **पतङ्गेर**—पक्षियो के; **करिबेक**—करेगे; **आसि**—आ कर; **सजल वल्कल**—जल से भीगा हुआ वल्कल; **शुकाबे ..शाखे**—तुम्हारी शाखा (डाली) मे सुखाएंगे; **राखालेर दल**—चरवाहो का दल, **करिबे**—करेगे; **तारि.... विराजे**—उन्हीके बीच यह पुराना बन्धु (तुम्हारी) स्मृति मे विराजमान रहे।

देवयानी। मने रेखो आमादेर होमधेनुटिरे;
स्वर्गसुधा पान क'रे से पुण्यगाभीरे
भुलोना गरबे।

कच। सुधा हते सुधामय
दुग्ध तार, देखे तारे पापक्षय हय,
मातृरूपा, शान्तिस्वरूपिणी, शुभ्रकान्ति
पयस्विनी। ना मानिया क्षुधातृष्णा श्रान्ति
तारे करियाछि सेवा, गहन कानने
श्यामशष्प स्रोतस्विनीतीरे तारि सने
फिरियाछि दीर्घ दिन, परितृप्तिभरे
स्वेच्छामते भोग करि निम्नतट'-परे
अपर्याप्त तृणराशि सुस्निग्ध कोमल
आलस्यमन्थरतनु लभि तरुतल
रोमन्थ करेछे धीरे शुये तृणासने
साराबेला; माझे माझे विशाल नयने
सकृतज्ञ शान्तदृष्टि मेलि गाढ़स्नेह
चक्षु दिया लेहन करेछे मोर देह।
मने रबे सेइ दृष्टि स्निग्ध अचञ्चल,
परिपुष्ट शुभ्र तनु चिक्कण पिच्छल।

---

**मने रेखो**—याद रखना; **आमादेर**—हमलोगो की; **धेनुटि**—गाय; **क'रे**—करती है; **से पुण्य गाभीरे**—वह पुण्य की गाय को, **भुलोना गरबे**—गर्व मे भूल न जाना।

**हते**—से, **तार**—उसका, **देखे.. ..हय**—उसको देखने से पापक्षय होता है; **ना .सेवा**—क्षुधा, तृष्णा, श्रान्ति की चिन्ता किए बिना उसकी सेवा की है, **शष्प**—हरी कोमल घास; **तारि सने**—उसीके साथ, **फिरियाछि**—घूमता रहा हूँ; **अपर्याप्त**—प्रचुर, प्रयोजन से भी अधिक, **लभि**—प्राप्त कर; **शुये**—सो कर; **माझे माझे**—बीच बीच मे, **सकृतज्ञ**—कृतज्ञता पूर्वक; **मेलि**—खोल कर; **गाढ़... देह**—गाढ स्नेह से पूर्ण चक्षु द्वारा मेरी देह को चाटा है; **मने ..दृष्टि**—वह दृष्टि मन मे (बनी) रहेगी।

देवयानी। आर, मने रेखो आमादेर कलस्वना
स्रोतस्विनी वेणुमती।

कच। तारे भुलिब ना।
वेणुमती, कत कुसुमित कुञ्ज दिये
मधुकण्ठे आनन्दित कलगान निये
आसिछे शुश्रूषा बहि ग्राम्यवधूसम
सदा क्षिप्रगति, प्रवाससङ्गिनी मम
नित्य शुभव्रता।

देवयानी। हाय बन्धु, ए प्रवासे
आरो कोनो सहचरी छिल तव पाशे,
परगृहवासदुःख भुलाबार तरे
यत्न तार छिल मने रात्रिदिन ध'रे—
हाय रे दुराशा!

कच। चिरजीवनेर सने
तार नाम गाँथा हये गेछे।

देवयानी। आछे मने—
येदिन प्रथम तुमि आसिले हेथाय
किशोर ब्राह्मण, तरुण अरुण प्राय
गौरवर्ण तनुखानि स्निग्ध दीप्तिढाला,
चन्दने चर्चित भाल, कण्ठे पुष्पमाला,

---

**मने रेखो**—मन मे रखना (याद रखना)।

**तारे**—उसको; **दिये**—से हो कर; **निये**—ले कर; **आसिछे**—आ रही है; **बहि**—बह कर।

**ए प्रवासे... पाशे**—इस प्रवास मे और कोई सहचरी तुम्हारे पार्श्व (पास) मे थी; **भुलाबार तरे**—भुलाने के लिये; **छिल मने**—मन मे था।

**चिरजीवनेर.... गेछे**—चिरजीवन के साथ उसका नाम गूँथ गया है।

**आछे मने**—मन मे है (याद है); **येदिन .. हेथाय**—जिस दिन प्रथम तुम यहाँ आए; **प्राय**—प्राय, लगभग, **तनुखानि**—शरीर;

परिहित पट्टवास, अधरे नयने
प्रसन्न सरल हासि, होथा पुष्पवने
दाँडाले आसिया—

कच। तुमि सद्य स्नान करि
दीर्घ आर्द्र केशजाले नवशुक्लाम्बरी
ज्योति.स्नात मूर्तिमती ऊषा, हाते साजि,
एकाकी तुलितेछिले नव पुष्पराजि
पूजार लागिया। कहिनु करि बिनति,
'तोमारे साजे ना श्रम, देहो अनुमति
फुल तुले दिब, देवी।'

देवयानी। आमि सविस्मय
सेइक्षणे शुधानु तोमार परिचय।
विनये कहिले, 'आसियाछि तव द्वारे,
तोमार पितार काछे शिष्य हइबारे
आमि बृहस्पतिसुत।'

कच। शका छिल मने,
पाछे दानवेर गुरु स्वर्गेर ब्राह्मणे
देन फिराइया।

देवयानी। आमि गेनु तॉर काछे।
हासिया कहिनु, 'पिता भिक्षा एक आछे

---

**परिहित**—सज्जित; **पट्टवास**—रेशम का वस्त्र; **होथा. .. आसिया**—वहाँ पुष्पवन मे आ कर खडे हुए।

**हाते**—हाथ मे, **साजि**—फूल चुनने की डाली; **तुलितेछिले**—चुन रही थी; **पूजार लागिया**—पूजा के लिये; **कहिनु**—कहा, **करि बिनति**—विनती कर, **तोमारे ... देवी**—देवी, तुम्हे परिश्रम (करना) शोभा नही देता, (मुझे) अनुमति दो, फूल चुन दूंगा।

**शुधानु .परिचय**—तुम्हारा परिचय पूछा, **काछे**—निकट; **हइबारे**—होने के लिये।

**पाछे**—ऐसा न हो ; **ब्राह्मणे**—ब्राह्मण को, **देन फिराइया**—लौटा दे ।

**आमि .काछे**—मै उनके पास गई; **हासिया कहिनु**—हँसकर बोली; **आछे**—है;

चरणे तोमार।' स्नेहे बसाइया पाशे
शिरे मोर दिये हात शान्त मृदु भाषे
कहिलेन, 'किछु नाहि अदेय तोमारे।'
कहिलाम, 'बृहस्पतिपुत्र तव द्वारे
एसेछेन, शिष्य करि लहो तुमि ताँरे,
ए मिनति।'—से आजिके हल कत काल,
तबु मने हय, येन सेदिन सकाल।

कच। ईर्षाभरे तिनबार दैत्यगण मोरे
करियाछे वध, तुमि देवी दया क'रे
फिराये दियेछ मोर प्राण, सेइ कथा
हृदये जागाये रबे चिरकृतज्ञता।

देवयानी। कृतज्ञता! भूले येयो, कोनो दुःख नाइ।
उपकार या करेछि हये याक छाइ—
नाहि चाइ दानप्रतिदान। सुखस्मृति
नाहि किछु मने? यदि आनन्देर गीति
कोनोदिन बेजे थाके अन्तरे बाहिरे,
यदि कोनो सन्ध्याबेला वेणुमतीतीरे

---

**चरणे तोमार**—तुम्हारे चरणों मे; **स्नेहे ... तोमार**—स्नेह पूर्वक बगल मे बैठा कर मेरे शिर पर हाथ दे कर शान्त मृदु शब्दो मे (उन्होने) कहा, 'तुम्हारे लिये कुछ भी अदेय नही है'; **कहिलाम**—बोली; **एसेछेन**—आए है; **शिष्य..... ताँरे**—उन्हे तुम शिष्य बना लो; **ए मिनति**—यही विनती है; **से. .... सकाल**—वह आज कितना दिन हुआ; **तबु .. .सकाल**—तौभी मन मे होता है जैसे (यह) उस दिन प्रभात की बात है।

**तुमि.. .प्राण**—तुमने देवी मेरे प्राण लौटा दिए है (बचा दिए है); **सेइ... .रबे**—वही बात हृदय मे जगाए रहेगी।

**भुले.. .नाइ**—भूल जाना, कोई दु ख नही; **उपकार . .छाइ**—जो उपकार किया है (वह) राख हो जाय (उसका कोई मूल्य न रहे); **नाहि चाइ**—नही चाहिए; **सुखस्मृति**—प्रिय स्मृति; **नाहि किछु मने**—कुछ भी मन मे नही है; **यदि.. ..बाहिरे**—यदि (कोई) आनन्द देने वाली गीति अन्तर और बाहर किसी दिन बजे (स्पन्दित करे);

अध्ययन-अवसरे बसि पुष्पवने
अपूर्व पुलकराशि जेगे थाके मने,
फुलेर सौरभसम हृदय उच्छ्वास
व्याप्त करे दिये थाके सायाह्न-आकाश—
फुटन्त निकुञ्जतल, सेइ सुखकथा
मने रेखो। दूर हये याक कृतज्ञता।
यदि सखा, हेथा केह गेये थाके गान
चित्ते याहा दियेछिल सुख, परिधान
करे थाके कोनोदिन हेन वस्त्रखानि
याहा देखे मने तव प्रशसार वाणी
जेगेछिल, भेबेछिले प्रसन्न-अन्तर
तृप्त चोखे 'आजि एरे देखाय सुन्दर'
सेइ कथा मने कोरो अवसर क्षणे
सुखस्वर्गधामे। कत दिन एइ वने
दिक्-दिगन्तरे आषाढेर नीलजटा
श्यामस्निग्ध बरषार नवघनघटा
नेबेछिल, अविरल वृष्टि जलधारे
कर्महीन दिने सघन कल्पनाभारे

---

**बसि**—बैठे, **जेगे . मने**—मन मे जाग्रत हो , **व्याप्त. . तल**—सायकालीन आकाश एव प्रस्फुटित होने वाले निकुञ्ज को व्याप्त कर दे, **दूर. . . . याक**—दूर हो जाय; **हेथा .. सुख**—यहाँ किसीने गान गाया हो जिससे (तुम्हारे) मन को आनन्द प्राप्त हुआ हो; **परिधान . वस्त्रखानि**—किसीने ऐसा वस्त्र किसी दिन धारण किया हो; **याहा .जेगेछिल**—जिसे देख तुम्हारे मन मे प्रशसा की वाणी जग उठी थी; **भेबेछिले. सुन्दर**—प्रसन्न अन्तर और तृप्त आँखो से (तुमने) मन ही मन कहा था, 'आज यह सुन्दर दीखती है'; **सेइ . धामे**—यही बात (अपने) प्रिय स्वर्गधाम मे अवसर के क्षणो मे याद करना; **घटा नेबेछिल**—बादल (बरसने के लिये) नीचे आ गए थे, **कर्महीन दिने**—ऐसे दिन जिस दिन कोई काम काज न हो;

पीडित हृदय, एसेछिल कतदिन
अकस्मात् वसन्तेर बाधाबन्धहीन
उल्लासहिल्लोलाकुल यौवन-उत्साह,
सगीतमुखर सेइ आवेगप्रवाह
लताय पाताय पुष्पे वने वनान्तरे
व्याप्त करि दियाछिल लहरे लहरे
आनन्दप्लावन; भेबे देखो एकबार,
कत उषा, कत ज्योत्स्ना, कत अन्धकार
पुष्पगन्धघन अमानिशा एइ वने
गेछे मिशे सुखे दु.खे तोमार जीवने—
तारि माझे हेन प्रातः, हेन सन्ध्याबेला,
हेन मुग्धरात्रि, हेन हृदयेर खेला,
हेन सुख, हेन मुख देय नाइ देखा
याहा मने आँका रबे चिरचित्ररेखा
चिररात्रि चिरदिन? शुधु उपकार!
शोभा नहे, प्रीति नहे, किछु नहे आर?
कच। आर याहा आछे ताहा प्रकाशेर नय,
सखी। बहे याहा मर्म-माझे रक्तमय
बाहिरे ता केमने देखाब?

---

**एसेछिल**—आया था; **सेइ**—वही; **लताय**—लताओ मे, **पाताय**—पत्तियो मे; **करि दियाछिल**—कर दिया था; **भेबे..... एकबार**—सोच कर देखो एक बार; **ज्योत्स्ना**—चाँदनी; **गेछे मिशे**—घुल-मिल गया है; **तोमार जीवने**—तुम्हारे जीवन मे; **तारि माझे**—उसीके बीच; **हेन**—ऐसा, **देय नाइ देखा**—दिखाई नही देता; **याहा.. ..रबे**—जो मन मे अकित रहेगा; **शुधु उपकार**—केवल उपकार; **किछु नहे आर**—और कुछ नही।

**आर... नय**—और जो है वह प्रकाश (प्रकट) करने के लिये नही है; **बहे.... ..देखाब**—जो मर्म के भीतर रक्त मे बह रहा है उसे बाहर कैसे दिखाऊँगा।

देवयानी। जानि सखे,
तोमार हृदय मोर हृदय-आलोके
चकिते देखेछि कतबार, शुधु येन
चक्षेर पलकपाते; ताइ आजि हेन
स्पर्धा रमणीर। थाको तबे, थाको तबे,
येयो नाको। सुख नाइ यशेर गौरवे।
हेथा वेणुमतीतीरे मोरा दुइ जन
अभिनव स्वर्गलोक करिब सृजन
ए निर्जन वनच्छाया साथे मिशाइया
निभृत विश्रब्ध मुग्ध दुइखानि हिया
निखिलविस्मृत। ओगो बन्धु, आमि जानि
रहस्य तोमार।

कच। नहे नहे, देवयानी।

देवयानी। नहे? मिथ्या प्रवञ्चना! देखि नाइ आमि
मन तव? जान ना कि प्रेम अन्तर्यामी?
विकशित पुष्प थाके पल्लवे विलीन,
गन्ध तार लुकाबे कोथाय? कतदिन

---

**जानि**—जानती हूँ; **तोमार ... .कतबार**—अपने हृदय के आलोक मे तुम्हारे हृदय को कितनी बार निमेष मात्र के लिये देखा है ; **शुधु ... पाते**—मात्र जैसे आँखो की पलको के गिरते गिरते ; **ताइ . . रमणीर**—इसीलिये आज रमणी की ऐसी स्पर्धा है, **थाको.....नाको**—तब (यही) रह जाओ रह जाओ, जाना नही; **सुख . गौरवे**—यश के गौरव मे सुख नही है; **हेथा. ..सृजन**—यहाँ वेणुमती के तीर पर हम दोनो अभिनव स्वर्गलोक की सृष्टि करेगे; **ए . .विस्मृत**—इस निर्जन वनच्छाया के साथ निभृत, विश्वस्त, मुग्ध दो हृदयो को मिला कर (हम दोनो) समस्त को भुला देगे, **आमि . तोमार**—मै तुम्हारे रहस्य (मर्म) को जानती हूँ, **नहे**—नही।

**देखि . तव**—तुम्हारे मन को क्या मैने देखा नही है; **जान ना कि**—जानते नही हो क्या, **थाके**—रहता है, **पल्लवे**—पल्लव मे; **गन्ध ... कोथाय**—उसकी गन्ध कहाँ छिपेगी ;

येमनि तुलेछ मुख, चेयेछ येमनि,
येमनि शुनेछ तुमि मोर कण्ठध्वनि,
अमनि सर्वाङ्गे तव कम्पियाछे हिया—
नड़िले हीरक यथा पड़े ठिकरिया
आलोक ताहार। से कि आमि देखि नाइ ?
धरा पड़ियाछ बन्धु, बन्दी तुमि ताइ
मोर काछे। ए बन्धन नारिबे काटिते।
इन्द्र आर तव इन्द्र नहे।

कच। शुचिस्मिते,
सहस्र वत्सर धरि ए दैत्यपुरीते
एरि लागि करेछि साधना ?

देवयानी। केन नहे ?
विद्यारि लागिया शुधु लोके दुःख सहे
ए जगते ? करेनि कि रमणीर लागि
कोनो नर महातप ? पत्नीवर मागि
करेननि सम्वरण तपतीर आशे
प्रखर सूर्येर पाने ताकाये आकाशे
अनाहारे कठोर साधना कत ? हाय,
विद्याइ दुर्लभ शुधु, प्रेम कि हेथाय

---

**कत दिन.... ध्वनि**—कितने दिन जैसे ही तुमने मुख उठाया है, जैसे ही (मुझे) देखा है, जैसे ही तुमने मेरा कण्ठस्वर सुना है, **अमनि . ..हिया**—वैसेही समग्र रूप से तुम्हारा हृदय कम्पित हुआ है, **नड़िले .... ताहार**—जैसे हीरा के हिलने-डुलने से उसका आलोक छिटक पडता है, **से . नाइ**—वह क्या मैंने देखा नही है, **धरा. . बन्धु**—बन्धु, तुम पकडे गए हो, **बन्दी. . काछे**—इसीलिये तुम मेरे पास बन्दी हो, **ए. काटिते**—इस बन्धन को नही काट सकोगे, **इन्द्र नहे**—इन्द्र अब तुम्हारा इन्द्र नही है।

**एरि . . साधना**—इसीके लिये साधना की है।

**केन नहे**—क्यो नही; **विद्यारि. जगते**—विद्या के लिये ही केवल लोग इस जगत् मे दुःख सहते है, **करेनि . .महातप**—रमणी के लिये क्या किसी पुरुष ने बडी तपस्या नही की है, **विद्याइ .. ...सुलभ**—विद्या ही केवल दुर्लभ है प्रेम क्या

एतइ सुलभ ? सहस्र वत्सर ध'रे
साधना करेछ तुमि की धनेर तरे
आपनि जान ना ताहा। विद्या एक धारे,
आमि एकधारे—कभु मोरे कभु तारे
चेयेछ सोत्सुके; तव अनिश्चित मन
दोँहारेइ करियाछे यत्ने आराधन
सगोपने। आज मोरा दोँहे एकदिने
आसियाछि धरा दिते। लहो सखा, चिने
यारे चाओ ! बल यदि सरल साहसे
'विद्याय नाहिको सुख, नाहि सुख यशे,
देवयानी, तुमि शुधु सिद्धि मूर्तिमती,
तोमारेइ करिनु वरण', नाहि क्षति,
नाहि कोनो लज्जा ताहे। रमणीर मन
सहस्रवर्षेरि सखा, साधनार धन।

कच। देवसन्निधाने शुभे, करेछिनु पण
महासञ्जीवनी विद्या करि उपार्जन

---

यहाँ इतना सुलभ है; **सहस्र ताहा**—सहस्र वर्षों से किस धन के लिये तुमने साधना की है, यह स्वय नही जानते; **विद्या. ..सोत्सुके**—विद्या एक ओर, मैं एक ओर—कभी मेरी ओर, कभी उसकी ओर तुमने अत्यन्त उत्सुक हो कर देखा है, **तव. .संगोपने**—तुम्हारे अनिश्चित मन ने अत्यन्त गोपन भाव से दोनो की आराधना बडे अनुराग से की है, **आज .दिते**—आज हम दोनो एकही दिन पकडाई देने आए हैं; **लहो चाओ**—जिसे चाहते हो सखा, (उसे) पहचान लो, **बल . . . साहसे**—सहज साहस से यदि बोलो, **विद्याय . ताहे**—'देवयानी, विद्या मे सुख नही है, यश मे सुख नही है, केवल तुम्ही मूर्तिमती सिद्धि हो, तुम्हे ही वरण किया' (तो) उसमे कोई क्षति नही, कोई लज्जा नही, **रमणीर....धन**—सखा, रमणी का मन सहस्र वर्षो की साधना का धन है।

**देवसन्निधाने**—देवताओ के निकट, **करेछिनु पण**—दृढ सकल्प किया था; **करि**—कर ;

देवलोके फिरे याब, एसेछिनु ताइ,
सेइ पण मने मोर जेगेछे सदाइ,
पूर्ण सेइ प्रतिज्ञा आमार, चरितार्थ
एतकाल परे ए जीवन; कोनो स्वार्थ
करि ना कामना आजि।

देवयानी। धिक् मिथ्याभाषी!
शुधु विद्या चेयेछिले? गुरुगृहे आसि
शुधु छात्ररूपे तुमि आछिले निर्जने
शास्त्रग्रन्थे राखि आँखि रत अध्ययने
अहरह? उदासीन आर सबा-'परे?
छाडि अध्ययनशाला वने वनान्तरे
फिरिते पुष्पेर तरे, गाँथि माल्यखानि
सहास्य प्रफुल्ल मुखे केन दिते आनि
ए विद्याहीनारे? एइ कि कठोर व्रत?
एइ तव व्यवहार विद्यार्थीर मतो?
प्रभाते रहिते अध्ययने, आमि आसि
शून्य साजि हाते लये दाँड़ातेम हासि—
तुमि केन ग्रन्थ राखि उठिया आसिते,
प्रफुल्ल शिशिरसिक्त कुसुमराशिते

---

**फिरे याब**—लौट जाऊँगा; **एसेछिनु ताइ**—इसीलिये आया था; **सेइ......सदाइ**—वही प्रतिज्ञा मेरे मन मे सदा जाग्रत रही, **एतकाल परे**—इतने समय के बाद।

**शुधु**—केवल; **चेयेछिले**—चाहा था; **आसि**—आ कर; **आछिले**—थे, **राखि आँखि**—आँख रख कर, **उदासीन.....परे**—और सब से उदासीन; **छाड़ि**—छोड, **फिरिते......तरे**—पुष्प के लिये घूमते; **गाँथि.....विद्याहीनारे**—माला गूँथ सहास्य प्रफुल्ल मुख से क्यो इस विद्याहीना को आ कर देते; **एइ.....व्रत**—क्या यही कठोर व्रत है; **एइ......मतो**—यही तुम्हारा विद्यार्थी जैसा व्यवहार है; **रहिते**—रहते, **आमि......हासि**—शून्य फूलो की डाली हाथ मे ले कर मै आती और हँस कर खडी होती, **तुमि......आसिते**—तुम क्यो ग्रन्थ रख उठ कर आते; **प्रफुल्ल......पूजा**—ओसकणों से सिक्त राशि-राशि फूलो से प्रफुल्ल (चित्त से)

करिते आमार पूजा? अपराह्नकाले
जलसेक करिताम तरु-आलवाले,
आमारे हेरिया श्रान्त केन दया करि
दिते जल तुले? केन पाठ परिहरि
पालन करिते मोर मृगशिशुटिके?
स्वर्ग हते ये सगीत एसेछिले शिखे
केन ताहा शुनाइते, सन्ध्याबेला यबे
नदीतीरे अन्धकार नामित नीरवे
प्रेमनत नयनेर स्निग्धछायामय
दीर्घ पल्लवेर मतो? आमार हृदय
विद्या निते एसे केन करिले हरण
स्वर्गेर चातुरीजाले? बुझेछि एखन,
आमारे करिया वश पितार हृदय
चेयेछिले पशिबारे—कृतकार्य हये
आज याबे मोरे किछु दिये कृतज्ञता,
लब्धमनोरथ अर्थी राजद्वारे यथा
द्वारीहस्ते दिये याय मुद्रा दुइ-चारि
मनेर सन्तोषे?

---

मेरी पूजा करते; **जलसेक करिताम**—जल सिंचन करती; **तरु.....आलवाले**—वृक्षो के थाले मे; **आमारे......तुले**—मुझे श्रान्त (थकी) देख दया कर क्यो जल खीच देते, **केन.....शिशुटिके**—पाठ छोड क्यो मेरे मृग-शिशु का पालन करते; **स्वर्ग......शुनाइते**—स्वर्ग से जो सगीत सीख कर आए थे क्यो उसे (मुझे) सुनाते; **सन्ध्या.....नीरवे**—सध्याबेला जब अधकार चुपचाप उतरता; **आमार हृदय**—मेरा हृदय, **विद्या निते एसे**—विद्या लेनेके लिये आ कर, **केन**—क्यो, **करिले हरण**—हरण किया; **बुझेछि एखन**—अब समझी हूँ; **आमारे....... पशिबारे**—मुझे वश कर पिता के हृदय मे प्रवेश करना चाहा था; **कृतकार्य हये**—कृतकार्य (सफल) हो कर, **आज....कृतज्ञता**—आज मुझे कुछ कृतज्ञता दे कर जाओगे, **अर्थी**—प्रार्थनाकारी; **द्वारी सन्तोषे**—मन के सन्तोष से द्वारपाल के हाथ मे दो-चार मुद्राएँ दे जाता है।

कच। हा अभिमानिनी नारी,
सत्य शुने की हइबे सुख ? धर्म जाने,
प्रतारणा करि नाइ, अकपट प्राणे
आनन्द-अन्तरे तव साधिया सन्तोष,
सेविया तोमारे यदि करे थाकि दोष,
तार शास्ति दितेछेन विधि। छिल मने,
कब ना से कथा। बलो, की हइबे जेने
त्रिभुवने कारो याहे नाइ उपकार,
एकमात्र शुधु याहा नितान्त आमार
आपनार कथा। भालोबासि किना आज
से तर्के की फल ? आमार या आछे काज
से आमि साधिब। स्वर्ग आर स्वर्ग ब'ले
यदि मने नाहि लागे, दूर वनतले
यदि घुरे मरे चित्त विद्ध मृगसम,
चिरतृष्णा लेगे थाके दग्ध प्राणे मम
सर्वकार्य-माझे—तबु चले येते हबे
सुखशून्य सेइ स्वर्गधामे। देव-सबे

---

**शुने . ..सुख**—सुनने से क्या सुख होगा; **धर्म जाने**—धर्म जानता है (धर्म की साक्षी दे कर कहता हूँ); **प्रतारणा .. नाइ**—प्रवञ्चना नही की है; **अकपट ...विधि**—अकपट मन से, अन्तर के आनन्द से तुम्हारा सन्तोष साधन कर (सन्तोष पहुँचा कर), तुम्हारी सेवा कर अगर दोष किया है तो उसीका दण्ड विधाता दे रहे है, **छिल ..कथा**—मन मे था यह बात (कभी नही) कहूँगा, **बलो**—बोलो, **की हइबे कथा**—(उसे) जान कर क्या होगा जिससे त्रिभुवन मे किसीका कोई मगल साधन न हो, जो एक मात्र केवल मेरी अपनी ही बात है, **भालोबासि.. . .फल**—प्यार करता हूँ कि नही इस तर्क से आज क्या लाभ, **आमार... ..साधिब**—मेरा जो काज है वह मै करुँगा; **स्वर्ग लागे**—स्वर्ग और स्वर्ग-सा यदि मन मे नही लगे, **घुरे मरे**—घूमता मरता रहे; **लेगे थाके**—लगी रहे; **सर्वकार्य-माझे**—सभी कामो के बीच ; **तबु . धामे**—तौभी चला जाना होगा सुख-शून्य उसी स्वर्गधाम मे; **देव-सबे**—देवताओ को,

एइ सञ्जीवनीविद्या करिया प्रदान
नूतन देवत्व दिया तबे मोर प्राण
सार्थक हइबे, तार पूर्वे नाहि मानि
आपनार सुख। क्षम मोरे, देवयानी,
क्षम अपराध।

देवयानी। क्षमा कोथा मने मोर!
करेछ ए नारीचित्त कुलिशकठोर
हे ब्राह्मण! तुमि चले याबे स्वर्गलोके
सगौरवे, आपनार कर्तव्यपुलके
सर्व दु:खशोक करि दूरपराहत;
आमार की आछे काज, की आमार व्रत!
आमार ए प्रतिहत निष्फल जीवने
की रहिल, किसेर गौरव! एइ वने
बसे रब नतशिरे नि:संग एकाकी
लक्ष्यहीना। ये-दिकेइ फिराइब आँखि,
सहस्र स्मृतिर काँटा बिंधिबे निष्ठुर;
लुकाये वक्षेर तले लज्जा अति क्रूर
बारम्बार करिबे दंशन। धिक् धिक्
कोथा हते एले तुमि, निर्मम पथिक,

---

**तार पूर्वे... सुख**–उसके पहले (मैं) अपना सुख नही मानता, **क्षम**–क्षमा करो।

**क्षमा मोर**—मेरे मन मे क्षमा कहाँ है, **करेछ . .कठोर**—इस नारी चित्त को कुलिश जैसा कठोर (तुमने) कर दिया है, **तुमि.....याबे**—तुम चले जाओगे; **सगौरवे**—गौरवपूर्ण, **आपनार. . .दूरपराहत**—अपने कर्तव्य के पुलक से सब दु:ख शोक को पराजित कर दूर कर दोगे, **आमार......व्रत**—मेरे लिये कौन-सा काम है, कौन-सा व्रत है, **आमार......गौरव**—मेरे इस आहत निष्फल जीवन मे क्या रहा, किस (चीज) का गौरव रहा, **एइ वने**—इस वन मे; **बसे रब**—बैठी रहूँगी, **नतशिरे**—नतशिर किए हुए; **ये ..आँखि**—जिस ओर आँखे फिराऊँगी, **सहस्र.....निष्ठुर**—हजारो स्मृतियो के काटे बिधते रहेगे; **लुकाये......दंशन**—हृदय के भीतर छिपी हुई अति क्रूर लज्जा बारबार दशन करती रहेगी, **कोथा.....तुमि**—कहाँ से आए तुम,

बसि मोर जीवनेर वनच्छायातले
दण्ड-दुइ अवसर काटाबार छले
जीवनेर सुखगुलि—फूलेर मतन
छिन्न क'रे निये—माला करेछ ग्रन्थन
एकखानि सूत्र दिये, याबार बेलाय
से माला निले ना गले, परम हेलाय
सेइ सूक्ष्म सूत्रखानि दुइभाग करे
छिँड़ि दिये गेले ! लुटाइल धूलि-'परे
ए प्राणेर समस्त महिमा ! तोमा-'परे
एइ मोर अभिशाप—ये विद्यार तरे
मोरे कर अवहेला, से-विद्या तोमार
सम्पूर्ण हबे ना वश; तुमि शुधु तार
भारवाही हये रबे, करिबे ना भोग;
शिखाइबे, पारिबे ना करिते प्रयोग।

कच। आमि वर दिनु, देवी, तुमि सुखी हबे।
भूले याबे सर्वग्लानि विपुल गौरवे।

१० अगस्त, १८९३ 'बिदाय अभिशाप'

---

**बसि.....छले**—मेरे जीवन की वनच्छाया तले दो दण्ड समय काटने के छल से बैठ, **जीवनेर.....दिये**—जीवन के समस्त सुखो को फूल जैसा तोड कर एक सूत्र मे माला जैसा गूँथ दिया है; **परम .गेले**—अत्यन्त अवहेला के साथ उस सूक्ष्म सूत्र को दो भाग कर (तुमने) तोड दिया; **लुटाइल.....महिमा**—(मेरे) इस प्राण का समस्त गौरव धूलि-लुन्ठित हो गया; **तोमा.....अभिशाप**—तुम्हारे ऊपर (तुम्हे) यही मेरा अभिशाप है; **ये विद्यार......वश**—जिस विद्या के लिये तुमने मेरी अवहेला की वह विद्या सपूर्ण रूप से तुम्हारे वश नही होगी ; **तुमि .....रबे**—तुम केवल उसके ढोने वाले मात्र रहोगे, **करिबे ना भोग**—उसका भोग नही करोगे; **शिखाइबे.....प्रयोग**—सिखा सकोगे लेकिन प्रयोग नही कर सकोगे।

**आमि.....गौरवे**—मैने वर दिया, देवि, कि तुम सुखी होओगी और अत्यन्त गौरव पा कर समस्त ग्लानि भूल जाओगी।

## वसुन्धरा

आमारे फिराये लहो, अयि वसुन्धरे,
कोलेर सन्ताने तव कोलेर भितरे
विपुल अञ्चलतले। ओगो मा मृण्मयी,
तोमार मृत्तिका-माझे व्याप्त हये रइ,
दिग्विदिके आपनारे दिइ विस्तारिया
वसन्तेर आनन्देर मतो। बिदारिया
ए वक्षपञ्जर, टुटिया पाषाणबन्ध
सकीर्ण प्राचीर, आपनार निरानन्द
अन्ध कारागार—हिल्लोलिया मर्मरिया
कम्पिया स्खलिया बिकिरिया विच्छुरिया
शिहरिया—सचकिया आलोके पुलके
प्रवाहिया चले याइ समस्त भूलोके
प्रान्त हते प्रान्तभागे उत्तरे दक्षिणे
पुरबे पश्चिमे; शैवाले शाद्वले तृणे
शाखाय वल्कले पत्रे उठि सरसिया
निगूढ जीवनरसे, याइ परशिया
स्वर्णशीर्षे—आनमित शस्यक्षेत्रतल
अङ्गुलिर आन्दोलने, नव पुष्पदल

---

**आमारे फिराये लहो**—मुझे लौटा लो, **अयि**—ऐ; **कोलेर . भितरे**—गोद की सन्तान को अपनी गोद के भीतर, **मृण्मयी**—मृत्तिकामयी; **तोमार. .. रइ**—तुम्हारी मिट्टी के भीतर व्याप्त हो कर रहे, **आपनारे .मतो**—वसन्त के आनन्द के समान अपनेको फैला दे; **बिदारिया**—विदीर्ण कर, **टूटिया**—तोड कर, **पाषाणबन्ध**—पाषाण का बन्धन; **आपनार**—अपना; **बिकिरिया**—विकीर्ण कर, **बिच्छुरिया**—विस्मृत हो कर, **शिहरिया**—सिहर कर, **सचकिया**—कम्पित हो कर; **प्रवाहिया**—प्रवाहित हो कर; **चले याइ**—चले जायँ; **प्रान्त ...भागे**—किनारा से किनारा; **शाद्वले**—हरी, मुलायम घास से ढकी ज़मीन; **सरसिया**—रस युक्त हो कर; **याइ परशिया**—जा कर स्पर्श करे; **आनमित**—झुका हुआ।

करि पूर्ण सगोपने सुवर्णलेखाय
सुधागन्धे मधुबिन्दुभारे; नीलिमाय
परिव्याप्त करि दिया महासिन्धुनीर
तीरे तीरे करि नृत्य स्तब्ध धरणीर
अनन्त कल्लोलगीते; उल्लसित रङ्गे
भाषा प्रसारिया दिइ तरङ्गे तरङ्गे
दिक्-दिगन्तरे; शुभ्र उत्तरीयप्राय
शैलशृङ्गे बिछाइया दिइ आपनाय
निष्कलंक नीहारेर उत्तुंग निर्जने
नि शव्द निभृते ।।

ये इच्छा गोपने मने
उत्ससम उठितेछे अज्ञाते आमार
बहुकाल ध'रे, हृदयेर चारिधार
क्रमे परिपूर्ण करि बाहिरिते चाहे
उद्वेल उद्दाम मुक्त उदार प्रवाहे
सिञ्चिते तोमाय; व्यथित से वासनारे
बन्धमुक्त करि दिया शतलक्ष धारे
देशे देशे दिके दिके पाठाब केमने
अन्तर भेदिया। बसि शुधु गृहकोणे

---

**नीलिमाय**—नीलिमा (नील वर्ण) से, **प्रसारिया दिइ**—प्रसार कर दें; **शुभ्र......आपनाय**—शुभ्र उत्तरीय जैसे शैलशृग पर अपनेको बिछा दे।

**ये . .धरे**—जो इच्छा अनजाने बहुत दिनो से उत्स के समान गोपन भाव से मेरे मन मे उठ रही है; **हृदयेर .... तोमाय**—समस्त हृदय को क्रम से परिपूर्ण कर उद्वेल, उद्दाम, मुक्त, उदार प्रवाह से तुम्हे सिञ्चित करने के लिये बाहर होना चाहती है, **व्यथित ....से वासनारे**—वह (उद्दाम) आकाक्षा से पीड़ित है; **बन्धमुक्त .. ..भेदिया**—बन्धन मुक्त कर शत लक्ष धाराओ मे (उसे) देश-देश मे, दिशाओ-दिशाओ मे अन्तर को भेद कर कैसे पठाऊँ (भेजूंगा); **बसि ... .गृहकोणे**—केवल घर के कोने मे बैठ कर,

लुब्धचित्ते करितेछि सदा अध्ययन
देशे देशान्तरे कारा करेछे भ्रमण
कौतूहलवशे, आमि ताहादेर सने
करितेछि तोमारे वेष्टन मने मने
कल्पनार जाले ।।

सुदुर्गम दूरदेश—
पथशून्य तरुशून्य प्रान्तर अशेष,
महापिपासार रङ्गभूमि; रौद्रालोके
ज्वलन्त बालुकाराशि सूचि बिँधे चोखे;
दिगन्तविस्तृत येन धूलिशय्या 'परे
ज्वरातुरा वसुन्धरा लुटाइछे पड़े
तप्तदेह, उष्णश्वास वह्निज्वालामय,
शुष्ककण्ठ, सङ्गहीन, नि:शब्द, निर्दय।
कतदिन गृहप्रान्ते बसि वातायने
दूरदूरान्तेर दृश्य आँकियाछि मने
चाहिया सम्मुखे।—चारि दिके शैलमाला,
मध्ये नील सरोवर निस्तब्ध निराला

---

**लुब्ध चित्ते**—लुब्ध चित्त से; **करितेछि... .कौतूहलवशे**—देश-देशान्तर मे किन लोगो ने भ्रमण किया है कौतूहलवश (इसका) सदा अध्ययन कर रहा हूँ; **आमि ..जाले**—कल्पना का जाल बिछा कर मै उन्ही लोगो के साथ मन ही मन तुम्हारा वेष्टन (प्रदक्षिण) करता हूँ।

**प्रान्तर**—फैला हुआ खाली-खाली सूना-सूना मैदान; **रौद्रालोके**—सूर्य के प्रकाश से, **ज्वलन्त. .चोखे**—ज्वलन्त बालुकाराशि सूई की तरह आँखो को बिंधती है; **दिगन्त . पड़े**—जैसे दिगन्तविस्तृत धूलिशय्या पर ज्वर से छट-पट करती हुई वसुन्धरा लोट रही है, **कतदिन. ..सम्मुखे**—कितने दिन घर के किनारे वातायन (खिडकी) पर बैठ कर सामने देखता हुआ दूर-दूर के दृश्य को मन मे अकित (चित्रित) किया है; **चारिदिके**—चारो ओर; **मध्ये**—बीच में; **निराला**—निर्जन;

स्फटिक निर्मल स्वच्छ; खण्ड मेघगण
मातृस्तनपानरत शिशुर मतन
पडे आछे शिखर आँकड़ि; हिमरेखा
नीलगिरिश्रेणी 'परे दूरे याय देखा
दृष्टिरोध करि, येन निश्चल निषेध
उठियाछे सारि-सारि स्वर्ग करि भेद
योगमग्न धूर्जटिर तपोवनद्वारे।
मने मने भ्रमियाछि दूर सिन्धुपारे
महामेरुदेशे—येखाने लयेछे धरा
अनन्तकुमारीव्रत, हिमवस्त्र-परा,
निःसग निस्पृह, सर्व-आभरणहीन,
येथा दीर्घ रात्रिशेषे फिरे आसे दिन
शब्दशून्य सगीतविहीन; रात्रि आसे,
घुमाबार केह नाइ, अनन्त आकाशे
अनिमेष जेगे थाके निद्रातन्द्राहृत
शून्यशय्या मृतपुत्रा जननीर मतो।

---

**खण्ड... आँकड़ि**—मेघ खण्ड, मातृस्तनपानरत शिशु के समान शिखर से चिपटे हुए है, **हिमरेखा........करि**—दृष्टि को अवरुद्ध करती हुई दूर नील पर्वतश्रेणी के ऊपर हिमरेखा दीख पडती है; **येन ..द्वारे**—जैसे पक्ति के पंक्ति अचल निषेध (पर्वतमालाए) स्वर्ग को भेद कर योगमग्न धूर्जटि (शिव) के तपोवन के द्वार पर उठे हुए हों; **मने......सिन्धु-पारे**—मन ही मन दूर समुद्रपार भ्रमण किया है; **महामेरुदेशे**—उत्तरी-दक्षिणी ध्रुव प्रान्त में; **येखाने ....व्रत**—जहाँ पृथ्वी ने अनन्त कुमारी (चिर कुमारी)-व्रत लिया है; **हिमवस्त्रपरा**—हिम (बर्फ) वस्त्र पहने हुए; **येथा... संगीत-विहीन**—जहाँ दीर्घ रात्रि के अन्त मे शब्दशून्य, सगीतविहीन दिन आता है; **रात्रि.. ... नाइ**—रात्रि आती है (लेकिन) सोने वाला कोई नही है; **अनन्त... ..मतो**—निद्रातन्द्राहीन, शून्यशय्या पर (पड़ी हुई) मृत-पुत्रा जननी के समान अनन्त आकाश की ओर निर्निमेष दृष्टि से देखती हुई (रात्रि) जगी रहती है,

नूतन देशेर नाम यत पाठ करि,
विचित्र वर्णना शुनि, चित्त अग्रसरि
समस्त स्पर्शिते चाहे।—समुद्रेर तटे
छोटो छोटो नीलवर्ण पर्वतसंकटे
एकखानि ग्राम, तीरे शुकाइछे जाल,
जले भासितेछे तरी, उड़ितेछे पाल,
जेले धरितेछे माछ, गिरिमध्यपथे
सकीर्ण नदीटि चलि आसे कोनोमते
आँकिया-बाँकिया। इच्छा करे, से निभृत
गिरिक्रोड़े-सुखासीन ऊर्मिमुखरित
लोकनीड़खानि हृदये वेष्टिया धरि
बाहुपाशे। इच्छा करे, आपनार करि
येखाने या-किछु आछे, नदीस्रोतोनीरे
आपनारे गलाइया दुइ तीरे तीरे
नव नव लोकालये करे याइ दान
पिपासार जल, गेये याइ कलगान
दिवसे निशीथे; पृथिवीर माझखाने
उदयसमुद्र हते अस्तसिन्धु-पाने

---

**नूतन . .करि**—नूतन देशों का नाम जितना ही पाठ करता हूँ (पढ़ता हूँ); **विचित्र शुनि**—विचित्र वर्णन सुनता हूँ; **चित्त ...चाहे**—चित्त अग्रसर हो कर सब का स्पर्श करना चाहता है; **संकटे**—अति संकीर्ण पथ मे; **एकखानि**—एक; **शुकाइछे**—सूख रहा है; **जले.. तरी**—नाव जल मे बह रही है; **उड़ितेछे पाल**—पाल उड रहा है; **जेले . .माछ**—धीवर मछली पकड रहे है, **गिरिमध्य पथे.... बाँकिया**—पर्वत के बीच से पतली नदी किसी प्रकार से आँका-बाँका चली आती है; **इच्छा करे**—इच्छा होती है, **से . बाहुपाशे**—उस एकान्त, निर्जन पर्वत की गोद मे आनन्द से स्थित तथा लहरो से मुखरित लोकालय (ग्राम आदि) को बाहुपाश मे बाँध हृदय से लगा कर रखूँ, **आपनार . ...आछे**—जहाँ जो कुछ है अपना बना लूँ; **नदी .निशीथे**—प्रवाह युक्त नदी के जल मे अपनेको घुला कर दोनो तीरो पर ग्रामो-ग्रामो को प्यास बुझाने वाले जल का दान कर जाऊँ तथा दिन रात कलगान गाता जाऊँ; **पृथिवीर माझखाने**—पृथ्वी के बीच; **उदय**

प्रसारिया आपनारे तुङ्ग गिरिराजि
आपनार सुदुर्गम रहस्ये बिराजि;
कठिन पाषाणक्रोड़े तीव्र हिमबाये
मानुष करिया तुलि लुकाये लुकाये
नव नव जाति। इच्छा करे मने मने,
स्वजाति हइया थाकि सर्वलोकसने
देशदेशान्तरे; उष्ट्रदुग्ध करि पान
मरुते मानुष हइ आरबसन्तान
दुर्दम स्वाधीन; तिब्बतेर गिरितटे
निर्लिप्त प्रस्तरपुरी-माझे बौद्ध मठे
करि विचरण। द्राक्षापायी पारसिक
गोलापकाननवासी, तातार निर्भीक
अश्वारुढ़, शिष्टाचारी सतेज जापान,
प्रवीण प्राचीन चीन निशिदिनमान
कर्म-अनुरत—सकलेर घरे घरे
जन्मलाभ क'रे लइ हेन इच्छा करे।
अरुग्ण, बलिष्ठ हिस्र नग्न बर्बरता—
नाहि कोनो धर्माधर्म, नाहि कोनो प्रथा,

---

**समुद्र......बिराजि**—उदय समुद्र (पूर्व) से अस्त सिन्धु (पश्चिम) की ओर अपने को प्रसारित कर उत्तुग पर्वतमालाओं मे अपने सुदुर्गम रहस्य मे बिराजे; **कठिन .. ..जाति**—कठिन पाषाण की गोद मे तीव्र बर्फीली हवा मे छिपे-छिपे नयी नयी जातियो को मनुष्य बना दे (उन्नत कर दे); **इच्छा . मने**—मन ही मन इच्छा होती है, **स्वजाति... ..देशान्तरे**—देशदेशान्तर में सब लोगो के साथ स्वजाति (उन्ही का अपना) हो कर रहे; **उष्ट्र.. . .स्वाधीन**—ऊँट के दूध का पान कर मरुभूमि मे दुर्गम, स्वाधीन अरब जाति का होऊँ, **तिब्बतेर. . ..विचरण**—तिब्बत के पहाड़ी तल मे निर्लिप्त प्रस्तरपुरी के बीच बौद्ध मठ में विचरण करूँ; **द्राक्षापायी पारसिक**—द्राक्षारस पीने वाले पारसी (ईरानी), **गोलाप कानन-वासी**—गुलाब कानन के रहने वाले; **सकलेर.......करे**—सब के घर जन्म ग्रहण करूँ ऐसी इच्छा होती है; **नाहि**—नही है, **कोनो**—कोई;

नाहि कोनो बाधाबन्ध; नाइ चिन्ताज्वर,
नाहि किछु द्विधाद्वन्द्व, नाइ घर-पर,
उन्मुक्त जीवनस्रोत बहे दिनरात
सम्मुखे आघात करि सहिया आघात
अकातरे; परिताप-जर्जर-पराने
वृथा क्षोभे नाहि चाय अतीतेर पाने,
भविष्यत् नाहि हेरे मिथ्या दुराशाय,
वर्तमान-तरङ्गेर चूड़ाय चूड़ाय
नृत्य करे चले याय आवेगे उल्लासि—
उच्छृङ्खल से-जीवन से-ओ भालोबासि;
कतबार इच्छा करे, सेइ प्राणझड़े
छुटिया चलिया याइ पूर्णपाल-भरे
लघुतरी सम ।।

हिंस्र व्याघ्र अटवीर—
आपन प्रचण्ड बले प्रकाण्ड शरीर
बहितेछे अवहेले; देह दीप्तोज्ज्वल
अरण्यमेघेर तले प्रच्छन्न-अनल

---

**नाहि . पर**–(बर्बर जाति वालो के लिये) न कोई धर्माधर्म है, न कोई प्रथा है, न कोई बाधा-बन्धन है और न किसी प्रकार की चिन्ता है और न दुबिधा और द्वन्द्व है, न घर-द्वार है; **सम्मुखे. अकातरे**—सामने आघात कर अकातर भाव से आघात को सहन करता है, **परिताप....पाने**—अत्यन्त दु ख से जर्जर प्राण (बर्बर) वृथा क्षोभ से अतीत की ओर नही देखता, **भविष्यत्. . दुराशाय**—मिथ्या दुराशा (दुराकाक्षा) से भविष्यत् को नही देखता; **वर्तमान . भालोबासि**—वर्तमान की तरङ्गो के ऊपर आवेग और उल्लास से नृत्य करता हुआ चला जाता है; वह उच्छृङ्खल जीवन है लेकिन उसे भी (बर्बर जाति के जीवन को भी) प्यार करता हूँ, **कतबार. ...सम**—कितनी बार इच्छा होती है उसी जीवन्त आँधी मे पूर्ण रूप से उडते हुए पालो वाली छोटी नौका के समान दौड कर चला जाऊँ।

**अटवीर**—जगल का; **आपन . अवहेले**—अपने प्रचण्ड बल से अवहेला के साथ अपने प्रकाण्ड (अत्यन्त विशाल) शरीर को वहन कर रहा है;

वज्रेर मतन, रुद्र मेघमन्द्रस्वरे
पड़े आसि अतर्कित शिकारेर 'परे
विद्युतेर वेगे, अनायास से महिमा,
हिंसातीव्र से आनन्द, से दृप्त गरिमा,
इच्छा करे, एकबार लभि तार स्वाद।
इच्छा करे, बार बार मिटाइते साध
पान करि विश्वेर सकल पात्र हते
आनन्दमदिराधारा नव नव स्रोते।।

हे सुन्दरी वसुन्धरे, तोमा-पाने चेये
कतबार प्राण मोर उठियाछे गेये
प्रकाण्ड उल्लासभरे। इच्छा करियाछे,
सबले ऑकड़ि धरि ए वक्षेर काछे
समुद्रमेखला-परा तव कटिदेश,
प्रभातरौद्रेर मतो अनन्त अशेष
व्याप्त हये दिके दिके—अरण्ये भूधरे
कम्पमान पल्लवेर हिल्लोलेर 'परे
करि नृत्य साराबेला, करिया चुम्बन
प्रत्येक कुसुमकलि, करि' आलिङ्गन

---

**मतन**—समान, **पड़े... वेगे**—असतर्क शिकार के ऊपर विद्युत्वेग से आ पडता है; **अनायास से महिमा**—वह महिमा आयास-रहित है; **लभि**—प्राप्त करूँ; **बार बार...साध**—बार बार साध मिटाने की; **पान . हते**—ससार के सभी पात्रो से पान करे।

**तोमा....भरे**—तुम्हारी ओर देखते कितनी बार अत्यन्त उल्लास से भर मेरे प्राण गा उठे है, **इच्छा......कटि देश**—इच्छा हुई है कि समुद्र मेखला विभूषित तुम्हारे कटि देश को अपने हृदय के साथ जोर से दबा रखूँ; **प्रभात रौद्रेर......दिके**—प्रभातकालीन धूप के समान दिक् दिक् मे अनन्त अशेष भाव से व्याप्त हो कर, **कम्पमान**—कॉपते हुए; **करि......बेला**—समस्त वेला नृत्य करे,

सघन कोमल श्याम तृणक्षेत्रगुलि,
प्रत्येक तरङ्ग'-परे सारादिन दुलि,
आनन्द दोलाय। रजनीते चुपे चुपे
निःशब्द चरणे विश्वव्यापी निद्रारूपे
तोमार समस्त पशु-पक्षीर नयने
अङ्गुलि बुलाये दिइ, शयने शयने
नीड़े नीड़े गृहे गृहे गुहाय गुहाय
करिया प्रवेश, बृहत् अञ्चल-प्राय
आपनारे विस्तारिया ढाकि विश्वभूमि
सुस्निग्ध आँधारे।।

आमार पृथिवी तुमि
बहु बरषेर। तोमार मृत्तिकासने
आमारे मिशाये लये अनन्त गगने
अश्रान्त चरणे करियाछ प्रदक्षिण
सवितृमण्डल असख्य रजनीदिन
युगयुगान्तर धरि; आमार माझारे
उठियाछे तृण तव, पुष्प भारे भारे

---

**प्रत्येक......दोलाय**—प्रत्येक तरङ्ग के ऊपर सारा दिन आनन्द के झूले पर झूलूँ। **रजनीते......दिइ**—रात्रि मे चुपचाप निःशब्द चरणो से विश्वव्यापी निद्रा के रूप मे तुम्हारे समस्त पशु-पक्षियों की आँखो को उगली से सहला दूँ, **शयने शयने**—बिस्तरे-बिस्तरे पर; **गुहाय-गुहाय**—गुफा-गुफा मे; **करिया प्रवेश**—प्रवेश कर; **बृहत्......आँधारे**—बहत् अञ्चल जैसा अपना विस्तार कर सुस्निग्ध अधकार से विश्वभूमि को ढँक दूँ।

**आमार......बरषेर**—तुम बहुत वर्षों की मेरी पृथ्वी हो, **तोमार......धरि**—अपनी मिट्टी के साथ मुझे मिश्रित कर (मिला कर) युग युगान्तर अश्रान्त चरणो से अनन्त आकाश मे असख्य रात्रि-दिन सूर्यमडल की तुमने प्रदक्षिणा की है; **आमार.....तव**—मेरे बीच तुम्हारे तृण उगे है; **पुष्प.....भारे**—राशि-राशि पुष्प;

फुटियाछे, वर्षण करेछे तरुराजि
पत्रफुलफल गन्धरेणु। ताइ आजि
कोनोदिन आनमने बसिया एकाकी
पद्मातीरे सम्मुखे मेलिया मुग्ध आँखि
सर्व अङ्गे सर्व मने अनुभव करि—
तोमार मृत्तिका-माझे केमने शिहरि
उठितेछे तृणांकुर, तोमार अन्तरे
की जीवनरसधारा अहर्निशि ध'रे
करितेछे सञ्चरण, कुसुममुकुल
की अन्ध आनन्दभरे फुटिया आकुल
सुन्दर वृन्तेर मुखे, नव रौद्रालोके
तरुलतातृणगुल्म की गूढ पुलके
की मूढ प्रमोदरसे उठे हरषिया
मातृस्तनपानश्रान्त परितृप्तहिया
सुखस्वप्नहास्यमुख शिशुर मतन।
ताइ आजि कोनोदिन शरत् किरण
पड़े यबे पक्वशीर्ष स्वर्णक्षेत्र-'परे,
नारिकेल दलगुलि काँपे वायु भरे

---

**फुटियाछे**—प्रस्फुटित हुए है; **वर्षण......रेणु**—वृक्षो ने पत्र, फूल, फल, और पराग की वर्षा की है; **ताइ......एकाकी**—इसीलिये आज अनमना, एकाकी बैठ कर; **पद्मातीरे......करि**—पद्मा नदी के किनारे (बैठ कर) मुग्ध आँखे सामने की ओर लगाए, सर्वाङ्ग (एव) सम्पूर्ण मन से अनुभव करता हूँ; **तोमार... .तृणांकुर**—तुम्हारी मिट्टी के भीतर किस प्रकार से तृणाकुर सिहर कर निकलते है; **तोमार......सञ्चरण**—तुम्हारे अन्तर मे अहर्निशि कैसी प्राणधारा संचरित हो रही है, **कुसुम......मुखे**—फूलो की कलिया सुन्दर वृन्तो पर किस अन्ध आनन्द से आकुल हो कर खिलती है, **रौद्रालोके**—सूर्य के प्रकाश मे; **की**—किस, **उठे हरषिया**—हर्षित हो उठते है; **मातृ......मतन**—मातृस्तनपान किए हुए श्रान्त, परितृप्त हृदय एव सुखस्वप्नहास्यमुख शिशु के समान, **ताइ......वायु भरे**—इसीलिये आज किसी दिन पके हुए सुनहले खेत की बालियो पर जब शरद् किरण पडती है, **नारिकेल.....व्याकुलता**—नारियल के दल के दल हवा से काँपते

आलोके झिकिया, जागे महाव्याकुलता—
मने पड़े बुझि सेइ दिवसेर कथा
मन यबे छिल मोर सर्वव्यापी हये
जले स्थले अरण्येर पल्लवनिलये
आकाशेर नीलिमाय। डाके येन मोरे
अव्यक्त आह्वानरवे शतबार क'रे
समस्त भुवन। से विचित्र से बृहत्
खेलाघर हते मिश्रित मर्मरवत्
शुनिबारे पाइ येन चिरदिनकार
सङ्गीदेर लक्षविध आनन्दखेलार
परिचित रव। सेथाय फिराये लहो
मोरे आरबार। दूर करो से विरह
ये विरह थेके थेके जेगे ओठे मने
हेरि यबे सम्मुखेते सन्ध्यार किरणे
विशाल प्रान्तर, यबे फिरे गाभीगुलि
दूर गोष्ठे माठपथे उड़ाइया धूलि,
तरुघेरा ग्राम हते उठे धूमलेखा
सन्ध्याकाशे, यबे चन्द्र दूरे देय देखा

---

रहते है तथा आलोक मे चकमक करते हुए अत्यन्त व्याकुलता से जाग उठते है, **मने .....नीलिमाय**—लगता है जैसे उस दिन की बात याद आती है जब जल, स्थल, अरण्य के पल्लवो के भीतर एव आकाश की नीलिमा मे मेरा मन सर्वव्यापी हो कर (वर्तमान) था; **डाके......भुवन**—जैसे समस्त भुवन अव्यक्त आह्वान के स्वर मे सैकडो बार मुझे पुकार रहा है, **से......मर्मरवत्**—वह विचित्र है, वह बृहत् है, खेलाघर (कृत्रिम ससार) से (आए हुए) मिश्रित मर्मर जैसा है; **शुनिबारे...... रव**—जैसे चिर दिन के साथियो की क्रीडा के नानाविध परिचित रव को सुन पाता हूँ; **सेथाय.......आरबार**—वहाँ मुझे फिर लौटा लो, **दूर......विरह**—उस विरह को दूर करो, **ये विरह......मने**—जो विरह रह-रह कर मन मे जग उठता है; **हेरि....प्रान्तर**—जब सामने सन्ध्याकालीन किरणो मे विशाल प्रान्तर (सून-सान मैदान) को देखता हूँ; **यबे....धूलि**—जब दूर गोचारण भूमि मे, मैदान के रास्ते मे धूल उडाती हुई गाये लौटती है, **तरुघेरा......सन्ध्याकाशे**—वृक्षो से घिरे हुए ग्राम

श्रान्त पथिकेर मतो अति धीरे धीरे
नदीप्रान्ते जनशून्य बालूकार तीरे;
मने हय आपनारे एकाकी प्रवासी
निर्वासित, बाहु बाड़ाइया धेये आसि
समस्त बाहिरखानि लइते अन्तरे—
ए आकाश, ए धरणी, एइ नदी-'परे
शुभ्र शान्त सुप्त ज्योत्स्नाराशि। किछु नाहि
पारि परशिते, शुधु शून्ये थाकि चाहि
विषादव्याकुल। आमारे फिराये लहो
सेइ सर्व-माझे येथा हते अहरह
अकुरिछे मुकुलिछे मुञ्जरिछे प्राण
शतेक-सहस्ररूपे, गुञ्जरिछे गान
शतलक्ष सुरे, उच्छ्वसि उठिछे नृत्य
असख्य भङ्गीते, प्रवाहि येतेछे चित्त
भावस्रोते, छिद्रे छिद्रे बाजितेछे वेणु;
दाँड़ाये रयेछ तुमि श्याम कल्पधेनु,
तोमारे सहस्र दिके करिछे दोहन
तरुलता पशुपक्षी कत अगणन

---

से सन्ध्याकालीन आकाश मे धुँआ उठता है; **यबे..... तीरे**—जब श्रान्त पथिक के समान दूर नदी किनारे जनशून्य, बालुकामय तट पर चन्द्रमा दीख पडता है। **मने.......निर्वासित**—लगता है जैसे मैं एकाकी, प्रवासी तथा निर्वासित हूँ; **बाहु......राशि**—बाँहे बढा कर समस्त 'बाहर' (बाह्य जगत्) को अन्तर मे लेने के लिये दौड आता हूँ—इस आकाश, इस धरणी, इस नदी के ऊपर शुभ्र, शान्त, सुप्त ज्योत्स्ना राशि (चाँदनी) को; **किछु......व्याकुल**—कुछ छू नही पाता, केवल शून्य मे विषाद व्याकुल हो कर देखता रहता हूँ; **आमारे......सर्व-माझे**—मुझे उसी 'सर्व-माझे' (सब के भीतर) लौटा लो; **येथा.....रूपे**—जहाँ से रात-दिन (सर्वदा) सैकडों-हजारो रूपो मे प्राण अकुरित, मुकुलित और मजरित हो रहे हैं; **भङ्गीते**—भङ्गिमा मे, **प्रवाहि.....स्रोते**—भावस्रोत मे चित्त बह जाता है; **छिद्रे.....वेणु**—छिद्र छिद्र मे वेणु बज रहा है; **दाँड़ाये.....धेनु**—(और) श्याम कामधेनु तुम खडी हुई हो, **तोमारे......यत**—हज़ारो दिशाओं मे

तृषित परानी यत; आनन्देर रस
कत रूपे हतेछे वर्षण दिक् दश
ध्वनिछे कल्लोलगीते। निखिलेर सेइ
विचित्र आनन्द यत एक मुहूर्तेइ
एकत्रे करिब आस्वादन एक हये
सकलेर सने। आमार आनन्द लये
हबे ना कि श्यामतर अरण्य तोमार—
प्रभात-आलोक-माझे हबे ना सञ्चार
नवीन किरणकम्प? मोर मुग्धभावे
आकाश धरणीतल आँका हये याबे
हृदयेर रङे—या देखे कबिर मने
जागिबे कविता, प्रेमिकेर दुनयने
लागिबे भावेर घोर, विहङ्गेर मुखे
सहसा आसिबे गान। सहस्रेर सुखे
रञ्जित हइया आछे सर्वाङ्ग तोमार,
हे वसुधे। प्राणस्रोत कत बारम्बार
तोमारे मण्डित करि आपन जीवने
गियेछे फिरेछे; तोमार मृत्तिका-सने

---

कितने पेड-पौधे, कितने पशु-पक्षी तथा जितने अनगिनत तृषित प्राणी है तुम्हारा दोहन कर रहे है, **आनन्देर......वर्षण**—कितने रूपो मे आनन्दरस की वर्षा हो रही है; **दिक्......गीते**—दशो दिशाओ मे अत्यन्त आह्लादकारी गीत ध्वनित हो रहा है; **निखिलेर......सने**—समस्त जगत् का जितना चित्र-विचित्र आनन्द है उसे सब के साथ एक हो कर एक मुहूर्त मे ही इकट्ठे आस्वादन करूँगा, **आमार..... तोमार**—मेरे आनन्द को ले कर क्या तुम्हारे अरण्य और भी श्याम (काले) नही होगे; **माझे**—मे, **हबे......कम्प**—नवीन किरण के कपन का सचार नही होगा; **मोर......रङे**—मेरे मुग्ध भावसे आकाश, पृथिवीतल हृदय के रग (आनन्द) से चित्रित हो जाएगे; **या देखे.....गान**—जिसे देख कवि के मन मे कविता जागेगी, प्रेमिक की आँखो मे प्रणय का नशा लगेगा, और सहसा पक्षियो के मुख मे गान आएगे; **सहस्रेर... वसुधे**—हे वसुधे, हजारो के आनन्द से तुम्हारा सर्वाङ्ग रञ्जित है, **प्राणस्रोत......फिरेछे**—प्राणधारा कितनी बार, बार बार तुम्हे

मिशायेछे अन्तरेर प्रेम, गेछे लिखे
कत लेखा, बिछायेछे कत दिके दिके
व्याकुल प्राणेर आलिङ्गन; तारि सने
आमार समस्त प्रेम मिशाये यतने
तोमार अञ्चलखानि दिब राङाइया
सजीव बरने; आमार सकल दिया
साजाब तोमारे। नदीजले मोर गान
पाबे ना कि शुनिबारे कोनो मुग्ध कान
नदीकूल हते? उषालोके मोर हासि
पाबे ना कि देखिबारे कोनो मर्त्यवासी
निद्रा हते उठि? आज शतवर्ष-परे
ए सुन्दर अरण्येर पल्लवेर स्तरे
काँपिबे ना आमार परान? घरे घरे
कत शत नरनारी चिरकाल धरे
पातिबे ससार खेला, ताहादेर प्रेमे
किछु कि रब ना आमि? आसिब ना नेमे—

---

मण्डित कर अपने जीवन मे आई-गई है; **तोमार......आलिङ्गन**—तुम्हारी मिट्टी के साथ (अपने) अन्तर के प्रेम को मिलाया है, कितना-कुछ लिख गई है और दिशा-दिशा मे व्याकुल प्राण के आलिङ्गन को बिछाया है; **तारि......बरने**—उसके साथ अपने समस्त प्रेम को बडे यत्न से मिला कर तुम्हारे अञ्चल को सजीव रग से रंगा दूँगा; **आमार सकल दिया**—अपना समस्त दे कर, **साजाब तोमारे**—तुम्हे सजाऊँगा; **नदी जले......हते**—नदी के जल मे (गाए हुए) मेरे गान नदी के तट से सुनने वाले क्या कोई मुग्ध कान नही पाएगे (अर्थात् नदी मे गाए हुए मेरे गानो को तट पर से मुग्ध होकर सुनने वाला क्या कोई नही मिलगा); **उषालोके.....उठि**—उषा के आलोक मे मेरी हँसी को निद्रा से उठ कर देखने वाला क्या कोई मर्त्यलोक का वासी नहीं मिलेगा; **आज.....परान**—आज सौ वर्षों के बाद इस सुन्दर अरण्य के पल्लवो के स्तर-स्तर मे मेरे प्राण नही काँपेगे; **घरे...... आमि**—घर-घर (कितने) सैकडो नर-नारी चिरकाल ससार खेला में प्रवृत्त होगे, उनके प्रेम मे मै क्या कुछ भी नही रहूँगा; **आसिब ना नेमे**—उतर नही आऊँगा;

तादेर मुखेर 'परे हासिर मतन,
तादेर सर्वाङ्ग-माझे सरस यौवन,
तादेर वसन्तदिने अकस्मात् सुख,
तादेर मनेर कोणे नवीन उन्मुख
प्रेमेर अंकुररूपे? छेड़े दिबे तुमि
आमारे कि एकेबारे ओगो मातृभूमि
युगयुगान्तेर महा-मृत्तिकाबन्धन
सहसा कि छिँड़े याबे? करिब गमन
छाड़ि लक्ष बरषेर स्निग्ध क्रोड़खानि?
चतुर्दिक हते मोरे लबे ना कि टानि—
एइ-सब तरुलता गिरि नदी वन,
एइ चिरदिवसेर सुनील गगन,
ए जीवनपरिपूर्ण उदार समीर,
जागरणपूर्ण आलो, समस्त प्राणीर
अन्तरे-अन्तरे-गाँथा जीवनसमाज?
फिरिब तोमारे घिरि, करिब बिराज
तोमार आत्मीय-माझे; कीट पशु पाखि
तरु गुल्म लता रूपे बारम्बार डाकि

---

**तादेर......मतन**—हँसी के समान उनके मुख के ऊपर, **तादेर......यौवन**—उनके सर्वाङ्ग मे सरस यौवन (के रूप मे); **तादेर......अंकुर रूपे**—उनके मन के कोने मे नवीन, व्यग्र प्रेम के अंकुर के रूप मे; **छेड़े.....मातृभूमि**—ऐ मातृ-भूमि, क्या तुम मुझे बिल्कुल ही छोड दोगी; **युगयुगान्तरे......याबे**—युग-युगान्तर का महा-मृत्तिकाबन्धन (मिट्टी का सुदृढ बन्धन) क्या सहसा टूट जाएगा; **करिब......क्रोड़खानि**—लाखो वर्ष की कोमल गोद को छोड क्या गमन करूँगा; **चतुर्दिक......टानि**—चारो ओर से क्या मुझे खीच नही लेगे; **ए-सब**—ये सब, **आलो**—आलोक; **समस्त......समाज**—समस्त प्राणियो के अन्तर-अन्तर मे गूँथा हुआ जीवन-समाज; **फिरिब......घिरि**—तुम्हे घेर कर घूमूगा, **करिब ......माझे**—तुम्हारे अपनो के बीच बिराजूँगा; **पाखि**—पक्षी; **डाकि**—पुकार कर;

आमारे लइबे तव प्राणतप्त बुके,
युगे युगे जन्मे जन्मे स्तन दिये मुखे
मिटाइबे जीवनेर शतलक्ष क्षुधा
शत लक्ष आनन्देर स्तन्यरससुधा
निःशेषे निबिड़ स्नेहे कराइया पान।
तार परे धरित्रीर युवक सन्तान
बाहिरिब जगतेर महादेश-माझे
अति दूर दूरान्तरे ज्योतिष्कसमाजे
सुदुर्गम पथे। एखनो मिटेनि आशा,
एखनो तोमार स्तन-अमृत-पिपासा
मुखेते रयेछे लागि; तोमार आनन
एखनो जागाय चोखे सुन्दर स्वपन;
एखनो किछुइ तव करि नाइ शेष।
सकलि रहस्यपूर्ण, नेत्र अनिमेष
विस्मयेर शेषतल खुँजे नाहि पाय;
एखनो तोमार बुके आछि शिशुप्राय
मुख-पाने चेये। जननी, लहो गो मोरे
सघनबन्धन तव बाहुयुगे धरे—

---

**आमारे.....बुके**—अपने प्राणतप्त (प्राण की गर्मी से उत्तप्त) हृदय से लगा लोगी; **मिटाइबे**—मिटाओगी, **कराइया पान**—पान करा कर; **तार......पथे**—उसके बाद धरित्री की युवक सन्तान (मैं) जगत् के महादेश के बीच ग्रह नक्षत्रों के समाज मे दूर, बहुत दूर सुदुर्गम पथ से हो कर बाहर निकलूँगा; **एखनो......आशा**—अभी भी आशा नही मिटी, **एखनो......लागि**—अभी भी तुम्हारे स्तन की अमृत-पिपासा बनी हुई है; **तोमार..... स्वपन**—तुम्हारा मुख अभी भी (मेरी) आँखो मे सुन्दर स्वप्न जगाता है; **एखनो......शेष**—अभी भी तुम्हारा कुछ भी (मैंने) शेष नहीं किया है; **सकलि**—सम्पूर्ण; **नेत्र......पाय**—अनिमेष आँखे विस्मय के शेष तल को खोज नहीं पातीं, **एखनो......चेये**—अभी भी तुम्हारी छाती से लगा हुआ, शिशु के समान तुम्हारे मुख की ओर देख रहा हूँ, **लहो......धरे**—अपनी दोनो बाहों से पकड मुझे कठिन बन्धन मे लो,

आमारे करिया लहो तोमार बुकेर,
तोमार विपुल प्राण विचित्र सुखेर
उत्स उठितेछे येथा से-गोपनपुरे
आमारे लइया याओ—राखियो ना दूरे ॥

११ नवम्बर १८९३ 'सोनार तरी'

## निरुद्देश यात्रा

आर कत दूरे निये याबे मोरे हे सुन्दरी ?
बलो कोन् पार भिड़िबे तोमार सोनार तरी ।
यखनि शुधाइ ओगो विदेशिनी,
तुमि हास शुधु, मधुरहासिनी—
बुझिते ना पारि की जानि की आछे तोमार मने ।
नीरवे देखाओ अङ्गुलि तुलि
अकूल सिन्धु उठिछे आकुलि,
दूरे पश्चिमे डुबिछे तपन गगनकोणे ।
की आछे होथाय, चलेछि किसेर अन्वेषणे ?

---

**आमारे......बुकेर**—अपनी छाती (हृदय) का (मुझे) कर लो; **तोमार......येथा**—जहाँ से तुम्हारे विशाल प्राण के विचित्र आनन्द का उत्स बाहर हो रहा है, **से......दूरे**—उस गोपन प्रान्त मे मुझे ले जाओ—दूर न रखना ।

**निरुद्देश यात्रा**—उद्देश्य-विहीन यात्रा , **आर.......सुन्दरी**—और कितनी दूर मुझे ले जाओगी, हे सुन्दरी, **बलो......तरी**—बोलो, किस किनारे तुम्हारी सोने की नौका लगेगी, **यखनि......विदेशिनी**—ऐ विदेशिनी, जब (तुमसे) पूछता हूँ; **तुमि......शुधु**—तुम केवल हँसती हो; **बुझिते......मने**—समझ नही पाता कि तुम्हारे मन मे क्या है; **नीरवे.....आकुलि**—चुपचाप तुम उगली उठा कर दिखलाती हो, किनाराहीन समुद्र आकुल हो कर उठ रहा है, **दूरे......कोणे**—दूर पश्चिम मे आकाश के कोने मे सूर्य डूब रहा है, **की......अन्वेषणे**—वहाँ क्या है, किस (वस्तु) की खोज मे चला हूँ ।

बलो देखि मोरे, शुधाइ तोमाय, अपरिचिता—
ओइ येथा ज्वले सन्ध्यार कूले दिनेर चिता,
झलितेछे जल तरल अनल,
गलिया पड़िछे अम्बरतल,
दिक्वधू येन छलछल-आँखि अश्रुजले,
होथाय कि आछे आलय तोमार
ऊर्मिमुखर सागरेर पार
मेघचुम्बित अस्तगिरिर चरणतले ?
तुमि हास शुधु मुख पाने चेये कथा ना ब'ले ।।

हूहू करे वायु फेलिछे सतत दीर्घश्वास ।
अन्ध आवेगे करे गर्जन जलोच्छ्वास ।
संशयमय घननील नीर,
कोनो दिके चेये नाहि हेरि तीर,
असीम रोदन जगत् प्लाविया दुलिछे येन ।
तारि 'परे भासे तरणी हिरण,
तारि 'परे पड़े सन्ध्याकिरण—
तारि माझे बसि ए नीरव हासि हासिछ केन ?
आमि तो बुझि ना की लागि तोमार विलास हेन ।।

---

**बलो......अश्रुजले**—हे अपरिचिता, तुमसे पूछता हूँ, बोलो तो देखे—वहाँ जहाँ सन्ध्या के तट पर दिन की चिता जल रही है, तरल अनल के समान जल झल झल कर रहा है, आकाश गल कर पड रहा है जैसे अश्रुजल से छल-छलायी दिग्वधुओ की आँखे हो; **होथाय......तोमार**—वही क्या तुम्हारा आवास है; **तुमि......ब'ले**—(कोई) बात न कह (मेरे) मुँह की ओर देखती हुई केवल हँसती हो ।

**फेलिछे**—फेक रही है (ले रही है); **कोनो......तीर**—किसी ओर देखने पर तीर नही देख पाता; **असीम......येन**—जैसे असीम रोदन जगत् को प्लावित कर झूल रहा है; **तारि......किरण**—उसी पर सोने की नौका बह रही है और उसी पर सन्ध्याकिरण पड रही है, **तारि......केन**—उसी के बीच बैठ यह नीरव हँसी क्यो हँस रही हो; **आमि.....हेन**—मै तो समझ नही पाता किस लिये यह तुम्हारी लीला है ।

यखन प्रथम डेकेछिले तुमि 'के याबे साथे'—
चाहिनु बारेक तोमार नयने नवीन प्राते।
देखाले समुखे प्रसारिया कर
पश्चिम-पाने असीम सागर,
चञ्चल आलो आशार मतन काँपिछे जले।
तरीते उठिया शुधानु तखन—
आछे की होथाय नवीन जीवन,
आशार स्वपन फले कि होथाय सोनार फले?
मुख-पाने चेये हासिले केवल कथा ना ब'ले।।

तार परे कभु उठियाछे मेघ, कखनो रवि,—
कखनो क्षुब्ध सागर, कखनो शान्तछबि।
बेला बहे याय, पाले लागे बाय,
सोनार तरणी कोथा चले याय,
पश्चिमे हेरि नामिछे तपन अस्ताचले।
एखन बारेक शुधाइ तोमाय—
स्निग्ध मरण आछे कि होथाय,

---

**यखन.....साथे**—जब प्रथम तुमने आह्वान किया था—'कौन साथ जायगा'; **चाहिनु......नयने**—तुम्हारी आँखो की ओर एक बार देखा, **देखाले......सागर**—सामने हाथ पसार कर (तुमने) पश्चिम की ओर असीम सागर को दिखलाया, **चञ्चल......जले**—आशा के समान चञ्चल आलोक जल मे काँप रहा है; **तरीते......जीवन**—नौका मे चढ कर मैने पूछा, 'क्या वहाँ नवीन जीवन है', **आशार......फले**—आशा का स्वप्न क्या सोना के फल के रूप मे वहाँ फलता है; **मुख-पाने.......ब'ले**—बिना कुछ बोले केवल मुँह की ओर देख कर तुम हँसी।

**तार परे.......शान्तछबि**—उसके बाद कभी बादल उठे है, कभी सूर्य, कभी सागर क्षुब्ध रहा है, कभी शान्त तस्वीर रही है; **बेला......अस्ताचले**—बेला बीत रही है, पाल मे हवा लग रही है, सोने की नौका कहाँ चली जा रही है, पश्चिम की ओर देखता हूँ सूर्य अस्ताचल की ओर नीचे आ रहा है; **एखन.....तोमाय**—अब एक बार और तुमसे पूछता हूँ; **स्निग्ध......होथाय**—'क्या वहाँ मधुर मरण है';

आछे कि शान्ति, आछे कि सुप्ति तिमिरतले ?
हासितेछ तुमि तुलिया नयन कथा ना ब'ले ।।

आँधार रजनी आसिबे एखनि मेलिया पाखा,
सन्ध्या-आकाशे स्वर्ण-आलोक पड़िबे ढाका ।
शुधु भासे तव देहसौरभ,
शुधु काने आसे जलकलरव,
गाये उडे पड़े वायु भरे तव केशेर राशि ।
विकल हृदय विवशशरीर
डाकिया तोमारे कहिब अधीर—
'कोथा आछो ओ गो, करह परश निकटे आसि ।
कहिबे ना कथा, देखिते पाब ना नीरव हासि ।।

११ दिसम्बर १८९३ 'सोनार तरी'

---

**आछे......तिमिर तले**—'(वहाँ) क्या शान्ति है, क्या अधकार के तल मे सुप्ति है'; **हासितेछ......बले**—कोई बात नही कह आँखे ऊँची कर तुम हँस रही हो ।

**आँधार......पाखा**—अभी अंधेरी रात पख खोले हुए आएगी; **सन्ध्या-आकाशे ......ढाका**—सन्ध्याकाश मे सुनहला आलोक ढक जायगा; **शुधु.....सौरभ**—केवल तुम्हारे शरीर का सौरभ उड रहा है; **शुधु......कलरव**—केवल कानो मे जल का कलरव आता है; **गाये......राशि**—हवा से उड कर तुम्हारी केश-राशि शरीर पर पडती है; **विकल हृदय.......अधीर**—विकल हृदय और अवश शरीर (मै) तुम्हे पुकार कर अधीर हो कर कहूँगा, **कोथा.....आसि**—ओ, तुम कहाँ हो, निकट आ कर स्पर्श करो; **कहिबे.......हासि**—तुम (कोई) बात नही कहोगी, तुम्हारी नीरव हसी नही देख पाऊँगा ।

# एबार फिराओ मोरे

संसारे सबाइ यबे साराक्षण शत कर्मे रत
तुइ शुधु छिन्नबाधा पलातक बालकेर मतो
मध्याह्ने माठेर माझे एकाकी विषण्ण तरुच्छाये
दूर वनगन्धवह मन्दगति क्लान्त तप्त बाये
सारादिन बाजाइलि बाँशि। ओरे तुइ ओठ् आजि।
आगुन लेगेछे कोथा? कार शङ्ख उठियाछे बाजि
जागाते जगत्-जने? कोथा हते ध्वनिछे क्रन्दने
शून्यतल? कोन् अन्ध कारा-माझे जर्जर बन्धने
अनाथिनी मागिछे सहाय? स्फीतकाय अपमान
अक्षमेर वक्ष हते रक्त शुषि करितेछे पान
लक्ष मुख दिया। वेदनारे करितेछे परिहास
स्वार्थोद्धत अविचार; सकुचित भीत क्रीतदास
लुकाइछे छद्मवेशे। ओइ-ये दाँड़ाये नतशिर
मूक सबे, म्लान मुखे लेखा शुधु शत शताब्दीर

---

**एबार फिराओ मोरे**—इस बार मुझे फिराओ (लौटाओ), **संसारे.... रत**—संसार मे सभी लोग जब सभी क्षण सैकडो कर्म मे रत है; **तुइ......मतो**—केवल तू ही बाधा को दूर कर पलातक (भागे हुए) बालक की नाईं, **माठेर माझे**—विस्तृत जनहीन मैदान के बीच; **तरुच्छाये**—पेड की छाया मे; **तप्त बाये**—तप्त वायु मे, **बाजाइलि बाँशि**—बाँसुरि बजाई; **ओरे..... आजि**—अरे, आज तू उठ; **आगुन....कोथा**—कहाँ आग लगी है; **कार......जने**—संसार के लोगो को जगाने के लिये किसका शख बज उठा है; **कोथा.....शून्यतल**—शून्य (आकाश), कहाँ से आए हुए क्रन्दन (की आवाज़) से ध्वनित हो रहा है; **कोन.....सहाय**—किस अन्धकार-पूर्ण कारागृह के भीतर बन्धन से जर्जर अनाथिनी सहायता माँग रही है; **स्फीतकाय. . .मुख दिया**—स्फीतकाय (मोटे शरीर वाला) अपमान शोषण करता हुआ दुर्बल की छाती का रक्त लाखों मुँह से पान कर रहा है; **वेदनारे......अविचार**—स्वार्थ से उद्धत बना हुआ अविचार वेदना (से पीड़ित) की हँसी उड़ा रहा है; **लुकाइछे**—छिप रहा है; **ओइ ये दाँड़ाये नतशिर**—वह जो नतशिर खडा है; **लेखा**—लिखा हुआ है; **शुधु**—केवल;

वेदनार करुण काहिनी; स्कन्धे यत चापे भार
बहि चले मन्दगति यतक्षण थाके प्राण तार—
तार परे सन्तानेरे दिये याय वंश वश धरि,
नाहि भर्त्से अदृष्टेरे, नाहि निन्दे देवतारे स्मरि,
मानवेरे नाहि देय दोष, नाहि जाने अभिमान,
शुधु दुटि अन्न खुंटि कोनोमते कष्टक्लिष्ट प्राण
रेखे देय बाँचाइया। से अन्न यखन केह काड़े,
से प्राणे आघात देय गर्वान्ध निष्ठुर अत्याचारे,
नाहि जाने कार द्वारे दाँड़ाइबे विचारेर आशे,
दरिद्रेर भगवाने बारेक डाकिया दीर्घश्वासे
मरे से नीरवे। एइ-सब मूढ म्लान मूक मुखे
दिते हबे भाषा, एइ-सब श्रान्त शुष्क भग्न बुके
ध्वनिया तुलिते हबे आशा, डाकिया बलिते हबे—
'मुहूर्त तुलिया शिर एकत्र दाँडाओ देखि सबे,

---

**यत.. भार**—जितना बोझ लाद दिया जाय, **बहि.... तार**—जब तक उसके प्राण रहते हैं मन्द गति से वहन करता हुआ चलता है; **तार .. वंश धरि**—उसके बाद पीढी-पर-पीढी आने वाली सन्तान को (वह बोझ ढोने के लिये) दे जाता है; **नाहि ..अदृष्टेर**—भाग्य की भर्त्सना नही करता; **नाहि... ...स्मरि**—देवाताओ को याद कर (उनकी) निन्दा नही करता; **मानवेरे.. .. दोष**—मनुष्य को दोष नही देता; **नाहि .अभिमान**—क्षोभ नही जानता (अनुभव नही करता), **शुधु .. बाँचाइया**—केवल थोडा-सा अन्न मुँह मे पहुँचा कर किसी प्रकार अपने दु:खी प्राण को बँचा रखता है; **से.. .काड़े**—उस अन्न को जब कोई छीनता है; **से . .अत्याचारे**—गर्वान्ध निष्ठुर हो कर अत्याचार करने वाला जब उसके प्राणो को चोट पहुँचाता है (उसे मर्माहत करता है); **नाहि. .आशे**—नही जानता है कि विचार (न्याय) की आशा से किसके दरवाजे पर खड़ा होगा (जायगा); **दरिद्रेर. .नीरवे**—दरिद्रो के भगवान् को एक बार पुकार कर, दीर्घ श्वास छोड कर वह चुचचाप मर जाता है; **एइ-सब**—इन सभी, **मुखे**—मुखो मे; **दिते हबे भाषा**—भाषा देनी होगी; **एइ-सब .. .आशा**—इन सभी श्रान्त, शुष्क, टूटे हुए हृदयों मे आशा का संचार करना होगा; **डाकिया बलिते हबे**—पुकार कर कहना होगा; **मुहूर्त. .. सबे**—एक मुहूर्त (के लिये) सभी एकत्र हो सिर ऊँचा कर खडा होओ तो, देखे;

यार भये तुमि भीत से अन्याय भीरु तोमा-चेये,
यखनि जागिबे तुमि तखनि से पलाइबे धेये।
यखनि दाँड़ाइबे तुमि सम्मुखे ताहार तखनि से
पथकुक्कुरेर मतो संकोचे सत्रासे याबे मिशे।
देवता विमुख तारे, केह् नाहि सहाय ताहार,
मुखे करे आस्फालन, जाने से हीनता आपनार
मने मने।'

कवि, तबे उठे एसो—यदि थाके प्राण
तबे ताइ लहो साथे, तबे ताइ करो आजि दान।
बडो दु:ख, बड़ो व्यथा—सम्मुखेते कष्टेर ससार
बड़ोइ दरिद्र, शून्य, बड़ो क्षुद्र, बद्ध, अन्धकार।
अन्न चाइ, प्राण चाइ, आलो चाइ, चाइ मुक्त वायु
चाइ बल, चाइ स्वास्थ्य, आनन्द-उज्ज्वल परमायु,
साहसविस्तृत वक्षपट। ए दैन्य-माझारे कवि,
एकबार निये एसो स्वर्ग हते विश्वासेर छबि॥

---

**यार. .चेये**—जिसके भय से तुम भीत (डरे हुए) हो वह अन्यायी तुमसे भी अधिक भीरु है; **यखनि.....धेये**—जिस समय तुम जागोगे उस समय वह भाग खडा होगा; **यखनि. ... मिशे**—जिस समय तुम उसके सामने जा कर खडे होओगे उस समय वह रास्ते के कुत्ते के समान संकोच और भय से (तुमसे) मिल जायगा; **देवता . ..तारे**—देवता उसके प्रतिकूल है; **केह्. .. ताहार**—कोई उसका सहायक नही है; **मुखे ... मने मने**—केवल मुँहसे लबी हाँकता है, वह मन ही मन अपनी हीनता को जानता है।

**तबे..... एसे**—तब उठ आओ; **यदि.....दान**—यदि (तुम्हारे भीतर) प्राण है तब उसे ही साथ लो, आज तब उसे ही दान करो; **बड़ो.. ..व्यथा**—बहुत दु:ख है, बडी व्यथा है; **सम्मुखे. .....संसार**—सामने दु:खी संसार है; **बड़ोइ**—अत्यन्त ही ; **चाइ**—चाहिए; **आलो**—आलोक; **चाइ बल**—बल चाहिए; **साहस. पट**—साहस से फैली हुई छाती; **ए दैन्य.. .. छबि**—हे कवि, इस दैन्य के बीच एक बार स्वर्ग से विश्वास की तस्वीर ले आओ।

एबार फिराओ मोरे, लये याओ संसारेर तीरे
हे कल्पने, रङ्गमयी ! दुलायो ना समीरे समीरे
तरङ्गे तरङ्गे आर, भुलायोना मोहिनी मायाय ।
विजन विषादघन अन्तरेर निकुञ्जच्छायाय
रेखो ना बसाये आर । दिन याय, सन्ध्या हये आसे ।
अन्धकारे ढाके दिशि, निराश्वास उदास बातासे
निश्वसिया केँदे ओठे वन । बाहिरिनु हेथा हते
उन्मुक्त अम्बरतले, धूसरप्रसर राजपथे
जनतार माझखाने ।—कोथा याओ, पान्थ, कोथा याओ ?
आमि नहि परिचित, मोर पाने फिरिया ताकाओ ।
बलो मोरे नाम तव, आमारे कोरो ना अविश्वास ।
सृष्टिछाडा सृष्टि-माझे बहुकाल करियाछि वास
सङ्गीहीन रात्रिदिन, ताइ मोर अपरूप वेश,
आचार नूतनतर, ताइ मोर चक्षे स्वप्नावेश,
वक्षे ज्वले क्षुधानल ।—येदिन जगते चले आसि,
कोन् मा आमारे दिलि शुधु एइ खेलाबार बाँशि !

---

**लये......तीरे**—संसार के तीर पर ले जाओ; **दुलायो ना**—झुलाओ मत; **रेखो.....आर**—और बैठा न रखो; **याय**—जाय; **सन्ध्या.... .आसे**—सन्ध्या हो आती है; **अन्धकारे .....दिशि**—दिशाएँ अन्धकार से ढक जाती है ; **निराश्वास . .. वन**—सान्त्वनाहीन उदास हवा मे दीर्घ श्वास ले कर वन क्रन्दन कर उठता है; **बाहिरिनु .हते**—यहाँ से बाहर हुआ; **अम्बरतले**—आकाश के नीचे; **धूसर**—मटमैला; **प्रसर**—विस्तृत, **जनतार माझखाने**—भीड के बीच; **कोथा याओ**—कहाँ जाते हो; **आमि नहि**—मै नही हूँ; **मोर. . . ताकाओ**—मेरी ओर फिर कर देखो; **बलो ....तव**—अपना नाम मुझे बताओ; **आमारे...... अविश्वास**—मेरा अविश्वास न करो; **सृष्टिछाड़ा**—इस सृष्टि से अलग; **सृष्टि-माझे**—(कवि निर्मित) सृष्टि के बीच; **बहुकाल रात्रिदिन**—रात्रि दिन बहुत दिनो तक बिना किसी सगी के वास किया है, **ताइ .. वेश**—इसी लिये मेरा अपूर्व वेश है, **आचार नूतनतर**—नवीन ढग का व्यवहार है; **ताइ ...... क्षुधानल**—इसीलिये मेरी आँखों मे स्वप्न का आवेश है और छाती मे भूख की अग्नि जल रही है; **ये दिन. .. सीमा**—जिस दिन जगत् में आया (पता

बाजाते बाजाते ताइ मुग्ध आपनार सुरे
दीर्घदिन दीर्घरात्रि चले गेनु एकान्त सुदूरे
छाड़ाये ससारसीमा। से बाँशिते शिखेछि ये सुर
ताहारि उल्लासे यदि गीतशून्य अवसादपुर
ध्वनिया तुलिते पारि, मृत्युञ्जयी आशार सगीते
कर्महीन जीवनेर एक प्रान्त पारि तरङ्गिते
शुधु मुहूर्तेर तरे—दु:ख यदि पाय तार भाषा,
सुप्ति हते जेगे ओठे अन्तरेर गभीर पिपासा
स्वर्गेर अमृत लागि—तबे धन्य हबे मोर गान,
शत शत असन्तोष महागीते लभिबे निर्वाण।।

की गाहिबे, की शुनाबे! बलो, मिथ्या आपनार सुख,
मिथ्या आपनार दु ख। स्वार्थमग्न ये जन विमुख
बृहत् जगत् हते से कखनो शेखेनि बाँचिते।
महाविश्वजीवनेर तरङ्गेते नाचिते नाचिते

---

नही) किस माँ ने मुझे केवल यह खेलने वाली बाँसुरी दी; उसे ही बजाते अपने सुर पर मुग्ध हो कर ससार की सीमा को छोड अनेक दिन-रात्रि (चलता हुआ) सुदूर एकान्त मे चला गया; **से. ... पारि**—उस बाँसुरी मे जो सुर सीखा है उसीके उल्लास मे यदि गीतशून्य, अवसाद-पूर्ण ध्वनि (सुर) निकाल सकूँ; **मृत्युञ्जयी ... तरे**—मृत्युञ्जयी आशा के सगीत से अकर्मण्य जीवन के एक भाग को (अगर) एक मुहूर्त के लिये भी तरगित कर सकूँ, **दुःख . भाषा**—दु:ख (पीड़ित) को अगर भाषा दे सका; **सुप्ति . लागि**—स्वर्ग के अमृत के लिये (अगर) अन्तर की गभीर पिपासा (मेरे सुर से) जाग उठे, **तबे .. निर्वाण**—तब मेरा गान धन्य होगा और शत-शत असन्तोष के महागीतो मे निर्वाण लाभ करेगा (अपनी मुक्ति मानेगा)।

**की गाहिबे**—क्या गाओगे; **की शुनाबे**—क्या सुनाओगे, **बलो**—कहो, **आपनार**—अपना; **स्वार्थमग्न. .....बाँचिते**—स्वार्थमग्न जो मनुष्य बृहत् जगत् से उदासीन है उसने कभी भी बचा रहना नही सीखा; **महाविश्व. ....ध्रुवतारा**—(इस) विशाल जगत् की जीवन-तरङ्गो मे सत्य को ध्रुवतारा (लक्ष्य)

निर्भये छुटिते हबे सत्येरे करिया ध्रुवतारा।
मृत्युरे करि ना शका। दुर्दिनेर अश्रुजलधारा
मस्तके पड़िबे झरि, तारि माझे याब अभिसारे
तार काछे—जीवनसर्वस्वधन अर्पियाछि यारे
जन्म जन्म धरि। के से? जानिना के। चिनि नाइ तारे—
शुधु एइटुकु जानि, तारि लागि रात्रि-अन्धकारे
चलेछे मानवयात्री युग हते युगान्तर-पाने
झड़झञ्झा-वज्रपाते ज्वालाये धरिया सावधाने
अन्तरप्रदीपखानि। शुधु जानि, ये शुनेछे काने
ताहार आह्वानगीत, छुटेछे से निर्भीक पराने
सकट-आवर्त-माझे, दियेछे से विश्व विसर्जन,
निर्यातन लयेछे से वक्ष पाति; मृत्युर गर्जन
शुनेछे से संगीतेर मतो। दहियाछे अग्नि तारे,
विद्ध करियाछे शूल, छिन्न तारे करेछे कुठारे;

---

बना कर निर्भय नाचते-नाचते दौडना होगा; **मृत्यु...... शंका**—मृत्यु से नही डरता; **दुर्दिनेर .. . काछे**—दुर्दिन के अश्रुजल का प्रवाह मस्तक पर आ बहेगा उसीके बीच उसके पास अभिसार के लिये जाऊँगा; **अर्पियाछि . .. .धरि**—जन्म-जन्म जिसे अर्पित किया है; **के से**—वह कौन है, **जानिना के**—जानता नही कौन है; **चिनि नाइ तारे**—उसे पहचानता नही; **शुधु.. . .जानि**—केवल इतना ही जानता हूँ, उसीके लिये (एक) युग से दूसरे युग की ओर आँधी, पानी (तथा) वज्रपात मे अन्तर के प्रदीप को जलाए हुए सावधानी से मानव यात्री चला है; **शुधु जानि**—केवल (इतना ही) जानता हूँ; **ये .. ..आह्वानगीत**—जिसने उसके आह्वान-गीत को सुना है; **छुटेछे... ..माझे**—वह निर्भीक हो कर संकट के आवर्त के भीतर दौड पडा है; **दियेछे. .... विसर्जन**—उसने सब कुछ को त्याग दिया है; **निर्यातन..... पाति**—छाती सामने कर उसने उत्पीडन को ले लिया है, **मृत्यु .....मतो**—मृत्यु के गर्जन को सगीत के समान सुना है; **दहियाछे .कुठारे**—वह अग्नि से जलाया गया है, सूली से विद्ध हुआ है (सूली पर चढाया गया है), कुठार से टुकडे-टुकड़े कर डाला गया है;

सर्व प्रियवस्तु तार अकातरे करिया इन्धन
चिरजन्म तारि लागि ज्वेलेछे से होमहुताशन।
हृत्पिण्ड करिया छिन्न रक्तपद्म-अर्घ्य-उपहारे
भक्तिभरे जन्मशोध शेष पूजा पूजियाछे तारे
मरणे कृतार्थ करि प्राण। शुनियाछि, तारि लागि
राजपुत्र परियाछे छिन्न कन्था, विषये विरागी
पथेर भिक्षुक। महाप्राण सहियाछे पले पले
ससारेर क्षुद्र उत्पीड़न, बिंधियाछे पदतले
प्रत्यहेर कुशांकुर, करियाछे तारे अविश्वास
मूढ़ विज्ञजने, प्रियजन करियाछे परिहास
अतिपरिचित अवज्ञाय—गेछे से करिया क्षमा
नीरवे करुणनेत्रे, अन्तरे बहिया निरुपमा
सौन्दर्यप्रतिमा। तारि पदे मानी सँपियाछे मान,
धनी सँपियाछे धन, वीर सँपियाछे आत्मप्राण;
ताहारि उद्देशे कवि विरचिया लक्ष लक्ष गान
छडाइछे देशे देशे। शुधु जानि, ताहारि महान

---

**सर्व प्रियवस्तु ....हुताशन**—अपनी सर्व प्रियवस्तु को निश्शक भाव से ईंधन बना उसीके लिये जीवन भर वह होमाग्नि जलाता रहा है; **हृत्पिण्ड. ..छिन्न**—हृत्पिण्ड को चीर कर; **जन्मशोध**—शेष बार, अन्तिम बार; **पूजियाछे तारे**—उसकी पूजा की है, **मरणे. प्राण**—मरण मे अपने प्राण (जीवन) को कृतार्थ कर; **शुनियाछि.....कन्था**—सुना है उसीके लिये राजपुत्र ने फटी हुई गुदड़ी धारण की थी; **विषये . भिक्षुक**—विषयो से विरक्त (हो) पथ का भिखारी (बन गया); **महाप्राण**—महामना; **सहियाछे**—सहा है, **बिँधियाछे**—बिँधा है; **प्रत्यहेर**—रोज रोज के; **करियाछे**—किया है; **अवज्ञाय**—अवज्ञा के साथ; **गेछे ..करुणनेत्रे**—नीरव, करुण नेत्रो से वह क्षमा कर गया है; **अन्तरे ....प्रतिमा**—अन्तर मे अनुपम सौन्दर्य-प्रतिमा (सत्य, आदर्श) को वहन करते हुए, **तारि ..मान**—उसीके पैरो मे अभिमानी ने अपना मान सौपा है, **ताहारि......देशे**—उसीको लक्ष्य कर कवियों ने लाखो-लाख गान रच कर देश-विदेश मे फैला दिये हैं; **शुधु जानि**—केवल जानता हूँ; **ताहारि**—उसीकी;

गम्भीर मङ्गलध्वनि शुना याय समुद्रे समीरे,
ताहारि अञ्चलप्रान्त लुटाइछे नीलाम्बर घिरे,
तारि विश्वविजयिनी परिपूर्णा प्रेममूर्तिखानि
विकाशे परमक्षणे प्रियजनमुखे। शुधु जानि,
से विश्वप्रियार प्रेमे क्षुद्रतारे दिया बलिदान
बर्जिते हइबे दूरे जीवनेर सर्व असम्मान,
सम्मुखे दाँड़ाते हबे उन्नत मस्तक उच्चे तुलि—
ये मस्तके भय लेखे नाइ लेखा, दासत्वेर धूलि
आँके नाइ कलकतिलक। ताहारे अन्तरे राखि
जीवनकण्टकपथे येते हबे नीरवे एकाकी
सुखे दुःखे धैर्य धरि, विरले मुछिया अश्रु-आँखि,
प्रति दिवसेर कर्मे प्रतिदिन निरलस थाकि
सुखी करि सर्वजने; तार परे दीर्घ पथशेषे
जीवयात्रा-अवसाने क्लान्तपदे रक्तसिक्त वेशे
उत्तरिब एकदिन श्रान्तिहरा शान्तिर उद्देशे
दु.खहीन निकेतने। प्रसन्नवदने मन्द हेसे
पराबे महिमालक्ष्मी भक्तकण्ठे वरमाल्यखानि,
करपद्मपरशने शान्त हबे सर्वदुःखग्लानि

---

**शुना याय**—सुनी जाती है; **लुटाइछे**—लोट रहा है; **तारि**—उसीकी; **मूर्तिखानि**—मूर्ति; **विकाशे**—प्रकाशित होती है, प्रस्फुटित होती है; **से**—उस; **क्षुद्रतारे.. .असम्मान**—क्षुद्रता को बलिदान चढा कर जीवन के सभी अपमानो को दूर हटाना होगा; **सम्मुखे.. तुलि**—उन्नत सिर को ऊँचा उठा कर सामने खडा होना होगा, **ये . . लेखा**—जिस मस्तक पर भय ने कुछ लिखा नहीं है (अर्थात् जिसे भय नहीं है।); **दासत्वेर धूलि**—दासता की धूलि, **आँके....तिलक**—कलक-तिलक अंकित नही किया; **ताहारे....धरि**—उसे अन्तर मे रख जीवन के कटंकाकीर्ण पथ पर नीरव, अकेले, सुख-दु ख मे धैर्य धारण कर जाना होगा; **विरले....आँखि**—निर्जन स्थान मे ऑखो के ऑसू पोंछ कर; **प्रति .....सर्वजने**—प्रतिदिन के कर्मों मे बराबर आलस्यहीन रह सब लोगों को सुखी करे, **तार परे**—उसके बाद; **उत्तरिब**—पहुँचूगा; **शान्तिर उद्देशे**—शान्ति की खोज मे; **हेसे**—हँस कर; **पराबे**—पहनायगी; **वरमाल्यखानि**—वरमाल्य; **परशने**—स्पर्श से; **हबे**—होगा;

सर्व-अमङ्गल। लुटाइया रक्तिम चरणतले
धौत करि दिब पद आजन्मेर रुद्ध अश्रुजले।
सुचिरसञ्चित आशा सम्मुखे करिया उद्घाटन
जीवनेर अक्षमता काँदिया करिब निवेदन,
मागिब अनन्त क्षमा। हयतो घुचिबे दुःखनिशा,
तृप्त हबे एक प्रेमे जीवनेर सर्वप्रेमतृषा।।

६ मार्च १८९४ 'चित्रा'

## ब्राह्मण

छान्दोग्योपनिषत्, ४, ४

अन्धकार वनच्छाये सरस्वतीतीरे
अस्त गेछे सन्ध्यासूर्य; आसियाछे फिरे
निस्तब्ध आश्रम-माझे ऋषिपुत्रगण
मस्तके समिध्भार करि आहरण
वनान्तर हते; फिराये एनेछे डाकि
तपोवनगोष्ठगृहे स्निग्धशान्त-आँखि
श्रान्त होमधेनुगणे; करि समापन
सन्ध्यास्नान सबे मिलि लयेछे आसन

---

**लुटाइया**—लोट कर; **धौत ...अश्रुजले**—समस्त जीवन के रुद्ध अश्रुजल से (उसके) पैरो को धो कर साफ कर दूँगा, **सुचिरसञ्चित .....क्षमा**—चिर-सञ्चित आशा को सामने प्रकट कर जीवन की अक्षमता को रो कर निवेदन करूँगा (और) अनन्त क्षमा माँगूँगा; **हय. तृषा**—हो सकता है दु ख-रात्रि का अवसान होगा और एक ही प्रेम से जीवन की सर्वप्रेम की प्यास मिटेगी।

**वनच्छाये**—वन की छाया मे; **अस्त गेछे**—अस्त हो गया है; **आसियाछे ......हते**—वन से चुने हुए समिध के बोझ को सिर पर लिए हुए ऋषिपुत्रगण निस्तब्ध आश्रम में लौट आए है, **फिराये. ...गणे**—स्निग्ध शान्त आँखो वाली श्रान्त होम-धेनुओं को तपोवन के गोहाल (गोगृह) मे लौटा लाए है; **करि ..... आलोके**—सन्ध्यास्नान समाप्त कर होमाग्नि के प्रकाश मे कुटी के आँगन मे गुरु

गुरु गौतमेरे घिरि कुटिरप्राङ्गणे
होमाग्नि-आलोके। शून्ये अनन्त गगने
ध्यानमग्न महाशान्ति; नक्षत्रमण्डली
सारि सारि बसियाछे स्तब्ध कुतूहली
नि.शब्द शिष्येर मतो। निभृत आश्रम
उठिल चकित हये; महर्षि गौतम
कहिलेन, 'वत्सगण, ब्रह्मविद्या कहि,
करो अवधान।'

हेनकाले अर्घ्य बहि
करपुट भरि पशिला प्राङ्गणतले
तरुण बालक। वन्दि फलफूलदले
ऋषिर चरणपद्म, नमि भक्तिभरे
कहिला कोकिलकण्ठे सुधास्निग्ध स्वरे,
'भगवन्, ब्रह्मविद्या-शिक्षा-अभिलाषी
आसियाछि दीक्षातरे कुशक्षेत्रवासी—
सत्यकाम नाम मोर।' शुनि स्मितहासे
ब्रह्मर्षि कहिला तारे स्नेहशान्त भाषे,
'कुशल हउक सौम्य, गोत्र की तोमार?
वत्स, शुधु ब्राह्मणेर आछे अधिकार

---

गौतम को घेर सभी मिल कर आसन ग्रहण किए हुए है; **शून्ये. ..महाशान्ति**—शून्य अनन्त आकाश मे ध्यानमग्न महाशान्ति है; **नक्षत्र .मतो**—स्तब्ध, कौतूहल से भरे हुए, निःशब्द शिष्यों की तरह नक्षत्रमण्डली पक्ति की पक्ति बैठी हुई है; **निभृत**—एकान्त, निर्जन; **उठिल .. हये**—चौक पडा; **कहिलेन**—कहा; **कहि**—कहता हूँ; **करो अवधान**—मनोयोग पूर्वक सुनो।

**हेन.....बालक**—उसी समय अजलि मे अर्घ्य लिए हुए तरुण बालक प्राङ्गण मे प्रविष्ट हुआ, **वन्दि . . चरणपद्म**—ऋषि के चरण-कमल की फल फूल से वन्दना कर; **नमि भक्तिभरे**—भक्ति-पूर्वक प्रणाम कर; **कहिला**—कहा, **आसियाछि**—आया हूँ; **दीक्षातरे**—दीक्षा के लिये; **शुनि**—सुन कर, **कहिला तारे**—उससे कहा; **भाषे**—शब्दो मे; **हउक**—हो, **शुधु**—केवल, **आछे**—है;

ब्रह्मविद्यालाभे।' बालक कहिला धीरे,
'भगवन्, गोत्र नाहि जानि। जननीरे
शुधाये आसिब कल्य, करो अनुमति।'
एत कहि ऋषिपदे करिया प्रणति
गेला चलि सत्यकाम घन-अन्धकार
वनवीथि दिया; पदव्रजे हये पार
क्षीण स्वच्छ शान्त सरस्वती, बालुतीरे
सुप्तिमौन ग्रामप्रान्ते जननीकुटिरे
करिला प्रवेश।।

घरे सन्ध्यादीप ज्वाला,
दाँड़ाये दुयार धरि जननी जबाला
पुत्रपथ चाहि; हेरि तारे वक्षे टानि
आघ्राण करिया शिर कहिलेन वाणी
कल्याणकुशल। शुधाइला सत्यकाम,
'कहो गो जननी, मोर पितार की नाम,
की वंशे जनम। गियाछिनु दीक्षातरे
गौतमेर काछे, गुरु कहिलेन मोरे—

---

**नाहि जानि**—नही जानता हूँ, **जननीरे .. .अनुमति**—अनुमति दे, कल माता से पूछ कर आऊँगा; **एत. . सत्यकाम**—इतना कह ऋषि के पैरो मे प्रणाम कर सत्यकाम चला गया, **पदव्रजे ... पार**—पैदल ही पार हो कर, **बालुतीरे**—बालुकामय तट पर, **सुप्तिमौन प्रवेश**—निद्रा से मौन गाँव के किनारे माता की कुटी मे प्रवेश किया।

**घरे.. ...ज्वाला**—घर मे सध्याकालीन दीपक जल रहा है, **दाँड़ाये. ..चाहि**—माता जबाला पुत्र के रास्ते को देखती हुई दरवाजे को पकड कर खडी थी; **हेरि तारे**—उसे देख कर, **वक्षे. .. कुशल**—(उसे) छाती के पास खीच (उसका) सिर सूँघ मगल कामना की; **शुधाइला**—पूछा, **कहो. . जनम**—माँ बतलाओ, मेरे पिता का नाम (तथा) किस वश मे (मेरा) जन्म हुआ; **गियाछिनु**—गया था, **गुरु. . मोरे**—गुरु ने मुझसे कहा;

वत्स, शुधु ब्राह्मणेर आछे अधिकार
ब्रह्मविद्यालाभे। मात', की गोत्र आमार?'
शुनि कथा मृदुकण्ठे अवनतमुखे
कहिला जननी, 'यौवने दारिद्र्यदुखे
बहुपरिचर्या करि पेयेछिनु तोरे,
जन्मेछिस भर्तृहीना जबालार क्रोड़े;
गोत्र तव नाहि जानि, तात।'

परदिन
तपोवनतरुशिरे प्रसन्न नवीन
जागिल प्रभात। यत तापसबालक—
शिशिरसुस्निग्ध येन तरुण आलोक,
भक्ति-अश्रु-धौत येन नव पुण्यच्छटा,
प्रातःस्नात स्निग्धच्छवि आर्द्रसिक्तजटा,
शुचिशोभा सौम्यमूर्ति समुज्ज्वलकाये
बसेछे वेष्टन करि वृद्धवटच्छाये
गुरु गौतमेरे। विहङ्गकाकलिगान,
मधुपगुञ्जनगीति, जलकलतान,
तारि साथे उठितेछे गम्भीर मधुर
विचित्र तरुणकण्ठे सम्मिलित सुर
शान्त सामगीति॥

---

**करि**—कर; **पेयेछिनु तोरे**—तुम्हे पाया था; **जन्मेछिस्...क्रोड़े**—पतिहीना जबाला की कोख में तू पैदा हुआ; **गोत्र.....जानि**—तुम्हारा गोत्र नही जानती हूँ।

**जागिल**—जागा; **यत**—जितने; **शिशिर......आलोक**—शिशिर कण से सुस्निग्ध जैसे तरुण आलोक हों; **बसेछे......करि**—घेर कर बैठे हैं; **तारि साथे**—उसीके साथ; **उठितेछे**—उठ रहा है।

हेनकाले सत्यकाम
काछे आसि ऋषिपदे करिला प्रणाम;
मेलिया उदार आँखि रहिला नीरवे।
आचार्य आशिस करि शुधाइला तबे,
'की गोत्र तोमार, सौम्य, प्रियदरशन ?'
तुलि शिर कहिला बालक, 'भगवन्,
नाहि जानि की गोत्र आमार। पुछिलाम
जननीरे, कहिलेन तिनि—सत्यकाम,
बहुपरिचर्या करि पेयेछिनु तोरे,
जन्मेछिस भर्तृहीना जबालार क्रोड़े—
गोत्र तव नाहि जानि।'

शुनि से बारता
छात्रगण मृदुस्वरे आरम्भिल कथा,
मधुचक्रे लोष्ट्रपाते विक्षिप्त चञ्चल
पतङ्गेर मतो। सबे विस्मयविकल,
केह्-बा हासिल, केह् करिल धिक्कार
लज्जाहीन अनार्येर हेरि अहंकार।
उठिला गौतम ऋषि छाड़िया आसन
बाहु मेलि, बालकेरे करि आलिङ्गन

---

**हेनकाले**—ऐसे ही समय, **काछे.. . प्रणाम**—निकट आ कर ऋषि के चरणो मे प्रणाम किया; **मेलिया ... .नीरवे**—सरल आँखो को खोले हुए नीरव (खडा) रहा, **तुलि शिर**–सिर उठा कर; **पुछिलाम**–पूछा; **कहिलेन तिनि**–उन्होने कहा।

**शुनि से बारता**—उस वृत्तान्त को सुन कर; **आरम्भिल कथा**—बात करना शुरू किया; **मधुचक्रे..... मतो**—मधु के छाते मे ढेला लगने से अस्थिर, चञ्चल मधुमक्षिका के समान; **सबे**—सभी; **केह्.. ...हासिल**—कोई हँसा; **केह्. .. धिक्कार**—किसीने धिक्कारा, **अनार्येर .....अहंकार**—अनार्य के अहकार को देख कर; **उठिला**—उठे; **छाड़िया आसन**—आसन छोड कर; **बाहु मेलि**—बाँहे फैला कर; **बालकेरे.... .कहिलेन**—बालक का आलिङ्गन कर कहा;

कहिलेन, 'अब्राह्मण नह तुमि तात,
तुमि द्विजोत्तम, तुमि सत्यकुलजात।'

१८ फरवरी, १८९५ 'चित्रा'

## पुरातन भृत्य

भूतेर मतन चेहारा येमन निर्बोध अति घोर—
या-किछु हाराय गिन्नि बलेन, केष्टा बेटाइ चोर।
उठिते बसिते करि बापान्त, शुनेओ शोने ना काने—
यत पाय बेत ना पाय वेतन, तबु ना चेतन माने।
बड़ो प्रयोजन, डाकि प्राणपण, चीत्कार करि 'केष्टा'—
यत करि ताडा नाहि पाइ साड़ा, खुँजे फिरि सारा देशटा।
तिनखाना दिले एकखाना राखे, बाकि कोथा नाहि जाने।
एकखाना दिले निमेष फेलिते तिनखाना क'रे आने।
येखाने सेखाने दिवसे दुपुरे निद्राटि आछे साधा।
महाकलरवे गालि देइ यबे 'पाजि हतभागा, गाधा'

---

**अब्राह्मण . जात**—तात, तुम अब्राह्मण नही हो, तुम द्विजोत्तम हो, तुम सत्य-कुल मे जन्मे हो।

**भूतेर . . घोर**—भूत के समान जैसा चेहरा है (वैसे ही) वह अत्यन्त मूर्ख है; **या-किछु . .चोर**—जो कुछ खो जाता है गृहिणी कहती है केष्टा बेटा ही (बदमाश ही) चोर है; **उठिते . ना काने**—उठते-बैठते उसके बाप का नाम ले ले कर गाली देता हूँ, (और वह) सुन कर भी नही सुनता, **यत. . . वेतन**—जितना बेंत पाता है (मार खाता है) उतना वेतन नही पाता, **तबु . माने**—तौभी उसे चेत (होश) नही होता; **बड़ो........देशटा**—बहुत जरूरी काज है, प्राणपण पुकारता हूँ, 'केष्टा' 'केष्टा' चिल्लाता हूँ, जितनी ही जल्दी मचाता हूँ उसका पता नही पाता, सब जगह उसे खोजता फिरता हूँ, **तिन. . जाने**—तीन (वस्तुए) देने पर एक रखता है, बाकी कहाँ है नही जानता; **एक .. . आने**—एक (वस्तु) देने पर क्षण भर मे ही तीन (टुकडे) करके लाता है, **येखाने . साधा**—जहाँ तहाँ दिन मे दोपहर में निद्रा (उसकी) सधी हुई है (अर्थात् जब जहाँ जिस समय चाहता है सो जाता है।); **महाकलरवे .... गाधा**—अत्यन्त

दरजार पाशे दाँड़िये से हासे, देखे ज्वले याय पित्त ।
तबु माया तार त्याग करा भार, बड़ो पुरातन भृत्य ।।

घरेर कर्त्री रुक्षमूर्ति बले, 'आर पारि नाको—
रहिल तोमार ए घर-दुयार, केष्टारे लये थाको ।
ना माने शासन, बसन बासन अशन आसन यत
कोथाय की गेल, शुधु टाकागुलो येतेछे जलेर मतो ।
गेले से बाजार सारा दिने आर देखा पाओया तार भार ।
करिले चेष्टा केष्टा छाड़ा कि भृत्य मेले ना आर !
शुने महा रेगे छुटे याइ वेगे, आनि तार टिकि ध'रे;
बलि तारे, 'पाजि, बेरो तुइ आजइ, दूर करे दिनु तोरे ।'
धीरे चले याय, भाबि गेल दाय, परदिन उठे देखि
हुँकाटि बाड़ाये रयेछे दाँड़ाये बेटा बुद्धिर ढेँकि ।

---

ज़ोर से जब गाली देता हूँ 'पाजी, अभागा, गधा', **दरजार...... पित्त**—दरवाज़े के किनारे खडा हो कर वह हँसता है, देख कर मेरा जी जल उठता है; **तबु......भृत्य**—तौभी उसका मोह त्याग करना कठिन है, (क्योंकि वह) बहुत पुराना नौकर है ।

**घरेर थाको**—घर की मालकिन उग्र मूर्ति (हो कर) कहती है, 'अब नही सहा जाता, यह रहा तुम्हारा घर-द्वार, केष्टा को ले कर रहो; **ना माने शासन**—कोई बात नही मानता, **बसन. . की गेल**—वस्त्र, बर्तन, खाद्य-सामग्री, आसन जितने भी है कहाँ क्या गया (पता नही चलता), **शुधु.. मतो**—केवल रुपया जल की तरह जा रहा है (रुपया नष्ट हो रहा है); **गेले . ..आर**—वह जब बाजार जाता है तो समस्त दिन और उसका दिखाई पडना कठिन है, चेष्टा करने पर क्या केष्टा छोड कर दूसरा नौकर नही मिलेगा, **शुनि . ध'रे**—सुन कर अत्यन्त क्रोध से वेग से दौड कर जाता हूँ और उसकी चुटिया पकड कर लाता हूँ; **बलि .... तोरे**—उससे कहता हूँ, पाजी तू आज ही बाहर हो जा, तुझको दूर कर दिया (निकाल दिया); **याय**—जाय; **भाबि दाय**—सोचता हूँ पिड छूटा; **परदिन .... दाँड़ाये**—दूसरे दिन देखता हूँ हुक्का लिए हुए वह खड़ा है; **बुद्धिर ढेंकि**—प्रचण्ड मूर्ख;

प्रसन्न मुख, नाहि कोनो दुख, अति अकातरचित्त—
छाड़ाले ना छाड़े, की करिब तारे, मोर पुरातन भृत्य ।।

से बछरे फाँका पेनु किछु टाका करिया दालालगिरि ।
करिलाम मन, श्रीवृन्दावन बारेक आसिब फिरि ।
परिवार ताय साथे येते चाय, बुझाये बलिनु तारे—
पतिर पुण्ये सतीर पुण्य, नहिले खरच बाड़े ।
लये रशारशि करि कषाकषि पोँटला-पुँटलि बाँधि
वलय बाजाये बाक्स साजाये गृहिणी कहिल काँदि,
'परदेशे गिये केष्टारे निये कष्ट अनेक पाबे ।'
आमि कहिलाम, 'आरे राम राम, निबारण साथे याबे ।'
रेलगाड़ि धाय; हेरिलाम हाय नामिया वर्धमाने,
कृष्णकान्त अति प्रशान्त तामाक साजिया आने ।
स्पर्धा ताहार हेनमते आर कत-बा सहिब नित्य ?
यत तारे दुषि तबु हनु खुशि हेरि पुरातन भृत्य ।।

---

**छाड़ाले ना छाड़े**—छुडाने पर भी नही छोड़ता; **की . ..तारे**—उसका क्या करे।

**से बछरे . .दालालगिरि**—उस वर्ष सुयोग पा दलाली कर कुछ रुपया पाया; **करिलाम मन**—मन मे विचारा, **बारेक. फिरि**—एक बार घूम आऊँ; **परिवार ......चाय**—इसीलिये परिवार (पत्नी) साथ जाना चाहता था, **बुझाये बलिनु तारे**—उसे समझाते हुए (मै) बोला; **पतिर......बाड़े**—पति के पुण्य मे ही सती का पुण्य है, नही तो खर्च बढता है; **लये ..बाँधि**—रस्सी ले कर खीच-खाँच कर पोटली बाँध-बूँध कर, **वलय. . काँदि**—कङ्कण बजाते हुए, बक्स सजा कर गृहिणी ने रोते हुए कहा, **परदेशे .पाबे**—परदेश जा कर केष्टा को ले कर अनेक कष्ट पाओगे; **आमि.. ...याबे**—मैने कहा, अरे राम राम, निवारण साथ मे जायगा, **रेलगाड़ि. . वर्धमाने**—रेलगाडी दौडती है, (लेकिन) हाय बर्दवान मे उतर कर देखता हूँ, **कृष्णकान्त.... .आने**—कृष्णकान्त (केष्टा) अत्यन्त शान्त भाव से (निर्विकार भाव से) तम्बाकू सजा कर लाया, **स्पर्धा..... नित्य**—उसकी (ऐसी) स्पर्धा (दु साहस), इस प्रकार से रोज़ और कितना सहन करूँगा, **यत . . भृत्य**—जितना उसको दोष दे फिर भी (अपने) पुरातन भृत्य को देख कर खुशी हुई।

नामिनु श्रीधामे; दक्षिणे वामे पिछ्ने समुखे यत
लागिल पाण्डा, निमेषे प्राणटा करिल कण्ठागत।
जन-छ्य-साते मिलि एकसाथे परम बन्धुभावे
करिलाम बासा; मने हल आशा, आरामे दिवस याबे।—
कोथा ब्रजबाला, कोथा वनमाला, कोथा वनमाली हरि।
कोथा हा हन्त चिरबसन्त, आमि बसन्ते मरि।
बन्धु ये यत स्वप्नेर मतो बासा छेड़े दिल भङ्ग।
आमि एका घरे; व्याधिखरशरे भरिल सकल अङ्ग।
डाकि निशिदिन सकरुण क्षीण, 'केष्ट, आय रे काछे,
एत दिने शेषे आसिया बिदेशे प्राण बुझि नाहि बाँचे।'
हेरि तार मुख भरे ओठे बुक, से येन परम वित्त,
निशिदिन ध'रे दाँड़ाये शियरे मोर पुरातन भृत्य॥

मुखे देय जल, शुधाय कुशल, शिरे देय मोर हात;
दाँड़ाये निझुम, चोखे नाइ घुम, मुखे नाइ तार भात।

---

**नामिनु**—उतरा; **श्रीधामे**—वृन्दावन धाम मे; **दक्षिणे ...पाण्डा**—दाहिने, बॉए, पीछे, सामने सब ओर से पण्डे लगे, **निमेषे.... कण्ठागत**—एक मुहूर्त मे ही प्राण कण्ठागत कर दिया, **जन.. बासा**—(हम) छः सात आदमियों ने मिल कर अत्यन्त बन्धु-भाव से एकसाथ रहने का प्रबन्ध किया; **मने . . .याबे**—मन मे आशा हुई, आराम से दिन कट जाएंगे; **कोथा...... हरि**—(लेकिन हाय,) कहाँ ब्रजबालाएँ है, कहाँ वनमाला है और कहाँ वनमाली कृष्ण है, **कोथा......मरि**—हाय, कहाँ वह चिर-वसन्त है, मै यहाँ बसन्त (चेचक) से मर रहा हूँ, **बन्धु. . .. भङ्ग**—जितने साथी थे स्वप्न के समान स्थान छोड़ कर भाग खडे हुए; **आमि ... ...अङ्ग**—अकेला मै घर मे था, व्याधि के तेज बाणो से समस्त शरीर भर गया (समस्त शरीर मे चेचक के दाने निकल आए); **डाकि ..बाँचे**—रात-दिन करुण, क्षीण स्वर मे पुकारता हूँ, 'केष्टा, पास आओ, इतने काल बाद अन्त मे विदेश आकर लगता है जैसे प्राण नही बचेगें', **हेरि . वित्त**—उसका मुँह देख कर हृदय भर आता है, (लगता है) जैसे वह परम-धन हो, **निशिदिन... .शियरे**—रातदिन सिरहाने खड़ा रहता है; **मोर**—मेरा।

**मुखे ...हात**—मुँह मे जल देता है, कुशल पूछता है और मेरे सिर पर हाथ रखता है; **दाँड़ाये..... भात**—चुप-चाप खडा रहता है, उसकी आँखो मे निद्रा नही

बले बार बार, 'कर्ता, तोमार कोनो भय नाइ, शुन—
याबे देशे फिरे, मा-ठाकुरानिरे देखिते पाइबे पुन।'
लभिया आराम आमि उठिलाम, ताहारे धरिल ज्वरे ;
निल से आमार कालव्याधिभार आपनार देह-'परे।
हये ज्ञानहीन काटिल दु दिन, बन्ध हइल नाडी।
एतबार तारे गेनु छाड़ाबारे, एत दिने गेल छाड़ि।
बहुदिन परे आपनार घरे फिरिनु सारिया तीर्थ।
आज साथे नेइ चिरसाथि सेइ मोर पुरातन भृत्य ।।

२३ फरवरी १८९५ 'चित्रा'

## उर्वशी

नह माता, नह कन्या, नह वधू, सुन्दरी रूपसी,
हे नन्दनवासिनी उर्वशी।
गोष्ठे यबे सन्ध्या नामे श्रान्त देहे स्वर्णाञ्चल टानि
तुमि कोनो गृहप्रान्ते नाहि ज्वाल सन्ध्यादीपखानि,

---

और न उसके मुँह मे भात है; **बले बार बार**—बार बार कहता है, **कर्ता.. पुन**—कर्ता (मालिक) तुम्हें कोई भय नही, सुनो तुम देश लौट कर मा-ठाकुरानी (मालकिन) को फिर से देख पाओगे, **लभिया...... ज्वरे**—रोगमुक्त हो कर मै उठा (लेकिन) उसे ज्वर ने आ पकडा; **निल ..परे**—मेरी कालव्याधि के भार को उसने अपने शरीर पर ले लिया; **हय. . नाड़ी**—बेहोशी मे दो दिन उसने काटे, (इसके बाद) नाडी बन्द हो गई, **एतबार .. .छाड़ि**—इतनी बार उसे छुडाने गया (नौकरी से हटाने गया), (आज) इतने दिनो बाद (स्वय) छोड कर चला गया; **बहुदिन . . .तीर्थ**—बहुत दिनो बाद तीर्थ समाप्त कर अपने घर लौटा, **आज . . .भृत्य**—वह चिर-साथी मेरा पुराना नौकर आज (मेरे) साथ नहीं है।

**नह माता**—न माता हो; **गोष्ठे ....नामे**—गोचारण-भूमि मे जब श्रान्त शरीर सन्ध्या सुनहले अचल को खीच कर उतरती है; **तुमि.... खानि**—तुम किसी भी गृह मे सन्ध्यादीप नही जलाती हो,

द्विधाय जड़ित पदे कम्प्रवक्षे नम्र नेत्रपाते
स्मितहास्ये नाहि चल सलज्जित वासरसज्जाते
स्तब्ध अर्धराते।
उषार उदय-सम अनवगुण्ठिता
तुमि अकुण्ठिता ।।

वृन्तहीन पुष्पसम आपनाते आपनि विकशि
कबे तुमि फुटिले उर्वशी !
आदिम वसन्तप्राते उठेछिले मन्थित सागरे,
डान हाते सुधापात्र, विषभाण्ड लये वाम करे—
तरङ्गित महासिन्धु मन्त्रशान्त भुजङ्गेर मतो
पड़ेछिल पदप्रान्ते उच्छ्वसित फणा लक्षशत
करि अवनत।
कुन्दशुभ्र नग्नकान्ति सुरेन्द्रवन्दिता
तुमि अनिन्दिता ।।

कोनोकाले छिले ना कि मुकुलिका बालिकावयसी,
हे अनन्तयौवना उर्वशी !

---

**द्विधाय. .... पदे**—द्विधा विजडित पदो से, **कम्प्रवक्षे**—काँपते हुए वक्ष से; **नम्र नेत्रपाते**—नत दृष्टिक्षेप से; **नाहि चल**—नही चलती हो; **सलज्जित**—सलज्ज भाव से; **वासरसज्जाते**—वासर शय्या (वर-कन्या की विवाह-रात्रि की शय्या) की ओर, **उषार. अकुण्ठिता**—उषा के उदय के समान (तुम) बिना अवगुण्ठन के हो, तुम असकुचिता हो।

**आपनाते. .... बिकशि**—अपने-आप विकसित हो, **कबे. ... फुटिले**—कब तुम प्रस्फुटित हुई, **उठेछिले**—निकली थी, **डान हाते**—दाहिने हाथ मे; **लये**—लिए हुए; **मतो**—समान; **पड़ेछिल**—पडा हुआ था।

**कोनो काले .वयसी**—क्या किसी भी काल मे कलिका-जैसी बालिका-वयस वाली (तुम) नही थी;

आँधार पाथारतले कार घरे बसिया एकेला
मानिक मुकुता लये करेछिले शैशवेर खेला,
मणिदीपदीप्त कक्षे समुद्रेर कल्लोलसगीते
अकलकहास्यमुखे प्रवालपालके घुमाइते
कार अंकटिते ?
यखनि जागिले विश्वे, यौवने गठिता,
पूर्ण प्रस्फुटिता ।।

युगयुगान्तर हते तुमि शुधु विश्वेर प्रेयसी,
हे अपूर्वशोभना उर्वशी।
मुनिगण ध्यान भाङि देय पदे तपस्यार फल,
तोमारि कटाक्षघाते त्रिभुवन यौवनचञ्चल,
तोमार मदिर गन्ध अन्ध वायु बहे चारि भिते,
मधुमत्त भृङ्ग-सम मुग्ध कवि फिरे लुब्ध चिते
उद्दाम संगीते ।
नूपुर गुञ्जरि याओ आकुल-अञ्चला
विद्युत्चञ्चला ।।

सुरसभातले यबे नृत्य कर पुलके उल्लसि,
हे विलोलहिल्लोल उर्वशी,

---

**आँधार**—अधकार; **पाथारतले**—समुद्र के तल मे; **कार... ..खेला**—किसके घर अकेली बैठी हुई माणिक, मुक्ता ले कर शैशव के खेल खेले थे; **अकलंक**—निर्दोष, **प्रवाल पालंके**—मूँगे के पलंग पर; **घुमाइते**—सोती; **कार अंकटिते**—किसकी गोद मे; **यखनि . .विश्वे**—जब विश्व मे जगी।

**युग .... प्रेयसी**—युग-युग से तुम केवल विश्व की प्रेयसी रही हो; **भाङि**—तोड कर, **देय. . . .फल**—(तुम्हारे) पैरो पर तपस्या का फल देते है; **तोमारि**—तुम्हारे; **चारि भिते**—चारो ओर; **फिरे**—घूमते है; **नूपुर......अञ्चला**—हे व्याकुल अंचलोवाली (तुम) नूपुर गुञ्जरित कर जाती हो।

**सुरसभा... उल्लसि**—सुरसभा (इन्द्र की सभा) मे जब आनन्द से उल्लसित हो कर नृत्य करती हो, **विलोल**—चचल,

छन्दे छन्दे नाचि उठे सिन्धु-माझे तरङ्गेर दल,
शस्यशीर्षे शिहरिया काँपि उठे धरार अञ्चल,
तव स्तनहार हते नभस्तले खसि पड़े तारा—
अकस्मात् पुरुषेर वक्षोमाझे चित्त आत्महारा,
नाचे रक्तधारा।
दिगन्ते मेखला तव टूटे आचम्बिते
अयि असम्वृते ।।

स्वर्गेर उदयाचले मूर्तिमती तुमि हे उषसी,
हे भुवनमोहिनी उर्वशी।
जगतेर अश्रुधारे धौत तव तनुर तनिमा,
त्रिलोकेर हृदिरक्ते आँका तव चरणशोणिमा—
मुक्तवेणी विवसने, विकशित विश्ववासनार
अरविन्द-माझखाने पादपद्म रेखेछ तोमार
अति लघुभार।
अखिल मानसस्वर्गे अनन्त रङ्गिणी,
हे स्वप्नसङ्गिनी ।।

ओइ शुन दिशे दिशे तोमा लागि काँदिछे क्रन्दसी,
हे निष्ठुरा बधिरा उर्वशी।

---

**छन्दे. . .दल**—छन्द छन्द पर समुद्र मे तरङ्गे नाच उठती है, **शिहरिया**—सिहर कर; **काँपि. अञ्चल**—धरा (पृथ्वी) का अञ्चल काँप उठता है, **तव. .तारा**—तुम्हारी छाती के हार से तारागण टूट कर आकाश मे आ जाते हैं, **अकस्मात् . रक्तधारा**—अकस्मात् सुधबुध खोए हुए पुरुष के हृदय मे रक्तधारा नाच उठती है, **दिगन्ते . आचम्बिते**—अकस्मात् तुम्हारी मेखला (कटिभूषण) टूट जाती है; **अयि असम्वृते**—ओ अनावृते।

**धौत**—धुला हुआ; **तनिमा**—मनोरम कृशता; **त्रिलोकेर .....शोणिमा**—त्रिभुवन के हृदय के रक्त से अकित तुम्हारे चरणो की रक्तिमा (लालिमा) है; **विवसने**—विवस्त्रे; **रेखेछ**—रखा है।

**ओइ.... क्रन्दसी**—वह सुनो चारो ओर तुम्हारे लिये स्वर्ग और मर्त्य क्रन्दन

आदियुग पुरातन ए जगते फिरिबे कि आर—
अतल अकूल हते सिक्तकेशे उठिबे आबार ?
प्रथम से तनुखानि देखा दिबे प्रथम प्रभाते,
सर्वाङ्ग काँदिबे तव निखिलेर नयन-आघाते
वारिविन्दुपाते ।
अकस्मात् महाम्बुधि अपूर्व संगीते
रबे तरङ्गिते ।।

फिरिबे ना, फिरिबे ना, अस्त गेछे से गौरवशशी,
अस्ताचलवासिनी उर्वशी ।
ताइ आजि धरातले वसन्तेर आनन्द-उच्छ्वासे
कार चिरविरहेर दीर्घश्वास मिशे ब'हे आसे,
पूर्णिमानिशीथे यबे दश दिके परिपूर्ण हासि
दूरस्मृति कोथा हते बाजाय व्याकुल-करा बाँशि—
झरे अश्रुराशि ।
तबु आशा जेगे थाके प्राणेर क्रन्दने,
अयि अबन्धने ।।

८ दिसम्बर १८९५ 'चित्रा'

---

कर रहे है, **आदियुग .आर**—(वह) पुरातन आदि युग क्या फिर इस जगत् मे आएगा ; **अतल. .आबार**—अतल, अकूल (समुद्र) से भीगे केश फिर निकलोगी; **प्रथम...... प्रभाते**—प्रथम प्रभात मे जो दीख पड़ा था वह शरीर (क्या फिर) दीख पडेगा; **सर्वाङ्ग... पाते**—समस्त जगत् की दृष्टि के आघात (पडने) से जल-कणो के रूप मे क्या तुम्हारा सर्वाङ्ग क्रन्दन करेगा, **रबे**—रहेगा ।

**फिरिबे ना**—नही लौटेगा; **अस्त गेछे**—अस्त हो गया है; **से**—वह; **ताइ ....आसे**—इसीलिये आज पृथ्वी पर वसन्त का आनन्दोच्छ्वास जैसे किसीके चिर विरह के दीर्घ श्वास से मिश्रित हो कर बहता आता है; **पूर्णिमा.. .बाँशि**—पूर्णिमा की रात मे जब दसो दिशाएँ हँसी (आनन्द) से परिपूर्ण रहती है (तब) सुदूर स्मृति कहाँ से व्याकुल करने वाली बाँसुरी बजाती है, **झरे अश्रुराशि**—आँसू झडते है; **तबु.. .क्रन्दने**—तौभी प्राणो के क्रन्दन मे आशा जगी रहती है; **अबन्धने**—बन्धनहीना ।

# स्वर्ग हइते बिदाय

म्लान हये एल कण्ठे मन्दारमालिका,
हे महेन्द्र, निर्वापित ज्योतिर्मय टिका
मलिन ललाटे। पुण्यबल हल क्षीण,
आजि मोर स्वर्ग हते बिदायेर दिन
हे देव, हे देवीगण। वर्ष लक्षशत
यापन करेछि हर्षे देवतार मतो
देवलोके। आजि शेष विच्छेदेर क्षणे
लेशमात्र अश्रुरेखा स्वर्गेर नयने
देखे याब, एइ आशा छिल। शोकहीन
हृदिहीन सुखस्वर्गभूमि, उदासीन
चेये आछे। लक्ष लक्ष वर्ष तार
चक्षेर पलक नहे। अश्वत्थशाखार
प्रान्त हते खसि गेले जीर्णतम पाता
यतटुकु बाजे तार ततटुकु व्यथा
स्वर्गे नाहि लागे, यबे मोरा शतशत
गृहच्युत हतज्योति नक्षत्रेर मतो

---

**स्वर्ग हइते बिदाय**—स्वर्ग से बिदाई, **म्लान ... मालिका**—गले में मन्दार की माला म्लान हो आई, **महेन्द्र**—इन्द्र, **निर्वापित . ललाटे**—ललाट का ज्योतिर्मय तिलक बुझा हुआ मलिन हो गया है, **पुण्य. . क्षीण**—पुण्यबल (अब) क्षीण हो गया; **आजि . . दिन**—आज स्वर्ग से मेरी बिदाई का दिन है, **वर्ष लक्षशत**—करोड वर्ष; **यापन देवलोके**—देवलोक (इन्द्रपुरी) मे देवता के समान आनन्द सहित बिताया है; **देखे याब . छिल**—देख पाऊँगा, यही आशा थी, **हृदिहीन**—हृदयहीन; **सुख**—प्रिय, **उदासीन चेये आछे**—अनासक्त भाव से देख रही है; **लक्ष.. नहे**—लाखो वर्ष उसकी आँखो के पलक नही गिरते, **अश्वत्थ .. ..लागे**—पीपल की शाखा के किसी स्थान से जीर्णतम पत्ती के टूट कर गिरने से उसे जितनी व्यथा होती है उतनी भी व्यथा स्वर्ग को नही होती; **यबे... . मोते**—जब हम शत-शत गृहच्युत ज्योति-हीन नक्षत्रो के समान एक मुहूर्त मे स्वर्ग-

मुहूर्ते खसिया पडि देवलोक हते
धरित्रीर अन्तहीन जन्ममृत्युस्त्रोते।
से वेदना बाजित यद्यपि, विरहेर
छायारेखा दित देखा, तबे स्वरगेर
चिरज्योति म्लान हत मर्तेर मतन
कोमल शिशिरवाष्पे, नन्दनकानन
मर्मरिया उठित निश्वसि, मन्दाकिनी
कूले कूले गेये येत करुण काहिनी
कलकण्ठे, सन्ध्या आसि दिवा-अवसाने
निर्जन प्रान्तरपारे दिगन्तेर पाने
चले येत उदासिनी, निस्तब्ध निशीथ
झिल्लिमन्त्रे शुनाइत वैराग्यसगीत
नक्षत्रसभाय। माझे माझे सुरपुरे
नृत्यपरा मेनकार कनकनूपुरे
तालभङ्ग हत। हेलि उर्वशीर स्तने
स्वर्णवीणा थेके थेके येन अन्यमने
अकस्मात् झंकारित कठिन पीड़ने
निदारुण करुण मूर्छना। दित देखा
देवतार अश्रुहीन चोखे जलरेखा

---

लोक से पृथ्वी के अन्तहीन जन्म-मृत्यु के स्रोत मे आ गिरते है; **से. यद्यपि**—अगर वह व्यथा होती, **विरहेर. . देखा**—विरह की छाया-रेखा दिखाई पड़ती, **तबे**—तब; **ह'त**—होती, **मर्तेर मतन**—मृत्युलोक के समान; **मर्मरिया......निश्वसि**—निश्वास ले कर मर्मर कर उठता, **मन्दाकिनी . .कलकण्ठे**—मन्दाकिनी कलकण्ठ से किनारे-किनारे करुण कहानी गाती हुई जाती; **सन्ध्या.......उदासिनी**—दिन के समाप्त होने पर उदास सन्ध्या आकर निर्जन सुनसान मैदान के पार क्षितिज की ओर चली जाती, **निस्तब्ध सभाय**—निस्तब्ध रात्रि झिल्लीरव के द्वारा नक्षत्रों की सभा मे वैराग्य-सगीत सुनाती; **माझे.....हत**—बीच-बीच मे स्वर्ग मे नृत्य करती हुई मेनका के स्वर्ण के नूपुरो का ताल टूट जाता; **हेलि......मूर्छना**—उर्वशी के स्तनो पर झुकी हुई स्वर्णवीणा अनमनी-सी रह-रह कर मानो कठिन पीडा पा अत्यन्त असह्य करुण मूर्छना से झकृत हो उठती; **दित......**

निष्कारणे। पति-पाशे बसि एकासने
सहसा चाहित शची इन्द्रेर नयने
येन खुँजि पिपासार बारि। धरा हते
माझे माझे उच्छ्वसि आसित वायुस्रोते
धरणीर सुदीर्घ निश्वास—खसि झरि
पड़ित नन्दनवने कुसुममञ्जरि॥

थाको स्वर्ग, हास्यमुखे—करो सुधापान,
देवगण! स्वर्ग तोमादेरि सुखस्थान,
मोरा परवासी। मर्तभूमि स्वर्ग नहे,
से ये मातृभूमि—ताइ तार चक्षे बहे
अश्रुजलधारा, यदि दु दिनेर परे
केह तारे छेड़े याय दु दण्डेर तरे।
यत क्षुद्र, यत क्षीण, यत अभाजन,
यत पापीतापी, मेलि व्यग्र आलिङ्गन
सबारे कोमल वक्षे बाँधिबारे चाय—

---

**निष्कारणे**—देवताओ की अश्रुहीन आँखो मे अकारण जल भर आता; **पति.. . बारि**—पति की बगल में एक ही आसन पर बैठी हुई इन्द्राणी सहसा इन्द्र की आँखो मे जैसे पिपासा (मिटानेवाले) जल को खोजती हुई देखती; **धरा . .. निश्वास**—बीच-बीच मे हवा के साथ पृथ्वी का दीर्घ श्वास बह आता, **खसि . .मञ्जरि**—नन्दन कानन मे फूलो की मञ्जरी टूट कर गिर पडती।

**थाको. .. देवगण**—हे स्वर्ग, (तुम) मुख पर हँसी लिए हुए रहो, हे देवगण तुम (भी) अमृत पान करते रहो, **स्वर्ग .. परवासी**—स्वर्ग तुम्ही लोगो के सुख का स्थान है, हमलोग परदेशी हैं; **मर्त ... मातृभूमि**—मर्त्यभूमि स्वर्ग नही है, वह मातृभूमि है, **ताइ .तरे**—इसीलिये (वहाँ) दो दिन भी रह कर यदि कोई उसे दो दण्ड के लिये छोड़ कर (चला) जाय तो उसकी आँखों से आँसुओं की धारा बहती है; **यत क्षुद्र . चाय**—जितने क्षुद्र, दुर्बल, अयोग्य, पापी क्यो न हो, (वह) व्यग्र आलिङ्गन मे ले कर सब को अपने कोमल वक्ष मे बाँधना चाहती है;

धूलिमाखा तनुस्पर्शे हृदय जुड़ाय
जननीर। स्वर्गे तव बहुक अमृत,
मर्ते थाक् सुखे-दु.खे-अनन्त-मिश्रित
प्रेमधारा अश्रुजले चिरश्याम करि
भूतलेर स्वर्गखण्डगुलि ॥

हे अप्सरी,
तोमार नयनज्योति प्रेमवेदनाय
कभु ना हउक म्लान—लइनु बिदाय।
तुमि कारे कर ना प्रार्थना, कारो तरे
नाहि शोक। धरातले दीनतम घरे
यदि जन्मे प्रेयसी आमार, नदीतीरे
कोनो-एक ग्रामप्रान्ते प्रच्छन्न कुटिरे
अश्वत्थछायाय, से बालिका वक्षे तार
राखिबे सञ्चय करि सुधार भाण्डार
आमारि लागिया सयतने। शिशुकाले
नदीकूले शिवमूर्ति गडिया सकाले
आमारे मागिया लबे वर। सन्ध्या हले
ज्वलन्त प्रदीपखानि भासाइया जले

---

**धूलिमाखा. .जननीर**–धूलि से लिपटे हुए शरीर के स्पर्श से जननी की छाती जुड़ा जाती है, **स्वर्गे...अमृत**–तुम्हारे स्वर्ग मे अमृत बहे; **थाक्**—रहे, **करि**—कर।

**कभु......म्लान**—कभी म्लान न होवे; **लइनु बिदाय**—(मै) विदा लेता हूँ; **तुमि... .शोक**—तुम किसीकी प्रार्थना नही करते, किसीके लिये शोक नही करते; **धरातले**—पृथ्वी पर, **घरे**—घर मे, **आमार**—मेरी, **कोनो-एक**—किसी एक; **अश्वत्थछायाय**—अश्वत्थ (पीपल) की छाया मे; **से. .. सयतने**—वह बालिका अपने हृदय मे अमृत का भाण्डार मेरे लिये यत्नपूर्वक सञ्चय कर रखेगी; **गड़िया**—गढ कर, निर्मित कर, **सकाले**—प्रात.काल, **आमारे .. वर**—मुझे पति-रूप मे वर माँग लेगी; **आमारे**—मुझे; **मागिया लबे**—माँग लेगी; **सन्ध्या .. घाटे**—सन्ध्या होने पर जलते हुए प्रदीप को जल मे बहा कर शंकित और काँपते

शङ्कित कम्पित वक्षे चाहि एकमना
करिबे से आपनार सौभाग्यगणना
एकाकी दाँड़ाये घाटे। एकदा सुक्षणे
आसिबे आमार घरे सन्नतनयने,
चन्दनचर्चितभाले, रक्त पटाम्बरे,
उत्सवेर बाँशरिसंगीते। तार परे,
सुदिने दुर्दिने, कल्याणकंकण करे,
सीमन्तसीमाय मङ्गलसिन्दुरबिन्दु,
गृहलक्ष्मी दु:खे सुखे, पूर्णिमार इन्दु
संसारेर समुद्रशियरे। देवगण,
माझे माझे एइ स्वर्ग हइबे स्मरण
दूरस्वप्नसम, यबे कोनो अर्धराते
सहसा हेरिब जागि निर्मल शय्याते
पडेछे चन्द्रेर आलो—निद्रिता प्रेयसी,
लुण्ठित शिथिल बाहु, पड़ियाछे खसि
ग्रन्थि शरमेर, मृदु सोहागचुम्बने
सचकिते जागि उठि गाढ आलिङ्गने
लताइबे वक्षे मोर। दक्षिण अनिल
आनिबे फुलेर गन्ध, जाग्रत कोकिल
गाहिबे सुदूर शाखे॥

---

हुए हृदय से एकाग्रचित्त देखती हुई घाट पर अकेली खडी हो वह अपने सौभाग्य की गणना करेगी; **एकदा . संगीते**—एक दिन शुभक्षण मे नत नयन, चन्दन-चर्चित ललाट, लाल रेशमी-वस्त्र पहने बाजे-गाजे के साथ मेरे घर आएगी; **तार परे**—उसके बाद; **सुदिने**—अच्छे दिनो मे; **करे**—कर (हाथ) मे; **शियरे**—सिरहाने; **माझे. . सम**—बीच-बीच मे यह स्वर्ग दूरापगत सपने के समान याद आएगा; **यबे.. आलो**—जब किसी अर्धरात्रि को सहसा जग कर देखूंगा कि स्वच्छ शय्या पर चन्द्रमा की किरणे पडी हैं, **पड़ियाछे खसि**—खुल गई है; **ग्रन्थि शरमेर**—लज्जा (ढँकनेवाली) ग्रन्थि; **सोहाग. .मोर**—मृदु, प्रणयपूर्ण चुम्बन से भयभीत हो कर जाग उठेगी और गाढ आलिङ्गन मे मेरी छाती से लता जैसी लिपट जाएगी; **दक्षिण. गन्ध**—दक्षिण पवन फूल की गन्ध लाएगी; **गाहिबे**—गाएगा।

अयि दीनहीना,
अश्रु-आँखि दु:खातुरा जननी मलिना,
अयि मर्तभूमि, आजि बहुदिन-परे
काँदिया उठेछे मोर चित्त तोर तरे।
येमनि बिदायदु:खे शुष्क दुइ चोख
अश्रुते पुरिल, अमनि ए स्वर्गलोक
अलसकल्पनाप्राय कोथाय मिलालो
छायाच्छवि! तव नीलाकाश, तव आलो,
तव जनपूर्ण लोकालय, सिन्धुतीरे
सुदीर्घ बालुकातट, नीलगिरिशिरे
शुभ्र हिमरेखा, तरु-श्रेणीर माझारे
नि:शब्द अरुणोदय, शून्य नदीपारे
अवनतमुखी सन्ध्या—बिन्दु अश्रुजले
यत प्रतिबिम्ब येन दर्पणेर तले
पडेछे आसिया॥

हे जननी पुत्रहारा,
शेष विच्छेदेर दिने ये शोकाश्रुधारा
चक्षु हते झरि पड़ि तव मातृस्तन
करेछिल अभिषिक्त आजि एतक्षण

---

**आजि.....तरे**—आज बहुत दिनों के बाद तुम्हारे लिये मेरा चित्त क्रन्दन कर उठा है, **येमनि...छायाच्छवि**—बिदाई के दुख से जैसे ही दोनों सूखी आँखे आँसू से भर आईं वैसे ही यह स्वर्गलोक अलस कल्पना जैसा कहाँ छाया मे विलीन हो गया; **लोकालय**—नगर, ग्राम, आदि; **तरु-श्रेणीर माझारे**—पेड़ो की पक्ति के बीच; **बिन्दु....आसिया**—अश्रुकणो मे (उन सभी वस्तुओ को) देखा है जैसे दर्पण मे वे प्रतिबिम्बित हो रही हों।

**पुत्रहारा**—पुत्र गँवाने वाली; **शेष.....गेछे**—अन्तिम बिछोह के दिन जो शोक की अश्रुधारा आँखो से गिर कर तुम्हारे मातृस्तन को भिगो दिए हुई थी आज इतने दिनों मे वे आँसू सूख गए है;

से अश्रु शुकाये गेछे। तबु जानि मने,
यखनि फिरिब पुन तव निकेतने
तखनि दुखानि बाहु धरिबे आमाय,
बाजिबे मङ्गलशंख—स्नेहेर छायाय
दु खे-सुखे-भये-भरा प्रेमेर ससारे
तव गेहे, तव पुत्र-कन्यार माझारे,
आमारे लइबे चिर-परिचितसम।
तार परदिन हते शियरेते मम
साराक्षण जागि रबे कम्पमान प्राणे,
शङ्कित अन्तरे, उर्ध्वे देवतार पाने
मेलिया करुण दृष्टि, चिन्तित सदाइ—
'याहारे पेयेछि तारे कखन हाराइ।'

९ दिसम्बर १८९५ 'चित्रा'

---

**तबु .. मने**—तौभी (अपने अन्तर मे) यह जानता हूँ; **यखनि....निकेतने**—जिस भी समय तुम्हारे घर फिर लौटूंगा; **तखनि ... आमाय**—उसी समय (तुम) मुझे दोनो बॉहो मे ले लोगी, **बाजिबे मङ्गलशंख**—मगलशख बजेगा; **स्नेहेर छायाय**—स्नेह की छाया मे; **दुखे.. .संसारे**—दु ख, सुख तथा भय से भरे हुए प्रेम के ससार मे, **तव .माझारे**—अपने घर मे, अपने पुत्र कन्याओ के बीच, **आमारे लइबे**—मुझे लोगी (ग्रहण करोगी); **तार...... प्राणे**—उसके दूसरे दिन से मेरे सिरहाने कॉपते हुए हृदय से सभी समय जागती रहोगी, **शंकित अन्तरे**—हृदय मे शकित बनी हुई; **उर्ध्वे . . हाराइ**—ऊपर देवता की ओर करुण दृष्टि लगाए हुए सदा चिन्तित रहोगी कि 'जिसे पाया है उसे (कही) गँवा न दूँ'।

## जीवनदेवता

ओहे अन्तरतम,
मिटेछे कि तव सकल तियाष आसि अन्तरे मम ?
दु:खसुखेर लक्ष धाराय
पात्र भरिया दियेछि तोमाय,
निठुर पीड़ने निङाड़ि वक्ष दलित द्राक्षासम।
कत ये बरन, कत ये गन्ध,
कत ये रागिणी, कत ये छन्द,
गाँथिया गाँथिया करेछि बयन बासरशयन तव—
गलाये गलाये वासनार सोना
प्रतिदिन आमि करेछि रचना
तोमार क्षणिक खेलार लागिया मुरति नित्यनव ।।

आपनि बरिया लयेछिले मोरे ना जानि किसेर आशे ।
लेगेछे कि भालो हे जीवननाथ,
आमार रजनी, आमार प्रभात—
आमार नर्म, आमार कर्म तोमार विजन वासे ?

---

**मिटेछे..... मम**—मेरे अन्तर मे आ कर क्या तुम्हारी सभी प्यास मिट गई; **दु:ख......तोमाय**—दु.ख सुख की लाखो धाराओ मे पात्र भर कर तुम्हे दिया है; **निठुर ....सम**—अत्यन्त पीडा सह कर दलित द्राक्षा के समान अपने वक्ष को निचोड कर; **कत ये बरन ....तव**—कितने रगो, कितने गधो, कितनी रागिणियो और कितने छन्दो को गूँथ गूँथ कर तुम्हारी सुहाग-शय्या बुनी (रची) है; **गलाये ....नव**—वासनाओ के सोने को गला-गला कर तुम्हारे क्षणिक खेल के लिये नित्य नव मूर्ति की रचना प्रति दिन मैने की है।

**आपनि... ..आशे**—न-जाने किस आशा से अपने-आप ही (तुमने) मुझे वरण कर लिया था; **लेगेछे. .. ..प्रभात**—हे जीवननाथ, मेरी रात्रि और मेरे प्रभात क्या (तुम्हे) अच्छे लगे है; **आमार नर्म**—मेरे विलास; **विजन वासे**—एकान्त वासस्थान;

बरषा-शरते वसन्ते शीते
ध्वनियाछे हिया यत सगीते
शुनेछ कि ताहा एकेला बसिया आपन सिहासने ?
मानसकुसुम तुलि अञ्चले
गेँथेछ कि माला, परेछ कि गले—
आपनार मने करेछ भ्रमण मम यौवनवने ? ।

की देखिछ बंधु, मरम-माझारे राखिया नयन दुटि ?
करेछ कि क्षमा यतेक आमार स्खलन पतन त्रुटि ?
पूजाहीन दिन सेवाहीन रात
कत बारबार फिरे गेछे नाथ—
अर्घ्यकुसुम झरे पड़े गेछे विजन विपिने फुटि ।
ये सुरे बाँधिले ए वीणार तार
नामिया नामिया गेछे बारबार—
हे कवि, तोमार रचित रागिणी आमि कि गाहिते पारि !

---

**बरषा..... सिहासने**—वर्षा, शरद्, वसन्त, शीत मे (मेरे) हृदय मे जितने संगीत ध्वनित हुए है उन्हे अपने सिहासन पर अकेले बैठे हुए क्या तुमने सुना है; **मानसकुसुम.....गले**—हृदय-कुसुम को अञ्चल मे चुन कर क्या (तुमने) माला गूँथी है और (अपने) गले में पहनी है; **आपनार. ..यौवनवने**—कल्पना मे क्या मेरे यौवन-वन मे (तुमने) भ्रमण किया है ।

**की. ..नयन दुटि**—मर्म मे (हृदय के बीच) दोनो आँखे रख क्या देख रहे हो, प्रिय; **करेछ.. त्रुटि**—जितने मेरे स्खलन, पतन और त्रुटियाँ है (उन्हे) क्या क्षमा कर दिया है; **पूजाहीन.. ..नाथ**—हे नाथ, पूजाहीन दिन, सेवाहीन रातें कितनी बार आ कर लौट गईं है, **अर्घ्यकुसुम. .फुटि**—निर्जन विपिन मे अर्घ्य-कुसुम खिल कर झड गए, **ये सुरे. बारबार**—जिस सुर मे इस वीणा के तार को बाँधा है वह बारबार उतर गया है; **हे कवि.. .पारि**—हे कवि, तुम्हारी रची हुई रागिणी गान क्या मैं गा सकता हूँ;

तोमार कानने सेचिबारे गिया
घुमाये पड़ेछि छायाय पड़िया,
सन्ध्याबेलाय नयन भरिया एनेछि अश्रुवारि ।।

एखन कि शेष हयेछे प्राणेश, या-किछु आछिल मोर—
यत शोभा यत गान यत प्राण, जागरण घुमघोर ?
शिथिल हयेछे बाहुबन्धन,
मदिराविहीन मम चुम्बन—
जीवनकुञ्जे अभिसारनिशा आजि कि हयेछे भोर ?
भेङ्गे दाओ तबे आजिकार सभा,
आनो नव रूप, आनो नव शोभा,
नूतन करिया लहो आरबार चिरपुरातन मोरे ।
नूतन विवाहे बाँधिबे आमाय नवीनजीवनडोरे ।।

११ फरवरी १८९६ 'चित्रा'

---

**तोमार. . पड़िया**—तुम्हारे कानन मे सिञ्चन करने जा कर छाया मे लेट सो गया हूँ; **सन्ध्याबेलाय. ....अश्रुवारि**—( अब ) सन्ध्या समय आँखो मे अश्रुजल भर कर लाया हूँ ।

**एखन ..... घुमघोर**—हे प्राणेश, जितना सौन्दर्य, जितने गान, जितना प्राण, जागरण, घोर निद्रा, जो कुछ मेरा था क्या अब शेष हो गया; **हयेछे**—हो गया है; **आजि . .. भोर**—क्या आज भोर हो गया; **भेङे . ...सभा**—तब आज की सभा (आयोजन) को भङ्ग कर दो; **आनो**—ले आओ; **नूतन. ....मोरे**—मुझ चिर-पुरातन को फिर-से नूतन कर ग्रहण करो; **नूतन.. ...डोरे**—नूतन विवाह कर मुझे नूतन जीवन की डोरी में बाँध लेना ।

# रात्रे ओ प्रभाते

कालि मधुयामिनीते ज्योत्स्नानिशीथे कुञ्जकानने सुखे
फेनिलोच्छल यौवनसुरा धरेछि तोमार मुखे।
तुमि चेये मोर आँखि-'परे
धीरे पात्र लयेछ करे,
हेसे करियाछ पान चुम्बन-भरा सरस बिम्बाधरे,
कालि मधुयामिनीते ज्योत्स्नानिशीथे मधुर आवेशभरे।
तव अवगुण्ठनखानि
आमि खुले फेलेछिनु टानि
आमि केड़े रेखेछिनु वक्षे तोमार कमलकोमल पाणि।
भावे निमीलित तव युगल नयन, मुखे नाहि छिल वाणी।
आमि शिथिल करिया पाश
खुले दियेछिनु केशराश,
तव आनमित मुखखानि
सुखे थुयेछिनु बुके आनि—
तुमि सकल सोहाग सयेछिले सखी, हासिमुकुलित मुखे,
कालि मधुयामिनीते ज्योत्स्नानिशीथे नवीन मिलनसुखे॥

---

**कालि**—(गत) कल; **मधुयामिनीते**—वसन्त की मनोरम रात्रि में; **ज्योत्स्नानिशीथे**—चाँदनी रात मे; **सुखे**—आनन्द-विभोर हो, **धरेछि तोमार मुखे**—तुम्हारे मुँह पर रखा है; **तुमि . . . करे**—मेरी आँखो मे देखते हुए धीरे से तुमने हाथ मे पात्र लिया है; **हेसे . . पान**—हँस कर पान किया है; **तव......टानि**—तुम्हारे अवगुण्ठन को खीच कर मैंने खोल दिया था, **आमि .. पाणि**—तुम्हारे कमल के समान कोमल हाथ को खीच कर मैंने (अपने) वक्षस्थल पर रखा था; **भावे . . वाणी**—भाव मे विभोर तुम्हारी दोनो आँखे बन्द थी, मुँह मे वाणी नही थी, **आमि ....केशराश**—बधन को शिथिल कर मैंने तुम्हारी केशराशि को खोल दिया था; **तव... आनि**—तुम्हारे झुके हुए मुख को आनन्द-विभोर हो अपनी छाती पर रखा था। **तुमि. मुखे**—सखी, तुमने मेरी सभी प्रणय-चेष्टाओ को हँसी-मुकुलित (सस्मित) मुख से सहन किया था।

आजि निर्मलबाय शान्त उषाय निर्जन नदीतीरे
स्नान-अवसाने शुभ्रवसना चलियाछ धीरे धीरे।
तुमि वाम करे लये साजि
कत तुलिछ पुष्पराजि,
दूरे देवालयतले उषार रागिणी बाँशिते उठिछे बाजि।
एइ निर्मलबाय शान्त उषाय जाह्नवीतीरे आजि।
देवी, तव सिँथिमूले लेखा
नव अरुण सिँदुररेखा,
तव वाम बाहु बेडि शंखवलय तरुण इन्दुलेखा।
एकि मङ्गलमयी मुरति विकाशि प्रभाते दितेछ देखा!
राते प्रेयसीर रूप धरि
तुमि एसेछ प्राणेश्वरी,
प्राते कखन देवीर वेशे
तुमि समुखे उदिले हेसे—
आमि सम्भ्रमभरे रयेछि दाँड़ाये दूरे अवनतशिरे
आजि निर्मलबाय शान्त उषाय निर्जन नदीतीरे।।

१२ फरवरी १८९६ 'चित्रा'

---

**आजि निर्मलबाय**—आज निर्मल वायु मे; **उषाय**—उषाकाल में (प्रभात वेला मे) **स्नान-अवसाने**—स्नान समाप्त होने पर; **चलियाछ**—चली हो; **तुमि......पुष्पराजि**—बाँये हाथ मे डाली ले कर (तुम) कितना फूल चुन रही हो; **उषार......आजि**—प्रभात कालीन रागिणी बाँसुरी मे बज उठी है; **एइ**—इस; **देवी......रेखा**—हे देवी, तुम्हारे सीमन्त (माँग) मे नयी लाल सिन्दूर रेखा अकित है; **तव.. ...लेखा**—तुम्हारी बाँयी बाँह मे नवीन चन्द्रमा के समान शङ्ख-निर्मित ककण वेष्टित है, **एकि . .देखा**–प्रभात काल मे यह कैसी मङ्गलमयी मूर्ति प्रकाशित करती हुई तुम दिखाई दे रही हो; **राते....हेसे**—प्राणेश्वरी, रात मे प्रेयसी का रूप धारण कर तुम आई थी (और) प्रभात काल मे कब देवी का वेश किए हुए हँसती हुई सामने उदित हुई; **आमि . .. .अवनतशिरे**—मै सम्भ्रम (भय-मिश्रित श्रद्धा) से भरा हुआ नत-शिर दूर खडा हूँ।

# दिदि

नदीतीरे माटि काटे साजाइते पाँजा
पश्चिमि मजुर। ताहादेरि छोटो मेये
घाटे करे आनागोना, कत घषा माजा
घटि बाटि थाला लये। आसे धेये धेये
दिवसे शतेकबार, पित्तलकंकण
पितलेर थालि-'परे बाजे ठन् ठन्।
बड़ो व्यस्त सारादिन। तारि छोटो भाई,
नेड़ामाथा, कादामाखा, गाये वस्त्र नाइ,
पोषा पाखिटिर मतो पिछे पिछे एसे
बसि थाके उच्च पाड़े दिदिर आदेशे
स्थिरधैर्यभरे। भरा घट लये माथे,
वामकक्षे थालि, याय बाला डानहाते
धरि शिशुकर। जननीर प्रतिनिधि,
कर्मभारे अवनत अति-छोटो दिदि॥

२ अप्रैल १८९६ 'चैतालि'

---

**दिदि**—दीदी, बडी बहन; **नदी . .मजुर**—पश्चिमी मज़दूर पजावा सजाने के लिये नदी के किनारे मिट्टी काट रहे है; **ताहादेरि . .थाला लये**—उन्हीमे किसीकी छोटी लडकी घाट पर आवाजाही (आना-जाना) करती है, कितने लोटा, कटोरी और थाली ले कर घिसती-माँजती है; **आसे .. .शतेकबार**—दिन मे सैकडो बार दौड-दौड कर आती है; **पित्तल . .. ठन्ठन्**—पीतल के (उसके) कंकण पीतल की थाली पर ठन-ठन बजते है, **बड़ो**—अत्यन्त, **तारि.. ...भाई**—उसीका छोटा भाई; **नेड़ा माथा**—मुडित-मस्तक; **कादामाखा**—कीचड़ लिपटा हुआ; **गाये......नाइ**—शरीर पर कोई वस्त्र नही, **पोषा .. भरे**—पालतू पक्षी की तरह पीछे पीछे आ कर दीदी के आदेश से ऊँचे किनारे पर स्थिर, धैर्यपूर्वक बैठा रहता है; **भरा. .शिशुकर**—भरा हुआ घडा सिर पर और बाँयी काँख मे थाली ले कर, दाहिने हाथ से बच्चे के हाथ को पकड कर (वह) लडकी जाती है, **जननीर .. दिदि**—माँ की प्रतिनिधि काम के भार से झुकी हुई वह अत्यन्त छोटी दीदी है।

# दुःसमय

यदिओ सन्ध्या आसिछे मन्द मन्थरे
सब सगीत गेछे इङ्गिते थामिया,
यदिओ सङ्गी नाहि अनन्त अम्बरे,
यदिओ क्लान्ति आसिछे अङ्गे नामिया,
महा-आशका जपिछे मौन मन्तरे,
दिक्-दिगन्त अवगुण्ठने ढाका,
तबु विहङ्ग, ओरे विहङ्ग मोर,
एखनि अन्ध, बन्ध कोरो ना पाखा ।।

ए नहे मुखर वनमर्मरगुञ्जित,
ए ये अजगर-गरजे सागर फुलिछे ।
ए नहे कुञ्ज कुन्दकुसुमरञ्जित,
फेनहिल्लोल कलकल्लोले दुलिछे ।
कोथा रे से तीर पुष्पपल्लवपुञ्जित,
कोथा रे से नीड़, कोथा आश्रयशाखा ।
तबु विहङ्ग, ओरे विहङ्ग मोर,
एखनि अन्ध, बन्ध कोरो ना पाखा ।।

---

**यदि........थामिया**—यद्यपि सन्ध्या मन्द मन्थर (गति से) आ रही है (फिर भी) सब सगीत (मानो) इगित पा कर थम गए हैं; **नाहि**—नही है; **क्लान्ति**—अवसन्नता; **आसिछे अङ्गे नामिया**—अङ्गों मे आ रही है; **महा-आशंका. ....मन्तरे**—महा-आशका (भय) चुपचाप मन्त्र जप रही है; **ढाका**—ढँका हुआ; **तबु**—तौभी; **एखनि .... पाखा**—हे अन्ध (मूढ़), अभी पंख (चलाना) बन्द न करो।

**ए नहे**—यह नही है; **ए......फुलिछे**—अजगर की तरह फूत्कार करता हुआ समुद्र उद्वेलित हो रहा है; **दुलिछे**—हिल रहा है; **कोथा**—कहाँ।

एखनो समुखे रयेछे सुचिर शर्वरी,
घुमाय अरुण सुदूर अस्त-अचले।
विश्वजगत् निश्वासवायु सम्वरि
स्तब्ध आसने प्रहर गणिछे विरले।
सबे देखा दिल अकूल तिमिर सन्तरि
दूर दिगन्ते क्षीण शशांक बाँका।
ओरे विहङ्ग, ओरे विहङ्ग मोर,
एखनि अन्ध, बन्ध कोरो ना पाखा।।

ऊर्ध्वं आकाशे तारागुलि मेलि अंगुलि
इङ्गित करि तोमा-पाने आछे चाहिया।
निम्ने गभीर अधीर मरण उच्छलि
शत तरङ्गे तोमा-पाने उठे धाइया।
बहुदूर तीरे कारा डाके बाँधि अञ्जलि—
'एसो एसो' सुरे करुणमिनति-माखा।
ओरे विहङ्ग, ओरे विहङ्ग मोर,
एखनि अन्ध, बन्ध कोरो ना पाखा।।

---

**एखनो......शर्वरी**—अभी भी सामने लबी रात्रि है; **घुमाय....अचले**—सुदूर अस्ताचल पर सूर्य सो रहा है; **विश्व. .विरले**—विश्व-जगत् सांस रोके हुए निस्तब्ध आसन पर बैठा हुआ एकान्त मे प्रहर गिन रहा है; **सबे......बाँका**—कूलहीन तिमिर (अन्धकार) का सन्तरी क्षीण, वक्र चन्द्रमा दूर दिगन्त मे अभी ही दिखाई पड़ा है।

**ऊर्ध्व......चाहिया**—ऊपर आकाश मे तारागण उगली से इगित कर तुम्हारी ओर देख रहे है, **निम्ने.....धाइया**—नीचे गभीर अधीर मरण सैकडो तरंगो मे उद्वेलित हो तुम्हारी ओर दौड रहा है; **बहुदूर.....माखा**—बहुत दूर अञ्जलि बाँधे हुए करुण, मिन्नत के सुर मे 'आओ, आओ' कौन (लोग) पुकार रहे है।

ओरे भय नाइ, नाइ स्नेहमोहबन्धन,
ओरे आशा नाइ, आशा शुधु मिछे छलना।
ओरे भाषा नाइ, नाइ वृथा बसे क्रन्दन,
ओरे गृह नाइ, नाइ फुलशेज-रचना।
आछे शुधु पाखा, आछे महानभ-अङ्गन
उषा-दिशाहारा निबिड़-तिमिर-आँका।
ओरे विहङ्ग, ओरे विहङ्ग मोर,
एखनि अन्ध, बन्ध कोरो ना पाखा।।

२७ अप्रैल १८९७ 'कल्पना'

## भ्रष्ट लग्न

शयनशियरे प्रदीप निबेछे सबे,
जागिया उठेछि भोरेर कोकिलरवे।
अलस चरणे बसि वातायने एसे
नूतन मालिका परेछि शिथिल केशे।
एमन समये अरुणधूसर पथे
तरुण पथिक देखा दिल राजरथे।

---

**नाइ**—नही है; **आशा... .छलना**—आशा व्यर्थ की छलना-मात्र है; **ओरे भाषा . रचना**—अरे न भाषा है, न वृथा बैठ कर क्रन्दन है, न गृह है और न फूलो से सेज की रचना (की हुई) है; **आछे... आँका**—केवल पख है और घोर अंधकार से अंकित विस्तृत फैला हुआ आकाश का आगन है, उस अधकार मे उषा किस दिशा मे है इसका पता नही चलता।

**भ्रष्ट**—नष्ट, **लग्न**—शुभ अवसर, **शयन . सबे**—शय्या के सिरहाने अभी अभी प्रदीप बुझा है, **जागिया .रवे**—भोर के कोकिल की आवाज से जाग उठी हूँ; **अलस ..एसे**—वातायन पर अलस चरणो से आ कर बैठी हूँ, **नूतन ... .केशे**—शिथिल केशों मे नवीन माला पहन ली है; **एमन.... राजरथे**—ऐसे समय लाल धूसर पथ पर तरुण पथिक राजरथ पर दिखाई पड़ा;

सोनार मुकुटे पड़ेछे उषार आलो,
मुकुतार माला गलाय सेजेछे भालो।
शुधालो कातरे 'से कोथाय' 'से कोथाय'
व्यग्रचरणे आमारि दुयारे नामि—
शरमे मरिया बलिते नारिनु हाय,
'नवीन पथिक, से ये आमि, सेइ आमि।'

गोधूलिबेलाय तखनो ज्वाले नि दीप,
परितेछिलाम कपाले सोनार टिप।
कनकमुकुर हाते लये वातायने
बाँधितेछिलाम कबरी आपन-मने।
हेनकाले एल सन्ध्याधूसर पथे
करुणनयन तरुण पथिक रथे।
फेनाय घर्मे आकुल अश्वगुलि,
वसने भूषणे भरिया गियाछे धूलि।
शुधालो कातरे 'से कोथाय' 'से कोथाय'
क्लान्त चरणे आमारि दुयारे नामि—
शरमे मरिया बलिते नारिनु हाय,
'श्रान्त पथिक, से ये आमि, सेइ आमि।'

---

**सोनार. .आलो**—(उसके) सोने के मुकुट पर उषा का प्रकाश पडा है; **मुकुतार.. भालो**—मुक्ता की माला उसके गले मे सुन्दर लगती है; **शुधालो ... नामि**—व्यग्र चरणो से मेरे ही दरवाजे पर आ कर कातर स्वर मे उसने पूछा, 'वह कहाँ है, वह कहाँ है', **शरमे आमि**—हाय, शरम से मर गई (और) बोल नही सकी कि 'नवीन पथिक, वह मै हूँ, वह मै ही हूँ'।

**गोधूलिबेलाय.. टिप**—गोधूलि-बेला (थी) तब तक दीप भी नहीं जले थे, मै ललाट पर सोने की बिन्दी लगा रही थी, **कनक मने**—सोने का दर्पण हाथ मे ले कर वातायन (खिडकी) पर अपने मे भूली कबरी (जूडा) बाँध रही थी; **हेनकाले ..रथे**—ऐसे समय सन्ध्या-धूसर पथ पर रथ पर (बैठा) करुण-नयन तरुण पथिक आया, **फेनाय .... अश्वगुलि**—घोडे पसीने से लथपथ व्याकुल है; **वसने .. .धूलि**—(उस पथिक के) वस्त्र, भूषण धूल से भर गए है।

फागुनयामिनी, प्रदीप ज्वलिछे घरे,
दखिन बातास मरिछे बुकेर 'परे।
सोनार खाँचाय घुमाय मुखरा शारि,
दुयारसमुखे घुमाये पड़ेछे द्वारी।
धूपेर धोँयाय धूसर वासरगेह,
अगुरुगन्धे आकुल सकल देह।
मयूरकण्ठि परेछि काँचलखानि
दूर्वाश्यामल आँचल वक्षे टानि।
रयेछि विजन राजपथ-पाने चाहि,
वातायनतले बसेछि धुलाय नामि—
त्रियामा यामिनी एका बसे गान गाहि,
'हताश पथिक, से ये आमि, सेइ आमि।'

२० मई १८९७ 'कल्पना'

---

**प्रदीप. .. घरे**—घर मे दीप जल रहा है; **दखिन......परे**—दक्षिण पवन (मेरी) छाती पर आ कर लुप्त हो जाता है, **सोनार..... शारि**—सोने के पिंजडे में मुखरा शारिका सो रही है; **दुयार. द्वारी**—दरवाजे के सामने द्वारपाल सो गया है; **धूपेर .. गेह**—धूप के धुआँ से वासर गृह (वह घर जिसमे सुहाग रात बिताई जाती है) धूसरित है, **अगुरु ......देह**—अगुरु के गन्ध से मेरे सकल अंग आकुल है; **मयूर.... .खानि**—मयूर-कण्ठी (चित्र-विचित्र रंगोंवाली) कंचुली (चोली) पहने हुई हूँ; **दूर्वाश्यामल . . टानि**—दूर्वा के समान श्यामल रंग के अचल को वक्ष पर खीच कर; **रयेछि. ....चाहि**—विजन राजपथ की ओर देख रही हूँ; **वातायनतले... नामि**—वातायन के नीचे धूलि पर उतर कर बैठी हुई हूँ; **त्रियामा .....गाहि**—रात्रि मे अकेली बैठी हुई गान गाती हूँ।

## स्वप्न

दूरे बहुदूरे
स्वप्नलोके उज्जयिनीपुरे
खुँजिते गेछिनु कबे शिप्रानदीपारे
मोर पूर्वजनमेर प्रथमा प्रियारे।
मुखे तार लोध्ररेणु, लीलापद्म हाते,
कर्णमूले कुन्दकलि, कुरुबक माथे,
तनु देहे रक्ताम्बर नीवीबन्धे बाँधा,
चरणे नूपुरखानि बाजे आधा-आधा।
वसन्तेर दिने
फिरेछिनु बहुदूरे पथ चिने चिने ।।

महाकाल-मन्दिरेर माझे
तखन गम्भीरमन्द्रे सन्ध्यारति बाजे।
जनशून्य पण्यवीथि, ऊर्ध्वे याय देखा
अन्धकार हर्म्य-'परे सन्ध्यारश्मिरेखा ।।

प्रियार भवन
बकिम संकीर्ण पथे दुर्गम निर्जन।
द्वारे आँका शङ्खचक्र, तारि दुइ धारे
दुटि शिशु नीपतरु पुत्रस्नेहे बाडे।

---

**खुँजिते.. .प्रियारे**—अपने पूर्वजन्म की प्रथमा प्रिया को शिप्रा नदी के पार (मैं) खोजने कभी गया था; **मुखे तार**—उसके मुख मे; **हाते**—हाथ मे; **कुरुबक**—कुर्बक (झिंटी का फूल); **फिरेछिनु**–फिरा था; **चिने चिने**—पहचान पहचान कर।

**तखन**—उस समय; **द्वारे**—द्वार पर; **आँका**—अंकित; **तारि.. ...बाड़े**—उसीके दोनों ओर दो शिशु (छोटे) कदम्ब वृक्ष पुत्र के जैसा स्नेह पा कर बढ रहे है।

तोरणेर श्वेतस्तम्भ-'परे
सिहेर गम्भीर मूर्ति बसि दम्भभरे ।।

प्रियार कपोतगुलि फिरे एल घरे,
मयूर निद्राय मग्न स्वर्णदण्ड-'परे ।
हेनकाले हाते दीपशिखा
धीरे धीरे नामि एल मोर मालविका ।
देखा दिल द्वारप्रान्ते सोपानेर 'परे
सन्ध्यार लक्ष्मीर मतो सन्ध्यातारा करे ।
अङ्गेर कुकुमगन्ध केशधूपवास
फेलिल सर्वाङ्गे मोर उतला निश्वास ।
प्रकाशिल अर्धच्युत वसन-अन्तरे
चन्दनेर पत्रलेखा वाम पयोधरे ।
दाँड़ाइल प्रतिमार प्राय
नगरगुञ्जनक्षान्त निस्तब्ध सन्ध्याय ।।

मोरे हेरि प्रिया
धीरे धीरे दीपखानि द्वारे नामाइया
आइल सम्मुखे—मोर हस्ते हस्त राखि
नीरवे शुधालो शुधु, सकरुण आँखि,

---

**प्रियार. ... घरे**—प्रिया के कपोत घर लौट आए, **हेनकाले**—ऐसे समय; **नामि एल**—उतर आई, **मोर**—मेरी; **देखा..... करे**—दरवाजे के किनारे सीढियो पर सन्ध्या-तारा (दीप) हाथ मे लिए हुए सन्ध्या-लक्ष्मी के समान (मेरी प्रिया) दिखाई पडी; **फेलिल. ...निश्वास**—मेरे सर्वाङ्ग पर आकुल निश्वास फेका, **प्रकाशिल. ....पयोधरे**—अधखुले वस्त्रो के भीतर वाम पयोधर पर चन्दन से अंकित चित्र दिखाई पडा; **दाँड़ाइल.... . प्राय**—(आ कर) प्रतिमा-जैसी वह खड़ी हुई; **क्षान्त**—शान्त, बन्द ।

**हेरि**—देख कर, **नामाइया**—नीचे रख कर; **शुधालो शुधु**—केवल पूछा;

'हे बन्धु, आछ तो भालो ?' मुखे तार चाहि
कथा बलिबारे गेनु, कथा आर नाहि।
से भाषा भुलिया गेछि। नाम दोँहाकार
दुजने भाबिनु कत, मने नाहि आर।
दुजने भाबिनु कत चाहि दोँहा-पाने,
अझोरे झरिल अश्रु निस्पन्द नयाने।।

दुजने भाबिनु कत द्वारतरुतले!
नाहि जानि कखन् की छले
सुकोमल हातखानि लुकाइल आसि
आमार दक्षिणकरे कुलायप्रत्याशी
सन्ध्यार पाखिर मतो। मुखखानि तार
नतवृन्त पद्म-सम ए वक्षे आमार
नमिया पड़िल धीरे। व्याकुल उदास
नि:शब्दे मिलिल आसि निश्वासे निश्वास।।

रजनीर अन्धकार
उज्जयिनी करि दिल लुप्त एकाकार।

---

**आछ तो भालो**—अच्छे हो तो, **मुखे ...आर**—उसके मुख की ओर देख कर कुछ कहना चाहा लेकिन कुछ कह नही सका; **से.. ...गेछि**—वह भाषा भूल गया हूँ; **नाम . ...आर**—दोनो ने दोनो का नाम कितनी बार याद करना चाहा लेकिन याद नही आया; **दुजने . पाने**—दोनो ने दोनों की ओर देख न-जाने कितना क्या सोचा; **अझोरे**—झर झर, अजस्र, **नयाने**—नयनो से।

**दुजने. ....तले**—द्वार-वृक्ष के नीचे दोनो ने न-जाने कितना-क्या सोचा; **नाहि..... मतो**—नही जानता कब, कैसे (प्रिया के) सुकोमल हाथ नीड में लौटने वाले सन्ध्या कालीन पक्षी के समान मेरे दाहिने हाथ मे आ छिपे; **मुख धीरे**—झुके हुए वृन्त पर कमल के समान उसका मुख धीरे-से मेरे वक्ष पर आ झुका; **मिलिल... ..निश्वासे**—निश्वास, निश्वास मे आ कर मिल गए।

**रजनीर . . एकाकार**—रात्रि के अन्धकार ने उज्जयिनी को लुप्त कर एकाकार कर दिया;

दीप द्वारपाशे
कखन निबिया गेल दुरन्त बातासे ।
शिप्रानदीतीरे
आरति थामिया गेल शिवेर मन्दिरे ।।

२२ मई १८९७ 'कल्पना'

## मदनभस्मेर पर

पञ्चशरे दग्ध करे करेछ एकि, सन्यासी,
विश्वमय दियेछ तारे छडाये ।
व्याकुलतर वेदना तार बातासे उठे निश्वासि,
अश्रु तार आकाशे पड़े गड़ाये ।
भरिया उठे निखिल भव रतिविलापसंगीते,
सकल दिक काँदिया उठे आपनि ।
फागुन मासे निमेष-माझे ना जानि कार इङ्गिते
शिहरि उठि मुरछि पड़े अवनी ।।

आजिके ताइ बुझिते नारि किसेर बाजे यन्त्रणा
हृदयवीणा-यन्त्रे महापुलके,

---

**दीप.. ...बातासे**—प्रबल हवा (के झोके) से दरवाजे का दीप कब बुझ गया; **आरति.....गेल**—आरती थम गई ।

**मदनभस्मेर पर**—कामदेव के भस्म होने के बाद, **पञ्चशरे.. ..एकि**—पञ्चशर को भस्म कर यह क्या किया ; **विश्वमय......छड़ाये**—समस्त विश्व मे उसे व्याप्त कर दिया ; **व्याकुलतर......निश्वासि**—उसकी अत्यन्त व्याकुल वेदना (जैसे) हवा मे निश्वास छोडती है; **अश्रु......गड़ाये**—उसके अश्रु आकाश मे प्रवाहित होते है; **भरिया उठे**—भर उठता है, **सकल....आपनि**—सभी दिशाएँ अपने-आप क्रन्दन कर उठती है; **फागुन मासे. .अवनी**—फाल्गुन मास मे क्षण-भर मे न-जाने किसकी इगित पर धरती सिहर कर मूच्छित हो पडती है ।

**आजिके.... .. महापुलके**—इसीलिये आज समझ नही पाता कि अत्यन्त पुलकित हो कर हृदय-वीणा-यन्त्र में किसकी वेदना ध्वनित हो रही है;

तरुणी बसि भाबिया मरे की देय तारे मन्त्रणा
मिलिया सबे द्युलोके आर भूलोके।
की कथा उठे मर्मरिया बकुलतरुपल्लवे,
भ्रमर उठे गुञ्जरिया की भाषा !
ऊर्ध्वमुखे सूर्यमुखी स्मरिछे कोन् वल्लभे,
निर्झरिणी बहिछे कोन् पिपासा॥

वसन कार देखिते पाइ ज्योत्स्नालोके लुण्ठित,
नयन कार नीरव नील गगने !
वदन कार देखिते पाइ किरणे अवगुण्ठित,
चरण कार कोमल तृणशयने !
परश कार पुष्पबासे परान मन उल्लासि
हृदये उठे लतार मतो जड़ाये—
पञ्चशरे भस्म करे करेछ एकि संन्यासी,
विश्वमय दियेछ तारे छड़ाये॥

२५ मई १८९७ 'कल्पना'

---

**तरुणी......भूलोके**—तरुणी बैठी सोच सोच मर रही है, आकाश और पृथ्वी में सभी मिल उसे क्या समझावे; **की कथा..... पल्लवे**—बकुल वृक्ष के पल्लवो में कौन-सी बात मर्मर कर उठती है; **भ्रमर .. भाषा**—भ्रमर कौन-सी भाषा गुञ्जार करता है, **ऊर्ध्वमुखे. . .वल्लभे**—ऊर्ध्वमुख सूर्यमुखी (का फूल) किस प्रियतम को याद कर रही है; **निर्झरिणी.. पिपासा**—नदी कौन-सी पिपासा ले कर बह रही है।

**वसन .. लुण्ठित**—किसके वस्त्र को चाँदनी के आलोक मे पडा हुआ देखता हूँ; **नयन.. .गगने**—नीरव नीले आकाश मे किसकी आँखे (दीख रही है), **वदन ......अवगुण्ठित**—किसके चेहरे को किरणो के घूघट मे छिपा हुआ देखता हूँ; **कार**—किसका; **परश. ....जड़ाये**—फूलो के गन्ध में किसका स्पर्श प्राण-मन को उल्लसित कर हृदय मे लता के समान लिपट जाता है।

# देवतार ग्रास

ग्रामे ग्रामे सेइ वार्ता रटि गेल क्रमे—
मैत्रमहाशय याबे सागरसगमे
तीर्थस्नान लागि। सङ्गीदल गेल जुटि
कत बालवृद्ध नरनारी, नौका दुटि
प्रस्तुत हइल घाटे ।।

पुण्यलोभातुर
मोक्षदा कहिल आसि, 'हे दादाठाकुर,
आमि तव हब साथि।' विधवा युवती,
दुखानि करुण आँखि माने ना युकति,
केवल मिनति करे—अनुरोध तार
एड़ानो कठिन बड़ो। 'स्थान कोथा आर'
मैत्र कहिलेन तारे। 'पाये धरि तव'
विधवा कहिल काँदि, 'स्थान करि लब
कोनोमते एक धारे।' भिजे गेल मन,
तबु द्विधाभरे तारे शुधालो ब्राह्मण,

---

**सेइ ... क्रमे**—यह बात धीरे धीरे फैल गई; **मैत्र**—(ब्राह्मणो की एक उपाधि); **याबे**—जाएगे; **लागि**—निमित्त, के लिये, **गेल जुटि**—जुट गया; **कत**—कितने; **दुटि**—दो; **हइल**—हुई।

**कहिल आसि**—आ कर बोली; **आमि. ..साथि**—मै तुम्हारा साथी होऊँगी (तुम्हारे साथ जाऊँगी); **दुखानि ...आँखि**—दो करुण आँखे, **माने. ....युकति**—कोई युक्ति नही मानती, **अनुरोध .. बड़ो**—उसके अनुरोध को अमान्य करना अत्यन्त कठिन है; **स्थान ... तारे**—मैत्र महाशय ने उससे कहा, 'जगह अब कहाँ है'; **पाये.. .एकधारे**—विधवा ने रो कर कहा, 'आपके पैरो पडती हुँ, एक ओर किसी प्रकार स्थान कर लूगी, **भिजे . मन**—मन भीग गया (द्रवित हो गया); **तबु.....तबे**—तौभी द्विधा-पूर्वक ब्राह्मण ने उससे पूछा, 'नाबालिग बच्चे का तब क्या करोगी';

'नाबालक छेलेटिर की करिबे तबे ?'
उत्तर करिल नारी, 'राखाल ? से रबे
आपन मासिर काछे। तार जन्म-परे
बहुदिन भुगेछिनु सूतिकार ज्वरे,
बाँचिब छिल ना आशा; अन्नदा तखन
आपन शिशुर साथे दिये तारे स्तन
मानुष करेछे यत्ने—सेइ हते छेले
मासिर आदरे आछे मार कोल फेले।
दुरन्त माने ना कारे, करिले शासन
मासि आसि अश्रुजले भरिया नयन
कोले तारे टेने लय। से थाकिबे सुखे
मार चेये आपनार मासिमार बुके।'

सम्मत हइल विप्र। मोक्षदा सत्वर
प्रस्तुत हइल बाँधि जिनिस-पत्तर,
प्रणमिया गुरुजने, सखीदलबले
भासाइया बिदायेर शोक-अश्रुजले।

---

**उत्तर......काछे**—स्त्री ने उत्तर दिया, 'राखाल ? वह अपनी मौसी के पास रहेगा; **तार..... ज्वरे**—उसके जन्म के बाद बहुत दिनो तक सूतिका-ज्वर से पीडित रही; **बाँचिब... .आशा**—आशा नही थी कि बचूगी; **अन्नदा ..... यत्ने**—तब अन्नदा ने अपने बच्चे के साथ उसे स्तन दे कर (दूध पिला कर) बडे स्नेह से उसे बड़ा किया; **सेइ. . . .फेले**—उसी समय से (वह) माँ की गोद छोड कर मौसी के स्नेह का पात्र है; **दुरन्त. ..कारे**—(यह) ऊधमी किसी की बात नही मानता; **करिले......लय**—दण्ड देने पर मौसी आ कर आँखों मे आँसू भर उसे गोद मे खीच लेती है; **से. ...बुके**—माँ से अधिक अपनी मौसी की छाती से लग वह आनन्द से रहेगा।'

**सम्मत .. विप्र**—ब्राह्मण मान गए; **प्रस्तुत.. ..पत्तर**—सामान आदि बाँध कर शीघ्र तैयार हुई; **प्रणमिया**—प्रणाम कर; **गुरुजने**—गुरुजनो को; **सखीदलबले**—सखियो को; **भासाइया**—बहा कर; **बिदायेर**—बिदाई के;

१०

घाटे आसि देखे, सेथा आगेभागे छुटि
राखाल बसिया आछे तरी-'परे उठि
निश्चिन्त नीरवे। 'तुइ हेथा केन ओरे'
मा शुधालो; से कहिल, 'याइब सागरे।'
'याइबि सागरे! आरे, ओरे दस्यु छेले,
नेमे आय।' पुनराय दृढ चक्षु मेले
से कहिल दुटि कथा, 'याइब सागरे।'
यत तार बाहु धरि टानाटानि करे
रहिल से तरणी आँकड़ि। अवशेषे
ब्राह्मण करुण स्नेहे कहिलेन हेसे,
'थाक्, थाक्, सङ्गे याक।' मा रागिया बले,
'चल् तोरे दिये आसि सागरेर जले।'
येमनि से कथा गेल आपनार काने
अमनि मायेर वक्ष अनुतापबाणे
बिँधिया काँदिया उठे। मुदिया नयन
'नारायण नारायण' करिल स्मरण।
पुत्रे निल कोले तुलि, तार सर्वदेहे
करुण कल्याणहस्त बुलाइल स्नेहे।

---

**घाटे . नीरवे**—घाट पर आ कर देखती है कि वहाँ पहले से ही भाग कर राखाल नाव पर चढ कर चुपचाप बैठा है; **तुइ . . शुधालो**—माँ ने पूछा तू यहाँ क्यों रे, **से. . . सागरे**—वह बोला सागर (गगा सागर) जाऊँगा; **याइबि**—जायगा; **ओरे. .. आय**—अरे दुष्ट, पाजी लडके नीचे उतर आ, **पुनराय**—फिर; **मेले**—खोल कर; **दुटि कथा**—दो बाते (शब्द); **यतबार..... .आँकड़ि**—जितनी बार हाथ पकड कर खीचती, वह नौका से जकड जाता; **अवशेषे**—अन्त मे; **कहिलेन हेसे**—हँस कर बोले; **थाक्. .. याक**—ठहरो, ठहरो, जाय (हमलोगो के)साथ; **मा.. . बले**—माँ क्रोध कर बोली; **चल्......जले**—चल तुझे सागर के जल मे दे आऊँ, **येमनि . . .काने**—जैसे ही वे शब्द (उसके) अपने कानों मे गए; **अमनि. .उठे**—वेसै ही माँ की छाती अनुताप के बाण से बिंध कर क्रन्दन कर उठी; **मुदिया.. स्मरण**—आँखे मूंद कर 'नारायण' स्मरण किया; **पुत्रे. . तुलि**—पुत्र को गोद में खीच लिया; **तार**—उसके; **सर्वदेहे**—सम्पूर्ण शरीर पर; **बुलाइल**—फेरा;

मैत्र तारे डाकि धीरे चुपिचुपि कय,
'छि छि छि, एमन कथा बलिबार नय।'

राखाल याइबे साथे स्थिर हल कथा—
अन्नदा लोकेर मुखे शुनि से बारता
छुटे आसि बले, 'बाछा, कोथा याबि ओरे!'
राखाल कहिल हासि, 'चलिनु सागरे,
आबार फिरिब, मासि।' पागलेर प्राय
अन्नदा कहिल डाकि, 'ठाकुरमशाय,
बड़ो ये दुरन्त छेले राखाल आमार,
के ताहारे सामालिबे! जन्म हते तार
मासि छेड़े बेशिक्षण थाकेनि कोथाओ;
कोथा एरे निये याबे, फिरे दिये याओ।'
राखाल कहिल, 'मासि, याइब सागरे,
आबार फिरिब आमि।' विप्र स्नेहभरे
कहिलेन, 'यतक्षण आमि आछि भाइ,
तोमार राखाल लागि कोनो भय नाइ।

---

**मैत्र . कय**—मैत्र उसे धीरे से पुकार चुप-चाप बोले; **एमन ..नय**—ऐसी बात नही कही जाती।

**राखाल कथा**—राखाल साथ जायगा (यह) बात स्थिर हुई, **लोकेर . बारता**—लोगो के मुँह से यह बात सुन कर, **छुटे आसि बले**—दौडी हुई आ कर बोली; **बाछा . . . ओरे**—बेटा, अरे कहाँ जाएगा; **हासि**—हँस कर, **चलिनु . ...मासि**—सागर चला, फिर लौट कर आऊँगा मौसी; **पागलेर प्राय**—पागल जैसी, **कहिल डाकि**—पुकारती हुई बोली; **बड़ो.. .सामालिबे**—मेरा राखाल बहुत ही चचल लडका है, कौन उसे सँभालेगा, **जन्म.. .कोथाओ**—जन्म से अपनी मौसी को छोड कही भी अधिक समय नही रहा; **कोथा . .. याओ**—इसे कहाँ ले जाओगे, (इसे) लौटा कर देते जाओ; **कहिलेन**—बोले; **यतक्षण.. आछि**—जब तक मै हूँ, **तोमार. .नाइ**—तुम्हारे राखाल को कोई भय नही,

एखन शीतेर दिन, शान्त नदीनद,
अनेक यात्रीर मेला, पथेर विपद
किछु नाइ, यातायाते मास-दुइ काल—
तोमारे फिराये दिब तोमार राखाल।'

शुभक्षणे दुर्गा स्मरि नौका दिल छाड़ि।
दाँड़ाये रहिल घाटे यत कुलनारी
अश्रुचोखे। हेमन्तेर प्रभातशिशिरे
छलछल करे ग्राम चूर्णीनदीतीरे।।

यात्रीदल फिरे आसे; साङ्ग हल मेला,
तरणी तीरेते बाँधा अपराह्णबेला
जोयारेर आशे। कौतूहल अवसान,
काँदितेछे राखालेर गृहगत प्राण
मासिर कोलेर लागि। जल शुधु जल
देखे देखे चित्त तार हयेछे विकल।
मसृण चिक्कण कृष्ण कुटिल निष्ठुर,
लोलुप लेलिहजिह्व सर्पसम क्रूर
खल जल छल-भरा, तुलि लक्ष फणा
फुँसिछे गर्जिछे नित्य करिछे कामना

---

**एखन**—अभी, **शीतेर दिन**—जाडे के दिन, **मेला**—भीड; **यातायाते**—आने-जाने मे; **दुइ**—दो, **तोमारे.......राखाल**—तुम्हे तुम्हारे राखाल को लौटा दूँगा।

**स्मरि**—स्मरण कर; **दिल छाड़ि**—छोड दिया; **दाँड़ाये .... चोखे**—आँखों मे आँसू भरे जितनी कुलस्त्रियाँ थी घाट पर खडी रही; **शिशिरे**—ओस कण।

**यात्रीदल.. ..आसे**—यात्रीदल लौट आया; **साङ्ग . ..मेला**—मेला समाप्त हुआ; **तीरेते बाँधा**—तीर पर बँधी हुई; **जोयारेर आशे**—ज्वार की आशा मे; **अवसान**—खतम हो गया; **काँदितेछे... ...प्राण**—घर की ओर लगे हुए राखाल के प्राण रो उठे है, **मासिर.... लागि**—मौसी की गोद के लिये; **शुधु**—केवल; **तार**—उसका; **हयेछे**—हुआ है; **तुलि**—उठा कर; **फुँसिछे**—फों फो

मृत्तिकार शिशुदेर, लालायित मुख।
हे माटि, हे स्नेहमयी, अयि मौनमूक,
अयि स्थिर, अयि ध्रुव, अयि पुरातन,
सर्व-उपद्रवसहा आनन्दभवन
श्यामलकोमला, येथा ये-केहइ थाके
अदृश्य दु बाहु मेलि टानिछ ताहाके
अहरह, अयि मुग्धे, की विपुल टाने
दिगन्तविस्तृत तव शान्त वक्ष-पाने !

चंचल बालक आसि प्रति क्षणे क्षणे
अधीर उत्सुक कण्ठे शुधाय ब्राह्मणे,
'ठाकुर, कखन् आजि आसिबे जोयार ?'

सहसा स्तिमित जले आवेगसञ्चार
दुइ कूल चेताइल आशार संवादे।
फिरिल तरीर मुख, मृदु आर्तनादे
काछिते पड़िल टान, कलशब्दगीते
सिन्धुर विजयरथ पशिल नदीते—

(साँप का शब्द) कर रहा है, **मृत्तिकार शिशुदेर**—मिट्टी के शिशुओका; **लालायित**—लुब्ध; **माटि**—माटी, मिट्टी; **येथा ... अहरह**—जो कोई जहाँ भी हो (अपनी) अदृश्य दोनो बाहे खोल कर उसे रातदिन खीचती हो; **की . टाने**—किस प्रबल आकर्षण से; **दिगन्त......पाने**—दिगन्त मे फैली हुई अपनी शान्त छाती की ओर।

**आसि**—आ कर; **शुधाय ब्राह्मणे**—ब्राह्मण से पूछता है; **ठाकुर. ... जोयार**—ठाकुर (देवता), आज कब ज्वार आएगा; **स्तिमित**—स्थिर, निश्चल; **दुइ कूल**—दोनो किनारों को; **चेताइल.. ...संवादे**—आशा के संवाद से चैतन्य किया ( जगा दिया ); **फिरिल मुख**—नौका का मुँह घूमा; **काछिते. ...... टान**—मोटी रस्सी पर खिचाव पडा; **पशिल**—प्रवेश किया;

आसिल जोयार। माझि देवतारे स्मरि
त्वरित उत्तरमुखे खुले दिल तरी।
राखाल शुधाय आसि ब्राह्मणेर काछे,
'देशे पँहुछिते आर कतदिन आछे?'

सूर्य अस्त ना जाइते, क्रोश दुइ छेड़े,
उत्तरवायुर वेग क्रमे उठे बेड़े।
रूपनारानेर मुखे पड़ि बालुचर
संकीर्ण नदीर पथे बाधिल समर
जोयारेर स्रोते आर उत्तरसमीरे
उत्ताल उद्दाम। 'तरणी भिडाओ तीरे'
उच्चकण्ठे बारम्बार कहे यात्रीदल।
कोथा तीर! चारिदिके क्षिप्तोन्मत्त जल
आपनार रुद्रनृत्ये देय करतालि
लक्ष लक्ष हाते। आकाशेरे देय गालि
फेनिल आक्रोशे। एक दिके याय देखा
अतिदूर तीरप्रान्ते नील वनरेखा—
अन्य दिके लुब्ध क्षुब्ध हिंस्र वारिराशि
प्रशान्त सूर्यास्त-पाने उठिछे उच्छ्वासि

---

**आसिल जोयार**—ज्वार आया; **माझि . तरी**—देवता का स्मरण कर माँझी शीघ्र उत्तर की ओर नौका को खोल दिया, **राखाल. .. .आछे**—राखाल ने ब्राह्मण के पास आ कर पूछा, 'देश पहुँचने को और कितने दिन है?'

**सूर्य ....बेड़े**—सूर्य के अस्त जाते-न-जाते दो कोस आने पर हवा का वेग क्रमश. बढने लगा, **रूपनारान**—रूपनारायण एक सकीर्ण नदी है। समुद्र मे ज्वार आने पर यह नदी जल से भर जाती है और नौका आदि के लिये बडी भयंकर हो जाती है, **बालुचर**—नदी के बीच मे बालू का बना हुआ स्थलभाग; **संकीर्ण. ....समीरे**—सकीर्ण नदी के पथ में ज्वार के स्रोत और उत्तरी हवा मे युद्ध छिड गया; **तरणी ... तीरे**—नौका किनारे लगाओ, **कोथा**—कहाँ; **देय.. ..हाते**—(अपने) लक्ष-लक्ष हाथो से ताली बजाता है, **आकाशेरे. आक्रोशे**—फेनिल आक्रोश से आकाश को गाली देता है; **याय देखा**—दिखाई पडता है; **पाने**—ओर;

उद्धत विद्रोहभरे। नाहि माने हाल,
घुरे टलमल तरी अशान्त माताल
मूढ़सम। तीव्र शीतपवनेर सने
मिशिया त्रासेर हिम नरनारीगणे
काँपाइछे थरहरि। केह हतवाक्
केह-वा क्रन्दन करे छाड़ि ऊर्ध्वडाक
डाकि आत्मजने। मैत्र शुष्क पाशुमुखे
चक्षु मुदि करे जप। जननीर बुके
राखाल लुकाये मुख काँपिछे नीरवे।
तखन विपन्न माझि डाकि कहे सबे,
'बाबारे दियेछे फाँकि तोमादेर केउ,
या मेनेछे देय नाइ, ताइ एत ढेउ—
असमये ए तुफान। शुन एइ बेला,
करह मानत रक्षा, करियो ना खेला
क्रुद्ध देवतार सने।' यार यत छिल
अर्थ वस्त्र याहा-किछु जले फेलि दिल

---

**नाहि . ..हाल**—पतवार नही मानती (पतवार से नियन्त्रण मे नही आती), **घुरे... सम**—बेसुध मद्यप के समान टलमल करती हुई अशान्त नौका घूमती है, **तीव्र . थरहरी**—तीव्र ठढी हवा के साथ मिल कर भय का जाडा पुरुष-स्त्री को थर थर कँपा रहा है, **केह हतवाक्**—कोई तो हतवाक् (मुँह से बोली नही निकलती) है, **केह-वा. जने**—और कोई आत्मीय स्वजनो को ऊपर की ओर पुकारता हुआ क्रन्दन करता है; **मैत्र. जप**—मैत्र का मुख सूखा हुआ पीला पड़ा है, (वे) आँखे बन्द कर जप करते हैं, **जननीर......नीरवे**—माता की छाती मे मुँह छिपा कर राखाल नीरव काँप रहा है; **तखन. .तुफान**—तभी विपन्न माझी सबो को पुकार कर कहता है, 'तुमलोगो मे से किसीने धोखा दिया है, जो मनौती की थी उसे दिया नही है इसीलिये इतनी लहरे (उठ रही है) और यह असमय तूफान आया है।', **शुन. . .सने**—(अब) इस बार सुनो, मानत (मनौती) की रक्षा करो, क्रुद्ध देवता से खिलवाड न करो; **यार. . ..विचार**—जिसके पास जितना कुछ धन, वस्त्र

ना करि विचार। तबु, तखनि पलके
तरीते उठिल जल दारुण झलके।
माझि कहे पुनर्वार, 'देवतार धन
के याय फिराये लये, एइ बेला शोन्।'
ब्राह्मण सहसा उठि कहिला तखनि
मोक्षदारे लक्ष्य करि, 'एइ से रमणी
देवतारे सँपि दिया आपनार छेले
चुरि करे निये याय।' 'दाओ तारे फेले'
एकवाक्ये गर्जि उठे तरासे निष्ठुर
यात्री सबे। कहे नारी, 'हे दादाठाकुर,
रक्षा करो, रक्षा करो।' दुइ दृढ करे
राखालेरे प्राणपणे वक्षे चापि धरे॥

भर्त्सिया गर्जिया उठि कहिला ब्राह्मण,
'आमि तोर रक्षाकर्ता! रोषे निश्चेतन
मा हये आपन पुत्र दिलि देवतारे,
शेषकाले आमि रक्षा करिब ताहारे!

---

था बिना विचार किए जल मे फेक दिया; **तबु**—तौभी; **तखनि पलके**—उसी क्षण; **माझि... शोन्**—माँझी फिर कहता है कि, 'इस बार सुनो, देवता के धन को कौन लौटाये लिये जाता है'; **उठि**—उठ कर; **कहिला**—कहा, **तखनि**—उसी समय; **मोक्षदारे ..करि**—मोक्षदा को लक्ष्य कर; **एइ ...याय**—यही वह रमणी है, देवता को सौप देने पर भी अपने पुत्र को चुरा कर लिए जा रही है; **दाओ.....फेले**—उसे फेंक दो; **तरासे निष्ठुर**—भय से निष्ठुर (बने हुए); **कहे नारी**—स्त्री ने कहा; **दुइ......धरे**—दोनो हाथो से दृढतापूर्वक राखाल को प्राणपण (अपनी) छाती से दबा कर पकडे रहती है।

**भर्त्सिया**—भर्त्सना करते हुए; **रोषे निश्चेतन**—क्रोध से बेसुध हो कर; **मा.....ताहारे**—माँ हो कर तूने अपने पुत्र को देवता को दिया (और) अन्त मे मै उसकी रक्षा करूँगा;

शोध् देवतार ऋण, सत्य भङ्ग क'रे
एतगुलि प्राणी डुबाबि सागरे !'

मोक्षदा कहिल, 'अति मूर्ख नारी आमि,
की बलेछि रोषवशे ओगो अन्तर्यामी,
सेइ सत्य हल ? से ये मिथ्या कतदूर
तखनि शुने कि तुमि बोझनि, ठाकुर !
शुधु कि मुखेर वाक्य शुनेछ, देवता !
शोन नि कि जननीर अन्तरेर कथा !'

बलिते बलिते यत मिलि माझि-दाँड़ि
बल करि राखालेरे निल छिँड़ि काड़ि
मार वक्ष हते। मैत्र मुदि दुइ आँखि
फिराये रहिल मुख काने हात ढाकि
दन्ते दन्त चापि बले। के तॉरे सहसा
मर्मे मर्मे आघातिल विद्युतेर कशा—
दंशिल वृश्चिकदश। 'मासि, मासि, मासि'
बिन्धिल वह्निर शला रुद्ध कर्णे आसि

---

**शोध् .. ऋण**—देवता के ऋण को चुका, **सत्य .. सागरे**—प्रतिज्ञा तोड कर इतने प्राणियो को सागर मे डुबाएगी।

**मोक्षदा. .हल**—मोक्षदा ने कहा, 'मै अत्यन्त मूर्ख नारी हूँ, हे अन्तर्यामी, क्रोधवश जो कहा, क्या वही सत्य हुआ'; **से .ठाकुर**—वह कितना अधिक मिथ्या है उसे उस समय सुन कर क्या तुमने समझा नही, देवता; **शुधु .... कथा**—क्या (तुमने) केवल मुख का वाक्य ही सुना है, देवता; जननी के अन्तर के शब्दो को नही सुना।

**बलिते .. हते**—बोलते-न-बोलते जितने मॉझी और गुन (रस्सी) खीचने वाले सभीने मिल कर मॉ के हृदय से बलपूर्वक राखाल को खीच लिया; **मैत्र ...बले**—दोनो ऑखे मूँद कर, कानो को हाथ से ढँक तथा जोर से दाँतों पर दॉत दबा कर मैत्र मुँह फ़िराए हुए रहे; **तॉरे**—उन्हे, **मर्मे**—मर्म मे; **आघातिल**—आघात किया; **कशा**—चाबुक; **दंशिल**—दंशन किया, **मासि**—मौसी; **बिन्धिल ..डाक**—निरुपाय अनाथ की अन्तिम पुकार रुद्ध कानो मे आ कर वह्नि-शलाका की तरह

निरुपाय अनाथेर अन्तिमेर डाक।
चित्कारि उठिल विप्र, 'राख्! राख्! राख्!'
चकिते हेरिल चाहि मूर्छि आछे पड़े
मोक्षदा चरणे तॉर। मुहूर्तेर तरे
फुटन्त तरङ्ग-माझे मेलि आर्त चोख
'मासि' बलि फुकारिया मिलालो बालक
अनन्ततिमिरतले। शुधु क्षीण मुठि
बारेक व्याकुल बले ऊर्ध्व-पाने उठि
आकाशे आश्रय खुँजि डुबिल हताशे।।

'फिराये आनिब तोरे'—कहि ऊर्ध्वश्वासे
ब्राह्मण मुहूर्त-माझे झॉप दिल जले।
आर उठिल ना। सूर्य गेल अस्ताचले।।

२९ अक्टूबर १८९७ 'कथा ओ काहिनी'

---

बिंध गई; **चकिते . . .तॉर**—क्षण भर के लिये देखा मोक्षदा मूर्च्छित हो कर उनके चरणो पर पड़ी हुई है; **मुहूर्तेर. . तले**—मुहूर्त भर के लिये अभी उठने वाले तरङ्ग के बीच कातर आँखो को खोल ज़ोर से 'मौसी' कह बालक अनन्त अन्धकार के नीचे विलीन हो गया, **शुधु.... हताशे**—केवल उसकी क्षीण मुट्ठी एक बार सहसा व्याकुलता से ऊपर की ओर उठी और आकाश में आश्रय खोज हताश हो डूब गई; **फिराये......जले**—ऊर्ध्वश्वास से 'तुझे लौटा लाऊँगा' कह मुहूर्त भर मे ब्राह्मण जल मे कूद पडा; **आर उठिल ना**—और ऊपर नही आया; **गेल**—गया।

# अभिसार

बोधिसत्त्वावदानकल्पलता

संन्यासी उपगुप्त
मथुरापुरीर प्राचीरेर तले एकदा छिलेन सुप्त।
नगरीर दीप निबेछे पवने,
दुयार रुद्ध पौर भवने;
निशीथेर तारा श्रावणगगने घन मेघे अवलुप्त ।।

काहार नूपुरशिञ्जित पद सहसा बाजिल वक्षे ?
संन्यासीवर चमकि जागिल,
स्वप्नजडिमा पलके भागिल,
रूढ दीपेर आलोक लागिल क्षमासुन्दर चक्षे ।।

नगरीर नटी चले अभिसारे यौवनमदे मत्ता।
अङ्गे आँचल सुनीलबरन,
रुनुझुनु रबे बाजे आभरण,
सन्यासी-गाये पडिते चरण थामिल वासवदत्ता ।।

---

**मथुरापुरीर. ..सुप्त**—मथुरापुरी के प्राचीर के नीचे एक दिन सोए हुए थे; **निबेछे**—बुझ गया है; **दुयार .. ..भवने**—नगर के भवनो के दरवाजे बन्द है; **निशीथेर . अवलुप्त**—अर्ध-रात्रि के तारे सावन (महीने) के आकाश मे सघन मेघो से लुप्त हो गए है।

**काहार**—किसका, **बाजिल**—बजा, **चमकि**—चौक कर; **जागिल**—जाग गए; **पलके**—क्षणभर मे, **भागिल**—भाग गई; **रूढ़. ..चक्षे**—दीपक का तीव्र आलोक क्षमा से सुन्दर (बनी हुई) आँखो मे लगा।

**संन्यासी. वासवदत्ता**—सन्यासी के शरीर पर पैर पडते ही वासवदत्ता रुक गई।

प्रदीप धरिया हेरिल ताँहार नवीन गौरकान्ति—
सौम्य सहास तरुण बयान,
करुणाकिरणे विकच नयान,
शुभ्र ललाटे इन्दु-समान भातिछे स्निग्ध शान्ति ॥

कहिल रमणी ललित कण्ठे, नयने जड़ित लज्जा,
'क्षमा करो मोरे, कुमार किशोर,
दया कर यदि गृहे चलो मोर—
ए धरणीतल कठिन कठोर, ए नहे तोमार शय्या।'

संन्यासी कहे करुण वचने, 'अयि लावण्यपुञ्जे,
एखनो आमार समय हय नि,
येथाय चलेछ याओ तुमि धनी—
समय येदिन आसिबे आपनि याइब तोमार कुञ्जे।'

सहसा झञ्झा तडित्शिखाय मेलिल विपुल आस्य।
रमणी काँपिया उठिल तरासे,
प्रलयशङ्ख बाजिल बातासे,
आकाशे वज्र घोर परिहासे हासिल अट्टहास्य ॥

---

**धरिया**—रख कर, **हेरिल**—देखा, **ताँहार**—उनकी, **सहास**—हास्ययुक्त; **बयान**—मुख, **नयान**—नयन; **भातिछे**—उद्भासित हो रही है।

**कहिल**—कहा; **नयने.. . लज्जा**—आँखों मे लज्जा भरी हुई; **ए नहे....... शय्या**—यह तुम्हारी शय्या नही है।

**अयि**—ओ, **एखनो. .... हयनि**—अभी तो मेरा समय नही हुआ है; **येथाय.... .धनी**—हे धनी (स्त्री), जहाँ के लिये चली हो (वहाँ) तुम जाओ; **समय.. ..कुञ्जे**—जिस दिन समय आएगा (स्वयं) अपने ही तुम्हारे कुञ्ज मे जाऊँगा।

**सहसा ......आस्य**—सहसा झंझा ने तडित्शिखा (बिजली की कौंध) में (बडा-सा) मुख खोला; **आस्य**—मुख, **रमणी .....तरासे**—रमणी भय से काँप उठी; **बातासे**—हवा मे।

वर्ष तखनो हय नाइ शेष, एसेछे चैत्रसन्ध्या ।
बातास हयेछे उतला आकुल,
पथतरुशाखे धरेछे मुकुल,
राजार कानने फुटेछे बकुल पारुल रजनीगन्धा ।

अति दूर हते आसिछे पवने बाँशिर मदिर मन्द्र ।
जनहीन पुरी, पुरवासी सबे
गेछे मधुवने फुल-उत्सवे,
शून्य नगरी निरखि नीरवे हासिछे पूर्णचन्द्र ।।

निर्जन पथे ज्योत्स्ना-आलोते संन्यासी एका यात्री ।
माथार उपरे तरुवीथिकार
कोकिल कुहरि उठे बारबार,
एतदिन परे एसेछे कि तॉर आजि अभिसाररात्रि ?।

नगर छाड़ाये गेलेन दण्डी बाहिर-प्राचीर-प्रान्ते ।
दॉड़ालेन आसि परिखार पारे—
आम्रवनेर छायार ऑधारे
के ओइ रमणी प'ड़े एक धारे तॉहार चरणोपान्ते ?।

---

**वर्ष. .सन्ध्या**—अभी वर्ष भी शेष नही हुआ था, चैत्र की सन्ध्या थी; **बातास आकुल**—पवन आकुल चचल हुआ है; **धरेछे मुकुल**—मञ्जरी आ गई है; **राजार ...फुटेछे**—राजा के बाग मे खिले हुए है; **पारुल**—एक सुगन्धि वाला फूल, **अति.. . मन्द्र**—बहुत दूर से हवा मे बाँसुरी की मदिर-ध्वनि आ रही है; **पुरवासी......उत्सवे**—नगर के वासी सभी मधुवन मे फूलो के उत्सव मे गए है; **निरखि**—देख कर, **हासिछे**—हँस रहा है ।

**माथार उपरे**—सिर के ऊपर, **एतदिन .. रात्रि**—इतने दिन के बाद क्या आज उनकी अभिसार-रात्रि आई है ।

**नगर. प्रान्ते**—नगर छोड़ सन्यासी बाहर प्राचीर के पास गए; **दाँड़ालेन.. पारे**—नगर को घेरने वाली खाई के पास आ कर खडे हुए; **आम्रवनेर. पान्ते**—आम्रवन की छाया के अन्धकार मे एक ओर उनके चरणो के पास कौन वह रमणी पडी हुई है ।

निदारुण रोगे मारीगुटिकाय भरे गेछे तार अङ्ग।
रोगमसी-ढाला काली तनु तार
लये प्रजागणे पुरपरिखार
बाहिरे फेलेछे करि परिहार विषाक्त तार सङ्ग।।

संन्यासी बसि आडष्ट शिर तुलि निल निज अके।
ढालि दिल जल शुष्क अधरे,
मन्त्र पड़िया दिल शिर-'परे,
लेपि दिल देह आपनार करे शीत चन्दनपके।।

झरिछे मुकुल, कूजिछे कोकिल, यामिनी जोछनामत्ता।
'के एसेछ तुमि ओगो दयामय'
शुधाइल नारी, सन्यासी कय,—
'आजि रजनीते हयेछे समय, एसेछि, वासवदत्ता!

५ अक्टूबर १८९९ 'कथा ओ काहिनी'

---

**निदारुण . . .अङ्ग**—अत्यन्त कठिन रोग के दानो से उसकी सारी देह भर गई है, **रोग. . . .तार**—रोग की कालिमा से उसका शरीर काला हो गया है; **लये . सङ्ग**—लोगो ने उसके विषाक्त सङ्ग से बचने के लिये नगर की परिखा (खाई) के बाहर उसे फेक दिया है।

**संन्यासी.. .अंके**—बैठ कर सन्यासी ने (उसका) अवश सिर अपनी गोद मे रख लिया, **ढालि दिल**—ढाल दिया, **मन्त्र. . . परे**—सिर पर मन्त्र पढ दिया; **लेपि दिल .. .पंके**—अपने हाथो से शीतल चदन उसकी देह में लेप दिया।

**झरिछे मुकुल**—मञ्जरिया झड रही है; **जोछनामत्ता**—ज्योत्स्ना (चाँदनी) से मत्त; **के... दयामय**—तुम कौन आए हो, हे दयामय; **शुधाइल**—पूछा; **कय**—कहा; **आजि... ....वासवदत्ता**—आज रात समय हुआ है, (मै) आया हूँ, वासवदत्ता।

# कर्णकुन्तीसंवाद

कर्ण। पुण्य जाह्नवीर तीरे सन्ध्यासवितार
वन्दनाय आछि रत। कर्ण नाम यार,
अधिरथसूतपुत्र, राधागर्भजात
सेइ आमि—कहो मोरे तुमि के गो मातः।

कुन्ती। वत्स, तोर जीवनेर प्रथम प्रभाते
परिचय करायेछि तोरे विश्व-साथे,
सेइ आमि आसियाछि छाड़ि सर्व लाज
तोरे दिते आपनार परिचय आज।

कर्ण। देवी, तव नतनेत्र-किरण-सम्पाते
चित्त विगलित मोर सूर्यकरघाते
शैलतुषारेर मतो। तव कण्ठस्वर
येन पूर्वजन्म हते पशि कर्ण-'पर
जागाइछे अपूर्व वेदना। कहो मोरे,
जन्म मोर बाँधा आछे की रहस्य-डोरे
तोमा-साथे हे अपरिचिता।

कुन्ती। धैर्य धर्
ओरे वत्स, क्षणकाल। देव दिवाकर

---

**पुण्य**—पवित्र; **सन्ध्या... रत**—सन्ध्या-सूर्य की वन्दना मे रत हूँ; **यार**—जिसका; **सेइ आमि**—वही मैं हूँ, **कहो . मातः**—मुझसे कहो हे मात', तुम कौन हो।

**तोर**—तुम्हारे; **परिचय... . साथे**—विश्व के साथ तुम्हारा परिचय कराया है, **सेइ . ..आज**—वही मै सभी लज्जा छोड़ कर तुम्हे अपना परिचय देने आई हूँ।

**तव.... वेदना**—तुम्हारा कण्ठस्वर जैसे पूर्वजन्म से कानो मे प्रवेश कर अपूर्व व्यथा जगा रहा है; **कहो . ..अपरिचिता**—हे अपरिचिता, मुझसे कहो, तुम्हारे साथ मेरा जन्म किस रहस्य की डोरी मे बँधा हुआ है।

**धर्**—धरो,

आगे याक अस्ताचले। सन्ध्यार तिमिर
आसुक निबिड़ हये— कहि तोरे वीर,
कुन्ती आमि।

कर्ण। तुमि कुन्ती! अर्जुनजननी!

कुन्ती। अर्जुनजननी बटे, ताइ मने गणि
द्वेष करियो ना, वत्स। आजो मने पड़े
अस्त्रपरीक्षार दिन हस्तिनानगरे।
तुमि धीरे प्रवेशिले तरुण कुमार
रङ्गस्थले, नक्षत्रखचित पूर्वाशार
प्रान्तदेशे नवोदित अरुणेर मतो।
यवनिका-अन्तराले नारी छिल यत
तार मध्ये वाक्यहीना के से अभागिनी
अतृप्त स्नेह-क्षुधार सहस्र नागिनी
जागाये जर्जर वक्षे; काहार नयन
तोमार सर्वाङ्ग दिल आशिसचुम्बन?
अर्जुनजननी से ये। यबे कृप आसि
तोमारे पितार नाम शुधालेन हासि,
कहिलेन, 'राजकुले जन्म नहे यार
अर्जुनेर साथे युद्धे नाहि अधिकार'—

---

**आगे याक**—पहले चले जाँय; **सन्ध्यार ...हये**—सन्ध्या का अन्धकार घना हो ले; **कहि तोरे वीर**—हे वीर, तुमसे कहती हूँ।

**बटे**—सचमुच मे; **ताइ.....ना**—उसे मन मे रख द्वेष न करना, **आजो... पड़े**—आज भी याद आता है, **प्रवेशिले**—प्रवेश किया; **पूर्वाशार**—पूर्व दिशा के, **मतो**—समान, **छिल यत**—जितनी थी; **तार मध्ये**—उनके बीच; **के से**—कौन वह; **काहार**—किसके; **तोमार**—तुम्हारे; **अर्जुनजननी से ये**—वह अर्जुनजननी थी; **यबे... . हासि**—जब कृपाचार्य ने आ कर हँसते हुए तुम्हारे पिता का नाम पूछा; **कहिलेन**—बोले; **नहे**—नही है; **यार**—जिसका;

आरक्त आनत मुखे ना रहिल वाणी,
दाँड़ाये रहिले, सेइ लज्जा-आभाखानि
दहिल याहार वक्ष अग्निसम तेजे
के से अभागिनी ? अर्जुनजननी से ये।
पुत्र दुर्योधन धन्य, तखनि तोमारे
अङ्गराज्ये कैल अभिषेक। धन्य तारे।
मोर दुइ नेत्र हते अश्रुवारिराशि
उद्देशे तोमारि शिरे उच्छ्वसिल आसि
अभिषेक-साथे। हेनकाले करि पथ
रङ्ग-माझे पशिलेन सूत अधिरथ
आनन्दविह्वल। तखनि से राजसाजे
चारि दिके कुतूहली जनतार माझे
अभिषेकसिक्त शिर लुटाये चरणे
सूतवृद्धे प्रणमिले पितृसम्भाषणे।
क्रूर हास्ये पाण्डवेर बन्धुगण सबे
धिक्कारिल, सेइक्षणे परम गरबे
वीर बलि ये तोमारे ओगो वीरमणि,
आशिसिल, आमि सेइ अर्जुनजननी।

---

**ना रहिल**—नही रही, **दाँड़ाये रहिले**—खडे रहे; **सेइ .. अभागिनी**—उस लज्जा की आभा मात्र ने जिसकी छाती को अग्नि के समान जलाया वह अभागिनी कौन थी, **तखनि तोमारे**—उसी समय तुम्हे, **कैल**—किया; **धन्य तारे**—वह धन्य है, **मोर . हते**—मेरी दोनो आँखो से, **उद्देशे तोमारि शिरे**—तुम्हारे सिर को लक्ष्य कर, **आसि**—आ कर, **हेनकाले**—ऐसे समय; **करि पथ**—रास्ता बना कर; **रङ्ग-माझे**—रङ्गभूमि मे, **पशिलेन**—प्रवेश किया, **तखनि सम्भाषणे**—उसी समय राजसज्जा के साथ चारो ओर कुतूहल से भरी हुई भीड के बीच अभिषेक-सिक्त सिर वृद्ध सूत (सारथी) को पिता कह कर चरणो मे लोट कर प्रणाम किया, **धिक्कारिल**—धिक्कारा; **सेइक्षणे .. जननी**—उसी क्षण, हे वीर-मणि, अत्यन्त गर्व के साथ वीर कह कर जिसने तुम्हे आशीर्वाद दिया, मैं वही अर्जुनजननी हूँ।

कर्ण। प्रणमि तोमारे आर्ये। राजमाता तुमि,
केन हेथा एकाकिनी। ए ये रणभूमि,
आमि कुरुसेनापति।

कुन्ती। पुत्र, भिक्षा आछे—
विफल ना फिरि येन।

कर्ण। भिक्षा, मोर काछे!
आपन पौरुष छाडा, धर्म छाड़ा, आर
याहा आज्ञा कर दिब चरणे तोमार।

कुन्ती। एसेछि तोमारे निते।

कर्ण। कोथा लबे मोरे?

कुन्ती। तृषित वक्षेर माझे, लब मातृक्रोड़े।

कर्ण। पञ्चपुत्रे धन्य तुमि, तुमि भाग्यवती—
आमि कुलशीलहीन, क्षुद्र नरपति,
मोरे कोथा दिबे स्थान।

कुन्ती। सर्व-उच्चभागे,
तोमारे बसाब मोर सर्वपुत्र-आगे—
ज्येष्ठ पुत्र तुमि।

कर्ण। कोन् अधिकारमदे
प्रवेश करिब सेथा? साम्राज्यसम्पदे

---

**प्रणमि तोमारे**—तुम्हे प्रणाम करता हूँ; **केन हेथा**—क्यो यहा, **ए.. भूमि**—यह तो रणभूमि है; **आछे**—है।

**भिक्षा ... येन**—भिक्षा चाहती हूँ, जिसमे विफल न लौटूँ।

**मोर काछे**–मेरे पास, **छाड़ा**–छोड़ कर, **आर याहा**–और जो; **दिब**–दूंगा।

**एसेछि. .. निते**—(मैं) तुम्हे लेने आयी हूँ।

**कोथा....मोरे**—कहाँ मुझे लोगी।

**तृषित . क्रोड़े**—प्यासे हृदय के भीतर, माँ की गोद मे लूँगी।

**मोरे .. स्थान**—मुझे कहाँ स्थान दोगी।

**तोमारे .. आगे**—अपने सभी पुत्रो के आगे तुम्हे बैठाऊँगी।

**कोन्**—किस, **करिब**—करूँगा; **सेथा**—वहाँ; **साम्राज्य ..केमने**—जो साम्राज्य से वञ्चित हो गए है उनके मातृस्नेह के धन के पूर्ण

वञ्चित हयेछे यारा, मातृस्नेहधने
ताहादेर पूर्ण अश खण्डिब केमने
कहो मोरे। द्यूतपणे ना हय विक्रय,
बाहुबले नाहि हारे मातार हृदय—
से ये विधातार दान।

कुन्ती। पुत्र मोर ओरे,
विधातार अधिकार लये एइ क्रोडे
एसेछिलि एकदिन—सेइ अधिकारे
आय फिरे सगौरवे, आय निर्विचारे,
सकल भ्रातार माझे मातृ-अंके मम
लहो आपनार स्थान।

कर्ण। शुनि स्वप्नसम
हे देवी, तोमार वाणी। हेरो, अन्धकार
व्यापियाछे दिग्विदिके, लुप्त चारि धार—
शब्दहीना भागीरथी। गेछ मोरे लये
कोन् मायाच्छन्न लोके, विस्मृत आलये,
चेतनाप्रत्युषे! पुरातन सत्य-सम
तव वाणी स्पर्शितेछे मुग्धचित्त मम।
अस्फुट शैशवकाल येन रे आमार,

---

अश को कैसे खण्ड करूँगा; **द्यूतपणे . विक्रम**—जुए की बाज़ी पर विक्रय नही होता, **बाहु. हृदय**—बाहुबल से माता का हृदय नही हारता; **से .. दान**—वह तो विधाता का दान है।

**विधातार. ....दिन**—विधाता का अधिकार ले कर एक दिन इस गोद में आया था; **सेइ .. स्थान**—उसी अधिकार से गौरव के साथ बिना सोचे-बिचारे लौट आओ, सभी भाइयो के बीच अपनी माँ की गोद मे अपना स्थान लो।

**शुनि**—सुन कर; **हेरो**—देखो; **अन्धकार.. ..दिग्विदिके**—अन्धकार सभी ओर व्याप्त हो गया है; **गेछ. .. लये**—मुझे ले गई हो; **कोन्**—किस; **प्रत्युषे**—प्रभात काल मे, **स्पर्शितेछे**—स्पर्श कर रहा है; **अस्फुट . .आमार**—जैसे मेरा अस्फुट शैशव काल हो,

येन मोर जननीर गर्भेर आँधार
आमारे घेरिछे आजि। राजमातः अयि,
सत्य होक स्वप्न होक, एसो स्नेहमयी,
तोमार दक्षिणहस्त ललाटे चिबुके
राखो क्षणकाल। शुनियाछि लोकमुखे,
जननीर परित्यक्त आमि। कतबार
हेरेछि निशीथस्वप्ने, जननी आमार
एसेछेन धीरे धीरे देखिते आमाय;
काँदिया कहेछि ताँरे कातर व्यथाय,
'जननी, गुण्ठन खोलो, देखि तव मुख।'
अमनि मिलाय मूर्ति तृषार्त उत्सुक
स्वपनेरे छिन्न करि। सेइ स्वप्न आजि
एसेछे कि पाण्डवजननी-रूपे साजि
सन्ध्याकाले, रणक्षेत्रे, भागीरथीतीरे !
हेरो देवी, परपारे पाण्डवशिबिरे
ज्वलियाछे दीपालोक, एपारे अदूरे
कौरवेर मन्दुराय लक्ष अश्वखुरे
खर शब्द उठिछे बाजिया। कालि प्राते
आरम्भ हइबे महारण। आज राते

---

**येन......आजि**—जैसे मेरी जननी के गर्भ का अंधकार मुझे आज घेर रहा है, **राजमातः.....क्षणकाल**—ओ राजमाता, सत्य हो या स्वप्न हो, ओ स्नेहमयी, आओ अपना दक्षिण हस्त क्षणभर के लिये मेरे ललाट और चिबुक पर रखो, **शुनियाछि ..आमि**—लोगो के मुँह से सुना है कि मैं जननी द्वारा परित्यक्त हूँ, **कतबार**—कितनी बार, **हेरेछि**—देखा है, **जननी ...आमाय**—मेरी माँ मुझे देखने धीरे धीरे आई है, **काँदिया... मुख**—रो कर कातर व्यथा से उनसे कहा है, 'माँ, अवगुण्ठन खोलो, तुम्हारा मुख देखूँ'; **अमनि .....करि**—वैसे ही तृषार्त उत्सुक स्वप्न को छिन्न-भिन्न करती हुई मूर्ति विलीन हो जाती है; **सेइ.....साजि**—वही स्वप्न क्या पाण्डवजननी का रूप धारण कर आया है; **हेरो**—देखो; **ज्वलियाछे**—जल उठा है; **एपारे**—इस पार; **मन्दुराय**—अश्वशाला मे; **उठिछे बाजिया**—बज रहा है, **कालि**—कल; **हइबे**—होगा;

अर्जुनजननीकण्ठे केन शुनिलाम
आमार मातार स्नेहस्वर ! मोर नाम
तॉर मुखे केन हेन मधुर सगीते
उठिल बाजिया—चित्त मोर आचम्बिते
पञ्चपाण्डवेर पाने भाइ बले धाय !

कुन्ती । तबे चले आय वत्स, तबे चले आय ।

कर्ण । याब मात , चले याब, किछु शुधाब ना—
ना करि संशय किछु, ना करि भावना ।
देवी, तुमि मोर माता । तोमार आह्वाने
अन्तरात्मा जागियाछे । नाहि बाजे काने
युद्धभेरि जयशङ्ख । मिथ्या मने हय
रणहिसा, वीरख्याति, जयपराजय ।
कोथा याब, लये चलो ।

कुन्ती । ओइ परपारे
येथा ज्वलितेछे दीप स्तब्ध स्कन्धावारे
पाण्डुर बालुकातटे ।

कर्ण । होथा मातृहारा
मा पाइबे चिरदिन ! होथा ध्रुवतारा

---

**केन.. .स्वर**—क्यों अपनी माता का स्नेहस्वर सुना, **मोर ...बाजिया**—मेरा नाम उनके मुँह मे क्यों इतने मधुर सगीत मे बज उठा, **चित्त धाय**—मेरा चित्त हठात् पञ्चपाण्डवो की ओर भाई कह दौड पडा है ।

**याब**—जाऊँगा; **चले याब**—चला जाऊँगा; **किछु ना**—कुछ पूछूँगा नही, **तोमार. .जागियाछे**—तुम्हारे आह्वान से अन्तरात्मा जग पडा है; **नाहि . . शंख**—कानो मे युद्ध-भेरी, जय-शङ्ख नही बजते (नही सुनाई पड़ते); **मने हय**—मन मे होता है, लगता है, **कोथा . . चलो**—कहाँ जाऊँ, ले चलो ।

**ओइ परपारे**—वहाँ दूसरे पार, **येथा**—जहॉ; **ज्वलितेछे**—जल रहा है; **पाण्डुर**—पीले रग के, पाण्डु वर्ण के ।

**होथा**—वहाँ; **पाइबे**—पाएगा,

चिररात्रि रबे जागि सुन्दर उदार
तोमार नयने ! देवी, कहो आरबार
आमि पुत्र तव ।
कुन्ती । पुत्र मोर !
कर्ण । केन तबे
आमारे फेलिया दिले दूरे अगौरवे
कुलशीलमानहीन मातृनेत्रहीन
अन्ध ए अज्ञात विश्वे । केन चिरदिन
भासाइया दिले मोरे अवज्ञार स्रोतें—
केन दिले निर्वासिन भ्रातृकुल हते ?
राखिले विच्छिन्न करि अर्जुने आमारे,
ताइ शिशुकाल हते टानिछे दोंहारे
निगूढ अदृश्य पाश हिसार आकारे
दुर्निवार आकर्षणे । मातः, निरुत्तर ?
लज्जा तव भेद करि अन्धकार स्तर
परश करिछे मोरे सर्वाङ्ग नीरवे,
मुदिया दितेछे चक्षु ।—थाक् थाक् तबे ।
कहियो ना, केन तुमि त्यजिले आमारे ।
विधिर प्रथम दान ए विश्वसंसारे

---

**रबे**—रहेगा, **जागि**—जागता; **तोमार**—तुम्हारे, **देवी. ...तव**—देवी, फिर कहो मैं तुम्हारा पुत्र हूँ ।

**केन... .विश्वे**—तब क्यो इस अज्ञात विश्व मे कुलशीलमानहीन (तथा) मातृनेत्रहीन अन्ध (जैसा) अनादरपूर्वक मुझे दूर फेंक दिया; **केन... .हते**—क्यो हमेशा के लिये मुझे अवज्ञा के स्रोत में बहा दिया, क्यो भ्रातृकुल से निर्वासित किया; **राखिले .. .आमारे**—मुझे और अर्जुन को विच्छिन्न कर रखा; **ताइ.. .. आकर्षणे**—इसीलिये बचपन से निगूढ अदृश्य बन्धन ईर्ष्या के रूप मे दोनो को दुर्निवार (जिसको हटाया न जा सके) आकर्षण से खीच रहा है, **परश..... मोरे**—मुझे स्पर्श कर रहा है; **मुदिया दितेछे**—बन्द कर देता है; **थाक्.... .तबे**—तब रहने दो, रहने दो; **कहियो .. आमारे**—मत कहना कि क्यो तुमने मुझे त्याग दिया; **विधिर**—ब्रह्मा का; **ए**—इस;

मातृस्नेह, केन सेइ देवतार धन
आपन सन्तान हते करिले हरण,
से कथार दियो ना उत्तर। कहो मोरे,
आजि केन फिराइते आसियाछ क्रोड़े।

कुन्ती। हे वत्स, भर्त्सना तोर शत वज्रसम
विदीर्ण करिया दिक् ए हृदय मम
शतखण्ड करि। त्याग करेछिनु तोरे,
सेइ अभिशापे पञ्चपुत्र वक्षे क'रे
तबु मोर चित्त पुत्रहीन; तबु हाय
तोरि लागि विश्व-माझे बाहु मोर धाय,
खुँजिया बेड़ाय तोरे। वञ्चित ये छेले
तारि तरे चित्त मोर दीप्त दीप ज्वेले
आपनारे दग्ध करि करिछे आरति
विश्वदेवतार। आमि आजि भाग्यवती,
पेयेछि तोमार देखा। यबे मुखे तोर
एकटि फुटे नि वाणी, तखन कठोर
अपराध करियाछि—वत्स, सेइ मुखे
क्षमा कर् कुमाताय। सेइ क्षमा बुके

---

**केन .. उत्तर**—क्यो उस देवता के धन (मातृस्नेह) का अपनी सन्तान से हरण किया, इस बात का जवाब न देना; **आजि. ..क्रोड़े**—आज क्यो (मुझे) गोद मे लौटाने आई हो।

**तोर**—तुम्हारा; **विदीर्ण.. . करि**—मेरे इस हृदय के सौ टुकडे कर विदीर्ण कर दे; **त्याग. . तोरे**—तुम्हारा त्याग किया था; **सेइ. .पुत्रहीन**—उसी अभिशाप से पाँच पुत्रो को हृदय मे लगा रखने पर भी मेरा चित्त पुत्रहीन जैसा है; **तबु.. तोरे**—तौभी तुम्हारे लिये तुम्हें खोजते हुए संसार मे मेरी बाँहे दौडती है; **वञ्चित देवतार**—जो वञ्चित पुत्र है उसके लिये मेरा चित्त अपने-को उज्ज्वल दीपक की तरह जलाते हुए विश्व-देवता की आरती करता है; **पेयेछि... ..देखा**—तुम्हारे दर्शन हो गए है, **यबे. करियाछि**—जब तुम्हारे मुँह से वाणी ही नही फूटी थी उस समय मैने भयकर अपराध किया है, **वत्स.. . कुमाताय**—पुत्र, उसी मुख से कुमाता को क्षमा करो; **सेइ . . निर्मल**—वही

भर्त्सनार चेये तेजे ज्वालुक अनल—
पाप दग्ध क'रे मोरे करुक निर्मल।
कर्ण। मातः, देहो पदधूलि, देहो पदधूलि,
लहो अश्रु मोर।
कुन्ती। तोरे लब वक्षे तुलि
से सुख-आशाय पुत्र, आसि नाइ द्वारे।
फिराते एसेछि तोरे निज अधिकारे।
सूतपुत्र नह तुमि, राजार सन्तान—
दूर करि दिया वत्स, सर्व अपमान
एसो चलि येथा आछे तव पञ्चभ्राता।
कर्ण। मातः, सूतपुत्र आमि, राधा मोर माता,
तार चेये नाहि मोर अधिक गौरव।
पाण्डव पाण्डव थाक्, कौरव कौरव—
ईर्षा नाहि करि कारे।
कुन्ती। राज्य आपनार
बाहुबले करि लहो हे वत्स, उद्धार।
दुलाबेन धवल व्यजन युधिष्ठिर,
भीम धरिबेन छत्र, धनञ्जय वीर

---

क्षमा हृदय मे भर्त्सना से भी अधिक तेज अनल जलाये और मेरे पापो को दग्ध कर मुझे निर्मल करे।

**देहो**—दो; **लहो. ... मोर**—मेरे अश्रु लो।

**तोरे......द्वारे**—पुत्र, तुम्हे छाती से लगा कर सुख पाऊँगी इस आशा से (तुम्हारे) द्वार नही आई, **फिराते .. ..अधिकारे**—तुम्हारा जो अपना स्वत्व है (वही) तुम्हे लौटा ले जाने आई हूँ, **नह तुमि**—तुम नही हो; **दूर . . पञ्चभ्राता**—हे वत्स, सभी लाछना को दूर कर आओ चलें जहाँ तुम्हारे पाँचो भाई है।

**तार..... गौरव**—उससे अधिक मेरा गौरव नही है; **पाण्डव . . . कारे**—पाण्डव, पाण्डव रहे (और) कौरव कौरव, (मै) किसी से ईर्ष्या नही करता।

**राज्य.. उद्धार**—हे वत्स, अपने बाहुबल से अपने राज्य का उद्धार कर लो; **दुलाबेन**—डुलायेगे; **धरिबेन**—पकडेगे;

सारथि हबेन रथे, धौम्य पुरोहित
गाहिबेन वेदमन्त्र। तुमि शत्रुजित्
अखण्ड प्रतापे रबे बान्धवेर सने
नि.सपत्न राज्य-माझे रत्नसिहासने।

कर्ण। सिहासन! ये फिरालो मातृस्नेहपाश
ताहारे दितेछ मात:, राज्येर आश्वास!
एकदिन ये सम्पदे करेछ वञ्चित
से आर फिराये देओया तव साध्यातीत।
माता मोर, भ्राता मोर, मोर राजकुल
एक मुहूर्तेइ मात:, करेछ निर्मूल
मोर जन्मक्षणे। सूतजननीरे छलि
आज यदि राजजननीरे माता बलि,
कुरुपति काछे बद्ध आछि ये बन्धने
छिन्न करे धाइ यदि राजसिहासने—
तबे धिक् मोरे।

कुन्ती। वीर तुमि, पुत्र मोर,
धन्य तुमि। हाय धर्म, एकि सुकठोर

---

**हबेन**—होंगे; **गाहिबेन**—गायेंगे, **तुमि सने**—शत्रुओ को जय करने वाले तुम, भाइयो के साथ अखण्ड प्रताप वाले रहोगे; **नि:सपत्न**—बिना शत्रु के; **राज्य-माझे**—राज्य मे।

**ये... . .आश्वास**—जिसने मातृस्नेह के बधन को लौटाया (अमान्य किया) उसे मात·, राज्य की दिलासा दे रही हो, **एकदिन ..साध्यातीत**—एक दिन जिस सम्पद से (तुमने) वञ्चित किया है उसे अब लौटा देना तुम्हारे लिये साध्यातीत है; **माता . क्षणे**—मेरी माता, मेरे भ्राता, मेरे राजकुल को मात, मेरे जन्मक्षण मे एक ही मुहूर्त मे (तुमने) निर्मूल कर दिया, **छलि**—छल कर, **राजजननीरे**—राजजननी को, **बलि**—बोले, कहे, **कुरुपति. मोरे**—कुरुपति (दुर्योधन) के पास जिस बन्धन मे (मै) बँधा हुआ हूँ उसे तोड कर यदि राजसिंहासन (की ओर) दौडूँ तो मुझे धिक्कार है।

**हाय धर्म तव**—हाय धर्म, यह कैसा कठोर तुम्हारा दण्ड है;

दण्ड तव! सेइदिन के जानित, हाय,
त्यजिलाम ये शिशुरे क्षुद्र असहाय
से कखन बलवीर्य लभि कोथा हते
फिरे आसे एकदिन अन्धकार पथे—
आपनार जननीर कोलेर सन्ताने
आपन निर्मम हस्ते अस्त्र आसि हाने!
एकि अभिशाप!

कर्ण। मातः, करियोना भय।
कहिलाम, पाण्डवेर हइबे विजय।
आजि एइ रजनीर तिमिरफलके
प्रत्यक्ष करिनु पाठ नक्षत्र-आलोके
घोर युद्धफल। एइ शान्त स्तब्धक्षणे
अनन्त आकाश हते पशितेछे मने
जयहीन चेष्टार संगीत, आशाहीन
कर्मेर उद्यम—हेरितेछि शान्तिमय
शून्य परिणाम। ये पक्षेर पराजय
से पक्ष त्यजिते मोरे कोरो ना आह्वान।
जयी होक, राजा होक पाण्डवसन्तान—

---

**सेइदिन**—उस दिन, **के जानित**—कौन जानता था; **त्यजिलाम .....असहाय**—जिस छोटे, असहाय शिशु को (मैंने) त्याग दिया; **से. ...लभि**—वह कब बलवीर्य प्राप्त कर; **कोथा हते**—कहाँ से, **फिरे आसे**—लौट आ कर; **आपनार.......हाने**—अपनी जननी की गोद की सन्तान को अपने निर्मम हाथों से अस्त्र से मारे; **एकि अभिशाप**—यह कैसा अभिशाप है।

**करियो . . . भय**—भय न करना; **कहिलाम**—कहता हूँ, **पाण्डवेर..... विजय**—पाण्डवों की विजय होगी; **आजि......आलोके**—आज इस रात्रि के तिमिर-फलक पर नक्षत्रों के आलोक में मैंने प्रत्यक्ष पढ़ा; **घोर**—भयकर; **एइ**—इस; **पशितेछे मने**—मन मे प्रवेश कर रहा है; **हेरितेछि**—देख रहा हूँ; **ये पक्षेर ......आह्वान**—जिस पक्ष की पराजय (होगी) उस पक्ष को छोड़ने के लिये मुझसे न कहो; **जयी होक**—जयं

आमि रब निष्फलेर हताशेर दले।
जन्मरात्रे फेले गेछ मोरे धरातले
नामहीन, गृहहीन। आजिओ तेमनि
आमारे निर्ममचित्ते तेयागो जननी,
दीप्तिहीन कीर्तिहीन पराभव-'परे।
शुधु एइ आशीर्वाद दिये याओ मोरे,
जयलोभे यशोलोभे राज्यलोभे, अयि,
वीरेर सद्‌गति हते भ्रष्ट नाहि हइ।।

२६ फरवरी १९०० 'काहिनी'

## गान्धारीर आवेदन

दुर्योधन। प्रणमि चरणे, तात।
धृतराष्ट्र। ओरे दुराशय,
अभीष्ट हयेछे सिद्ध ?
दुर्योधन। लभियाछि जय।
धृतराष्ट्र। एखन हयेछ सुखी ?
दुर्योधन। हयेछि विजयी।
धृतराष्ट्र। अखण्ड राजत्व जिनि सुख तोर कइ,
हे दुर्मति ?

---

**आमि दले**—मैं निष्फल निराश लोगो के दल मे रहूँगा, **जन्मरात्रे..... गृहहीन**—जन्म की रात्रि मे (तुमने) पृथ्वी पर (मुझे) नामहीन गृहहीन फेंक दिया है, **आजिओ. .परे**—जननी, आज भी उसी तरह निर्मम चित्त से दीप्तिहीन, कीर्तिहीन पराजय के ऊपर मुझे त्याग दो; **शुधु . मोरे**—केवल यही आशीर्वाद मुझे देती जाओ, **जयलोभे ...हइ**—ओ (जननी), जय के लोभ से, यश के लोभ से, राज्य के लोभ से मैं वीरो के सत्पथ से भ्रष्ट न होऊँ।

**हयेछे**—हो गया; **लभियाछि**—प्राप्त की है, **एखन**—अब; **हयेछ**—हुए; **हयेछि**—हुआ हूँ; **जिनि**—जीत कर; **कइ**—कहाँ (है)।

दुर्योधन। सुख चाहि नाइ, महाराज—
जय! जय चेयेछिनु, जयी आमि आज।
क्षुद्र सुखे भरे नाको क्षत्रियेर क्षुधा,
कुरुपति! दीप्तज्वाला अग्निढाला सुधा
जयरस, ईर्षासिन्धुमन्थनसञ्जात,
सद्य करियाछि पान—सुखी नहि तात,
अद्य आमि जयी। पितः, सुखे छिनु यबे
एकत्रे आछिनु बद्ध पाण्डवे कौरवे
कलक येमन थाके शशाकेर बुके,
कर्महीन गर्वहीन दीप्तिहीन सुखे।
सुखे छिनु, पाण्डवेर गाण्डीवटकारे
शकाकुल शत्रुदल आसित ना द्वारे;
सुखे छिनु, पाण्डवेरा जयदृप्त करे
धरित्री दोहन करि भ्रातृप्रीतिभरे
दित अश तार—नित्यनव भोगसुखे
आछिनु निश्चिन्तचित्ते अनन्त कौतुके।
सुखे छिनु, पाण्डवेर जयध्वनि यबे
हानित कौरवकर्ण प्रतिध्वनिरवे;
पाण्डवेर यशोबिम्ब-प्रतिबिम्ब आसि
उज्ज्वल अगुलि दिया दित परकाशि

---

**चाहि नाइ**—नही चाहा था, **चेयेछिनु**—चाहा था, **क्षुद्र ....क्षुधा**—क्षुद्र सुख से क्षत्रिय की क्षुधा नही मिटती; **करियाछि**—किया है; **सुखे छिनु**—सुखी था; **यबे**—जब; **एकत्रे.....बद्ध**—एकत्र बद्ध था; **येमन थाके**—जैसे रहता है; **बुके**—हृदय मे; **आसित ना**—नही आता; **पाण्डवेरा.. . तार**—पाण्डवगण जयदृप्त हाथों से पृथ्वी का दोहन कर (राज्य जीत कर) भाई के प्रेम से भर उसका अश देते; **आछिनु**—था, **सुखे छिनु**—सुखी था; **यबे**—जब; **हानित**—आघात करती; **आसि**—आ कर, **अंगुलि दिया**—उगली द्वारा; **दित परकाशि**—प्रकाशित कर देता;

मलिन कौरवकक्ष। सुखे छिनु पित·,
आपनार सर्वतेज करि निर्वापित
पाण्डवगौरवतले स्निग्धशान्तरूपे,
हेमन्तेर भेक यथा जड़त्वेर कूपे।
आजि पाण्डुपुत्रगणे पराभव बहि
वने याय चलि—आज आमि सुखी नहि,
आज आमि जयी।

धृतराष्ट्र। धिक् तोर भ्रातृद्रोह।
पाण्डवेर कौरवेर एक पितामह,
से कि भुले गेलि?

दुर्योधन। भुलिते पारि नि से ये—
एक पितामह तबु धने माने तेजे
एक नहि। यदि ह'त दूरवर्ती पर,
नाहि छिल क्षोभ। शर्वरीर शशधर
मध्याह्नेर तपनेरे द्वेष नाहि करे—
किन्तु प्राते एक पूर्व-उदयशिखरे
दुइ भ्रातृ-सूर्यलोक किछुते ना धरे।
आज द्वन्द्व घुचियाछे, आजि आमि जयी,
आजि आमि एका।

धृतराष्ट्र। क्षुद्र ईर्षा! विषमयी
भुजङ्गिनी!

---

**आपनार**—अपना, **निर्वापित**—बुझा कर, दूर कर; **भेख**—मेढक; **बहि**—वहन कर, **याय**—जाय, **से .गेलि**—यह क्या भूल गया।

**भुलिते.. .ये**—उसे भूल नही सका हूँ, **तबु**—तौभी, **एक नहि**—एक नही हैं; **यदि.....क्षोभ**—अगर दूर का कोई अन्य होता तो दु ख नही होता; **तपनेरे . .करे**—सूर्य से द्वेष नही करता; **दुइ**—दो; **किछुते ना धरे**—किसी तरह स्थान नही हो पाता; **घुचियाछे**—मिट गया है, **एका**—अकेला।

दुर्योधन। क्षुद्र नहे, ईर्षा सुमहती।
ईर्षा बृहतेर धर्म। दुइ वनस्पति
मध्ये राखे व्यवधान, लक्ष लक्ष तृण
एकत्रे मिलिया थाके वक्षे वक्षे लीन।
नक्षत्र असंख्य थाके सौभ्रात्रबन्धने;
एक सूर्य, एक शशी। मलिन किरणे
दूर वन-अन्तराले पाण्डुचन्द्रलेखा
आजि अस्त गेल, आजि कुरुसूर्य एका—
आजि आमि जयी।

धृतराष्ट्र। आजि धर्म पराजित।

दुर्योधन। लोकधर्म राजधर्म एक नहे, पितः।
लोक समाजेर माझे समकक्ष जन
सहाय सुहृद्-रूपे निर्भर बन्धन।
किन्तु राजा एकेश्वर; समकक्ष तार
महाशत्रु, चिरविघ्न, स्थान दुश्चिन्तार,
सम्मुखेर अन्तराल, पश्चातेर भय,
अहर्निशि यशःशक्तिगौरवेर क्षय,
ऐश्वर्येर अंश-अपहारी। क्षुद्रजने
बलभाग क'रे लये बान्धवेर सने
रहे बली। राजदण्ड यत खण्ड हय
तत तार दुर्बलता, तत तार क्षय।

---

**नहे**—नही है, **दुइ. . व्यवधान**—दो विशाल वृक्षो के बीच व्यवधान (अन्तर) रखते है, **लक्ष. ..लीन**—(और) लाख-लाख तृण घुल-मिल कर एक साथ रहते हैं; **नक्षत्र ...शशी**—भ्रातृत्व के बन्धन में असख्य नक्षत्र रहते हैं; लेकिन सूर्य एक है, चन्द्रमा एक है।

**लोकसमाजेर ..बन्धन**—समाज के भीतर जो समकक्ष व्यक्ति है वे एक-दूसरे के सहायक तथा निर्भर-योग्य सुहृद् होते हैं; **क्षुद्रजने .. .सने**—साधारण लोग बन्धु-बान्धवों के साथ शक्ति का भाग (बँटवारा) कर लेते हैं, **रहे बली**—शक्तिशाली रहते है; **राजदण्ड . .क्षय**—राजदण्ड (राजशक्ति) के जितने (अधिक)

एका सकलेर ऊर्ध्वे मस्तक आपन
यदि ना राखिबे राजा, यदि बहुजन
बहुदूर हते तॉर समुद्धत शिर
नित्य ना देखिते पाय अव्याहत स्थिर,
तबे बहुजन-'परे बहु दूरे तॉर
केमने शासनदृष्टि रहिबे प्रचार ?
राजधर्मे भ्रातृधर्म बन्धुधर्म नाइ,
शुधु जयधर्म आछे; महाराज, ताइ
आजि आमि चरितार्थ, आजि जयी आमि—
सम्मुखेर व्यवधान गेछे आजि नामि
पाण्डवगौरवगिरि पञ्चचूडामय।

धृतराष्ट्र। जिनिया कपटद्यूते तारे कोस् जय ?
लज्जाहीन अहंकारी !

दुर्योधन। यार याहा बल
ताइ तार अस्त्र पितः, युद्धेर सम्बल।
व्याघ्रसने नखे दन्ते नहिको समान,
ताइ ब'ले धनु.शरे वधि तार प्राण
कोन् नर लज्जा पाय ? मूढ़ेर मतन
झॉप दिये मृत्यु-माझे आत्मसमर्पण

---

खण्ड होते हैं उतनी ही उसमे दुर्बलता होती है, उतना ही उसका क्षय होता है; **एका . .राजा**—अकेले सबसे ऊँचा यदि राजा अपना सिर नही रखता, **यदि....स्थिर**—यदि बहुत लोग बहुत दूर से उनके समुद्धत शिर को बराबर अप्रतिहत और स्थिर न देख पॉय, **तबे... प्रचार**—तब बहुत लोगो पर बहुत दूर तक कैसे उनकी शासन-दृष्टि रहेगी, **राजधर्मे.. ..आछे**—राजधर्म मे भ्रातृधर्म और बन्धु-धर्म नही है, केवल जयधर्म है; **ताइ**—इसीलिये; **सम्मुखेर... नामि**—सामने का व्यवधान आज नीचे चला गया है, **तारे**—उसे; **कोस्**—(तू) कहता है।

**यार . पितः**—जिसका जिसमे बल होता है वही उसका अस्त्र है पिता; **नहिको समान**—कोई बराबर समान नही है; **ताइ. पाय**—तो क्या धनुष-बाण से उसका वध कर कोई मनुष्य लज्जा का अनुभव करता है; **मूढ़ेर ... नहे**—मूढ

युद्ध नहे; जयलाभ एक लक्ष्य तार;
आजि आमि जयी पित., ताइ अहंकार।

धृतराष्ट्र। आजि तुमि जयी, ताइ तव निन्दाध्वनि
परिपूर्ण करियाछे अम्बर अवनी
समुच्च धिक्कारे।

दुर्योधन। निन्दा! आर नाहि डरि,
निन्दारे करिब ध्वंस कण्ठरुद्ध करि।
निस्तब्ध करिया दिब मुखरा नगरी
स्पर्धित रसना तार दृढ़ बले चापि
मोर पादपीठतले। दुर्योधन पापी,
दुर्योधन क्रूरमना, दुर्योधन हीन—
निरुत्तरे शुनिया एसेछि एतदिन;
राजदण्ड स्पर्श करि कहि महाराज,
आपामर जने आमि कहाइब आज—
दुर्योधन राजा, दुर्योधन नाहि सहे
राजनिन्दा-आलोचना, दुर्योधन बहे
निज हस्ते निज नाम।

धृतराष्ट्र। ओरे वत्स, शोन्,
निन्दारे रसना हते दिले निर्वासन

---

के जैसा मृत्यु के बीच कूद प्राण विसर्जन करना युद्ध नही है, **ताइ अहंकार**—इसी लिये (मुझे) अहकार है; **करियाछे**—किया है।

**आर नाहि डरि**—और नही डरता, **निन्दारे......करि**—कण्ठरुद्ध (आवाज बन्द) कर निन्दा को ध्वस करूँगा; **करिया दिब**—कर दूँगा; **स्पर्धित. ...तले**—उसकी स्पर्धित जिह्वा को बल से अपने पैरों के नीचे दबा दूँगा; **निरुत्तरे. . एतदिन**—इतने दिन बिना जवाब दिए सुनता आया हूँ, **राजदण्ड.... आज**—महाराज, राजदण्ड स्पर्श कर कहता हूँ कि आज मैं पामरों से कहलवाऊँगा; **नाहि सहे**—सहन नही करता; **बहे**—वहन करता है।

**शोन्**—सुन; **निन्दारे......निर्वासन**—निन्दा को जिह्वा से निर्वासित करने पर;

निम्नमुखे अन्तरेर गूढ अन्धकारे
गभीर जटिल मूल सुदूरे प्रसारे,
नित्य विषतिक्त करि राखे चित्ततल।
रसनाय नृत्य करि चपल चञ्चल
निन्दा श्रान्त हये पड़े; दियो ना ताहारे
नि शब्दे आपन शक्ति वृद्धि करिबारे
गोपन हृदयदुर्गे। प्रीतिमन्त्रबले
शान्त करो, बन्दी करो निन्दासर्पदले
वंशीरवे हास्यमुखे।

दुर्योधन। अव्यक्त निन्दाय
कोनो क्षति नाहि करे राजमर्यादाय;
भ्रूक्षेप ना करि ताहे। प्रीति नाहि पाइ
ताहे खेद नाहि, किन्तु स्पर्धा नाहि चाइ
महाराज। प्रीतिदान स्वेच्छार अधीन,
प्रीतिभिक्षा दिये थाके दीनतम दीन—
से प्रीति बिलाक् तारा पालित मार्जारे,
द्वारेर कुक्कुरे आर पाण्डवभ्रातारे—
ताहे मोर नाहि काज। आमि चाहि भय,
सेइ मोर राजप्राप्य—आमि चाहि जय

---

**करि ..तल**—चित्त को कर रखता है; **रसनाय**—जिह्वा पर, **निन्दा.. पड़े**—निन्दा श्रान्त हो पडती है; **दियो . दुर्गे**—गोपन हृदय-दुर्ग मे उसे नि शब्द अपनी शक्ति वृद्धि न करने देना।

**अव्यक्त. ... मर्यादाय**—अव्यक्त निन्दा राजा की मर्यादा को कोई क्षति नही पहुँचाती, **भ्रूक्षेप ताहे**—उस ओर (मै) दृष्टि नही डालता; **प्रीति.... महाराज**—प्रीति (अगर) नही पाऊँ तो (मुझे) कोई खेद नही लेकिन (किसीका) दर्प (मै) नही पसन्द करता महाराज, **प्रीति भिक्षा दीन**—जो दीनतम दीन है वह भी प्रीति-भिक्षा दे पाता है; **से .काज**—वह प्रीति वे (दीनतम दीन) पालित बिल्लियो, दरवाज़े के कुत्तो और पाण्डवो मे वितरण करे, उससे मेरा कोई मतलब नही,

दर्पितेर दर्प नाशि। शुन निवेदन
पितृदेव—एतकाल तव सिंहासन
आमार निन्दुकदल नित्य छिल घिरे
कण्टकतरुर मतो निष्ठुर प्राचीरे
तोमार आमार मध्ये रचि व्यवधान;
शुनायेछे पाण्डवेर नित्यगुणगान,
आमादेर नित्यनिंदा। एइमते पितः,
पितृस्नेह हते मोरा चिरनिर्वासित।
एइमते पितः, मोरा शिशुकाल हते
हीनबल; उत्समुखे पितृस्नेहस्रोते
पाषाणेर बाधा पड़ि मोरा परिक्षीण
शीर्ण नद, नष्टप्राण, गतिशक्तिहीन,
पदे पदे प्रतिहत, पाण्डवेरा स्फीत
अखण्ड, अबाधगति। अद्य हते पितः,
यदि से निन्दुकदले नाहि कर दूर
सिंहासनपार्श्व हते, सञ्जय विदुर
भीष्मपितामहे—यदि तारा विज्ञवेशे
हितकथा धर्मकथा साधु-उपदेशे
निन्दाय धिक्कारे तर्के निमेषे निमेषे
छिन्न छिन्न करि देय राजकर्मडोर,
भाराक्रान्त करि राखे राजदण्ड मोर,

---

**आमि.. नाशि**—मैं भय चाहता हूँ, वही मेरा प्राप्य है, मैं अहंकारियों का अहंकार नाश कर जय चाहता हूँ, **शुन**—सुनो; **एतकाल.......घिरे**—इतने दिनो तक मेरे निन्दकों का दल तुम्हारे सिंहासन को बराबर घेरे हुए रहा; **कण्टक ...व्यवधान**—कटीले वृक्षों के समान निष्ठुर प्राचीर बन तुम्हारे और मेरे बीच व्यवधान हो कर; **शुनायेछे**—सुनाया है; **आमादेर**—हमारी; **एइमते**—इस प्रकार से; **हते**—से, **मोरा**—हम सब; **अद्य हते**—आज से; **यदि ..... हते**—उस निन्दक दल को सिंहासन के पास से अगर दूर नहीं करोगे, **तारा**—वे; **छिन्न.. ओर**—राज-कर्म की डोरी (शृंखला) को छिन्न-भिन्न कर दे;

पदे पदे द्विधा आने राजशक्ति-माझे,
मुकुट मलिन करे अपमाने लाजे,
तबे क्षमा दाओ पितृदेव—नाहि काज
सिंहासनकंटकशयने—महाराज,
विनिमय करे लइ पाण्डवेर सने
राज्य दिये वनवास, याइ निर्वासने।

धृतराष्ट्र। हाय वत्स अभिमानी, पितृस्नेह मोर
किछु यदि ह्रास हत शुनि सुकठोर
सुहृदेर निन्दावाक्य—हइत कल्याण।
अधर्मे दियेछि योग, हारायेछि ज्ञान,
एत स्नेह। करितेछि सर्वनाश तोर,
एत स्नेह। ज्वालातेछि कालानल घोर
पुरातन कुरुवंश-महारण्यतले—
तबु पुत्र, दोष दिस स्नेह नाइ ब'ले ?
मणिलोभे कालसर्प करिलि कामना,
दिनु तोरे निजहस्ते धरि तार फणा
अन्ध आमि।—अन्ध अन्तरे बाहिरे
चिरदिन, तोरे लये प्रलयतिमिरे
चलियाछि; बन्धुगण हाहाकाररवे
करिछे निषेध; निशाचर गृध्रसबे

---

**करि राखे**—कर रखे, **आने**—ले आवे; **तबे. . दाओ**—तब माफ करो; **नाहि काज**—ज़रूरत नही; **विनिमय . निर्वासने**—राज्य दे कर पाण्डवो के साथ वनवास का विनिमय कर ले और निर्वासन मे चले जॉय।

**हाय . कल्याण**—हाय अभिमानी पुत्र, सुहृदो के कठोर निन्दावाक्य को सुन यदि मेरे पितृस्नेह मे कुछ कमी होती तो (उससे) कल्याण होता; **अधर्म.... स्नेह**—अधर्म मे योग दिया है, ज्ञान खो दिया है, इतना (मेरा) स्नेह है, **करितेछि**—कर रहा हूँ, **ज्वालातेछि**—जला रहा हूँ; **तबु . . ब'ले**—तौभी पुत्र, स्नेह नही है (ऐसा) कह दोष दे रहा है, **मणिलोभे . . . आमि**—मणि के लोभ से काल सर्प की तूने कामना की, मै अन्ध, अपने हाथों उसके फन को पकड़ तुझे दिया; **तोरे .. चलियाछि**—तुझे ले कर प्रलय के अन्धकार मे चला हूँ; **करिछे**—कर रहे है;

करितेछे अशुभ चीत्कार; पदे पदे
सकीर्ण हतेछे पथ, आसन्न विपदे
कण्टकित कलेवर; तबु दृढ करे
भयकर स्नेहे वक्षे बाँधि लये तोरे
वायुबले अन्धवेगे विनाशेर ग्रासे
छुटिया चलेछि मूढ मत्त अट्टहासे
उल्कार आलोके। शुधु तुमि आर आमि,
आर सङ्गी वज्रहस्त दीप्त अन्तर्यामी—
नाइ सम्मुखेर दृष्टि, नाइ निवारण
पश्चातेर, शुधु निम्ने घोर आकर्षण
निदारुण निपातेर। सहसा एकदा
चकिते चेतना हबे, विधातार गदा
मुहूर्ते पडिबे शिरे, आसिबे समय—
ततक्षण पितृस्नेहे कोरो ना सशय,
आलिङ्गन कोरो ना शिथिल; ततक्षण
द्रुत हस्ते लुटि लओ सर्व स्वार्थधन,
हओ जयी, हओ सुखी, हओ तुमि राजा
एकेश्वर।—ओरे, तोरा जयवाद्य बाजा।
जयध्वजा तोल् शून्ये। आजि जयोत्सवे
न्याय धर्म बन्धु भ्राता केह नाहि रबे;
ना रबे विदुर भीष्म, ना रबे सञ्जय,
नाहि रबे लोकनिन्दा-लोकलज्जा-भय,

---

**हतेछे**—हो रहा है, **छुटिया चलेछि**—बेतहाशा चला हूँ; **शुधु.....आमि**—केवल तुम और मै; **आर**—और; **नाइ.. .. पश्चातेर**—न सामने दृष्टि है, न पीछे से (कोई) मना करता है, **शुधु**—केवल; **निम्ने**—नीचे की ओर; **निपातेर**—विनाश का; **एकदा**—एक समय; **चकिते**—क्षण भर में; **हबे**—होगा, **पड़िबे**—पडेगा, गिरेगा; **आसिबे समय**—समय आएगा; **ततक्षण......संशय**—तब तक के लिये पितृ-स्नेह मे सशय न करो; **तोल् शून्ये**—शून्य (आकाश) मे उठाओ; **केह नाहि रबे**—कोई नही रहेगा; **ना रबे**—नही रहेगे;

कुरुवंशराजलक्ष्मी नाहि रबे आर—
शुधु रबे अन्ध पिता, अन्ध पुत्र तार
आर कालान्तक यम—शुधु पितृस्नेह
आर विधातार शाप, आर नहे केह।

[चरेर प्रवेश

चर। महाराज, अग्निहोत्र देव-उपासना
त्याग करि विप्रगण, छाडि सन्ध्यार्चना,
दाँड़ायेछे चतुष्पथे पाण्डवेर तरे
प्रतीक्षिया। पौरगण केह नाहि घरे;
पण्यशाला रुद्ध सब, सन्ध्या हल तबु
भैरवमन्दिर-माझे नाहि बाजे प्रभु,
शङ्खघण्टा सध्याभेरी, दीप नाहि ज्वले।
शोकातुर नरनारी सबे दले दले
चलियाछे नगरेर सिंहद्वार-पाने
दीनवेशे सजलनयने।

दुर्योधन। नाहि जाने
जागियाछे दुर्योधन। मूढ भाग्यहीन,
घनाये एसेछे आजि तोदेर दुर्दिन।
राजाय प्रजाय आजि हबे परिचय
घनिष्ठ कठिन। देखि कतदिन रय

---

**आर**—और, **शुधु**—केवल।

**दाँड़ायेछे**—खडे है; **तरे**—लिये, निमित्त; **प्रतीक्षिया**—प्रतीक्षा करते हुए, **सन्ध्या तबु**—सध्या हुई तौभी, **नाहि बाजे**—नही बजता है, **नाहि ज्वले**—नही जलता है; **चलियाछे**—चले है, **पाने**—ओर।

**नाहि दुर्योधन**—(वे) नही जानते (कि) दुर्योधन जगा है; **घनाये . . दुर्दिन**—आज तुमलोगो का दुर्दिन नजदीक आ गया है; **राजाय. . . . कठिन**—राजा और प्रजा का आज घनिष्ठ, कठिन परिचय होगा; **देखि. स्पर्धा**—देखे

प्रजार परम स्पर्धा—निर्विष सर्पेर
व्यर्थ फणा-आस्फालन, निरस्त्र दर्पेर
हुहुंकार।

[प्रतिहारीर प्रवेश

प्रतिहारी। महाराज, महिषी गान्धारी
दर्शनप्रार्थिनी पदे।

धृतराष्ट्र। रहिनु ताँहारि
प्रतिक्षाय।

दुर्योधन। पितः, आमि चलिलाम तबे। [प्रस्थान

धृतराष्ट्र। करो पलायन। हाय, केमने वा सबे
साध्वी जननीर दृष्टि समुद्यत बाज,
ओरे पुण्यभीत! मोरे तोर नाहि लाज।

[गान्धारीर प्रवेश

गान्धारी। निवेदन आछे श्रीचरणे। अनुनय
रक्षा करो नाथ।

धृतराष्ट्र। कभु कि अपूर्ण रय
प्रियार प्रार्थना!

गान्धारी। त्याग करो एइबार—

धृतराष्ट्र। कारे हे महिषी!

गान्धारी। पापेर सघर्षे यार
पडिछे भीषण शाण धर्मेर कृपाणे
सेइ मूढ़े।

---

कितने दिन प्रजा का (यह) अहकार रहता है, **निर्विष ...हुहुंकार**—बिना विष के साँप का फण आस्फालन करना और अस्त्रहीन अहकारी का हुकार व्यर्थ है।

**रहिनु. प्रतीक्षाय**—उनकी प्रतीक्षा कर रहा हूँ; **आमि...तबे**—तब मै चला; **केमने**—कैसे; **सबे**—सहेगा; **बाज**—वज्र; **मोरे.....लाज**—मुझसे तुझे लज्जा नहीं।

**निवेदन....नाथ**—श्रीचरणो मे मेरा निवेदन है, मेरे अनुनय की रक्षा करो नाथ; **कभु...प्रार्थना**—प्रिया की प्रार्थना क्या कभी अपूर्ण रह सकती है; **पापेर ...मूढ़े**—जिसके पाप के सघर्ष से धर्म की तलवार मे तेज धार पड रही है उसी मूढ को;

धृतराष्ट्र। के से जन ? आछे कोन्खाने ?
शुधु कहो नाम तार।
गान्धारी। पुत्र दुर्योधन।
धृतराष्ट्र। ताहारे करिब त्याग ?
गान्धारी। एइ निवेदन
तव पदे।
धृतराष्ट्र। दारुण प्रार्थना, हे गान्धारी
राजमाता।
गान्धारी। ए प्रार्थना शुधु कि आमारि,
हे कौरव ? कुरुकुल-पितृपितामह
स्वर्ग हते ए प्रार्थना करे अहरह
नरनाथ। त्याग करो, त्याग करो तारे—
कौरवकल्याणलक्ष्मी यार अत्याचारे
अश्रुमुखी प्रतीक्षिछे बिदायेर क्षण
रात्रिदिन।
धृतराष्ट्र। धर्म तारे करिबे शासन
धर्मेरे ये लङ्घन करेछे—आमि पिता—
गान्धारी। माता आमि नहि ? गर्भभारजर्जरिता
जाग्रत हृत्पिण्डतले बहि नाइ तारे ?
स्नेहविगलित चित्त शुभ्र दुग्धभारे

---

**के से जन**—कौन वह व्यक्ति है, **आछे कोन्खाने**—कहाँ है (वह); **शुधु .... तार**—केवल उसका नाम कहो; **ताहारे . त्याग**—उसे त्याग करूँगा; **एइ ... पदे**—आपके चरणों मे यही निवेदन है।

**ए आमारि**—यह प्रार्थना क्या केवल मेरी ही है, **स्वर्ग ....अहरह**—स्वर्ग से यह प्रार्थना रातदिन कर रहे है, **त्याग . .रात्रिदिन**—त्याग करो, उसका त्याग करो जिसके अत्याचार से अश्रुमुखी कुरुवश की कल्याण-लक्ष्मी रातदिन बिदाई के क्षण की प्रतीक्षा कर रही है; **धर्म पिता**—जिसने धर्म का उल्लघन किया है उसे धर्म दड देगा, मै पिता हूँ।

**माता आमि नहि**—क्या मै माँ नही हूँ; **बहि तारे**—क्या उसे वहन नही किया है,

उच्छ्वसिया उठे नाइ दुइ स्तन वाहि
तार सेइ अकलक शिशुमुख चाहि ?
शाखाबन्धे फल यथा, सेइमत करि
बहु वर्ष छिल ना से आमारे आँकड़ि
दुइ क्षुद्र बाहुवृन्त दिये—लये टानि
मोर हासि हते हासि, वाणी हते वाणी,
प्राण हते प्राण ? तबु कहि महाराज,
सेइ पुत्र दुर्योधने त्याग करो आज ।

धृतराष्ट्र । की राखिब तारे त्याग करि ?

गान्धारी । धर्म तव ।

धृतराष्ट्र । की दिबे तोमारे धर्म ?

गान्धारी । दु.ख नवनव ।
पुत्रसुख राज्यसुख अधर्मेर पणे
जिनि लये चिरदिन बहिब केमने
दुइ काँटा वक्षे आलिङ्गिया ।

धृतराष्ट्र । हाय प्रिये,
धर्मवशे एकबार दिनु फिराइये
द्यूतबद्ध पाण्डवेर हृत राज्यधन ।
परक्षणे पितृस्नेह करिल गुञ्जन

---

**उच्छ्वसिया. . .नाइ**—उच्छ्वसित नही हो उठे है, **दुइ. .बाहि**—दोनो स्तनो से हो कर; **तार. .चाहि**—उसके उस निष्कलक शिशुमुख को देख कर, **सेइमतो . . .दिये**—उसी प्रकार से दो छोटे हाथो से बहुत वर्षों तक मुझे जकडे हुए नही रहा; **लये .हासि**—मेरी हँसी से हँसी लेता, **तबु कहि**—तौभी कहती हूँ; **सेइ**—उसी ।

**की. . करि**—उसे त्याग कर क्या रखूँगा; **की. . . . धर्म**—तुम्हे धर्म क्या देगा, **अधर्मेर पणे जिनि**—अधर्म के द्वारा जीते हुए; **लये**—ले कर; **चिरदिन ......आलिङ्गिया**—दो काँटों को हृदय से आलिङ्गित किए हुए चिरदिन कैसे वहन करूँगी ।

**धर्मवशे**—धर्मवश; **दिनु फिराइये**—लौटा दिया,

शतबार कर्णे मोर, 'की करिलि ओरे !
एककाले धर्माधर्म दुइ तरी-'परे
पा दिये बाँचे ना केह। बारेक यखन
नेमेछे पापेर स्रोते कुरुपुत्रगण
तखन धर्मेर साथे सन्धि करा मिछे—
पापेर दुयारे पाप सहाय मागिछे।
की करिलि, हतभाग्य, वृद्ध, बुद्धिहत,
दुर्बल द्विधाय पड़ि ! अपमानक्षत
राज्य फिरे दिले तबु मिलाबे ना आर
पाण्डवेर मने—शुधु नव काष्ठभार
हुताशने दान। अपमानितेर करे
क्षमतार अस्त्र देओया मरिबार तरे।
सक्षमे दियो ना छाड़ि दिये स्वल्प पीड़ा—
करह दलन। कोरो ना विफल क्रीडा
पापेर सहित, यदि डेके आनो तारे
वरण करिया तबे लहो एकेबारे।'
एइमतो पापबुद्धि पितृस्नेहरूपे
बिँधिते लागिल मोर कर्णे चुपे चुपे

---

**करिलि . . ओरे**—सैकडो बार कान मे गुञ्जन किया, 'अरे, तूने क्या किया'; **एककाले . केह**—एक ही समय मे धर्म-अधर्म की दो नौकाओ पर पाव रखने पर कोई नही बचता, **बारेक मिछे**—एक बार जब कुरुपुत्रगण पाप के स्रोत मे उतर गए है तब धर्म के साथ सन्धि करना व्यर्थ है; **पापेर मागिछे**—पाप के दरवाजे पर पाप सहायता माग रहा है, **द्विधाय पड़ि**—द्विधा मे पड कर, **राज्य. मने**—राज्य लौटा देने पर भी पाण्डवो का मन और नही मिलेगा; **शुधु. .. दान**—(यह) केवल अग्नि मे नई लकडी के बोझ को डालने (जैसा होगा), **अपमानितेर तरे**—अपमानित के हाथ मे क्षमता का अस्त्र देना मरने के लिये (होगा), **सक्षमे दलन**—क्षमताशाली को थोडी-सी पीडा दे कर न छोड देना, (उसका) दलन करो; **कोरो. सहित**—पाप के साथ व्यर्थ की क्रीडा न करो, **यदि . एकेबारे**—अगर उसे बुला लाते हो तो सपूर्ण रूप से उसे वरण कर लो, **एइमतो**—इसी प्रकार; **बिँधिते लागिल**—बिँधने लगी, **मोर कर्णे**—मेरे कानोमे,

कत कथा तीक्ष्ण सूचीसम। पुनराय
फिरानु पाण्डवगणे, द्यूतछलनाय
विसर्जिनु दीर्घ वनवासे। हाय धर्म,
हाय रे प्रवृत्तिवेग! के बुझिबे मर्म,
ससारेर!

गान्धारी। धर्म नहे सम्पदेर हेतु,
महाराज, नहे से सुखेर क्षुद्र सेतु,
धर्मेइ धर्मेर शेष। मूढ नारी आमि,
धर्मकथा तोमारे की बुझाइब स्वामी,
जान तो सकलि। पाण्डवेरा याबे वने,
फिराइले फिरिबे ना, बद्ध तारा पणे—
एखन ए महाराज्य एकाकी तोमार,
महीपति। पुत्रे तव त्यज एइबार—
निष्पापेरे दु ख दिये निजे पूर्ण सुख
लइयो ना। न्यायधर्मे कोरो ना विमुख
पौरवप्रासाद हते। दु.ख सुदु·सह
आज हते, धर्मराज, लहो तुलि लहो,
देहो तुलि मोर शिरे।

धृतराष्ट्र। हाय महाराणी,
सत्य तव उपदेश, तीव्र तव वाणी!

---

**कत कथा**—कितनी बाते, **पुनराय**—फिर; **फिरानु**—लौटाया; **के बुझिबे**—कौन समझेगा।

**नहे**—नही है; **नहे .. सेतु**—वह सुख (पाने) का क्षुद्र सेतु नही है; **धर्मेर ... ..शेष**—धर्म की परिणति धर्म मे ही है; **जान तो सकलि**—सब जानते हो, **एखन**—इस समय; **ए**—यह; **तोमार**—तुम्हारा, **पुत्रे तव**—अपने पुत्र को; **निष्पापेरे ..ना**—निष्पाप को दुःख दे कर अपने पूर्ण सुख नही लेना; **न्यायधर्मे .....हते**—न्याय-धर्म को पौरवों के प्रासाद से विमुख न करो; **दुःख. शिरे**—हे धर्मराज, आज से दु·सह दु ख उठा लो (और उसे) मेरे शिर डाल दो।

गान्धारी। अधर्मेर मधुमाखा विषफल तुलि
आनन्दे नाचिछे पुत्र; स्नेहमोहे भुलि
से फल दियो ना तारे भोग करिबारे—
केड़े लओ, फेले दाओ, काँदाओ ताहारे।
छललब्ध पापस्फीत राज्यधनजने
फेले राखि सेओ चले याक निर्वासने—
वञ्चित पाण्डवदेर समदु.खभार
करुक वहन।

धृतराष्ट्र। धर्मविधि विधातार—
जाग्रत आछेन तिनि, धर्मदण्ड ताँर
रयेछे उद्यत नित्य; अयि मनस्विनी,
ताँर राज्ये ताँर कार्य करिबेन तिनि।
आमि पिता—

गान्धारी। तुमि राजा, राज-अधिराज,
विधातार वामहस्त; धर्मरक्षा काज
तोमा-'परे समर्पित। शुधाइ तोमारे,
यदि कोनो प्रजा तव, सती अबलारे
परगृह हते टानि करे अपमान
बिना दोषे, की ताहार करिबे विधान?

धृतराष्ट्र। निर्वासन।

---

**अधर्मेर . पुत्र**—अधर्म के मधु से सने हुए विषफल को उठा कर पुत्र आनन्द मे नाच रहा है, **स्नेहमोहे. . करिबारे**—स्नेह के मोह मे भूल उस फल को उसे भोग न करने दो; **केड़े लओ. . .ताहारे**—(उसे) काढ लो, फेक दो और उसे रुलाओ; **फेले.. . .निर्वासने**—फेक कर वह भी निर्वासन मे चला जाय, **वञ्चित . .. वहन**—वञ्चित पाण्डवो के दु:ख के भार को समान भाव से वह वहन करे।

**जाग्रत आछेन तिनि**—वे जाग्रत है; **ताँर.. ... तिनि**—अपने राज्य मे वे अपना काम करेगे; **तोमा-'परे**—तुम्हारे ऊपर; **शुधाइ तोमारे**—तुमसे पूछती हूँ; **कोनो**—कोई, **टानि**—खीच, **की . विधान**—उसका क्या विधान करोगे।

गान्धारी। तबे आज राजपदतले
समस्त नारीर ह्ये नयनेर जले
विचार प्रार्थना करि। पुत्र दुर्योधन
अपराधी प्रभु। तुमि आछ हे राजन्,
प्रमाण आपनि। पुरुष पुरुषे द्वन्द्व
स्वार्थ लये बाधे अहरह, भालोमन्द
नाहि बुझि तार, दण्डनीति, भेदनीति,
कूटनीति कत शत—पुरुषेर रीति
पुरुषेइ जाने! बलेर विरोध बल,
छलेर विरोध कत जेगे उठे छल
कौशले कौशल हाने; मोरा थाकि दूरे
आपनार गृहकर्मे शान्त अन्तःपुरे।
ये सेथा टानिया आने विद्वेष-अनल
बाहिरेर द्वन्द्व हते—पुरुषेरे छाडि
अन्तःपुरे प्रवेशिया निरुपाय नारी
गृहधर्मचारिणीर पुण्यदेह-'परे
कलुषपरुष स्पर्शे असम्माने करे
हस्तक्षेप—पति-साथे बाधाये विरोध
ये नर पत्नीरे हानि लय तार शोध—

---

**समस्त. . . करि**—सभी नारियों की ओर से आँखो मे आँसू भर कर विचार (न्याय) करने की प्रार्थना करती हूँ; **तुमि ... आपनि**—हे राजन्, तुम अपने ही प्रमाण हो, **लये**—ले कर; **बाधे**—आरम्भ हो जाता है; **भालोमन्द. . . तार**—उसका अच्छा-बुरा नही जानती; **कत शत**—कितने सैकडो, **पुरुषेर. . जाने**—पुरुषो की रीति पुरुष ही जानते हैं, **बलेर**—बल का; **कत जेगे.. छल**—कितने छल जग उठते हैं, **हाने**—प्रहार करता है; **मोरा . . दूरे**—हमलोग दूर रहती हैं; **ये हते**—जो वहाँ (अन्तःपुर में) बाहर के द्वन्द्व से विद्वेष की अग्नि खीच कर लाता है, **पुरुषेरे छाड़ि**—पुरुषों को छोड कर, **हस्तक्षेप**—हाथ लगाना, **पति... .कापुरुष**—पति के साथ विरोध प्रारम्भ करे और पत्नी पर आघात कर

से शुधु पाषण्ड नहे, से ये कापुरुष ।
महाराज, की तार विधान ! अकलुष
पुरुवशे पाप यदि जन्मलाभ करे
सेओ सहे । किन्तु प्रभु, मातृगर्वभरे
भेबेछिनु गर्भे मोर वीरपुत्रगण
जन्मियाछे । हाय नाथ, सेदिन यखन
अनाथिनी पाञ्चालीर आर्तकण्ठरव
प्रासादपाषाणभित्ति करि दिल द्रव
लज्जा घृणा करुणार तापे, छुटि गिया
हेरिनु गवाक्षे, तार वस्त्र आकर्षिया
खलखल हासितेछे सभा-माझखाने
गान्धारीर पुत्र-पिशाचेरा—धर्म जाने,
से दिन चूर्णिया गेल जन्मेर मतन
जननीर शेष गर्व । कुरुराजगण,
पौरुष कोथाय गेछे छाडिया भारत !
तोमरा हे महारथी, जड़मूर्तिवत्
बसिया रहिले सेथा चाहि मुखे मुखे,
केह वा हासिले, केह करिले कौतुके

---

उसका बदला ले वह मनुष्य केवल पाखडी ही नही है वह कायर है; **अकलुष सहे**—निष्कलक पुरुवश मे यदि पापी जन्म ग्रहण करे तो वह भी सहन हो सकता है; **किन्तु .. जन्मियाछे**—किन्तु प्रभु, माता का गर्व ले कर सोचा था कि मेरे गर्भ से वीर पुत्रो ने जन्म लिया है, **सेदिन**—उस दिन; **यखन**—जब, **भित्ति**—दीवार; **करि दिल द्रव**—पिघला दिया, **छुटि . . गवाक्षे**—दौड कर गवाक्ष से देखा, **तार**—उसका, **आर्काषया**—खीच कर; **हासितेछे**—हँस रहे है; **धर्म गर्व**—धर्म जानता है, उस दिन जन्म भर के लिये जननी का शेष गर्व चूर्ण विचूर्ण हो गया; **कोथाय गेछे**—कहाँ गया है; **छाड़िया**—छोड कर, **तोमरा**—तुमलोग; **बसिया.. .मुखे**—एक दूसरे का मुँह देखते हुए वहाँ बैठे रहे, **केह .. .. कौतुके**—कोई तो हँसा और किसी ने परिहास किया,

कानाकानि—कोष-माझे निश्चल कृपाण
वज्रनि·शेषित लुप्तविद्युत्-समान
निद्रागत।—महाराज, शुन महाराज,
ए मिनति। दूर करो जननीर लाज,
वीरधर्म करह उद्धार, पदाहत
सतीत्वेर घुचाओ क्रन्दन; अवनत
न्यायधर्मे करह सम्मान—त्याग करो
दुर्योधने।

धृतराष्ट्र। परिताप-दहने जर्जर
हृदये करिछ शुधु निष्फल आघात,
हे महिषी।

गान्धारी। शतगुण वेदना कि नाथ,
लागिछे ना मोरे? प्रभु, दण्डितेर साथे
दण्डदाता काँदे यबे समान आघाते
सर्वश्रेष्ठ से विचार। यार तरे प्राण
कोनो व्यथा नाहि पाय, तारे दण्डदान
प्रबलेर अत्याचार। ये दण्डवेदना
पुत्रेरे पार ना दिते से कारे दियो ना;
ये तोमार पुत्र नहे तारो पिता आछे
महा अपराधी हबे तुमि तार काछे,

---

**कानाकानि**—कानो-कानो मे; **कोष निद्रागत**—वज्रनि·शेषित लुप्त विद्युत् के समान सोई हुई तलवार म्यान के भीतर निश्चल पडी रही, **शुन**—सुनो, **ए मिनति**—यह मिन्नत, **करह**—करो, **घुचाओ**—दूर करो; **अवनत**—झुके हुए।

**परिताप.. ..आघात**—दु ख की ज्वाला से जर्जर बने हृदय मे केवल निष्फल आघात कर रही हो, **शतगुण .. मोरे**—हे नाथ, क्या सौ-गुनी व्यथा मुझे नही हो रही है, **दण्डितेर......विचार**—दण्डित के साथ दण्डदाता भी जब समान आघात से क्रन्दन करे तो वह सर्वश्रेष्ठ न्याय है, **यार..... .अत्याचार**—जिसके लिये प्राणो मे व्यथा न हो उसे दण्ड देना शक्तिशाली का अत्याचार है, **ये दण्डवेदना.. ..ना**—जिस दण्ड का दु·ख पुत्र को न दे सको उसे किसीको भी न देना; **ये तोमार ....विचारक**—जो तुम्हारा पुत्र नही है उसको भी पिता है, उसके पास

विचारक। शुनियाछि, विश्वविधातार
सबाइ सन्तान मोरा, पुत्रेर विचार
नियत करेन तिनि आपनार हाते
नारायण, व्यथा देन, व्यथा पान साथे,
नतुबा विचारे तॉर नाइ अधिकार—
मूढ नारी लभियाछि अन्तरे आमार
एइ शास्त्र। पापी पुत्रे क्षमा करो यदि
निर्विचारे, महाराज, तबे निरवधि
यत दण्ड दिले तुमि यत दोषीजने
फिरिया लागिबे आसि दण्डदाता भूपे—
न्यायेर विचार तव निर्ममतारूपे
पाप हये तोमारे दागिबे। त्याग करो
पापी दुर्योधने।

धृतराष्ट्र। प्रिये, सहर सहर
तव वाणी। छिँडिते पारि ने मोहडोर,
धर्मकथा शुधु आसि हाने सुकठोर
व्यर्थ व्यथा। पापी पुत्र त्याज्य विधातार,
ताइ तारे त्यजिते ना पारि—आमि तार

---

हे विचारक, तुम महा अपराधी होओगे, **शुनियाछि**—सुना है, **सबाइ सन्तान मोरा**—हम सभी सन्तान है; **नियत ....नारायण**—भगवान् अपने हाथों ही नियत करते है, **व्यथा साथे**—व्यथा देते है और साथ ही व्यथा पाते है, **नतुबा अधिकार**—नही तो न्याय करने का उनका अधिकार नही है, **मूढ़.... शास्त्र**—मूढ स्त्री मैंने अपने अन्तर मे यही शास्त्र उपलब्ध किया है, **पुत्रे**—पुत्र को; **तबे. जने**—तब अभीतक जितने दोषी जनो को तुमने जितने दण्ड दिए है; **फिरिया ..आसि**—(वे) लौट कर (तुम्हे) लगेगे, **न्यायेर .दागिबे**—तुम्हारा न्याय-विचार निर्दयता के रूप मे पाप हो कर तुम्हे ही दग्ध करेगा।

**संहर**—सवरण करो, सयमित करो; **छिँड़िते .. डोर**—मोह की डोरी (बन्धन) को तोड नहीं सका हूँ, **धर्मकथा. व्यथा**—धर्म की बात आ कर केवल अत्यन्त कठोर (लेकिन) व्यर्थ की व्यथा दे जाती है; **पापी ... एकमात्र**—पापी पुत्र विधाता के लिये त्यज्य है, मै उसका (दुर्योधन का) एक मात्र हूँ इसलिये त्याग

एकमात्र। उन्मत्ततरङ्ग—माझखाने
ये पुत्र सँपेछे अङ्ग, तारे कोन् प्राणे
छाडि याब? उद्धारेर आशा त्याग करि
तबु तारे प्राणपणे वक्षे चापि धरि—
तारि साथे एक पापे झाँप दिया पडि,
एक विनाशेर तले तलाइया मरि
अकातरे, अंश लइ तार दुर्गतिर,
अर्ध फल भोग करि तार दुर्मतिर—
सेइ तो सान्त्वना मोर। एखन तो आर
विचारेर काल नाइ, नाइ प्रतिकार,
नाइ पथ—घटेछे या छिलो घटिबार,
फलिबे या फलिबार आछे। [प्रस्थान

गान्धारी। हे आमार
अशान्त हृदय, स्थिर हओ। नतशिरे
प्रतीक्षा करिया थाको विधिर विधिरे
धैर्य धरि। येदिन सुदीर्घ रात्रि-परे
सद्य जेगे उठे काल सशोधन करे

---

नही पाता; **उन्मत्त .. याब**—उन्मत्त तरङ्गों के बीच जिस पुत्र ने अपने शरीर को मुझे सौपा है उसे किस हृदय से छोड़ूंगा, **उद्धारेर. . . धरि**—उसके उद्धार की आशा का त्याग करता हूँ तौभी उसे प्राणपण छाती से लगा रखूँ; **तारि . पड़ि**—उसीके साथ एक ही पाप मे कूद पड़ूँ; **एक.... अकातरे**—अकातर भाव से एक ही विनाश के तल मे डूब कर मरूँ; **अंश ...दुर्गतिर**—उसकी दुर्गति का अश लूँ (भाग बटाऊँ); **तार दुर्मतिर**—उसकी दुर्मति का, **सेइ.... मोर**—यही तो मेरी सान्त्वना है; **एखन.. ... पथ**—अब तो और विचार का समय नही है, न (कोई इसका) प्रतिकार है, और न (कोई) पथ है; **घटेछे.. .. आछे**—जो होने वाला था वही हुआ है, जो फलने वाला है वही फलेगा।

**आमार**—मेरा; **हओ**—होओ; **नत......धरि**—धैर्य धारण कर नतशिर विधि के विधान की प्रतीक्षा करते रहो; **ये दिन**—जिस दिन; **परे**—बाद;

आपनारे, सेदिन दारुण दु खदिन
दु:सह उत्तापे यथा स्थिर गतिहीन
घुमाइया पड़े वायु—जागे झञ्झाझड़े
अकस्मात्, आपनार जड़त्वेर 'परे
करे आक्रमण, अन्ध वृश्चिकेर मतो
भीमपुच्छे आत्मशिरे हाने अविरत
दीप्त वज्रशूल—सेइमतो काल यबे
जागे, तारे सभये अकाल कहे सबे।
लुटाओ लुटाओ शिर, प्रणम रमणी,
सेइ महाकाले; तार रथचक्रध्वनि
दूर रुद्रलोक हते वज्रघर्घरित
ओइ शुना याय। तोर आर्त जर्जरित
हृदय पातिया राख् तार पथतले।
छिन्न सिक्त हृत्पिण्डेर रक्त शतदले
अञ्जलि रचिया थाक् जागिया नीरवे
चाहिया निमेषहीन। तार परे यबे
गगने उडिबे धूलि, काँपिबे धरणी,
सहसा उठिबे शून्ये क्रन्दनेर ध्वनि—
हाय हाय हा रमणी, हाय रे अनाथा,
हाय हाय वीरवधू, हाय वीरमाता,

---

**आपनारे**—अपने को, **सेदिन**—वह दिन, **घुमाइया पड़े**—सो जाती है, **झड़**—आँधी; **वृश्चिकेर मतो**—बिच्छू के समान, **भीम पुच्छे**—भयकर पूँछ से; **आत्मशिरे**—अपने सिरपर; **हाने**—आघात करता है, **सेइमतो सबे**—उसी प्रकार से काल जब जागता है उसे भय से सभी दु समय कहते हैं, **लुटाओ**—लोटाओ, **प्रणम. महाकाले**—रमणी, उस महाकाल को प्रणाम करो, **तार**—उसके, **हते**—से, **ओइ याय**—वह सुनाई पडता है, **तोर पथतले**—अपने दु खी, जर्जर हृदय को उसके रास्ते मे बिछा कर रख; **थाक् जागिया**—जगी हुई रह; **चाहिया**—देखती हुई; **तार. . धूलि**—उसके बाद जब आकाश मे धूल उडेगी,

हाय हाय हाहाकार—तखन सुधीरे
धुलाय पड़िस लुटि अवनतशिरे
मुदिया नयन। तार परे नमो नम
सुनिश्चित परिणाम, निर्वाक् निर्मम
दारुण करुण शान्ति; नमो नमो नम
कल्याण कठोर कान्त, क्षमा स्निग्धतम।
नमो नमो विद्वेषेर भीषणा निर्वृति—
श्मशानेर-भस्म-माखा परमा निष्कृति।

[दुर्योधनमहिषी भानुमतीर प्रवेश

[दासीगणेर प्रति

भानुमती। इन्दुमुखी! परभृते! लहो तुलि शिरे
माल्यवस्त्र अलंकार।

गान्धारी। वत्से, धीरे! धीरे!
पौरवभवने कोन् महोत्सव आजि!
कोथा याओ नव वस्त्र-अलंकारे साजि,
वधू मोर?

भानुमती। शत्रुपराभव-शुभक्षण
समागत।

गान्धारी। शत्रु यार आत्मीयस्वजन
आत्मा तार नित्य शत्रु, धर्म शत्रु तार,
अजेय ताहार शत्रु। नव अलकार
कोथा हते, हे कल्याणी!

भानुमती। जिनि वसुमती
भुजबले, पाञ्चालीरे तार पञ्चपति

---

**तखन ..लुटि**—तब धीरे से धूलि में लोट पडना; **मुदिया**—मूँद कर।

**लहो...शिरे**—सिर पर उठा लो; **कोन्**—कौन; **आजि**—आज; **कोथा ..साजि**—नये वस्त्र-अलकार से सज्जित हो कर कहाँ जाती हो; **यार**—जिसका; **तार**—उसका; **ताहार**—उसका; **कोथा हते**—कहाँ से; **जिनि . ...भुजबले**—भुजाओं के बल से पृथ्वी को जीत कर; **पाञ्चालीरे.. ....अलंकार**—पाञ्चाली को उसके

दियेछिल यत रत्न मणि अलकार,
यज्ञदिने याहा परि भाग्य-अहकार
ठिकरित माणिक्येर शत सूचीमुखे
द्रौपदीर अङ्ग हते, बिद्ध हत बुके
कुरुकुलकामिनीर, से रत्नभूषणे
आमारे साजाये तारे येते हल वने ।

गान्धारी । हा रे मूढ़, शिक्षा तबु हल ना तोमार—
सेइ रत्न निये तबु एत अहकार !
एकि भयंकरी कान्ति, प्रलयेर साज !
युगान्तेर उल्का-सम दहिछे ना आज
ए मणिमञ्जीर तोरे ? रत्नललाटिका
ए ये तोर सौभाग्येर वज्रानलशिखा ।
तोरे हेरि अङ्गे मोर त्रासेर स्पन्दन
सञ्चारिछे, चित्ते मोर उठिछे क्रन्दन—
आनिछे शकित कर्णे तोर अलंकार
उन्मादिनी शकरीर ताण्डवझङ्कार ।

भानुमती । मातः, मोरा क्षत्रनारी, दुर्भाग्येर भय
नाहि करि । कभु जय, कभु पराजय—

---

पाँच पतियो ने जितने रत्न मणि अलकार दिए थे, **याहा परि**—जिसे पहन कर; **ठिकरित**—विकीर्ण होता, **हत**—होता; **बुके**—हृदय मे; **से.. वने**—उन रत्न अलकारो से मुझे सजा कर उसे (द्रौपदी को) वन जाना पडा ।

**शिक्षा. तोमार**—तौभी तुम्हे शिक्षा नही मिली, **सेइ.. अहंकार**—तौभी उन्हीं रत्नो को ले कर इतना अहकार है, **एकि**—यह कैसी; **प्रलयेर साज**—प्रलय की सज्जा, **युगान्त**—प्रलय काल; **दहिछे . तोरे**—यह मणि मञ्जीर (नूपुर) क्या तुम्हे आज दहन नही कर रहा है, **ललाटिका**—ललाट का भूषण, **तोरे. सञ्चारिछे**—तुम्हे देख कर मेरे शरीर मे त्रास का सञ्चार हो रहा है; **आनिछे**—ला रहा है ।

**मोरा**—हमलोग; **नाहि करि**—नही करती है; **कभु**—कभी,

मध्याह्न गगने कभु, कभु अस्तधामे,
क्षत्रियमहिमासूर्य उठे आर नामे।
क्षत्रवीराङ्गना मात, सेइ कथा स्मरि
शकार वक्षेते थाकि सकटे ना डरि
क्षणकाल। दुर्दिन दुर्योग यदि आसे
विमुख भाग्येरे तबे हानि उपहासे
केमने मरिते हय जानि ताहा देवी—
केमने बाँचिते हय श्रीचरण सेवि
से शिक्षाओ लभियाछि।

गान्धारी। वत्से, अमङ्गल
एकेला तोमार नहे। लये दलबल
से यबे मिटाय क्षुधा, उठे हाहाकार,
कत वीररक्तस्रोते कत विधवार
अश्रुधारा पडे आसि—रत्न-अलकार
वधूहस्त हते खसि पडे शत शत
चूतलताकुञ्जवने मञ्जरीर मतो
झझावाते। वत्से, भाङियो ना बद्ध सेतु।
क्रीडाच्छले तुलियो ना विप्लवेर केतु

---

**उठे ....नामे**—उठता है और नीचे जाता है; **सेइ. ..क्षणकाल**—इसी बात का स्मरण कर (हम) शका के हृदय मे रहती है और क्षण भर के लिये भी सकट से नही डरती; **आसे**—आए, **विमुख भाग्येरे**—प्रतिकूल भाग्य को; **तबे . . उपहासे**—तब उपहास कर (उस पर) आघात करती हैं, **केमने. ...ताहा**—कैसे मरना होता है वह (हमलोग) जानती हैं, **केमने .....लभियाछि**—श्रीचरणों की सेवा कर कैसे बचना होता है यह शिक्षा भी प्राप्त की है।

**एकेला.. .नहे**—अकेला तुम्हारा नही है; **लये... .हाहाकार**—दलबल ले कर जब वह (अपनी) क्षुधा मिटाता है (तब) हाहाकार उठता है, **कत**—कितना, **कत ... आसि**—कितने वीरो की रक्तधारा मे कितनी विधवाओ की अश्रुधारा आ पडती है; **हते**—से; **खसि पड़े**—गिर-गिर पडता है; **मतो**—समान, **भाङियो ...सेतु**—बँधे हुए सेतु को न तोडना; **क्रीड़ाच्छले. ..मात्रे**—क्रीडा के बहाने

गृह-माझे। आनन्देर दिन नहे आजि।
स्वजनदुर्भाग्य लये सर्व अङ्गे साजि
गर्व करियो ना मात । हये सुसयत
आज हते शुद्ध चित्ते उपवासव्रत
करो आचरण, वेणी करि उन्मोचन
शान्त मने करो वत्से, देवता-अर्चन।
ए पापसौभाग्यदिने गर्व-अहकारे
प्रतिक्षणे लज्जा दियो नाको विधातारे।
खुले फेलो अलकार, नव रक्ताम्बर,
थामाओ उत्सववाद्य, राज-आडम्बर;
अग्निगृहे याओ पुत्री, डाको पुरोहिते—
कालेर प्रतीक्षा करो शुद्धसत्त्व-चिते।

[भानुमतीर प्रस्थान

[द्रौपदीसह पञ्चपाण्डवेर प्रवेश

युधिष्ठिर। आशीर्वाद मागिबारे एसेछि जननी,
बिदायेर काले।

गान्धारी। सौभाग्येर दिनमणि
दु खरात्रि-अवसाने द्विगुण उज्ज्वल
उदिबे, हे वत्सगण। वायु हते बल,
सूर्य हते तेज, पृथ्वी हते धैर्यक्षमा

---

घर मे विप्लव का झडा न उठाना, **आनन्देर.. आजि**—आज आनन्द का दिन नही है, **लये**—ले कर, **सर्व ..करियोना**—सभी अगो को सजा कर गर्व न करना, **मातः**—(बहू या बेटी को 'माँ' कह कर सबोधन करते है।), **हये**—हो कर; **आज हते**—आज से, **प्रतिक्षणे विधातारे**—प्रतिक्षण विधाता को लज्जा न देना; **खुले फेलो**—खोल दो, **थामाओ**—रोको; **याओ**—जाओ; **डाको**—पुकारो।

**आशीर्वाद काले**—बिदाई के समय, माँ, आशीर्वाद माँगने आया हूँ।

**सौभाग्येर दिनमणि**—सौभाग्य का सूर्य; **उदिबे**—उदय होगा, **हते**—से;

करो लाभ, दु:खव्रत पुत्र मोर। रमा
दैन्य-माझे गुप्त थाकि दीन छद्मरूपे
फिरुन पश्चाते तव; सदा चुपे चुपे
दु:ख हते तोमा-तरे करुन सञ्चय
अक्षय सम्पद। नित्य हउक निर्भय
निर्वासनवास। बिना पापे दु:खभोग
अन्तरे ज्वलन्त तेज करुक संयोग—
वह्निशिखादग्ध दीप्त सुवर्णेर प्राय।
सेइ महादु:ख हबे महत् सहाय
तोमादेर। सेइ दु:खे रहिबेन ऋणी
धर्मराज विधि; यबे शुधिबेन तिनि
निजहस्ते आत्मऋण तखन जगते
देव नर के दाँड़ाबे तोमादेर पथे!
मोर पुत्र करियाछे यत अपराध
खण्डन करुक सब मोर आशीर्वाद,
पुत्राधिक पुत्रगण। अन्याय पीड़न
गभीर कल्याणसिन्धु करुक मन्थन।

[द्रौपदीके आलिंगनपूर्वक

भूलुण्ठिता स्वर्णलता, हे वत्से आमार,
हे आमार राहुग्रस्त शशी, एकबार

---

**करो लाभ**—प्राप्त करो; **रमा . .तव**—दैन्य (दु:ख) के बीच लक्ष्मी गुप्त रह दीन छद्मवेश मे तुम्हारे पीछे पीछे घूमे; **तोमा-तरे**—तुम्हारे निमित्त; **दु:ख ......समय**—तुम्हारे लिये दु.ख से अक्षय सम्पत्ति का (वे) सञ्चय करे; **हउक**—होवे; **करुक**—करे, **सुवर्णेर प्राय**—सुवर्ण जैसा; **सेइ.. ...तोमादेर**—वही महादु.ख तुमलोगों का बहुत बडा सहायक होगा; **सेइ.. विधि**—उस दु.ख से विधानकर्ता धर्मराज ऋणी रहेंगे, **यबे .....पथे**—जब वे अपने हाथो उस ऋण को चुकायेंगे तब ससार मे देवता-मनुष्य कौन तुमलोगो के पथ मे रहेगा (बाधा सृष्टि करेगा); **करियाछे**—किया है, **यत**—जितना; **करुक**—करे; **अन्याय.. ....मन्थन**—अन्याय का उत्पीडन गभीर कल्याण-सिन्धु का मंथन करे।

**आमार**—मेरी;

तोलो शिर, वाक्य मोर करो अवधान।
ये तोमारे अवमाने तारि अपमान
जगते रहिबे नित्य—कलक अक्षय।
तव अपमानराशि विश्वजगन्मय
भाग करे लइयाछे सर्व कुलाङ्गना—
कापुरुषतार हस्ते सतीर लाछना।
याओ वत्से, पति-साथे अमलिनमुख,
अरण्येरे करो स्वर्ग, दु खे करो सुख।
वधू मोर, सुदु:सह पतिदु.खव्यथा
वक्षे धरि सतीत्वेर लभ सार्थकता।
राजगृहे आयोजन दिवसयामिनी
सहस्र सुखेर; वने तुमि एकाकिनी
सर्वसुख, सर्वसङ्ग, सर्वैश्वर्यमय,
सकल सान्त्वना एका, सकल आश्रय,
क्लान्तिर आराम, शान्ति, व्याधिर शुश्रूषा,
दुर्दिनेर शुभलक्ष्मी, तामसीर भूषा
ऊषा मूर्तिमती। तुमि हबे एकाकिनी
सर्वप्रीति, सर्वसेवा, जननी, गेहिनी—
सतीत्वेर श्वेतपद्म सम्पूर्ण सौरभे
शतदले प्रस्फुटिया जागिबे गौरवे॥

[मार्च, १९००] 'काहिनी'

---

**तोलो**—उठाओ, **वाक्य अवधान**—मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो, **ये. .नित्य**—जिसने तुम्हारी अवमानना की है उसीका अपमान जगत् मे सदैव बना रहेगा; **तव कुलाङ्गना**—तुम्हारी अपमान-राशि को ससार भर की सभी कुलाङ्गनाओं ने हिस्सा बँटाकर ले लिया है; **कापुरुषतार . .लांछना**—कायरता के हाथो सती की लांछना (अपमान), **याओ**–जाओ, **अरण्येरे**—अरण्य को; **वधू . सार्थकता**–मेरी बहू, पति के कठिन दु:ख की व्यथा को हृदय मे धारण कर सतीत्व की सार्थकता को प्राप्त करो, **राजगृहे**—राजमहल मे; **आयोजन .सुखेर**—रातदिन सहस्र सुखो का आयोजन रहता है; **तामसीर भूषा**—अन्धकार-रात्रि का भूषण; **तुमि एकाकिनी**—तुम अकेली होओगी, **प्रस्फुटिया**—प्रस्फुटित हो कर।

# वैशाख

हे भैरव, हे रुद्र वैशाख,
धूलाय धूसर रुक्ष उड्डीन पिङ्गल जटाजाल,
तप·क्लिष्ट तप्त तनु, मुखे तुलि विषाण भयाल
कारे दाओ डाक—
हे भैरव, हे रुद्र वैशाख ?

छायामूर्ति यत अनुचर
दग्धताम्र दिगन्तेर कोन् छिद्र हते छुटे आसे !
की भीष्म अदृश्य नृत्ये माति उठे मध्याह्न-आकाशे
नि.शब्द प्रखर
छायामूर्ति तव अनुचर ।।

मत्तश्रमे श्वसिछे हुताश ।
रहि रहि दहि दहि उग्र वेगे उठिछे घुरिया,
आवर्तिया तृणपर्ण, घूर्णछन्दे शून्ये आलोडिया
चूर्ण रेणुराश—
मत्तश्रमे श्वसिछे हुताश ।।

---

**उड्डीन**—उडते हुए, **तुलि**—उठा कर; **विषाण**—सिंगा, शृंग-निर्मित बाजा; **भयाल**—भयकर, **कारे डाक**—किसे पुकारते हो।

**छायामूर्ति**—अशरीरी मूर्ति; **यत**—जितने; **दग्धताम्र . . आसे**—जल कर लाल बनी हुई दिशाओ के किस छिद्र से दौड कर आते है; **की . ..आकाशे**—कितने भयंकर अदृश्य नृत्य से मध्याह्न-आकाश मे मत्त हो उठते है ।

**मत्तश्रमे**.... **हताश**—मत्त हो कर नाचने के श्रम से (क्लान्त हो कर) श्वास-प्रश्वास में (जैसे) अग्नि छोड रहे हैं। **रहि.. .घुरिया**—रह-रह कर उतप्त हो कर तीव्र वेग से नाच उठते है ; **आवर्तिया**.... .**राश**—घास-पात को आवर्तित कर, धूलि कणो की राशि को आकाश मे घूर्णित कर।

दीप्तचक्षु हे शीर्ण सन्यासी,
पद्मासने बस आसि रक्तनेत्र तुलिया ललाटे,
शुष्कजल नदीतीरे शस्यशून्य तृषादीर्ण माठे,
उदासी प्रवासी—
दीप्तचक्षु हे शीर्ण सन्यासी ।।

ज्वलितेछे सम्मुखे तोमार
लोलुप चिताग्निशिखा लेहि लेहि विराट अम्बर—
निखिलेर परित्यक्त मृतस्तूप विगत वत्सर
करि भस्मसार
चिता ज्वले सम्मुखे तोमार ।।

हे बैरागी, करो शान्ति पाठ ।
उदार उदास कण्ठ याक छुटे दक्षिणे ओ वामे—
याक नदी पार हये, याक चलि ग्राम हते ग्रामे,
पूर्ण करि माठ ।
हे बैरागी, करो शान्ति पाठ ।।

सकरुण तव मन्त्र-साथे
मर्मभेदी यत दु.ख विस्तारिया याक विश्व-'परे—
क्लान्त कपोतेर कण्ठे, क्षीण जाह्नवीर श्रान्त स्वरे,

---

**पद्मासने ललाटे**—लाल नेत्रो को ललाट की ओर चढा कर पद्मासन लगा कर बैठो, **तृषादीर्ण**—तृषा से फटे हुए, **माठे**—मैदान मे ।

**ज्वलितेछे ....अम्बर**—विराट आकाश को चाटती हुई लोलुप चिताग्नि-शिखा तुम्हारे सामने जल रही है, **करि**—कर ।

**उदार . माठ**—(तुम्हारा) उदार उदास कण्ठ (वाणी) दाँये-बाँये दौड कर जाय, नदी पार हो मैदान को पूर्ण करते हुए ग्राम-ग्राम चला जाय ।

**सकरुण छायाते**—तुम्हारे करुण मन्त्र के साथ जितने मर्मभेदी दु:ख है (समस्त) विश्व के ऊपर विस्तार पाएँ, क्लान्त कपोत के कण्ठ मे, क्षीण जाह्नवी के श्रान्त स्वर मे तथा अश्वत्थ (पीपल) की छाया में ।

अश्वत्थछायाते
सकरुण तव मन्त्र-साथे ।।

दुःख सुख आशा ओ नैराश
तोमार फुत्कारक्षुब्ध धुलासम उडुक गगने,
भरे दिक निकुञ्जेर स्खलित फुलेर गन्ध-सने
आकुल आकाश—
दुःख सुख आशा ओ नैराश ।।

तोमार गेरुया वस्त्राञ्चल
दाओ पाति नभस्तले—विशाल वैराग्ये आवरिया
जरा मृत्यु क्षुधा तृष्णा, लक्षकोटि नरनारीहिया
चिन्ताय विकल ।
दाओ पाति गेरुया अञ्चल ।।

छाडो डाक, हे रुद्र वैशाख ।
भाङिया मध्याह्नतन्द्रा जागि उठि बाहिरिब द्वारे,
चेये रब प्राणीशून्य दग्धतृण दिगन्तेर पारे
निस्तब्ध निर्वाक् ।
हे भैरव, हे रुद्र वैशाख ।।

[मई १९००] 'कल्पना'

**तोमार. .गगने**—तुम्हारे फुत्कार से आलोडित धूल के समान आकाश मे उडे, **भरे. आकाश**—निकुञ्ज के स्खलित फूलो के गन्ध के साथ आकुल आकाश को भर दे।

**तोमार**—तुम्हारा; **गेरुया**—गैरिक, गेरुआ; **दाओ... .तले**—आकाश मे बिछा दो; **तोमार. . विकल**—जरा, मृत्यु, क्षुधा, तृष्णा (तथा) लाखो-करोडो नर-नारी के चिन्ता से विकल हृदय को विशाल वैराग्य से आच्छादित करते हुए अपने गेरुआ वस्त्राञ्चल को आकाश मे फैला दो।

**छाड़ो डाक**—उद्घोष करो, पुकारो, **भाङिया. ..द्वारे**—मध्याह्न कालीन तन्द्रा को तोड कर जाग उठूँगा और द्वार पर बाहर होऊँगा; **चेये......निर्वाक्**—प्राणी-शून्य, झुलसी हुई घास वाले दिगन्त के पार निस्तब्ध निर्वाक् देखता रहूँगा।

# नववर्षा

हृदय आमार नाचेरे आजिके, मयूरेर मतो नाचे रे,
हृदय नाचे रे।
शत बरनेर भाव-उच्छ्वास
कलापेर मतो करेछे विकाश,
आकुल परान आकाशे चाहिया उल्लासे कारे याचे रे।
हृदय आमार नाचे रे आजिके, मयूरेर मतो नाचे रे।।

गुरुगुरु मेघ गुमरि गुमरि गरजे गगने गगने
गरजे गगने।
धेये च'ले आसे बादलेर धारा,
नवीन धान्य दुले दुले सारा,
कुलाये काँपिछे कातर कपोत, दादुरि डाकिछे सघने।
गुरुगुरु मेघ गुमरि गुमरि गरजे गगने गगने।।

नयने आमार सजल मेघेर नील अञ्जन लेगेछे,
नयने लगेछे।

---

**हृदय. ..नाचेरे**—आज मेरा हृदय नाच रहा है, मोर के समान नाच रहा है; **शत... विकाश**—सैकडो वर्ण (रग) के भाव-उच्छ्वास मोर की पूछ के समान विस्तार पाए हुए है; **आकुल... याचे रे**—आकुल प्राण आकाश की ओर देखते हुए उल्लास मे (न-जाने) किसकी याचना कर रहे है।

**गुरुगुरु**—मृदु गभीर मेघध्वनि, **गुमरि गुमरि**—उमड घुमड कर, **धेये . धारा**—बादलो की धारा दौडी हुई चली आ रही है; **दुले दुले सारा**—सब-के-सब झूम-झूम उठते है। **कुलाये**—नीड मे, खोते मे, **काँपिछे**—काँप रहा है; **दादुरि. ....सघने**—दादुरी ज़ोर से टर्र-टर्र कर रही है।

**नयने. ..लेगेछे**—मेरे नयनो मे सजल मेघों का नील अञ्जन लगा है;

तीर छापि नदी कलकल्लोले एल पल्लीर काछे रे।
हृदय आमार नाचे रे आजिके, मयूरेर मतो नाचे रे,
हृदय नाचे रे।।

२ जून १९००　　　　'क्षणिका'

## विरह

तुमि यखन चले गेले
तखन दुइ-पहर—
सूर्य तखन माझ-गगने
रौद्र खरतर।
घरेर कर्म साङ्ग करे
छिलेम तखन एकला घरे
आपन-मने बसे छिलेम
वातायनेर 'पर।
तुमि यखन चले गेले
तखन दुइ-पहर।।

चैत्र मासेर नाना खेतेर
नाना गन्ध निये
आसितेछिलो तप्त हाओया
मुक्त दुयार दिये।

---

**तुमि......गेले**—तुम जिस समय गए; **तखन**—उस समय; **दुइ-पहर**—दोपहर; **माझ-गगने**—मध्य गगन मे, **रौद्र**—धूप; **खरतर**—अत्यन्त तीक्ष्ण, **घरेर कर्म**—घर के काम-काज; **साङ्ग करे**—समाप्त कर, **छिलेम....घरे**—उस समय अकेली घर मे थी; **आपन-मने**—अनमनी; **बसे छिलेम**—बैठी थी; **वातायनेर 'पर**—खिडकी पर।

**निये**—ले कर, **आसितेछिलो**—आ रही थी; **हाओया**—हवा; **मुक्त....दिये**—मुक्त द्वार से हो कर,

दुटि घुघु साराटा दिन
डाकितेछिल शान्तिविहीन,
एकटि भ्रमर फिरतेछिल
केवल गुन्‌गुनिये
चैत्र मासेर नाना खेतेर
नाना वार्ता निये ।।

तखन पथे लोक छिल ना,
क्लान्तकातर ग्राम ।
झाउशाखाते उठतेछिल
शब्द अविश्राम ।
आमि शुधु एकला प्राणे
अति सुदूर बाँशिर ताने
गेथेछिलेम आकाशभ'रे
एकटि काहार नाम ।
तखन पथे लोक छिल ना,
क्लान्तकातर ग्राम ।।

घरे घरे दुयार देओया,
आमि छिलेम जेगे—

---

**दुटि**—दो, **घुघु**—कबूतर की जाति का एक पक्षीविशेष; **साराटा**—सारा, सम्पूर्ण; **डाकितेछिल**—बोल रहे थे; **एकटि**—एक, **फिरतेछिल**—घूम रहा था, **गुन्‌गुनिये**—गुन-गुन करता हुआ; **चैत्र . . निये**—चैत्र मास के नाना खेतो की नाना वार्ता ले कर।

**तखन . ना**—उस समय पथ पर कोई नही था; **झाउ .अविश्राम**—झाउ के पेड की शाखा से अविरत शब्द उठ रहा था; **आमि . प्राणे**—मै ही केवल अकेली थी, **बाँशिर**—बाँसुरी की, **अति .नाम**—अति सुदूर बाँसुरी की तान से (न-जाने) एक किसका नाम सम्पूर्ण आकाश मे (मैने) गूँथा था।

**घरे.. देओया**—घर-घर मे द्वार दिए हुए थे (दरवाज़े बन्द थे); **आमि .. जेगे**—मै जगी हुई थी;

आबाँधा चुल उडतेछिल
उदास हाओया लेगे।
तटतरुर छायार तले
ढेउ छिल ना नदीर जले,
तप्त आकाश एलिये छिल
शुभ्र अलस मेघे।
घरे घरे दुयार देओया,
आमि छिलेम जेगे॥

तुमि यखन चले गेले
तखन दुइ-पहर,
शुष्क पथ दग्ध माठे
रौद्र खरतर।
निबिड़ छाया वटेर शाखे
कपोत-दुटि केवल डाके,
एकला आमि वातायने—
शून्य शयन-घर।
तुमि यखन गेले तखन
बेला दुइ-पहर।

३ जून १९०० 'क्षणिका'

---

**आबाँधा .... लेगे**—उदास हवा के लगने से (मेरे) नही बँधे हुए केश उड रहे थे; **तट.. .जले**—तट के वृक्षो की छाया के नीचे नदी के जल में लहरें नही थी; **तप्त . मेघे**—जलता हुआ आकाश शुभ्र अलस बादलों मे शिथिल (पडा) था।

**शुष्क ...खरतर**—शुष्क पथ मे, जलते हुए मैदान मे अत्यन्त कडी धूप थी; **निबिड़......डाके**—वटवृक्ष की शाखा पर घनी छाया में दो कपोत बोलते जा रहे थे, बोलते जा रहे थे; **एकला. ..वातायने**—मैं अकेली खिडकी पर थी; **शयन-घर**—शयन-गृह।

# कृष्णकलि

कृष्णकलि आमि तारेइ बलि,
कालो तारे बले गाँयेर लोक।
मेघला दिने दखेछिलेम माठे
कालो मेयेर कालो हरिण-चोख।
घोमटा माथाय छिल ना तार मोटे,
मुक्तवेणी पिठेर 'परे लोटे।
कालो ? ता से यतइ कालो होक,
देखेछि तार कालो हरिण-चोख ।।

घन मेघे आँधार हल देखे
डाकतेछिल श्यामल दुटि गाइ,
श्यामा मेये व्यस्त व्याकुल पदे
कुटिर हते त्रस्त एलो ताइ।
आकाश-पाने हानि युगल भुरु
शुनले बारेक मेघेर गुरुगुरु।
कालो ? ता से यतइ कालो होक,
देखेछि तार कालो हरिण-चोख ।।

---

**कृष्णकलि . बलि**—मै उसे ही कृष्णकली कहता हूँ, **कालो ..लोक**—गाँव के लोग उसे काली कहते है; **मेघला. .चोख**— मेघला (मेघ से ढका हुआ) दिन को मैदान मे काली लडकी की हिरणी-जैसी काली आँखे (मैंने) देखी थी, **घोमटा . मोटे**—उसके सिर पर घूघट एकदम नही था, **मुक्तवेणी . .लोटे**—(उसकी) मुक्त वेणी पीठ पर लोट रही थी , **कालो . होक**—काली है? चाहे वह जितनी भी काली क्यो न हो, **देखेछि . चोख**—मैंने हिरणी-जैसी काली आँखे देखी है।

**घन . . गाइ**—घने मेघो के (कारण) अन्धकार हुआ देख दो काली गाये पुकार(रँभा) रही थी, **श्यामा ताइ**–काली लडकी इसीलिये त्रस्त हो कर व्याकुल चरणो से कुटी के बाहर आई, **आकाश . . गुरु**—आकाश की ओर अपनी दोनों भौहो को मोड एक बार उसने मेघ की गुरु गुरु आवाज सुनी।

पूबे बातास एल हठात् धेये,
धानेर खेते खेलिये गेल ढेउ ।
आलेर धारे दॉडिये छिलेम एका,
माठेर माझे आर छिल ना केउ ।
आमार पाने देखले किना चेये,
आमिइ जानि आर जाने सेइ मेये ।
कालो ? ता से यतइ कालो होक,
देखेछि तार कालो हरिण-चोख ।।

एमनि क'रे कालो काजल मेघ
ज्येष्ठ मासे आसे ईशान कोणे ।
एमनि क'रे कालो कोमल छाया
आषाढ मासे नामे तमाल-वने ।
एमनि क'रे श्रावण-रजनीते
हठात् खुशि घनिये आसे चिते ।
कालो ? ता से यतइ कालो होक,
देखेछि तार कालो हरिण-चोख ।।

कृष्णकलि आमि तारेइ बलि,
आर या बले बलुक अन्य लोक ।

---

**पूबे . ढेउ**—पुरवैया हवा हठात् दौड कर आई और धान के खेत मे (एक) लहर खेल गई; **आलेर केउ**—मेड के किनारे (मै) अकेला खडा था, मैदान मे और कोई नही था; **आमार . मेये**—मेरी ओर आँखे गडा कर उसने देखा कि नही, (यह) मै ही जानता हूँ और वह लडकी जानती है ।

**एमनि .कोणे**—जेठ के महीने मे ईशान कोण मे काजल के समान काले मेघ इसी तरह आते हैं, **एमनि वने**—इसी तरह से काली कोमल छाया तमाल के वन मे आषाढ महीने मे उतरती है; **एमनि.. चिते**—इसी प्रकार सावन महीने की रात्रि मे हठात् चित्त मे आनन्द घना हो उठता है ।

**आर ...लोक**—अन्य लोग और जो चाहे कहे;

देखेछिलेम मयनापाडार माठे
 कालो मेयेर कालो हरिण-चोख।
माथार 'परे देयनि तुले वास,
लज्जा पाबार पायनि अवकाश
 कालो ? ता से यतइ कालो होक,
 देखेछि तार कालो हरिण-चोख ।।

१८ जून १९०० 'क्षणिका'

## आविर्भाव

बहुदिन हल कोन् फाल्गुने छिनु आमि तव भरसाय,
 एले तुमि घन बरषाय ।
 आजि उत्ताल तुमुल छन्दे,
 आजि नवघन-विपुल-मन्द्रे
आमार पराने ये गान बाजाबे से गान तोमार करो साय—
 आजि जलभरा बरषाय ।।

दूरे एकदिन देखेछिनु तव कनकाञ्चल-आवरण,
 नवचम्पक-आभरण ।

---

**देखेछिलेम**—देखा था, **मयनापाड़ार माठे**—मयनापाडा (स्थान का नाम) के मैदान मे, **माथार.. वास**—सिर पर कपडा खीच कर उसने नही दिया था (कपडा खीच कर उसने सिर नही ढँका था।); **लज्जा अवकाश**—लज्जा अनुभव करने का उसे समय नही मिला।

**बहुदिन . भरसाय**—बहुत दिन किसी फाल्गुन मास मे मै तुम्हारी आशा मे था, **एले. . बरषाय**—तुम घनी वर्षा (बरसात) मे आए; **आजि . मन्द्रे**—आज उत्ताल तुमुल छन्द मे, नव घन मेघ के गभीर घोष मे, **आमार . साय**—मेरे प्राणो मे जो गान बजाओगे उस गान को तुम पूरा करो, **आजि बरषाय**—आज (इस) जल से भरी बरसात मे।

**दूरे. . आवरण**—एक दिन दूर तुम्हारे सुनहले अञ्चल के आवरण को देखा था; **नवचम्पक-आभरण**—नवचम्पा का भूषण;

काछे एले यबे हेरि अभिनव
घोर घननील गुण्ठन तव,
चलचपलार चकित चमके करिछे चरण विचरण—
कोथा चम्पक-आभरण ।।

सेदिन देखेछि, खने खने तुमि छुँये छुँये येते वनतल,
नुये नुये येत फुलदल ।
शुनेछिनु येन मृदु रिनिरिनि
क्षीण कटि घेरि बाजे किङ्किणी,
पेयेछिनु येन छायापथे येते तव निश्वासपरिमल—
छुँये येते यबे वनतल ।।

आजि आसियाछ भुवन भरिया, गगने छड़ाये एलो चुल,
चरणे जड़ाये वनफूल ।
ढेकेछे आमारे तोमार छायाय
सघन सजल विशाल मायाय,
आकुल करेछ श्याम समारोहे हृदयसागर-उपकूल—
चरणे जड़ाये वनफूल ।।

---

**काछे.....तव**—जब निकट आए (तब) तुम्हारे अत्यन्त घन नील, अभिनव अवगुण्ठन को देखा; **कोथा.. आभरण**—कहाँ (तुम्हारा) चम्पक का भूषण (था)।

**सेदिन . दल**—उस दिन देखा है कि क्षण-क्षण मे तुम वनाञ्चल को छू-छू जाते (और) फूल झुक-झुक जाते, **शुनेछिनु .. किंकिणी**—सुना था जैसे क्षीण कटि को घेर कर किकिणी रिनिरिनि के मृदु स्वर मे बज रही है, **पेयेछिनु... परिमल**—छायापथ मे जाते हुए जैसे तुम्हारे निश्वास परिमल को पाया था, **छुँये . ..वनतल**—जब तुम वनस्थली का स्पर्श कर जाते।

**आजि . वनफूल**—समस्त पृथ्वी को परिव्याप्त कर, आकाश मे अस्तव्यस्त केशो को फैलाए हुए तथा चरणो को वनफूल से वेष्टित किए हुए आज (तुम) आए हो; **ढेकेछे ....मायाय**—तुम्हारी छाया ने अपनी सघन, सजल, विशाल माया से मुझे ढँक रखा है; **आकुल. ..उपकूल**—हृदय-सागर के उपकूल को श्यामल छटा से (तुमने) आकुल किया है।

फाल्गुने आमि फुलवने बसे गेँथेछिनु यत फुलहार
से नहे तोमार उपहार।
येथा चलियाछ सेथा पिछे पिछे
स्तवगान तव आपनि ध्वनिछे,
बाजाते शेखे नि से गानेर सुर ए छोटो वीणार क्षीण तार—
ए नहे तोमार उपहार॥

के जानित सेइ क्षणिका मुरति दूरे करि दिबे बरषन,
मिलाबे चपल दरशन।
के जानित मोरे एत दिबे लाज,
तोमार योग्य करि नाइ साज,
वासरघरेर दुयारे कराले पूजार अर्घ्य विरचन—
एकि रूपे दिले दरशन॥

क्षमा करो तबे क्षमा करो मोर आयोजनहीन परमाद,
क्षमा करो यत अपराध।
एइ क्षणिकेर पातार कुटिरे
प्रदीप-आलोके एसो धीरे धीरे,

---

**फाल्गुने ... उपहार**—फाल्गुन मे फूलो के वन मे बैठ जितनी मालाएँ गूँथी थी वे तुम्हारे उपहार योग्य नही है; **येथा.....ध्वनिछे**—जहाँ भी चले हो वहाँ पीछे-पीछे तुम्हारा स्तवगान अपने आप ही ध्वनित हो रहा है; **बाजाते . तार**—इस छोटी वीणा के तार ने उस गान के सुर को बजाना नही सीखा है।

**के जानित...दरशन**—कौन जानता था कि वह क्षण काल दीख पडने वाली मूर्ति वृष्टि को दूर कर देगी और चपल (चचल) दर्शन करा देगी; **के. साज**—कौन जानता था (कि तुम) मुझे इतना लज्जित करोगे, तुम्हारे योग्य मैंने साज-शृगार नही किया है; **वासरघरेर दरशन**—वासरगृह (विवाह की रात्रि मे वर-कन्या का मिलन-मंदिर) के दरवाजे पर पूजा के अर्घ्य की रचना कराई, यह किस रूप मे तुमने दर्शन दिया।

**क्षमा परमाद**—तब क्षमा करो, मेरे आयोजन-हीन प्रमाद को क्षमा करो; **क्षमा .. .अपराध**—(मेरे) जितने अपराध है, क्षमा करो; **एइ ... धीरे**—इस क्षण-स्थायी पत्ते की कुटिया मे दीपक के आलोक मे धीरे आओ;

एइ बेतसेर बाँशिते पडुक तव नयनेर परसाद—
क्षमा करो यत अपराध ।।

आस नाइ तुमि नवफाल्गुने छिनु यबे तव भरसाय,
एसो एसो भरा बरषाय ।
एसो गो गगने आँचल लुटाये,
एसो गो सकल स्वपन छुटाये,
ए परान भरि ये गान बाजाबे से गान तोमार करो साय—
आजि जलभरा बरषाय ।।

२४ जून १९०० 'क्षणिका'

## उद्‌बोधन

शुधु अकारण पुलके
क्षणिकेर गान गा रे आजि प्राण, क्षणिक दिनेर आलोके ।
यारा आसे याय, हासे आर चाय,
पश्चाते यारा फिरे ना ताकाय,
नेचे छुटे धाय, कथा ना शुधाय, फुटे आर टुटे पलके—
ताहादेरि गान गा रे आजि प्राण, क्षणिक दिनेर आलोके ।।

---

**एइ. परसाद**—इस बेत की बाँसुरी पर तुम्हारे नयनों का प्रसाद पडे (अनुग्रह हो)।

**आस . . .बरषाय**—नव फाल्गुन मे तुम नहीं आए जब मै तुम्हारी आस लगाए था, (अब) भरी बरसात मे आओ; **एसो . लुटाये**—आकाश मे अपना आँचल बिछाये हुए आओ, **एसो. छुटाये**—अपने सभी स्वप्नो को धावित किए हुए आओ; **ए परान . साय**—इन प्राणो को भर कर जो गान बजाओगे अपने उस गान को पूरा कर लो ।

**शुधु . .पुलके**—केवल अकारण पुलक (आनन्द) मे; **क्षणिकेर.. आलोके**—प्राण, क्षणिक का गान आज क्षणिक दिन के आलोक मे गा; **यारा . आलोके**—जो आते-जाते है, हँसते और देखते है, जो पीछे फिर कर नही देखते, जो नाचते हुए दौड्ते है, कुछ पूछते नही, जो क्षण भर मे खिल कर झड पडते है, प्राण आज क्षणिक दिन के आलोक मे उन्हीके गान गा ।

प्रति निमेषेर काहिनी
आजि बसे बसे गाँथिस् ने आर, बाँधिस् ने स्मृतिवाहिनी।
या आसे आसुक, या हबार होक,
याहा चले याय मुछे याक शोक,
गेये धेये याक द्युलोक भूलोक प्रति पलकेर रागिणी।
निमेषे निमेष हये याक शेष बहि निमेषेर काहिनी।।

फुराय या दे रे फुराते।
छिन्न मालार भ्रष्ट कुसुम फिरे यास् नेको कुड़ाते।
बुझि नाइ याहा चाहि ना बुझिते,
जुटिल ना याहा चाइ ना खुँजिते,
पुरिल ना याहा के रबे युझिते तारि गह्वर पुराते।
यखन या पास मिटाये ने आशा, फुराइले दिस फुराते।।

ओरे, थाक् थाक् काँदनि।
दुइ हात दिये छिँडे फेले दे रे निज-हाते-बाँधा बाँधनि।

---

**प्रति . काहिनी**—प्रत्येक क्षण की कहानी, **आजि . स्मृतिवाहिनी**—आज और बैठे बैठे न गूँथ, और न ताँता लगी हुई स्मृतियो को बाँध, **या. ..होक**—जो आना है आवे, जो होना है हो, **याहा शोक**—जो चला जाय (उसका) शोक मिट जाय, **गेये रागिणी**—प्रति क्षण की रागिणी को गाते हुए द्युलोक (आकाश) और भूलोक दौडे हुए चले जाँय, **निमेषे .. काहिनी**—एक क्षण की कहानी का वहन करता हुआ क्षण, एक ही क्षण मे शेष हो जाय।

**फुराय .. फुराते**—जो खतम हो रहा है उसे खतम होने दे, **छिन्न . कुड़ाते**—टूटी हुई माला के बिखरे फूलो को लौट कर चुनने न जा, **बुझि.. .. बुझिते**—जो समझा नही उसे समझना नही चाहता, **जुटिल . खुँजिते**—जो नही मिला उसे खोजना नही चाहता, **पुरिल. पुराते**—जो पूर्ण नही हुआ उसके गड्ढे को भरने के लिये कौन जूझता रहेगा, **यखन .. .फुराते**—जब जो पाओ (उससे अगर) आशा न मिटे (और) वह समाप्त हो रहा हो तो (उसे) समाप्त होने दे।

**ओरे . काँदनि**—अरे, रोना-धोना रहने दे, रहने दे, **दुइ.....बाँधनि**—अपने हाथो मे बँधे हुए बन्धन को दोनों हाथो से तोड़ फेक; **ये. .. बुके**—जो सहज

ये सहज तोर रयेछे समुखे
आदरे ताहारे डेके ने रे बुके,
आजिकार मतो याक याक चुके यत असाध्य-साधनि।
क्षणिक सुखेर उत्सव आजि—ओरे, थाक् थाक् काँदनि।।

शुधु अकारण पुलके
नदी जले-पड़ा आलोर मतन छुटे या झलके झलके।
धरणीर 'परे शिथिल-बाँधन
झलमल प्राण करिस यापन,
छुँये थेके दुले शिशिर येमन शिरीषफुलेर अलके।
मर्मरताने भरे ओठ् गाने शुधु अकारण पुलके।।

[जुलाई १९००] 'क्षणिका'

---

(वस्तु) तुम्हारे सम्मुख है उसे आदर और प्रेम के साथ अपने हृदय के पास बुला ले; **आजिकार . साधनि**—जितने असाध्य साधन है वे आज भर के लिये शेष हो जाँय, **क्षणिक ... आजि**—आज क्षणिक सुख का उत्सव है।

**नदी. झलके**—नदी के जल मे पड़ने वाले प्रकाश के समान चकमक करते हुए दौड; **धरणीर ...यापन**—पृथ्वी पर शिथिल-बन्धन हो झलमल प्राण (जीवन) व्यतीत कर, **छुँये. ...अलके**—शिरीष फूल के अलको मे जैसे ओसकण स्पर्श करने से हिलता है; **मर्मरताने... .पुलके**—गान मे केवल अकारण पलक से मर्मर [illegible]

## प्रतिज्ञा

आमि हब ना तापस, हब ना, हब ना,
येमनि बलुन यिनि।
आमि हब ना तापस निश्चय यदि
ना मेले तपस्विनी।
आमि करेछि कठिन पण
यदि ना मिले बकुलवन,
यदि मनेर मतन मन
ना पाइ जिनि
तबे हब ना तापस, हब ना, यदि ना
पाइ से तपस्विनी।

आमि त्यजिब ना घर, हब ना बाहिर
उदासीन सन्यासी,
यदि घरेर बाहिरे ना हासे केहइ
भुवन-भुलानो हासि।
यदि ना उड़े नीलाञ्चल
मधुर बातासे विचञ्चल,
यदि ना बाजे कॉकन मल
रिनिक-झिनि—

---

**आमि .. यिनि**—मैं तापस नही होऊँगा, नही होऊँगा, जो जैसा (चाहे) कहे; **यदि ना मेले तपस्विनी**—अगर तपस्विनी न मिले, **आमि. . . पण**—मैंने कठिन प्रतिज्ञा की है; **यदि .जिनि**—यदि मन जैसा मन नही जीत पाऊँ; **यदि ना . तपस्विनी**—यदि उस तपस्विनी को न पाऊँ।

**त्यजिब**—छोडूँगा, **हब ना बाहिर**—बाहर नही होऊँगा; **यदि. .हासि**—यदि घर के बाहर कोई पृथ्वी को लुभाने वाली हँसी न हँसे; **बातासे**—हवा मे; **विचञ्चल**—अत्यन्त चञ्चल, **यदि. . . झिनि**—ककण और नूपुर यदि रुनझुन न बजे।

आमि हब ना तापस, हब ना, यदि ना
पाइ गो तपस्विनी।

आमि हब ना तापस, तोमार शपथ,
यदि से तपेर बले
कोनो नूतन भुवन ना पारि गड़िते
नूतन हृदय-तले
यदि जागाये वीणार तार
कारो टुटिया मरम-द्वार,
कोनो नूतन आँखिर ठार
ना लइ चिनि
आमि हब ना तापस, हब ना, हब ना
ना पेले तपस्विनी।

[जुलाई १९००] 'क्षणिका'

## यथास्थान

कोन् हाटे तुइ बिकोते चास ओरे आमार गान,
कोन्खाने तोर स्थान?
पण्डितेरा थाकेन येथाय विद्येरत्न-पाड़ाय,
नस्य उड़े आकाश जुड़े काहार साध्य दाँड़ाय,

---

**तोमार शपथ**—तुम्हारी सौगन्ध, **यदि.. तले**—अगर उस तपस्या के बल से (किसी) नूतन हृदय मे कोई नूतन भुवन की सृष्टि न कर सका; **यदि... द्वार**—अगर वीणा के तार झंकृत कर, किसी के मर्म-द्वार को तोड कर, **कोनो ... चिनि**—किसी नूतन आँखो के इशारे को न पहचान लूँ, **ना पेले**—बिना पाए।

**कोन् ...गान**—किस हाट (बाजार) मे तू बिकना चाहता है, अरे मेरे गान, **कोन्.. स्थान**—किस जगह तेरा स्थान है (तू किस जगह स्थान पाना चाहता है), **पण्डितेरा......पाड़ाय**—विद्यारत्नो के मुहल्ले मे जहाँ पण्डित लोग रहते है; **नस्य. ..दाँड़ाय**—(जहाँ) नस्य (सुघनी) उड कर आकाश भर देता

चलछे सेथाय सूक्ष्म तर्क सदाइ दिवारात्र
पात्राधार कि तैल किम्वा तैलाधार कि पात्र,
पुँथिपत्र मेलाइ आछे मोहध्वान्तनाशन,
तारि मध्ये एकटि प्रान्ते पेते चास कि आसन ?
गान ता शुनि गुञ्जरिया कहे—
नहे, नहे, नहे ।।

कोन् हाटे तुइ बिकोते चास ओरे आमार गान,
कोन् दिके तोर टान ?
पाषाण-गाँथा-प्रासाद-'परे आछेन भाग्यवन्त,
मेहागिनिर मञ्च जुड़ि पञ्चहाजार ग्रन्थ,
सोनार जले दाग पडे ना, खोले ना केउ पाता,
अस्वादितमधु येमन यूथी अनाघ्राता ।
भृत्य नित्य धुला झाडे यत्न पुरामात्रा,
ओरे आमार छन्दोमयी, सेथाय करबि यात्रा ?
गान ता शुनि कर्णमूले मर्मरिया कहे—
नहे, नहे, नहे ।।

---

है (और वहाँ) किसकी हिम्मत जो खडा रह जाय; **चलछे .. पात्र**—वहाँ रात-दिन सर्वदा सूक्ष्म तर्क चलता है कि पात्र का आधार तैल है अथवा तैल का आधार पात्र है; **पुँथिपत्र .आसन**—मोहान्धकार का नाश करने वाले पोथी-पत्र अनेक हैं क्या उन्हीके बीच एक किनारे आसन पाना चाहता है, **गान नहे**—गान उसे सुन गुनगुन करता हुआ कहता है नही, नही ।

**कोन् टान**—किस ओर तेरा खिचाव है; **पाषाण .ग्रन्थ**—पत्थर से जोडे हुए प्रासाद के ऊपर भाग्यवान का निवास है और उनके महोगनी के मञ्च पर भरे हुए पाँच हजार ग्रन्थ हैं, **सोनार .अनाघ्राता**—सोने के पानी पर दाग नही पडता, (उनके) पन्ने कोई नही उलटता, (वे) अस्वादित मधु और बिना सूघी हुई जूही के समान हैं; **भृत्य . .मात्रा**—रोज नौकर धूल झाडता है और पूरी मात्रा में उनका यत्न (देखभाल) होता है, **सेथा .यात्रा**—हे मेरी छन्दोमयी, क्या वहाँ तू यात्रा करेगी; **गान. ..नहे**—गान इसे सुन कान के पास मर्मर शब्दो मे कहता है नही नही ।

कोन् हाटे तुइ बिकोते चास ओरे आमार गान,
कोथाय पाबि मान ?
नवीन छात्र झुँके आछे एक्‌जामिनेर पड़ाय,
मनटा किन्तु कोथा थेके कोन् दिके ये गडाय,
अपाठ्य सब पाठ्य केताब सामने आछे खोला,
कर्तृजनेर भये काव्य कुलुङ्गिते तोला,
सेइखानेते छेँड़ाछड़ा एलोमेलोर मेला,
तारि मध्ये ओरे चपल, करबि कि तुइ खेला ?
गान ता शुने मौनमुखे रहे द्विधार भरे—
याब-याब करे ।।

कोन् हाटे तुइ बिकोते चास ओरे आमार गान,
कोथाय पाबि त्राण ?
भाण्डारेते लक्ष्मी वधू येथाय आछे काजे,
घरे धाय से छुटि पाय से यखन माझे माझे,
बालिश-तले बइटि चापा, टानिया लय तारे,
पातागुलिन छेँडाखोँडा शिशुर अत्याचारे—

---

**कोथाय ... मान**—कहाँ सम्मान पाएगा; **झुँके आछे**—झुका हुआ है, **एक्जामिनेर पड़ाय**—परीक्षा की पढाई मे, **मनटा.......गड़ाय**—किन्तु मन तो कहाँ से कहाँ लोट रहा है; **अपाठ्य. ....खोला**—जो पढ़ने योग्य नही है वे सभी (बेकार) पाठ्यपुस्तके सामने खुली हुई है; **कर्तृजनेर. . तोला**—अभिभावको के भय से काव्य-ग्रन्थ घर की दीवाल के क्षुद्र कोटर मे उठा कर रखे हुए है, **चपल**—चचल; **करबि . . खेला**—तू क्रीडा करेगा, **रहे  भरे**—दुबिधा मे पडा रहता है; **याब-याब करे**—जाऊँ-जाऊँ करता हुआ।

**भाण्डारेते. . काजे**—भाडार मे जहाँ गृहलक्ष्मी काम मे लगी हुई है, **घरे . .. माझे**—जो बीच-बीच मे जब छुट्टी पाती है तो (अपने) घर मे भाग कर जाती है; **बालिश-तले . अत्याचारे**—तकिया के नीचे दबी पुस्तक को खीच लेती है, शिशु के अत्याचार से जिसके पन्ने उखड-पुखड गए है;

काजल-आँका सिदुर-माखा चुलेर-गन्धे-भरा
शय्याप्रान्ते छिन्नवेशे चास कि येते त्वरा ?
बुकेर 'परे निश्वसिया स्तब्ध रहे गान—
लोभे कम्पमान ।।

कोन् हाटे तुइ बिकोते चास ओरे आमार गान,
कोथाय पाबि प्राण ?
येथाय सुखे तरुणयुगल पागल हये बेड़ाय,
आड़ाल बुझे आँधार खुँजे सबार आँखि एड़ाय,
पाखि तादेर शोनाय गीति, नदी शोनाय गाथा,
कतरकम छन्द शोनाय पुष्प लता पाता,
सेइखानेते सरल हासि सजल चोखेर काछे
विश्वबाँशिर ध्वनिर माझे येते कि साध आछे ?
हठात् उठे उच्छ्वसिया कहे आमार गान—
'सेइखाने मोर स्थान'।।

[जुलाई १९००] 'क्षणिका'

---

**काजल . त्वरा**—काजल से अकित, सिंदुर लगा हुआ, केशो की गध से भरा शय्या की एक भाग मे फटी हुई हालत मे क्या जल्दी से जल्दी जाना चाहता है; **बुकेर .. .कम्पमान**—लोभ से कम्पमान, हृदय पर निश्वास छोड गान स्तब्ध रह जाता है ।

**येथाय बेड़ाय**—जहाँ आनन्द मे तरुण युगल पागल हो घूमते है; **आड़ाल एड़ाय**—सब की आँखो को बचा कर आड़ समझ कर अधकार खोजते है, **पाखि . गाथा**—पक्षी उन्हे गान सुनाते है और नदी गाथा सुनाती है; **कतरकम पाता**—पुष्प, लताएँ और पत्ते कितने प्रकार के छन्द सुनाते हैं; **सेइ आछे**—उसी स्थान पर, सरल हँसी और सजल आँखो के पास, विश्व-बाँसुरी की ध्वनि के बीच जाने की साध क्या (तुम्हे) है; **हठात्. . स्थान**—हठात् उच्छ्वसित हो मेरा गान कहता है वही मेरा स्थान है ।

# सेकाल

आमि यदि जन्म नितेम कालिदासेर काले
दैवे हतेम दशम रत्न नवरत्नेर माले,
एकटि श्लोके स्तुति गेये          राजार काछे नितामं चेये
उज्जयिनीर विजन प्रान्ते कानन-घेरा बाड़ि।
रेवार तटे चाँपार तले          सभा बसत सन्ध्या ह्ले,
क्रीड़ाशैले आपन-मने दिताम कण्ठ छाड़ि।
जीवन-तरी बहे येत मन्द्राक्रान्ता ताले,
आमि यदि जन्म नितेम कालिदासेर काले।।

चिन्ता दितेम जलाञ्जलि, थाकतो नाको त्वरा,
मृदुपदे येतेम येन नाइको मृत्यु जरा।
छ'टा ऋतु पूर्ण क'रे          घटत मिलन स्तरे स्तरे,
छ'टा सर्गे वार्ता ताहार रइत काव्ये गाँथा।
विरहदुख दीर्घ ह्त          तप्त अश्रुनदीर मतो
मन्दगति चलत रचि दीर्घ करुण गाथा।

---

**सेकाल**—प्राचीन काल; **आमि काले**—मै अगर कालिदास के काल मे जन्म लेता, **दैवे . . माले**—भाग्यवश नवरत्नो की माला मे दसवाँ रत्न होता, **एकटि. बाड़ि**—स्तुति मे एक श्लोक गा कर राजा से उज्जयिनी के एकान्त भाग मे उपवन से घिरा हुआ एक गृह माँग लेता, **रेवार. . छाड़ि**—रेवा (नदी) के तट पर चम्पा के नीचे सध्या होने पर सभा बैठती तथा क्रीडाशैल पर अपनी मौज मे उच्च स्वर से गा उठता; **जीवनतरी . ताले**—जीवन-नौका मन्दाक्रान्ता के ताल पर बहती जाती।

**चिन्ता . . जलाञ्जलि**—चिन्ता को विसर्जन दे देता, **थाकतो. . त्वरा**—(कोई) जल्दबाजी नही रहती; **मृदुपदे . .जरा**—मन्थर गति से जाता, जैसे मृत्यु और बुढापा न हो; **छटा. गाँथा**—छ ऋतुओ को पूर्ण कर स्तर-स्तर मे मिलन होता और उसका वृत्तान्त काव्य मे छ सर्गो मे गूँथा रहता, **विरह. . . गाथा**—विरह-दुख दीर्घ होता और गर्म आँसुओं की नदी के समान दीर्घ करुण गाथा रच कर मन्दगति से चलता;

आषाढ़ मासे मेघेर मतन मन्थरताय भरा
जीवनटाते थाकत नाको एकटु मात्र त्वरा ।।

अशोक-कुञ्ज उठत फुटे प्रियार पदाघाते,
बकुल ह्'त फुल्ल प्रियार मुखेर मदिराते ।
प्रियसखीर नामगुलि सब छन्द भरि करित रव
रेवार कूले कलहस-कलध्वनिर मतो ।
कोनो नामटि मन्दालिका, कोनो नामटि चित्रलेखा,
मञ्जुलिका मञ्जरिणी झकारित कत ।
आसत तारा कुञ्जवने चैत्र-ज्योत्स्नाराते,
अशोक-शाखा उठत फुटे प्रियार पदाघाते ।।

कुरबकेर परत चूडा कालो केशेर माझे,
लीलाकमल रइत हाते की जानि कोन् काजे ।
अलक साजत कुन्दफुले, शिरीष परत कर्णमूले,
मेखलाते दुलिये दित नवनीपेर माला ।
धारायन्त्रे स्नानेर शेषे धूपेर धोँया दित केशे,
लोध्रफुलेर शुभ्र रेणु माखत मुखे बाला ।

---

**आषाढ़ त्वरा**—मन्थरता से भरे हुए आषाढ मास के मेघ के समान जीवन मे थोडी भी त्वरा (जल्दबाजी) नही रहती ।

**अशोक. पदाघाते**—अशोककुञ्ज प्रिया के पदाघात से प्रस्फुटित हो उठता, **बकुल ...मदिराते**—प्रिया के मुख की मदिरा से बकुल मे फूल निकल आते; **प्रिय . मतो**—रेवातट के कलहस की मधुर ध्वनि के समान प्रिय सखियो के नाम छन्द-भरी आवाज़ मे गूँज उठते; **कोनो नामटि**—कोई नाम, **झंकारित कत**—कितने नाम झकृत होते, **आसत ...राते**—चैत्र मास की चॉदनी रात मे वे सभी कुञ्ज-वन मे आती ।

**कुरबकेर .. काजे**—काले केशो मे कुरबक की चूडा पहनती (और) न-जाने किस काम के लिये लीलाकमल हाथ मे रहता; **अलक. . माला**—कुन्द फूलो से अलक सजाती, कर्णमूल मे शिरीष पहनती (और) नवकदम्ब की माला को मेखला मे झुला देती; **धारा... केशे**—धारायन्त्र मे स्नान करने के बाद केशो मे धूप का धुआँ देती; **लोध्र ..... बाला**—लोध्र फूलो की सफेद धूलि

कालागुरुर गुरु गन्ध लेगे थाकत साजे,
कुरुबकेर परत माला कालो केशेर माझे ।।

कुङ्कुमेरइ पत्रलेखाय वक्ष रइत ढाका,
आँचलखानिर प्रान्तटिते हसमिथुन आँका ।
विरहेते आषाढ मासे, चेये रइत बँधुर आशे,
एकटि करे पूजार पुष्पे दिन गणित बसे ।
वक्षे तुलि वीणाखानि गान गाहिते भुलत वाणी,
रुक्ष अलक अश्रुचोखे पडत खसे खसे ।
मिलन राते बाजत पाये नूपुरदुटि बाँका,
कुङ्कुमेरइ पत्रलेखाय वक्ष रइत ढाका ।।

प्रिय नामटि शिखिये दित साधेर शारिकारे,
नाचिये दित मयूरटिरे कङ्कणझकारे ।
कपोतटिरे लये बुके सोहाग करत मुखे मुखे,
सारसीरे खाइये दित पद्मकोरक बहि ।

---

को (वह) बाला (मेरी प्रिया) मुख मे मलती; **कालागुरुर. ..साजे**—कालागुरु (काला चदन) का भारी गध (मेरी प्रिया की) साज सज्जा मे लगा रहता; **परत**—पहनती ।

**कुंकुमेरि. . ढाका**—कुकुम की चित्र-रचना से वक्ष ढका रहता; **आँचल ..... आँका**—अंचल के छोर पर हस मिथुन (जोडा) अकित रहते; **विरहेते . आशे**—आषाढ के महीने मे विरह मे बधु (प्रियतम) की आशा मे टकटकी लगाये रहती; **एकटि.... बसे**—एक-एक पूजा के फूल से बैठी दिन गिनती रहती, **वक्षे . . .वाणी**—छाती पर वीणा ले गीत गाने जा (गीत के) शब्द भूल जाती; **रुक्ष . खसे**—रूखे अलक आँसू से भरे नेत्रों पर गिर-गिर पडते; **मिलन बाँका**—मिलन रात्रि मे पैरो के दो पेचदार नूपुर बजते रहते ।

**प्रिय . शारिकारे**—शौक से पाली शारिका को प्रिय का नाम सिखा देती; **नाचिये ...झंकारे**—कङ्कण के झङ्कार से मयूर को नचा देती, **कपोतटिरे.... मुखे**—कपोत को हृदय से लगा कर मुँह से स्नेहपूर्वक पुचकारती रहती, **सारसी .....बहि**—कमलकोरक ला कर सारसी को खिला देती,

अलक नेड़े दुलिये वेणी कथा कइत शौरसेनी,
बलत सखीर गला ध'रे 'हला पिय सहि'
जल सेंचित आलवाले तरुण सहकारे,
प्रिय नामटि शिखिये दित साधेर शारिकारे ।।

नवरत्नेर सभार माझे रइताम एकटि टेरे,
दूर हइते गड़ करिताम दिङ्नागाचार्येरे ।
आशा करि नामटा हत ओरि मध्ये भद्रमत,
विश्वसेन कि देवदत्त किम्वा वसुभूति ।
स्रग्धरा कि मालिनीते बिम्बाधरेर स्तुतिगीते
दिताम रचि दुटि-चारटि छोटोखाटो पुँथि ।
घरे येताम ताड़ाताड़ि श्लोक-रचना सेरे,
नवरत्नेर सभार माझे रइताम एकटि टेरे ।।

आमि यदि जन्म नितेम कालिदासेर काले
बन्दी हतेम ना जानि कोन् मालविकार जाले ।
कोन् वसन्त-महोत्सवे वेणुवीणार कलरवे
मञ्जरित कुञ्जवनेर गोपन अन्तराले

---

**अलक.....शौरसेनी**—अलको को हिला वेणी को दोलायित कर शौरसेनी (प्राकृत) भाषा बोलती; **बलत.... सहि**—सखी के गले से लग बोलती, 'हला, प्रियसखि', **जल. .सहकारे**—तरुण आम्रवृक्ष के थाले को जल से सींचती।

**नवरत्नेर.. ..टेरे**—नवरत्नो की सभा के एक कोने मे रहता; **दूर ... दिङ्नागाचार्येरे**—दूर से दिङ्नागाचार्य को नमस्कार करता, **आशा ... .वसुभूति**—आशा करता हूँ उसीके बीच भद्र जैसा (कोई) नाम होता, विश्वसेन या देवदत्त अथवा वसुभूति; **स्रग्धरा. . . पुँथि**—स्रग्धरा (छन्द) अथवा मालिनी (छन्द) मे बिम्बाधर के स्तुतिगान मे दो-चार छोटी-मोटी पोथियो की रचना कर देता; **घरे . .सेरे**—श्लोक-रचना शेष कर शीघ्रता से घर जाता।

**बन्दी.....जाले**—न-जाने किस मालविका के जाल मे बन्दी होता;

कोन् फागुनेर शुक्लनिशाय यौवनेरइ नवीन नेशाय
चकिते कार देखा पेतेम राजार चित्रशाले।
छल क'रे तार बाधत आँचल सहकारेर डाले,
आमि यदि जन्म नितेम कालिदासेर काले।।

हाय रे कबे केटे गेछे कालिदासेर काल!
पण्डितेरा विवाद करे लये तारिख साल।
हारिये गेछे से-सब अब्द, इतिवृत्त आछे स्तब्ध—
गेछे यदि आपद गेछे, मिथ्या कोलाहल।
हाय रे, गेल सङ्गे तारि सेदिनेर सेइ पौरनारी
निपुणिका चतुरिका मालविकार दल।
कोन् स्वर्गे निये गेल वरमाल्येर थाल!
हाय रे कबे केटे गेछे कालिदासेर काल।।

यादेर सङ्गे हय नि मिलन से सब वराङ्गना
विच्छेदेरइ दुःखे आमाय करछे अन्यमना।
तबु मने प्रबोध आछे, तेमनि बकुल फोटे गाछे
यदिओ से पाय ना नारीर मुखमदेर छिटा।

---

**कोन्**—किसी; **यौवनेरइ.. नेशाय**—यौवन के ही नवीन नशे मे; **चकिते ..... चित्रशाले**—क्षण भर के लिये चकित हो राजा की चित्रशाला मे किसके दर्शन होते; **छल.. .डाले**—आम की डाल मे उसका अंचल बहाने से फँस जाता।

**हाय.... . काल**—हाय रे, कालिदास का काल कब का बीत गया; **पण्डितेरा ... .साल**—पण्डित लोग तारीख साल ले कर विवाद करते है; **हारिये .... कोलाहल**—वे सब साल खो गए है, इतिहास चुप है, अगर (खो ही) गए हैं (तो) आफत गयी, (यह) मिथ्या कोलाहल है, **हाय.. .दल**—हाय रे, उसी के साथ उन दिनों की पौर नारियाँ, निपुणिका, चतुरिका (तथा) मालविका का दल चला गया; **कोन् थाल**—(पता नही) किस स्वर्ग मे वे वरमाला का थाल ले गयी।

**यादेर . ..अन्यमना**—जिन के साथ मिलन नही हुआ वे सभी श्रेष्ठ रमणियाँ विरह के दु.ख से मुझे अन्यमनस्क कर रही है; **तबु . ..छिटा**—तौभी मन को सन्तोष है कि उसी तरह बकुल फूल प्रस्फुटित होते है यद्यपि वे नारी के

फागुन मासे अशोक-छाये        अलस प्राणे शिथिल गाये
दखिन हते बातासटुकु तेमनि लागे मिठा ।
अनेक दिकेइ याय ये पाओया अनेकटा सान्त्वना
यदिओ रे नाइको कोथाओ से-सब वराङ्गना ।।

एखन यॉरा वर्तमाने आछेन मर्तलोके
भालोइ लागत ताँदेर छबि कालिदासेर चोखे ।
परेन बटे जुतामोजा,        चलेन बटे सोजा सोजा,
बलेन बटे कथावार्ता अन्यदेशीर चाले,
तबु देखो सेइ कटाक्ष        ऑखिर-कोणे दिच्छे साक्ष्य
येमनटि ठिक देखा येत कालिदासेर काले।
मरब ना भाइ, निपुणिका चतुरिकार शोके—
तॉरा सबाइ अन्य नामे आछेन मर्त्यलोके ।।

आपातत एइ आनन्दे गर्वे बेड़ाइ नेचे—
कालिदास तो नामेइ आछेन, आमि आछि बेँचे ।

---

मुख की मदिरा का छीटा नही पाते; **फागुन ...मिठा**—फागुन के महीने मे अशोक पेड़ की छाया मे अलस प्राणो और शिथिल अग मे दक्षिण से (आई हुई) हवा उसी तरह मीठी लगती है; **अनेक....सान्त्वना**—अनेक दिशाओं मे अनेक प्रकार की सान्त्वनाएँ पाई जाती है, **यदिओ. ..वराङ्गना**—यद्यपि वे सभी श्रेष्ठ रमणियाँ कहीभी नही है ।

**एखन...... चोखे**—अभी जो (रमणियाँ) मृत्युलोक मे वर्तमान हैं उनका सौन्दर्य कालिदास की आँखो को अच्छा ही लगता, **परेन ..चाले**—(वे) जूता-मोजा पहनती है अवश्य और तन कर चलती है अवश्य तथा अन्य देश के (विदेशी) ढग की बाते भी बोलती है, **तबु .. काले**—तौभी उनकी आँखो के कोने मे वही कटाक्ष दीख पडता है और वह इस बात की साक्षी दे रहा है कि कालिदास के काल मे जैसा वह दीख पडता था ठीक वैसा ही आज भी दिखाई देता है; **मरब .. .शोके**—मरूँगा नही भाई, निपुणिका चतुरिका के शोक मे; **ताँरा..... मर्त्यलोके**—वे सभी दूसरे दूसरे नामो से मृत्युलोक मे (वर्तमान) है ।

**आपातत.. .. बेँचे**—इस समय तो इसी आनन्द और गर्व मे नाचता फिरता हूँ कि कालिदास तो नाम से ही (जीवित) है (लेकिन) मै बँचा हुआ (जीवित) हूँ ।

ताँहार कालेर स्वादगन्ध आमि तो पाइ मृदुमन्द,
आमार कालेर कणामात्र पान नि महाकवि।
दुलिये वेणी चलेन यिनि एइ आधुनिक विनोदिनी
महाकविर कल्पनाते छिल ना ताँर छबि।
प्रिये, तोमार तरुण आँखिर प्रसाद येचे येचे
कालिदासके हारिये दिये गर्वे बेड़ाइ नेचे॥

[जुलाई १९००] 'क्षणिका'

## न्यायदण्ड

तोमार न्यायेर दण्ड प्रत्येकेर करे
अर्पण करेछ निजे, प्रत्येकेर 'परे
दियेछ शासनभार हे राजाधिराज।
से गुरु सम्मान तव, से दुरूह काज
नमिया तोमारे येन शिरोधार्य करि
सविनये, तव कार्ये येन नाहि डरि
कभु कारे॥

---

**ताँहार. . महाकवि**—उन (कालिदास) के काल का स्वाद-गन्ध तो हलका-हलका मै पाता हूँ लेकिन मेरे काल का कणमात्र भी महाकवि ने नही पाया; **दुलिये .....छबि**—वेणी डुलाती हुई जो चलती है उन आनन्दप्रदान करने वाली आधुनिका की तस्वीर महाकवि की कल्पना मे नही थी; **प्रिये. ... नेचे**—हे प्रिये, तुम्हारी तरुण आँखों के प्रसाद की याचना करता-करता मै कालिदास को हरा कर गर्व से नाचता फिरता हूँ।

**तोमार . निजे**—प्रत्येक के हाथ मे अपने न्याय का दण्ड (तुमने) स्वय अर्पित किया है; **प्रत्येकेर.....राजाधिराज**—हे राजाधिराज, प्रत्येक के ऊपर (तुमने) शासन भार दिया है; **से गुरु. ...सविनये**—तुम्हारे उस बडे सम्मान को, तुम्हारे उस कठिन कार्य को तुम्हे नमस्कार कर जिसमे मै विनय-पूर्वक शिरोधार्य करूँ, **तव ... कारे**—तुम्हारे कार्य मे जिसमे मै कभी किसीसे नही डरूँ।

क्षमा येथा क्षीण दुर्बलता,
हे रुद्र, निष्ठुर येन हते पारि तथा
तोमार आदेशे। येन रसनाय मम
सत्यवाक्य झलि उठे खरखड्ग सम
तोमार इङ्गिते। येन राखि तव मान
तोमार विचारासने लये निज स्थान।।

अन्याय ये करे आर अन्याय ये सहे
तव घृणा येन तारे तृणसम दहे।।

[जून-जुलाई १९०१] 'नैवेद्य'

## प्रार्थना

चित्त येथा भयशून्य, उच्च येथा शिर,
ज्ञान येथा मुक्त, येथा गृहेर प्राचीर
आपन प्राङ्गणतले दिवसशर्वरी
वसुधारे राखे नाइ खण्ड क्षुद्र करि,
येथा वाक्य हृदयेर उत्समुख हते
उच्छ्वसिया उठे, येथा निर्वारित स्रोते

---

**क्षमा. .आदेशे**—हे रुद्र, जहाँ पर क्षमा असहाय (की) दुर्बलता हो वहाँ जिसमें तुम्हारे आदेश से मै निष्ठुर हो सकूँ, **येन.. .इङ्गित**—जिसमे तुम्हारे इङ्गित पर मेरी जिह्वा मे सत्यवाक्य तेज तलवार के समान झलमल कर उठे; **येन. .... स्थान**—तुम्हारे न्यायासन पर अपना स्थान ग्रहण कर जिसमे (मै) तुम्हारा मान रखूँ; **अन्याय......दहे**—अन्याय जो करता है और अन्याय जो सहता है तुम्हारी घृणा जिसमें उन्हे तृण के समान दहन करे।

**येथा**—जहाँ; **येथा.. ...करि**—जहाँ घर की चहारदीवारी ने रातदिन अपने प्राङ्गण मे पृथ्वी को क्षुद्र खण्ड करके नही रखा है; **येथा .. .उठे**—जहाँ वाक्य हृदय के उत्स से उच्छ्वसित हो निकलता है; **निर्वारित**—बाधाहीन;

देशे देशे दिशे दिशे कर्मधारा धाय
अजस्र सहस्रविध चरितार्थताय,
येथा तुच्छ आचारेर मरुबालुराशि
विचारेर स्रोत.पथ फेले नाइ ग्रासि—
पौरुषेरे करे नि शतधा, नित्य येथा
तुमि सर्व कर्मचिन्ता आनन्देर नेता,
निज हस्ते निर्दय आघात करि पितः,
भारतेरे सेइ स्वर्गे करो जागरित ।।

[जून-जुलाई १९०१] 'नैवेद्य'

## मुक्ति

वैराग्यसाधने मुक्ति, से आमार नय ।।

असंख्य बन्धन-माझे महानन्दमय
लभिब मुक्तिर स्वाद। एइ वसुधार
मृत्तिकार पात्रखानि भरि बारम्बार
तोमार अमृत ढालि दिबे अविरत
नानावर्णगन्धमय। प्रदीपेर मतो
समस्त संसार मोर लक्ष वर्तिकाय

**धाय**—दौडती है; **येथा तुच्छ . ग्रासि**—जहाँ तुच्छ आचार की मरुबालुका-राशि ने विचार के स्रोत के पथ को ग्रास नही किया है; **पौरुषेरे . ...शतधा**—पौरुष को शतधा (सौ प्रकार का) नही किया है; **करि**—कर; **भारतेरे....... जागरित**—भारत को उसी स्वर्ग में जाग्रत करो।

**से आमार नय**—वह (मुक्ति) मेरी नही है, **माझे**—मध्य मे; **लभिब**—प्राप्त करूँगा; **मुक्तिर**—मुक्ति का; **प्रदीपेर मतो**—दीपक के समान; **प्रदीपेर ..... माझे**—प्रदीप के समान समस्त संसार मेरी लक्ष बत्तियों को तुम्हारी ही

ज्वालाये तुलिबे आलो तोमारि शिखाय
तोमार मन्दिर-माझे ।।

इन्द्रियेर द्वार
रुद्ध करि योगासन, से नहे आमार।
ये-किछु आनन्द आछे दृश्ये गन्धे गाने
तोमार आनन्द रबे तार माझखाने ।।

मोह मोर मुक्ति रूपे उठिबे ज्वलिया,
प्रेम मोर भक्ति रूपे रहिबे फलिया ।।

[जून-जुलाई १९०१] 'नैवेद्य'

## त्राण

ए दुर्भाग्य देश हते हे मङ्गलमय,
दूर करे दाओ तुमि सर्व तुच्छ भय—
लोकभय, राजभय, मृत्युभय आर।
दीनप्राण दुर्बलेर ए पाषाणभार,
एइ चिरपेषणयन्त्रणा, धूलितले
एइ नित्य अवनति, दण्डे पले पले
एइ आत्म-अवमान, अन्तरे बाहिरे
एइ दासत्वेर रज्जु, त्रस्त नतशिरे

शिखा में जला कर तुम्हारे ही मन्दिर मे प्रकाश करेगा; **से नहे आमार**—वह मेरा (साधन-मार्ग) नही है; **ये किछु ..खाने**—दृश्य, गन्ध, गान में जो-कुछ भी आनन्द है उसीके भीतर तुम्हारा आनन्द रहेगा; **मोह ... ज्वलिया**—मोह, मेरी मुक्ति के रूप मे जल उठेगा; **प्रेम ..फलिया**—प्रेम, मेरी भक्ति के रूप में फला हुआ रहेगा।

**ए**—इस; **हते**—से; **दाओ**—दो; **तुमि**—तुम; **आर**—और; **चिरपेषण-यन्त्रणा**—बराबर पीसते रहने की यन्त्रणा; **एइ**—यह;

सहस्रेर पदप्रान्ततले बारम्बार
मनुष्यमर्यादागर्व चिरपरिहार—
ए बृहत् लज्जाराशि चरण-आघाते
चूर्ण करि दूर करो। मङ्गलप्रभाते
मस्तक तुलिते दाओ अनन्त आकाशे
उदार आलोक-माझे, उन्मुक्त बातासे ।।

जून-जुलाई १९०१ 'नैवेद्य'

## प्रतिनिधि

भालो तुमि बेसेछिले एइ श्याम धरा,
तोमार हासिटि छिल बड़ो सुखे भरा।
मिलि निखिलेर स्रोते जेनेछिले खुशि हते,
हृदयटि छिल ताइ हृदिप्राणहरा।
तोमार आपन छिल एइ श्याम धरा ।।

आजि ए उदास माठे आकाश बाहिया
तोमार नयन येन फिरिछे चाहिया।
तोमार से हासिटुक, से चेये-देखार सुख

---

**सहस्रेर......तले**—हजारो के पैरो तले; **मस्तक.....दाओ**—सिर ऊँचा करने दो।

**भालो......धरा**—इस श्यामवर्ण पृथ्वी को तुमने प्यार किया था; **तोमार .....भरा**—तुम्हारी हँसी अत्यन्त तृप्ति से भरी हुई थी, **मिलि .. हते**—समस्त जगत् के स्रोत (जीवन) के साथ मिल कर (तुमने) खुशी होना जाना था; **हृदय ......हरा**—(तुम्हारा) हृदय इसीलिये हृदय और प्राण को हरने वाला था; **तोमार .... धरा**—यह श्यामवर्ण धरा तुम्हारी अपनी थी।

**आजि ...चाहिया**—आज इस उदास मैदान मे आकाश को अतिक्रम कर जैसे तुम्हारी आँखें देखती हुई घूम रही है; **से हासिटुक**—वह हँसी; **से .....सुख**—वह टक-टकी लगा कर देखने का आनन्द;

सबारे परशि चले बिदाय गाहिया
ए तालवन ग्राम प्रान्तर बाहिया।

तोमार से भालो-लागा मोर चोखे आँकि
आमार नयने तव दृष्टि गेछ राखि।
आजि आमि एका-एका देखि दुजनेर देखा,
तुमि करितेछ भोग मोर मने थाकि—
आमार ताराय तव मुग्धदृष्टि आँकि।।

एइ-ये शीतेर आलो शिहरिछे वने,
शिरीषेर पातागुलि झरिछे पवने,
तोमार आमार मन खेलितेछे साराक्षण
एइ छाया-आलोकेर आकुल कम्पने
एइ शीतमध्याह्नेर मर्मरित वने।।

आमार जीवने तुमि बाँचो ओगो बाँचो,
तोमार कामना मोर चित्त दिये याचो।

---

**सबारे......गाहिया**—सभी का स्पर्श कर बिदाई (का गीत) गा कर चलता है; **ए**—इस; **बाहिया**—अतिक्रम कर।

**तोमार.. राखि**—तुम्हारा वह अच्छा लगना मेरी आँखो मे अकित कर मेरे नयनो मे अपनी दृष्टि रख गई हो, **आजि. देखा**—आज मै अकेले-अकेले दोनो का (अपना और तुम्हारा) देखना देख रहा हूँ (दोनो के—अपने और तुम्हारे—लिये मै ही देख रहा हूँ); **तुमि . थाकि**—मेरे मन मे रह कर तुम भोग कर रही हो, **आमार.... आँकि**—मेरी आँखो की पुतलियो मे अपनी मुग्ध दृष्टि अकित कर।

**एइ . .वने**—यह जो शीतकाल का आलोक वन मे सिहर रहा है, **शिरीषेर. पवने**—शिरीष की पत्तिया हवा से झर रही है; **तोमार . क्षण**—तुम्हारा और मेरा मन सब समय खेल रहे है, **एइ**—इस।

**आमार. .बाँचो**—मेरे जीवन मे तुम जीओ; **तोमार . याचो**—मेरे चित्त के द्वारा तुम अपनी कामना की याचना करो (मेरा चित्त ही तुम्हारी कामना का माध्यम हो);

येन आमि बुझि मने, अतिशय संगोपने
तुमि आजि मोर माझे आमि हये आछ।
आमारि जीवने तुमि बाँचो ओगो बाँचो ।।

१८ दिसम्बर १९०२ 'स्मरण'

## जन्मकथा

खोका माके शुधाय डेके, 'एलेम आमि कोथा थेके,
कोन्खाने तुइ कुड़िये पेलि आमारे ?'
मा शुने कय हेसे केँदे खोकारे तार बुके बेँधे—
'इच्छा हये छिलि मनेर माझारे ।।

'छिलि आमार पुतुल-खेलाय, प्रभाते शिव-पूजार बेलाय
तोरे आमि भेङेछि आर गड़ेछि ।
तुइ आमार ठाकुरेर सने छिलि पूजार सिहासने,
ताँरि पूजाय तोमार पूजा करेछि ।।

'आमार चिरकालेर आशाय, आमार सकल भालोबासाय,
आमार मायेर दिदिमायेर पराने,

---

**येन.....संगोपने**—जिसमे मै मन मे समझूँ कि अत्यन्त गोपन भाव से; **तुमि.. .. आछ**—तुम आज मेरे भीतर मै हो कर विराज रही हो ।

**खोका......आमारे**—बच्चा माँ को पुकार कर पूछता है, 'मै कहाँ से आया, किस जगह मै पडा हुआ था जहाँ से तू मुझे उठा लाई'; **मा . .माझारे**—माँ सुन कर हँसती-रोती बच्चे को अपनी छाती से चिपटा कर कहती है, 'इच्छा हो (बन कर) तू मेरे मन के भीतर था' ।

**छिलि. . गड़ेछि**—तू मेरी गुडियो के खेल मे था, प्रात काल शिव की पूजा के समय तुझे मैने तोडा है और (फिर) बनाया है; **तुइ . सिहासने**—तू मेरे देवता के साथ पूजा के सिंहासन पर था; **ताँरि.... करेछि**—उनकी पूजा मे ही तेरी पूजा की है ।

**आमार....पराने**—मेरी चिर काल की आशा मे, मेरे समस्त प्रेम में, मेरी माँ और माँकी माँ के प्राणो मे;

पुरानो एइ मोदेर घरे गृहदेवीर कोलेर 'परे
कतकाल ये लुकिये छिलि के जाने ।।

'यौवनेते यखन हिया उठेछिल प्रस्फुटिया
तुइ छिलि सौरभेर मतो मिलाये,
आमार तरुण अङ्गे अङ्गे जड़िये छिलि सङ्गे सङ्गे
तोर लावण्य कोमलता बिलाये

'सब देवतार आदरेर धन, नित्यकालेर तुइ पुरातन,
तुइ प्रभातेर आलोर समवयसि ।
तुइ जगतेर स्वप्न हते एसेछिस आनन्दस्रोते
नूतन हये आमार बुके बिलसि ।।

'निर्निमेषे तोमाय हेरे तोर रहस्य बुझि ने रे—
सबार छिलि आमार हलि केमने !
ओइ देहे एइ देह चुमि मायेर खोका हये तुमि
मधुर हेसे देखा दिले भुवने ।।

---

**पुरानो... .जाने**—हमलोगो के इस पुराने घर में, गृहदेवी की गोद में, कितने काल से तू जो छिपा हुआ था कौन जानता है।

**यौवनेते.. .. मिलाये**—यौवन काल मे जब हृदय प्रस्फुटित हो उठा था तू सौरभ के समान घुला-मिला था, **आमार. ....बिलाये**—मेरे तरुण अङ्ग प्रत्यङ्ग में अपने लावण्य और कोमलता को बिखराये तू साथ-साथ जडित था।

**सब......धन**—सब देवताओ के तू प्रिय धन हो; **तुइ**—तू; **तुइ.. ...समवयसि**—तू प्रभात के आलोक का समवयसी है; **तुइ ....स्रोते**—तू जगत् के स्वप्न से आनन्द-स्रोत मे आया है; **नूतन . .बिलसि**—नूतन हो कर मेरे हृदय मे क्रीडा करते हुए।

**निर्निमेषे.. ..केमने**—निर्निमेष दृष्टि से तुझे देखती हूँ (लेकिन) तेरा रहस्य नही समझ पाती कि तू सब का था मेरा किस प्रकार से हुआ, **ओइ.... ..भुवने**—उस शरीर से इस शरीर को चूम कर माँ का बेटा हो तुम मधुर हँसी हँस इस भुवन मे दिखाई पड़े।

'हाराइ हाराइ भये गो ताइ बुके चेपे राखते ये चाइ,
केँदे मरि एकटु सरे दाँड़ाले—
जानि ने कोन् मायाय फेँदे विश्वेर धन राखब बेँधे
आमार ए क्षीण बाहुदुटिर आड़ाले।'

[सितबर १९०३] 'शिशु'

## वीरपुरुष

मने करो, येन विदेश घुरे
माके निये याच्छि अनेक दूरे।
तुमि याच्छ पाल्किते मा, च'ड़े
दर्जा दुटो एकटुकु फाँक क'रे,
आमि याच्छि राङा घोड़ार 'परे
टग्बगिये तोमार पाशे पाशे।
रास्ता थेके घोड़ार खुरे खुरे
राङा धुलोय मेघ उड़िये आसे।।

---

**हाराइ ...चाइ**—खो न दूँ, खो न दूँ इस भय से हृदय से चिपटा कर रखना चाहती हूँ; **केँदे.. .दाँड़ाले**—जरा भी हटने पर (आँखो से ओझल होने पर) रो रो मरती हूँ; **जानिने ..बेँधे**—नही जानती किस माया के फाँद मे विश्व-धन को बाँध रखूँगी, **आमार.. .आड़ाले**—अपनी इन दो क्षीण बाहुओ के अन्तराल मे।

**मने करो .... दूरे**—कल्पना कर लो जैसे (देश) विदेश घूमते घूमते माँ को ले कर बहुत दूर जा रहा हूँ; **तुमि . .क'रे**—तुम माँ पालकी पर चढ़ कर जा रही हो, (पालकी के) दोनो दरवाजों को थोडा-सा खोल कर; **आमि. ...पाशे**—मै लाल घोड़े पर टग-बग (घोडे के टाप की आवाज) करता हुआ तुम्हारे बगल-बगल जा रहा हूँ; **रास्ता.. .आसे**—घोडे के खुर से रास्ते मे लाल धूल का बादल उड़ता आता है।

सन्धे हल, सूर्य नामे पाटे,
एलेम येन जोडादिघिर माठे।
धू धू करे येदिक पाने चाइ,
कोनोखाने जनमानव नाइ,
तुमि येन आपन-मने ताइ
भय पेयेछ, भाबछ 'एलेम कोथा'।
आमि बलछि, 'भय कोरो ना मा गो,
ओइ देखा याय मरा नदीर सोँता।'

चोरकाँटाते माठ रयेछे ढेके,
माझखानेते पथ गियेछे बेँके।
गोरु बाछुर नेइको कोनोखाने,
सन्धे हतेइ गेछे गाँयेर पाने,
आमरा कोथाय याच्छि के ता जाने—
अन्धकारे देखा याय ना भालो।
तुमि येन बलले आमाय डेके—
'दिघिर धारे ओइ-ये किसेर आलो?'

---

**सन्धे हल**—सन्ध्या हुई, **सूर्य... पाटे**—सूर्य अस्ताचल की ओर नीचे जाता है; **एलेम. माठे**—जैसे जोडा दीघी के मैदान मे आया। **धू ...चाइ**—जिस ओर देखता हूँ धू धू करता है, **कोनो . नाइ**—कही भी प्राणी-जन नही; **तुमि......कोथा**—तुम जैसे अनमनी थी इसीलिये तुमने भय पाया, सोच रही हो, 'कहाँ आई'; **आमि .. सोँता**—मै कहता हूँ, 'भय न करो माँ, मरी नदी का क्षीण स्रोत वह दिखाई पडता है'।

**चोरकाँटा**—एक प्रकार की घास जिसके काँटे कपडो मे बिँध जाते है, उन्हे सहज ही निकाला नही जा सकता, **चोरकाँटाते . .बेँके**—चोरकाँटा से मैदान ढँका हुआ है (और उसके) बीच से रास्ता टेढा हो गया है (घूम गया है); **गोरु ......पाने**—गाय-बछड़े कही भी नही है, सन्ध्या होते ही (वे) गाँव की ओर चले गए है; **आमरा......भालो**—हमलोग कहाँ जा रहे है यह कौन जाने, अन्धकार मे अच्छी तरह दिखाई नही पडता ; **तुमि . आलो**—तुम जैसे मुझे पुकार कर बोली, 'तालाब के किनारे वह कैसी रोशनी है'।

एमन समय 'हाँरे रे रे रे रे'
ओइ-ये कारा आसतेछे डाक छेड़े !
तुमि भये पाल्किते एक कोणे
ठाकुर-देवता स्मरण करछ मने—
बेयारागुलो पाशेर काँटावने
पाल्कि छेड़े काँपछे थरोथरो ।
आमि येन तोमाय बलछि डेके,
'आमि आछि, भय केन मा, कर !'

हाते लाठि, माथाय झाँकड़ा चुल,
काने तादेर गोँजा जबार फुल ।
आमि बलि, 'दाँड़ा खबरदार,
एक पा काछे आसिस यदि आर
एइ चेये देख् आमार तलोयार,
टुकरो करे देब तोदेर सेरे ।'
शुने तारा लम्फ दिये उठे
चेँचिये उठल 'हाँरे रे रे रे रे' ।।

---

**एमन . . . छेड़े**—ऐसे समय 'हाँरे रे रे रे रे' चिल्लाते वे सब कौन आ रहे है; **तुमि . . . . . मने**—तुम भय के मारे पालकी के एक कोने मे ठाकुर-देवता का मन ही मन स्मरण कर रही हो; **बेयारा. . . . थरो**—पालकी ढोने वाले बगल के काँटे के वन मे पालकी छोड कर थर-थर काँप रहे है; **आमि. . कर**—मै जैसे तुम्हे पुकार कर कहता हूँ, 'मै हूँ, माँ, तुम क्यो भय कर रही हो' ।

**हाते. . . . फुल**—उनलोगो के हाथ मे लाठी, सिर पर लम्बे लम्बे झबराए केश और कानो मे (वे) जवा के फूल खोसे हुए है; (इस अचल मे डकैतो के स्वरूप की यही कल्पना है, यहाँ के डकैत माँ काली को पूजते थे, जवा का फूल इसीका संकेत है); **आमि. . . . . सेरे**—मै कहता हूँ, 'रुको, खबरदार, एक कदम और यदि पास आए (तो) मेरी इस तलवार को ध्यान से देखो तुम सबो को टुकडे टुकडे कर समाप्त कर दूँगा; **शुने. . . . . उठे**—सुन कर वे उछल पडे; **चेँचिये . . . . रे**—और चीत्कार कर उठे, 'हाँरे रे रे रे रे' ।

तुमि बलले, 'यास ने खोका ओरे।'
आमि बलि, 'देखो-ना चुप करे।'
छुटिये घोड़ा गेलेम तादेर माझे,
ढाल तलोयार झन्झनिये बाजे,
की भयानक लड़ाइ हल मा ये,
शुने तोमार गाये देबे कॉटा।
कत लोक ये पालिये गेल भये,
कत लोकेर माथा पड़ल काटा।।

एत लोकेर सङ्गे लडाइ क'रे,
भाबछ, खोका गेलइ बुझि मरे।
आमि तखन रक्त मेखे घेमे
बलछि एसे, 'लड़ाइ गेछे थेमे।'
तुमि शुने पाल्कि थेके नेमे
चुमो खेये निच्छ आमाय कोले।
बलछ, 'भाग्ये खोका सङ्गे छिल,
की दुर्दशाइ हत ता ना हले।'

---

**तुमि .ओरे**—तुम बोली, 'खोका (छोटे बच्चे को कहते है) जाना नही रे'; **आमि......करे**—मै कहता हूँ, 'चुपचाप देखो ना'; **छुटिये ...माझे**—घोडा दौडा कर उन सबो के बीच गया, **ढाल तलोयार**—ढाल-तलवार, **की ...हल**—कैसी भयानक लडाई हुई, **शुने ..काँटा**—सुन कर तुम्हारे रोगटे खडे हो जाएगे; **कत. ..... काटा**—भय से कितने लोग भाग गए, कितनो का सिर कट कर गिरा।

**एत......मरे**—(तुम) सोच रही हो, इतने लोगों के साथ लडाई कर खोका शायद मर ही गया; **आमि. थेमे**—तब मै लहूलुहान पसीने से तर आ कर कहता हूँ, 'लड़ाई बन्द हो गई'; **तुमि ..कोले**—(यह) सुन तुम पालकी से उतर मेरा चुम्बन कर मुझे गोद मे ले लिया; **बलछ....हले**—कहती हो, 'भाग्यवश खोका साथ था, नही तो कैसी दुर्दशा होती'।

रोज कत की घटे याहा ताहा—
एमन केन सत्यि हय ना आहा ?
ठिक येन एक गल्प हत तबे,
शुनत यारा अवाक हत सबे,
दादा बलत, 'केमन करे हबे,
खोकार गाये एत कि जोर आछे !'
पाड़ार लोके सबाइ बलत शुने—
'भाग्ये खोका छिल मायेर काछे।'

[सितबर १९०३] 'शिशु'

## लुकोचुरि

आमि यदि दुष्टुमि करे
चाँपार गाछे चाँपा हये फुटि,
भोरेर बेला मा गो, डालेर 'परे
कचि पाताय करि लुटोपुटि—
तबे तुमि आमार काछे हारो,
तखन कि मा, चिनते आमाय पारो ?
तुमि डाक 'खोका, कोथाय ओरे',
आमि शुधु हासि चुपटि करे।।

---

**रोज.. ..आहा**—रोज कितना क्या जो-तो घटता है (तब) सचमुच ऐसा क्यो नही होता; **ठिक. ...सबे**—तब ठीक जैसे एक गल्प होता और जो लोग सुनते सभी अवाक् हो जाते; **दादा**—बडा भाई; **दादा . .आछे**—दादा ( बड़ा भाई ) कहता, 'कैसे होगा, खोका के शरीर मे क्या इतना बल है', **पाड़ार.. .. काछे**—मुहल्ले के सभी लोग सुन कर कहते, 'भाग्य से खोका माँ के पास था' ।

**आमि.... .फुटि**—मै यदि शरारत कर चम्पा के गाछ पर चम्पा हो कर प्रस्फुटित होऊँ, **भोरेर . .हार**—भोर के समय, माँ, कोमल पत्तियो पर लोट-पोट करे तब तो तुम मुझ से हार मानोगी; **तखन ....पार**—तब क्या माँ, मुझे पहचान सकोगी; **तुमि. ....करे**—तुम पुकारोगी, 'खोका, कहाँ है रे', मै केवल चुपचाप हँसता रहूँगा।

यखन तुमि थाकबे ये काज निये
सबइ आमि देखब नयन मेले ।
स्नानटि करे चाँपार तला दिये
आसबे तुमि पिठेते चुल फेले—
एखान दिये पुजोर घरे याबे,
दूरेर थेके फुलेर गन्ध पाबे ।
तखन तुमि बुझते पारबे ना से,
तोमार खोकार गायेर गन्ध आसे ।।

दुपुरबेला महाभारत हाते
बसबे तुमि सबार खाओया ह्ले,
गाछेर छाया घरेर जानालाते
पड़बे एसे तोमार पिठे कोले ।
आमि आमार छोट छायाखानि
दोलाबु तोर बइयेर 'परे आनि ।
तखन तुमि बुझते पारबे ना से,
तोमार चोखे खोकार छाया भासे ।।

---

**यखन . .मेले**—जिस समय तुम जो काज ले कर रहोगी (वह) सब मैं आँखे खोल कर देखूँगा, **स्नानटि फेले**—स्नान कर चम्पा के नीचे से पीठ पर केश फेके तुम आओगी, **एखान .. याबे**—यहाँ से हो कर पूजा-गृह मे जाओगी; **दूरेर.....पाबे**—दूर से फूल का गन्ध पाओगी; **तखन .. .आसे**—उस समय तुम यह नही समझ पाओगी कि तुम्हारे खोका के शरीर से ही गन्ध आ रहा है ।

**दुपुर बेला**—दोपहर के समय; **हाते**—हाथ में; **बसबे.. . ह्ले**—सब का खाना (समाप्त) हो जाने पर तुम बैठोगी; **गाछेर . कोले**—गाछ की छाया घर की खिड़की से तुम्हारी पीठ और गोद मे आ कर पडेगी; **आमि.....आनि**—मैं अपनी छोटी छाया को तुम्हारी पुस्तक के ऊपर ला कर डुलाउँगा; **तोमार..... भासे**—तुम्हारी आँखो मे खोका की छाया तैर रही है।

सन्ध्याबेलाय प्रदीपखानि ज्वेले
यखन तुमि याबे गोयाल-घरे
तखन आमि फुलेर खेला खेले
टुप् करे मा, पड़ब भुँये झरे।
आबार आमि तोमार खोका हब,
'गल्प बलो' तोमाय गिये कब।
तुमि बलबे, 'दुष्टु, छिलि कोथा?'
आमि बलब, 'बलब ना से कथा।'

[सितबर १९०३] 'शिशु'

## जगत्-पारावारेर तीरे

जगत्-पारावारेर तीरे
छेलेरा करे मेला।
अन्तहीन गगनतल
माथार 'परे अचञ्चल,
फेनिल ओइ सुनील जल
नाचिछे सारा बेला।
उठिछे तटे की कोलाहल—
छेलेरा करे मेला।

---

**सन्ध्या....घरे**—सन्ध्या के समय प्रदीप जला कर जब तुम गोहाल (गाय के रहने का स्थान) में जाओगी; **तखन.... झरे**—माँ तब मै फूलो का खेला खेल कर टुप कर भूमि पर झड पड़ूंगा; **आबार ... हब**—फिर मैं तुम्हारा खोका होऊँगा; **गल्प.....कब**—तुमसे जा कर कहूँगा, 'गल्प बोलो'; **तुमि. .कोथा**—तुम कहोगी, 'नटखट कहाँ था'; **आमि . .कथा**—मै कहूँगा, 'यह बात नही बतलाऊँगा'।

**जगत्-पारावारेर तीरे**—ससार-समुद्र के किनारे; **छेलेरा.. ..मेला**—बच्चे भीड लगाते है, **माथार 'परे**—सिर के ऊपर; **ओइ**—वह; **नाचिछे .. बेला**—सब समय नाच रहा है; **उठिछे**—उठ रहा है; **की**—कैसा, कितना।

बालुका दिये बाँधिछे घर,
झिनुक निये खेला
विपुल नील सलिल 'परि
भासाय तारा खेलार तरी
आपन हाते हेलाय गड़ि'
पाताय गाँथा भेला;
जगत्-पारावारेर तीरे
छेलेरा करे खेला।

जाने ना तारा साँतार देओया,
जाने ना जाल-फेला।
डुबारि डुबे मुकुता चेये;
वणिक धाय तरणी बेये;
छेलेरा नुड़ि कुड़ाये पेये
साजाय बसि ढेला
रतन-धन खोँजेना तारा,
जाने ना जाल-फेला।

---

**बालुका... .घर**—बालू से घर बना रहे हैं; **झिनुक. . खेला**—सीपी ले कर खेल रहे है; **'परि**—ऊपर, **भासाय**—बहा रहे है, **तारा**—वे; **खेलार तरी**—खेल की नौका; **आपन हाते**—अपने हाथ से, **हेलाय**—अवहेला के साथ; **गड़ि**—गढ कर, निर्मित कर; **पाताय.. .भेला**—पत्तियो को गाँथ (गूँथ) कर बनाया हुआ भेला; **भेला**—केले के थभ आदि से बनाया हुए जल पर तैरनेवाला पदार्थ, टिकटी।

**जाने ना .. देओया**—वे तैरना नही जानते; **जाने. ....फेला**—जाल फेकना नही जानते; **डुबारि ...चेये**—मोती को खोजता हुआ गोताखोर गोता लगाता है; **वणिक......बेये**—नौका बहाता हुआ व्यापारी दौडता है, **छेलेरा .. ढेला**—बच्चे छोटे पत्थरो को चुन कर बैठे हुए ढेर लगा रहे हैं; **रतन .. फेला**—वे रत्न धन नही खोजते, जाल फेकना नही जानते।

फेनिये उठे' सागर हासे,
हासे सागर-वेला।
भीषण ढेउ शिशुर काने
रचिछे गाथा तरल ताने,
दोलना धरि येमन गाने
जननी देय ठेला।
सागर खेले शिशुर साथे,
हासे सागर-वेला।

जगत्-पारावारेर तीरे
छेलेरा करे खेला।
झञ्झा फिरे गगनतले,
तरणी डुबे सूदूर जले,
मरण-दूत उड़िया चले,
छेलेरा करे खेला
जगत्-पारावारेर तीरे
शिशुर महामेला।

[सितबर १९०३] 'शिशु'

---

**फेनिये .... हासे**—फेनिल हो सागर हँसता है, **हासे......वेला**—सागर की तटभूमि हँसती है; **ढेउ**—लहर; **शिशुर काने**—शिशु के कानो में; **रचिछे**—रच रही है; **ताने**—तान में; **दोलना.... ठेला**—झुलना पकड कर जैसे जननी गाती हुई धक्का देती है; **सागर......साथे**—सागर बच्चे के साथ खेलता है।

**फिरे**—घूमती है; **मरण ... चले**—मरण का दूत उड कर चलता है।

## अपयश

बाछा रे, तोर चक्षे केन जल।
के तोरे ये की बलेछे
आमाय खुले बल्।
लिखते गिये हाते-मुखे
मेखेछ सब कालि?
नोंरा ब'ले ताइ दियेछे गालि?
छि छि उचित ए कि।
पूर्णशशी माखे मसी—
नोंरा बलुक देखि।

बाछा रे, तोर सबाइ धरे दोष।
आमि देखि सकल ताते
एदेर असन्तोष।
खेलते गिये कापड़खाना
छिँड़े खुँडे एले,
ताइ कि बले लक्ष्मीछाड़ा छेले।

---

**बाछा**—वत्स (पुत्र-कन्या अथवा उम्र मे छोटो के लिये स्नेह-संबोधन); **तोर......जल**—तुम्हारी आँखो मे जल क्यो है; **के.. बलेछे**—तुझे किसने क्या कहा है; **आमाय .. बल**—मुझसे स्पष्ट कहो; **लिखते... कालि**—लिखते जा कर हाथ-मुख मे स्याही पोत ली है; **नोंरा ..गालि**—इसीलिये गन्दा कह कर गाली दी है; **छि .कि**—छि: छि· यह क्या उचित है; **पूर्णशशी....देखि**—(अगर) पूर्ण चन्द्रमा स्याही पोत ले (तो) देखे (कौन) गन्दा कहता है।

**बाछा.... .दोष**—बेटा, सभी तुम्हारा दोष पकडते है; **आमि....असन्तोष** मै देखती हूँ सब कुछ से ये असन्तुष्ट है, **खेलते ...एले**—खेलने जा कर कपड़ा फाड-फुड कर आए; **ताइ .. छेले**—इसीलिये क्या अभागा लडका कहते है;

छि छि केमन धारा।
छेँड़ा मेघे प्रभात हासे
से कि लक्ष्मीछाड़ा।

कान दियो ना तोमाय के की बले
तोमार नामे अपवाद ये
क्रमेइ बेड़े चले।
मिष्टि तुमि भालोबास
ताइ कि घरे परे
लोभी बले तोमार निन्दे करे।
छि छि हबे की।
तोमाय यारा भालोबासे
तारा तबे की।

[सितबर १९०३] 'शिशु'

---

**छि . . . धारा**—छि छि कैसा ढग है; **छेँड़ा... लक्ष्मीछाड़ा**—फटे मेघ मे प्रभात हँसता है वह क्या अभागा है।

**कान दियो. बले**—तुम्हे कौन क्या कहता है (उस ओर) कान न देना; **तोमार. . चले**—तुम्हारे नाम मे कुत्सा क्रमशः बढती ही जाती है; **मिष्टि. .. करे** तुम मिष्टि (मिठाई) पसन्द करते हो इसीलिये घर मे और बाहर लोभी कह कर (सभी) तुम्हारी निन्दा करते है; **छि. . . की**—छि. छि: (तब) क्या होगा; **तोमाय. . . .की**—तुम्हे (जो मिष्टि के समान मीठे हो) जो प्यार करते है वे तब क्या है।

## समव्यथी

यदि खोका ना हये
आमि हतेम कुकुर-छाना—
**शुधु धाओ**—केवल दौडती हो; **उद्दाम उधाओ**—उद्दाम वेग से धावमान होती हो; **फिरे .. चाओ**—फिर कर नही देखती; **या-किछु ...याओ**—जो-कुछ तुम्हारा है वह सब दोनो हाथो से फेकती जाती हो; **कुड़ाये ...सञ्चय**—कुछ भी बटोरती नही, कुछ भी सञ्चय नही करती, **नाइ ...भय**—न (तुम्हे) शोक है, न भय है; **पथेर.. ...क्षय**—पथ के आनन्द से अबाध गति से (अपना) पाथेय नष्ट करती हो ।

**ये मुहूर्ते ...सदाइ**—जिस मुहूर्त मे तुम पूर्ण (होती हो) उस मुहूर्त मे तुम्हारा

तोमार चरणस्पर्शे विश्वधूलि
मलिनता याय भुलि
पलके पलके—
मृत्यु ओठे प्राण हये झलके झलके।
यदि तुमि मुहूर्तेर तरे
क्लान्तिभरे
दाँड़ाओ थमकि
तखनि चमकि
उच्छ्रिया उठिबे विश्व पुञ्ज पुञ्ज वस्तुर पर्वते,
पगु मूक कबन्ध बधिर आँधा
स्थूलतनु भयंकरी बाधा
सबारे ठेकाये दिये दाँडाइबे पथे,
अणुतम परमाणु आपनार भारे
सञ्चयेर अचल विकारे
विद्ध हबे आकाशेर मर्ममूले
कलुषेर वेदनार शूले।।

ओगो नटी, चञ्चल अप्सरी,
अलक्ष्यसुन्दरी,
तव नृत्यमन्दाकिनी नित्य झरि झरि
तुलितेछे शुचि करि

---

कुछ नही रहता इसीलिये तुम सदा ही पवित्र हो, **तोमार.. ...झलके**—तुम्हारे चरण स्पर्श से जगत् की धूल मलिनता को भूल जाती है और पल-पल मृत्यु प्राण हो हो उठती है; **यदि .. .थमकि**—अगर तुम मुहूर्त भर के लिये क्लान्ति से भर ठिठक कर खडी हो जाओ; **तखनि . . पर्वते**—उसी समय राशि-राशि वस्तुओ के पर्वत से (यह) विश्व स्फीत हो उठेगा (वस्तुओ का ढेर लग जाएगा), **आँधा**—अन्धा; **सबारे.....पथे**—सब को रोक कर रास्ते मे खडी हो जाएगी; **अणुतम**—क्षुद्रतम; **आपनार भारे**—अपने भार से; **विद्ध हबे**—विद्ध होगा।

**तुलितेछे......जीवन**—विश्व-जीवन को मृत्यु-स्नान से पवित्र कर देती है;

मृत्युस्नाने विश्वेर जीवन।
निःशेष निर्मल नीले विकाशिछे निखिल गगन ।।

ओरे कवि, तोरे आज करेछे उतला
झंकारमुखरा एइ भुवनमेखला
अलक्षित चरणेर अकारण अवारण चला।
नाड़ीते नाड़ीते तोर चञ्चलेर शुनि पदध्वनि,
वक्ष तोर उठे रणरणि।
नाहि जाने केउ—
रक्ते तोर नाचे आजि समुद्रेर ढेउ,
काँपे आजि अरण्येर व्याकुलता,
मने आजि पड़े सेइ कथा—
युगे युगे एसेछि चलिया
स्खलिया स्खलिया
चुपे चुपे
रूप हते रूपे
प्राण हते प्राणे;
निशीथे प्रभाते
या-किछु पेयेछि हाते
एसेछि करिया क्षय दान हते दाने
गान हते गाने ।।

---

**विकाशिछे**—प्रकाशित कर रही है।

**तोरे.....उतला**—तुम्हे आज भावावेग से चञ्चल किया है, **अलक्षित .... चला**—नही दीख पडने वाले चरणो का अकारण अबाध चलना, **नाड़ीते नाड़ीते**—प्रत्येक नाडी मे; **शुनि**—सुनता हूँ; **तोर**—तुम्हारा; **उठे रणरणि**—झकृत हो उठता है; **नाहि... ढेउ**—कोई नही जानता कि तुम्हारे रक्त मे आज समुद्र की लहरे नाच रही है; **मने ..चलिया**—आज वही बात मन मे आती है कि युग-युग चलता आया हूँ; **स्खलिया**—स्खलित हो कर; **हते**—से, **या. गाने**—जो कुछ हाथ मे पाया है उसको (पाए हुए) दान से दान दे कर, (पाए हुए) गान से गान दे कर क्षय किया है।

ओरे देख्, सेइ स्रोत हयेछे मुखर,
तरणी काँपिछे थरथर।
तीरेर सञ्चय तोर पड़े थाक् तीरे—
ताकास ने फिरे।
सम्मुखेर वाणी
निक तोरे टानि
महास्रोते
पश्चातेर कोलाहल हते
अतल आँधारे— अकूल आलोते।।

१८ दिसम्बर १९१४ 'बलाका'

## दान

हे प्रिय, आजि ए प्राते
निज हाते
की तोमारे दिब दान?
प्रभातेर गान?
प्रभात ये क्लान्त हय तप्त रविकरे
आपनार वृन्तटिर 'परे।
अवसन्न गान
हय अवसान।।

---

**देख**—देखो; **सेइ मुखर**—वही स्रोत मुखर हुआ है; **काँपिछे**—काँप रही है; **तीरेर.... फिरे**—तीर (पर किया हुआ) सञ्चय तीर पर ही रह जाय, पीछे न देख; **सम्मुखेर.....महास्रोते**—सम्मुख की वाणी तुम्हें महास्रोत मे खीच ले, **पश्चातेर .. आलोते**—पीछे के कोलाहल से अतल अधकार मे किनाराहीन प्रकाश मे (खीच ले)।

**हे प्रिय... दान**—हे प्रिय, आज इस प्रात:काल मे अपने हाथ से तुम्हे क्या दान दूँ; **प्रभातेर गान**—प्रभात का गान, **प्रभात.... परे**—अपने वृन्त पर सूर्य की तप्त किरणो से प्रभात तो क्लान्त हो जाता है; **अवसन्न... ..अवसान**—अतिशय श्रान्त गान का अवसान हो जाता है।

हे बन्धु, की चाओ तुमि दिवसेर शेषे
मोर द्वारे एसे ?
की तोमारे दिब आनि ?
सन्ध्यादीपखानि ?
ए दीपेर आलो, ए ये निराला कोणेर—
स्तब्ध भवनेर।
तोमार चलार पथे एरे निते चाओ जनताय ?
ए ये हाय
पथेर बातासे निबे याय ।।

की मोर शकति आछे तोमारे ये दिब उपहार
होक फुल, होक-ना गलार हार,
तार भार
केनइ वा सबे
एकदिन यबे
निश्चित शुकाबे तारा, म्लान छिन्न हबे ?
निज हते तव हाते याहा दिब तुलि
तारे तव शिथिल अङ्गुलि

---

**की . ...एसे**—दिन के शेष होने पर मेरे दरवाज़े पर आ कर क्या चाहते हो; **की......आनि**—तुम्हे क्या ला कर दूँ; **सन्ध्यादीपखानि**—सन्ध्यादीप; **ए.. ....भवनेर**—इस दीपक का आलोक, यह तो निर्जन कोने का है, स्तब्ध भवन का है; **तोमार .. जनताय**—अपने चलने वाले पथ पर (अर्थात् जिस पथ पर तुम चले जा रहे हो) भीड मे इसे लेना चाहते हो, **ए ये . .याय**—हाय, यह रास्ते की हवा (के झोंके) से बुझ जाता है।

**की......उपहार**—मेरी क्या शक्ति है जो तुम्हे उपहार दूँगा; **होक.... हबे**—फूल हो या गले का हार ही क्यो न हो, उसका भार कैसे सहन करोगे, **एकदिन.....हबे**—एक दिन जब वे निश्चित (रूप से) सूख जाएगे, म्लान हो जाएँगे या छिन्न हो जाएंगे; **निज... .भुलि**—अपने से तुम्हारे हाथ मे जो कुछ भी उठा कर दूँगा उसे तुम्हारी शिथिल उगली भूल जाएगी;

याबे भुलि—
धूलिते खसिया शेषे हये याबे धूलि ।।

तार चेये यबे
क्षणकाल अवकाश हबे,
वसन्ते आमार पुष्पवने
चलिते चलिते अन्यमने
अजाना गोपन गन्धे पुलके चमकि
दाँड़ाबे थमकि—
पथहारा सेइ उपहार
हबे से तोमार।
येते येते वीथिकाय मोर
चोखेते लागिबे घोर,
देखिबे सहसा—
सन्ध्यार कबरी हते खसा
एकटि रङिन आलो काँपि थरथरे
छोँयाय परशमणि स्वपनेर 'परे,
सेइ आलो अजाना से उपहार
सेइ तो तोमार ।।

---

**धूलिते...... धूलि**—धूल मे गिर कर अन्त मे धूल हो जाएगा।

**तार.... .हबे**—उससे (अच्छा होगा) जब क्षण भर के लिये (तुम्हे) अवकाश होगा; **वसन्ते. ...थमकि**—वसन्त ऋतु में मेरे पुष्पवन मे अनमना चलते-चलते अनजान गोपन गन्ध के आनन्द से विस्मित हो रुक कर खड़े हो जाओगे; **पथ-हारा.. .. तोमार**—वही पथ भूला हुआ उपहार तुम्हारा (तुम्हारे लिये) होगा, **येते.... .घोर**—मेरी वीथिका (गली) से जाते-जाते (तुम्हारी) आँखो मे नशा छा जाएगा; **देखिबे सहसा**—सहसा देखोगे, **सन्ध्यार.. .परे**—सन्ध्या की कबरी से गिरा हुआ एक रंगीन आलोक थर-थर काँपता हुआ स्वप्न के ऊपर पारस पत्थर छुला रहा है (स्वप्न को पारस पत्थर का स्पर्श करा रहा है); **सेइ.... .उपहार**—वही अज्ञात आलोक (तुम्हारा) वह उपहार है, **सेइ.. .... तोमार**—वही तो तुम्हारा (तुम्हारे लिये) है।

आमार या श्रेष्ठधन से तो शुधु चमके झलके,
देखा देय, मिलाय पलके ।
बले ना आपन नाम, पथेरे शिहरि दिया सुरे
चले याय चकित नूपुरे ।
सेथा पथ नाहि जानि—
सेथा नाहि याय हात, नाहि याय वाणी ।
बन्धु, तुमि सेथा हते आपनि या पाबे
आपनार भावे,
ना चाहिते, ना जानिते, सेइ उपहार
सेइ तो तोमार ।
आमि याहा दिते पारि सामान्य से दान—
होक फुल, होक ताहा गान ।।

२५ दिसम्बर १९१४ 'बलाका'

---

**आमार.. ..पलके**—मेरा जो श्रेष्ठ धन है वह तो केवल चमक-दमक कर दिखलाई देता है (और) क्षण भर मे विलीन हो जाता है; **बले...नाम**—अपना नाम नही बतलाता, **पथेरे... नूपुरे**—पथ को सुर से सिहरा कर कम्पित नूपुरो (के साथ) चला जाता है; **सेथा... जानि**—वहाँ का पथ नही जानता; **सेथा...... वाणी**—वहाँ हाथ नही जाते, वाणी नही जाती; **बन्धु...भावे**—बन्धु, वहाँ से अपने-आप अपना समझ जो पाओगे, **ना... तोमार**—बिना देखे, बिना जाने वही उपहार तो तुम्हारा (उपहार) है; **आमि.... दान**—मै जो दे सकता हूँ वह सामान्य (तुच्छ) दान है, **होक ...गान**—फूल हो (अथवा) वह गान हो।

## विचार

हे मोर सुन्दर,
येते येते
पथेर प्रमोदे मेते
यखन तोमार गाय
कारा सबे धुला दिये याय
आमार अन्तर
करे हाय हाय।
केंदे बलि, हे मोर सुन्दर,
आज तुमि हओ दण्डधर,
करह विचार।
तार परे देखि,
ए की,
खोला तव विचारघरेर द्वार,
नित्य चले तोमार विचार।
नीरवे प्रभात-आलो पड़े
तादेर कलुषरक्त नयनेर 'परे;
शुभ्र वनमल्लिकार बास
स्पर्श करे लालसार उद्दीप्त निश्वास;

---

**हे मोर सुन्दर**—हे मेरे सुन्दर; **येते ..मेते**—पथ के आनन्द से मत्त हो जाते जाते; **यखन ...हाय**—जब तुम्हारे शरीर पर कौन सब धूल दे (फेंक) जाते हैं (तब) मेरा अन्तर हाय हाय करता है; **केंदे..... विचार**—रो कर कहता हूँ, हे मेरे सुन्दर, आज तुम दण्डधर (शासक) हो कर विचार (न्याय) करो; **तार ...की**—इसके बाद देखता हूँ, यह क्या; **खोला... ..विचार**—तुम्हारे विचार-घर (न्यायालय) का दरवाजा खुला हुआ है और सब समय तुम्हारा विचार चल रहा है; **नीरवे .... परे**—उनलोगो के कलुष से लाल बने नेत्रों पर प्रभात का आलोक नीरव भाव से पडता है; **शुभ्र ... निश्वास**—शुभ्र वनमल्लिका का गन्ध, लालसा के उद्दीप्त निश्वास को स्पर्श करता है,

सन्ध्यातापसीर हाते ज्वाला
सप्तर्षिर पूजादीपमाला
तादेर मत्ततापाने सारारात्रि चाय—
हे सुन्दर, तव गाय
धुला दिये यारा चले याय।
हे सुन्दर,
तोमार विचारघर
पुष्पवने,
पुण्यसमीरणे,
तृणपुञ्जे पतङ्गगुञ्जने,
वसन्तेर विहङ्गकूजने,
तरङ्गचुम्बित तीरे मर्मरित पल्लवबीजने।

प्रेमिक आमार,
तारा ये निर्दय घोर, तादेर ये आवेग दुर्वार।
लुकाये फेरे ये तारा करिते हरण
तव आभरण,
साजाबारे
आपनार नग्न वासनारे।

---

**सन्ध्या.......चाय**—सन्ध्या तापसी (तपस्विनी) के हाथों जलाई हुई सप्तर्षियों की पूजा-दीपमाला उनकी (धूल फेकने वालो की) मत्तता की ओर समस्त रात्रि देखती रहती है; **हे सुन्दर... याय**—हे सुन्दर, तुम्हारे शरीर पर धूल दे कर (फेक कर) जो चले जाते है, **तोमार**—तुम्हारा; **पुण्य**—पवित्र, **पतङ्गगुञ्जने**—षट्पद के गुञ्जन मे; **बीजन**—व्यजन।

**आमार**—मेरे; **तारा...दुर्वार**—वे अत्यन्त निर्दय है, उनका आवेग दुर्दमनीय है; **लुकाये.. .आभरण**—वे तुम्हारे आभरण को हरण करने के लिये छिपे हुए घूमते है; **साजाबारे....वासनारे**—अपनी नग्न वासना को सजाने के लिये;

तादेर आघात यबे प्रेमेर सर्वाङ्गे बाजे,
सहिते से पारि ना ये;
अश्रु-आँखि
तोमारे काँदिया डाकि—
खड्ग धरो, प्रेमिक आमार,
करो गो विचार।
तार परे देखि
ए की,
कोथा तव विचार-आगार।
जननीर स्नेह-अश्रु झरे
तादेर उग्रता—'परे;
प्रणयीर असीम विश्वास
तादेर विद्रोहशेल क्षतवक्षे करि लय ग्रास।
प्रेमिक आमार,
तोमार से विचार-आगार
विनिन्द्र स्नेहेर स्तब्ध निःशब्द वेदनामाझे,
सतीर पवित्र लाजे,
सखार हृदयरक्तपाते,
पथ-चाओया प्रणयेर विच्छेदेर राते,
अश्रुप्लुत करुणार परिपूर्ण क्षमार प्रभाते।

---

**तादेर......बाजे**—उनका आघात जब प्रेम के सर्वाङ्ग मे लगता है (तो) उसे मै सह नही पाती; **अश्रु.......विचार**—आँखों में आँसू भर रोती हुई तुम्हे पुकारती हूँ, 'मेरे प्रियतम, खड्ग धारण करो (और इसका) विचार करो'; **कोथा**—कहाँ; **जननीर.. ..परे**—उनकी उग्रता पर जननी के स्नेहाश्रु झड़ते हैं; **तादेर..... .ग्रास**—उनके विद्रोहशेल को क्षतवक्ष मे ग्रास कर लेता है।

**से**—वह; **वेदनामाझे**—वेदना के मध्य, वेदना मे; **सतीर ..लाजे**—सती की पवित्र लज्जा मे; **सखार**—मित्र के; **पथ. ..राते**—प्रणय के विरह की रात में पथ निहारने मे।

हे रुद्र आमार,
लुब्ध तारा, मुग्ध तारा, हये पार
तव सिहद्वार,
सगोपने
बिना निमन्त्रणे
सिध केटे चुरि करे तोमार भाण्डार।
चोरा धन दुर्वह से भार
पले पले
ताहादेर मर्मदले,
साध्य नाहि रहे नामाबार।
तोमारे कॉदिया तबे कहि बारम्बार—
ओदेर मार्जना करो, हे रुद्र आमार।
चेये देखि मार्जना ये नामे एसे
प्रचण्ड झंझार वेशे;
सेइ झड़े
धुलाय ताहारा पड़े;
चुरिर प्रकाण्ड बोझा खण्ड खण्ड हये
से-बातासे कोथा याय बये।

---

**लुब्ध तारा**—वे लुब्ध (है), **हये . द्वार**—तुम्हारे सिहद्वार को पार कर; **संगोपने**—गोपन भाव से, **सिध भाण्डार**—सेध मार कर तुम्हारे भाण्डार की चोरी करते है ; **चोरा. नामाबार**—चोरी के धन का वह कठिन भार (बोझ) क्षण-क्षण उनके मर्म का दलन करता है (रौंदता रहता है) (और) उसे नीचे उतारने का भी उपाय नही रहता।

**तोमारे .....आमार**—रोती हुई मै तब बारम्बार तुमसे कहती हूँ, 'हे मेरे रुद्र, उन्हे क्षमा करो'; **चेये . वेशे**—ध्यान से देखती हूँ कि तुम्हारी क्षमा प्रचण्ड आँधी के वेश में उतरती है; **सेइ......पड़े**—उसी आँधी मे वे धूल मे पड जाते है; **चुरिर. .. बये**—चोरी का वह बहुत बडा बोझा खण्ड-खण्ड हो कर उस हवा में (न-जाने) कहाँ बह जाता है;

हे रुद्र आमार,
मार्जना तोमार
गर्जमान वज्राग्निशिखाय,
सूर्यास्तेर प्रलयलिखाय,
रक्तेर वर्षणे,
अकस्मात् संघातेर घर्षणे घर्षणे।

२७ दिसम्बर १९१४ 'बलाका'

## माधवी

कत लक्ष वरषेर तपस्यार फले
धरणीर तले
फुटियाछे आजि ए माधवी।
ए आनन्दछवि
युगे युगे ढाका छिल अलक्ष्येर वक्षेर आँचले।

सेइ मतो आमार स्वपने
कोनो दूर युगान्तरे वसन्तकानने
कोनो एक कोणे

---

**गर्जमान**—गरजती हुई; **सूर्यास्तेर....वर्षणे**—सूर्यास्त के प्रलय अकन मे (तथा) रक्त की वर्षा में; **अकस्मात्..... घर्षणे**—अकस्मात् पारस्परिक आघात के घर्षण मे (समाज के परस्पर सघर्ष मे)।

**कत .....माधवी**—(न-जाने) कितने लाख वर्षो की तपस्या के फल से पृथ्वी पर आज यह माधवी खिली है, **ए. आँचले**—यह आनन्द देने वाली छवि (तस्वीर) युग-युग से अलक्ष्य (अदृश्य) के वक्ष के अंचल से ढकी हुई थी।

**सेइ विकाशि**——उसी प्रकार से मेरे स्वप्न मे किसी दूर युगान्तर के वसन्त कानन के किसी एक कोने मे किसी एक समय की (किसी) मुख की एक

एकबेलाकार मुखे एकटुकु हासि
उठिबे विकाशि—
एइ आशा गभीर गोपने
आछे मोर मने।

१० जनवरी १९१५ 'बलाका'

## प्रेमेर परश

हे भुवन
आमि यतक्षण
तोमारे ना बेसेछिनु भालो
ततक्षण तव आलो
खुँजे खुँजे पाय नाइ तार सब धन।
ततक्षण
निखिल गगन
हाते निये दीप तार शून्ये शून्ये छिल पथ चेये।

मोर प्रेम एल गान गेये;
की ये हल कानाकानि
दिल से तोमार गले आपन गलार मालाखानि।

---

हँसी खिल उठेगी; **एइ** ..**मने**—यह आशा अत्यन्त गोपन (भाव से) मेरे मन मे है।

**हे भुवन**...... **क्षण**—हे भुवन, मै जब तक (जिस समय तक), **तोमारे** ..... **भालो**—तुम्हे प्यार नही किया था, **ततक्षण**. . . .**धन**—तब तक (उस समय तक) तुम्हारा प्रकाश अपना सब धन खोज नही पाया था; **ततक्षण**. .. **चेये**—तब तक (उस समय तक) सम्पूर्ण आकाश अपने दीप को हाथ मे लिए हुए शून्य रास्ता देख रहा था।

**मोर**......**गेये**—मेरा प्रेम गान गा कर आया; **की** ....**कानि**—क्या जो काना-फूसी हुई; **दिल**......**खानि**—उसने अपने गले की माला तुम्हारे गले मे डाल दी;

मुग्धचक्षे हेसे
तोमारे से
गोपने दियेछे किछु या तोमार गोपन हृदये
तारार मालार माझे चिरदिन रबे गाँथा हये।

१२ जनवरी १९१५ 'बलाका'

## दुइ नारी

कोन् क्षणे
सृजनेर समुद्रमन्थने
उठेछिल दुइ नारी
अतलेर शय्यातल छाड़ि।
एकजना उर्वशी, सुन्दरी,
विश्वेर कामना-राज्ये रानी,
स्वर्गेर अप्सरी।
अन्यजना लक्ष्मी से कल्याणी,
विश्वेर जननी ताँरे जानि,
स्वर्गेर ईश्वरी।

एकजन तपोभङ्ग करि
उच्चहास्य-अग्नि रसे फाल्गुनेर सुरापात्र भरि
निये याय प्राणमन हरि,

---

**मुग्धचक्षे** ..**हेसे**—मुग्ध नयनो से हँस कर, **तोमारे**—तुम्हे, **से.... किछु**—उसने गोपन कुछ दिया है; **या .. हृदये**—जो तुम्हारे गोपन हृदय मे; **तारार.. ....हये**—ताराओ की माला के बीच चिर दिन गुँथा हुआ रहेगा।

**कोन् क्षणे**—किस क्षण मे, **दुइ**—दो; **उठेछिल**—निकली थी; **छाड़ि**—छोड कर; **से**—वह; **ताँरे जानि**—उन्हे जानता हूँ।

**एकजन. .. हरि**—एक तपस्या भंग कर उच्च हास्य के अग्नि-रस से फाल्गुन के सुरापात्र को भर प्राण-मन हर ले जाती है;

दु-हाते छड़ाय तारे वसन्तेर पुष्पित प्रलापे,
रागरक्त किशुके गोलापे,
निद्राहीन यौवनेर गाने।

आरजन फिराइया आने
अश्रुर शिशिर-स्नाने
स्निग्ध वासनाय,
हेमन्तेर हेमकान्त सफल शान्तिर पूर्णताय;
फिराइया आने
निखिलेर आशीर्वाद पाने
अचञ्चल लावण्येर स्मितहास्य सुधाय मधुर।
फिराइया आने धीरे
जीवन मृत्युर
पवित्र सगमतीर्थतीरे
अनन्तेर पूजार मन्दिरे।

३ फरवरी १९१५ 'बलाका'

---

**दु ... प्रलापे**—उसे दोनो हाथों से वसन्त के पुष्पित (पुष्पो के रूप मे) प्रलाप मे बिखरा देती है; **राग गाने**—रक्ताभ किशुक और गुलाब मे तथा निद्रा-विहीन यौवन के गान मे।

**आरजन......वासनाय**—और दूसरी अश्रुकणो से सीच कर स्निग्ध वासना को लौटा लाती है; **हेमन्तेर . . पूर्णताय**—हेमन्त की सोने की कान्ति वाली फल युक्त शान्ति की पूर्णता मे; **फिराइया.. ..मधुर**—विश्व-जगत् के आशीर्वाद की और अचञ्चल लावण्य के मधुर स्मितहास्य की सुधा मे लौटा लाती है।

## बलाका

स्न्ध्यारागे-झिलिमिलि झिलमेर स्रोतखानि बाँका
आँधारे मलिन हल, येन खापे ढाका
बाँका तलोयार;
दिनेर भाँटार शेषे रात्रिर जोयार
एल तार भेसे-आसा ताराफुल निये कालो जले;
अन्धकार गिरितटतले
देओदार-तरु सारे सारे,
मने हल, सृष्टि येन स्वप्ने चाय कथा कहिबारे,
बलिते ना पारे स्पष्ट करि—
अव्यक्त ध्वनिर पुञ्ज अन्धकारे उठिछे गुमरि ।।

सहसा शुनिनु सेइ क्षणे
सन्ध्यार गगने
शब्देर विद्युत्छटा शून्येर प्रान्तरे
मुहूर्ते छुटिया गेल दूर हते दूरे दूरान्तरे ।
हे हंसबलाका,
झंझामदरसे-मत्त तोमादेर पाखा

---

**बलाका**—बक, बगला, **सन्ध्या.....तलोयार**—सन्ध्या के रंग मे झलमल करती हुई झेलम की टेढी धारा अधकार मे मलिन हो गई जैसे म्यान से ढँकी हुई तलवार हो; **दिन जले**—दिन के भाटे का अन्त होने पर रात्रि का ज्वार काले जल मे बह कर आए हुए अपने तारा (रूपी) फूल ले कर आया; **देओदार**—देवदार; **सारे सारे**—पक्ति की पक्ति; **मने हल......गुमरि**—लगा जैसे सृष्टि स्वप्न मे बात कहना चाहती है, (लेकिन) स्पष्ट बोल नही पाती (उसीकी) अव्यक्त ध्वनि का समूह गुमड कर अन्धकार मे उठ रहा है।

**सहसा.....क्षणे**—सहसा उसी क्षण सुना, **मुहूर्ते दूरान्तरे**—मुहूर्त भर मे दौड कर दूर से दूर चला गया; **झंझा....पाखा**—झझा के मद के रस से मत्त तुमलोगो के पख;

राशि राशि आनन्देर अट्टहासे
विस्मयेर जागरण तरङ्गिया चलिल आकाशे।
ओइ पक्षध्वनि
शब्दमयी अप्सररमणी,
गेल चलि स्तब्धतार तपोभङ्ग करि।
उठिल शिहरि
गिरिश्रेणी तिमिरमगन,
शिहरिल देओदार-वन॥

मने हल, ए पाखार वाणी
दिल आनि
शुधु पलकेर तरे
पुलकित निश्चलेर अन्तरे अन्तरे
वेगेर आवेग।
पर्वत चाहिल हते वैशाखेर निरुद्देश मेघ;
तरुश्रेणी चाहे पाखा मेलि
माटिर बन्धन फेलि
ओइ शब्दरेखा ध'रे चकिते हइते दिशाहारा,
आकाशेर खुँजिते किनारा।

---

**तरङ्गिया**—तरङ्गित कर; **चलिल**—चला; **ओइ**—वह; **पक्षध्वनि**—पंखों की आवाज़; **अप्सररमणी**—अप्सरा, **गेल . . करि**—स्तब्धता की तपस्या भग कर चली गई; **तिमिरमगन**—तिमिर-मग्न, अधकार मे निमज्जित, **शिहरिल**—सिहरा।

**मने . . आवेग**—लगा (जैसे) इन पखो की वाणी ने केवल पल भर के लिये पुलकित निश्चलता के अन्तर मे द्रुत गति का आवेग ला दिया है; **पर्वत......मेघ** पर्वत ने वैशाख का निरुद्देश्य मेघ होना चाहा, **तरुश्रेणी. ...किनारा**—तरुश्रेणी (वृक्षो की पक्ति) चाहती है कि पखो को खोल कर, मिट्टी के बधन को फेक कर (तोड कर) उसी शब्द का अनुसरण कर आकाश के किनारे को खोजते निमेष मात्र मे दिग्भ्रान्त हो जाय;

ए सन्ध्यार स्वप्न टुटे वेदनार ढेउ उठे जागि
सुदूरेर लागि,
हे पाखा विवागि।
बाजिल व्याकुल वाणी निखिलेर प्राणे—
'हेथा नय, हेथा नय, आर कोन्‌खाने!'

हे हंसबलाका,
आज रात्रे मोर काछे खुले दिले स्तब्धतार ढाका।
शुनितेछि आमि एइ नि शब्देर तले
शून्ये जले स्थले
अमनि पाखार शब्द उद्दाम चञ्चल।
तृणदल
माटिर आकाश-'परे झापटिछे डाना;
माटिर आँधार-निचे, के जाने ठिकाना,
मेलितेछे अकुरेर पाखा
लक्ष लक्ष बीजेर बलाका।
देखितेछि आमि आजि—
एइ गिरिराजि,

---

ए.. **विवागि**—हे बधनहीन पख (वाले पक्षी), इस सन्ध्या का स्वप्न भंग होता है और सुदूर के लिये (उसके हृदय मे) वेदना की लहर जाग उठती है; **बाजिल.......कोन्‌खाने**—निखिल (विश्व) के प्राणो मे व्याकुल वाणी बज उठी—यहाँ नही, यहाँ नही, और किस जगह।

**आज . . .ढाका**—आज रात्रि मे मेरे निकट (तुमने) स्तब्धता के ढक्कन को खोल दिया; **शुनितेछि . .चञ्चल**—इस नीरवता के नीचे शून्य मे, जलमे, स्थल मे वैसे ही उद्दाम, चञ्चल पख के शब्द सुन रहा हूँ, **तृणदल डाना**—तृणदल मिट्टी के आकाश के ऊपर झपट्टा मारता है, **माटिर.. बलाका**—मिट्टी के अधकार के नीचे (का) पता कौन जाने, लाख-लाख बीज (रूपी) बलाका (अपने) अंकुर के पख खोल रहे हैं। **देखितेछि . अजानाय**—मै आज देख रहा हूँ यह गिरिराजि, यह वन उन्मुक्त डैनो से द्वीप से द्वीपान्तर को, अज्ञात

एइ वन चलियाछे उन्मुक्त डानाय
द्वीप हते द्वीपान्तरे, अजाना हइते अजानाय।
नक्षत्रेर पाखार स्पन्दने
चमकिछे अन्धकार आलोर क्रन्दने॥

शुनिलाम मानवेर कत वाणी दले दले
अलक्षित पथे उड़े चले
अस्पष्ट अतीत हते अस्फुट सुदूर युगान्तरे।
शुनिलाम आपन अन्तरे
असंख्य पाखिर साथे
दिने राते
एइ बासाछाड़ा पाखि धाय आलो-अन्धकारे
कोन् पार हते कोन् पारे।
ध्वनिया उठिछे शून्य निखिलेर पाखार ए गाने—
'हेथा नय, अन्य कोथा, अन्य कोथा, अन्य कोन्खाने!'

अक्टूबर–नवबर १९१५ 'बलाका'

---

(स्थान) से अज्ञात (स्थान) को चला है; **नक्षत्रेर.......क्रन्दने**—नक्षत्र के पखो के स्पन्दन से अन्धकार आलोक के क्रन्दन मे चमक रहा है।

**शुनिलाम**—सुना, **कत**—कितनी; **हते**—से, **आपन अन्तरे**—अपने अन्तर मे; **पाखिर साथे**—पक्षियो के साथ; **एइ.......पारे**—वासस्थान का परित्याग करने वाला यह पक्षी प्रकाश और अन्धकार मे किस पार से किस पार को दौडता है; **ध्वनिया. ... कोन्खाने**—निखिल (विश्व) के पखो के इस गान से शून्य ध्वनित हो उठा है कि 'यहाँ नही, अन्य कही, अन्य कही, अन्य किसी जगह'।

## मुक्ति

डाक्तारे या बले बलुक-नाको,
राखो राखो खुले राखो
शिओरेर ओइ जानलादुटो, गाये लागुक हाओया।
ओषुध ? आमार फुरिये गेछे ओषुध खाओया।
तितो कड़ा कत ओषुध खेलेम ए जीवने,
दिने दिने क्षणे क्षणे।
बेंचे थाका सेइ येन एक रोग,
कतरकम कबिराजि, कतइ मुष्टियोग,
एकटुमात्र असावधानेइ विषम कर्मभोग।
एइटे भालो, ओइटे मन्द, ये या बले सबार कथा मेने,
नामिये चक्षु, माथाय घोमटा टेने
बाइश बछर काटिये दिलेम एइ तोमादेर घरे।
. ताइ तो घरे परे,
सबाइ आमाय बलले, लक्ष्मी सती,
भालो मानुष अति ! ।

---

**डाक्तारे. नाको**—डाक्टर जो बोले, बोले-ना (जो कहना चाहे कहे); **राखो ....राखो**—रखो, रखो, खुला रखो; **शिओरेर..... दुटो**—सिरहाने की उन दोनो खिडकियो को; **गाये. ... हाओया**—शरीर मे हवा लगे; **ओषुध**—औषध; **आमार ...खाओया**—मेरा औषध खाना शेष हो गया; **तितो कड़ा**—तीता, कड़ा; **कत . .क्षणे**—इस जीवन मे दिन-दिन, क्षण-क्षण कितनी दवाइयाँ खाईं; **बेंचे. . . रोग**—बँचा रहना यही जैसे एक रोग है; **कत ......योग**—कितने प्रकार की कबिराजी (वैद्य की दवाइयाँ) कितने टोटके (मैने व्यवहार किए), **एकटुमात्र**—थोडी-सी ; **असावधानेइ**—असावधानी से ही; **एइटे.... घरे**—यह अच्छा, वह खराब—जो जैसा कहता सब की बात मान आँखे नीचे कर सिर पर घूँघट खीच कर तुमलोगो के इस घर मे बाईस वर्ष बिता दिए; **ताइ..... अति**—इसीलिये तो अपने-पराये सभी ने मुझे लक्ष्मी सती, (और) अत्यन्त भला कहा।

ए संसारे एसेछिलेम न बछरेर मेये,
तार परे एइ परिवारेर दीर्घ गलि बेये
दशेर-इच्छा-बोझाइ-करा एइ जीवनटा टेने टेने शेषे
पौँछिनु आज पथेर प्रान्ते एसे।
सुखेर दुखेर कथा
एकटुखानि भाबब एमन समय छिल कोथा।
एइ जीवनटा भालो किम्वा मन्द किम्वा या-होक-एकटा-किछु
से कथाटा बुझब कखन, देखब कखन भेबे आगुपिछु ?
एकटाना एक क्लान्त सुरे
काजेर चाका चलछे घुरे घुरे।
बाइश बछर रयेछि सेइ एक चाकातेइ बाँधा
पाकेर घोरे आँधा।
जानि नाइ तो आमि ये की, जानि नाइ ए बृहत् वसुन्धरा
की अर्थे ये भरा।
शुनि नाइ तो मानुषेर की वाणी
महाकालेर वीणाय बाजे। आमि केवल जानि,

---

**ए संसारे**—इस ससार मे (गृहस्थी मे); **एसेछिलेम**—आई थी; **न बछरेर मेये**—नौ वर्ष की लडकी ; **तार ... एसे**—उसके बाद इस परिवार की गली को पार करती दस की इच्छा के बोझे को लाद इस जीवन को खीचती अन्त मे पथ की सीमा पर आज आ पहुँची हूँ; **सुखेर .. ..कोथा**—कुछ सुख-दु ख की बात सोचूँ इतना समय कहाँ था; **एइ . . .किछु**—यह जीवन अच्छा है अथवा खराब है अथवा जो-भी-हो-एक-कुछ; **से.... पिछु**—उस बात को कब समझूंगी, कब उसका आगा-पीछा सोच-समझ पाऊँगी, **एकटाना**—एक ही ढग से, **एक .. सुरे**—एक क्लान्त सुर मे; **काजेर ... घुरे**—काम-काज का पहिया घूमता हुआ चल रहा है; **बाइश आँधा**—घूर्णन के नशे से अन्धी बनी हुई उसी एक पहिये से बाईस वर्ष बँधी हुई रही हूँ ; **जानि.. ..की**—नही जानती कि मै कौन हूँ; **जानि . ..भरा**—नही जानती इस बडी पृथ्वी मे कौन-सा अर्थ भरा हुआ है; **शुनि . . .बाजे**—सुना नही, महाकाल की वीणा मे मनुष्य की कौन-सी वाणी बजती है; **आमि..... जानि**—मै केवल जानती हूँ;

राँधार परे खाओया, आबार खाओयार परे राँधा—
बाइश बछर एक चाकातेइ बाँधा।
मने हच्छे, सेइ चाकाटा ओइ ये थामल येन;
थामुक तबे। आबार ओषुध केन ?।

वसन्तकाल बाइश बछर एसेछिल बनेर आङिनाय।
गन्धे-बिभोल दक्षिणबाय
दियेछिल जलस्थलेर मर्मदोलाय दोल;
हेकेछिल, 'खोल् रे, दुयार खोल्।'
से ये कखन् आसत येत जानते पेतेम ना ये।
हयतो मनेर माझे
संगोपने दित नाड़ा, हयतो घरेर काजे
आचम्बिते भुल घटात; हयतो बाजत बुके
जन्मान्तरेर व्यथा; कारण-भोला दु:खे सुखे
हयतो परान रइत चेये येन रे कार पायेर शब्द शुने
विह्वल फाल्गुने।

---

**राँधार .... राँधा**—रन्धन के बाद खाना (भोजन) और खाने के बाद रन्धन, **मने हच्छे .. ..येन**—मन मे हो रहा है वह पहिया जैसे अब थमा; **थामुक तबे**—तब थम जाय; **आबार .. केन**—फिर तब दवा क्यो।

**एसेछिल**—आया था; **बनेर आङिनाय**—वन-प्राङ्गण मे, वन के आगन मे; **बिभोल**—विभोर; **दक्षिणबाय**—दक्षिण वायु; **दियेछिल. . . .दोल**—जल स्थल के मर्म को दोलायमान करने वाले झूले को झुलाया था; **हेंकेछिल**—जोर से पुकार कर कहा था; **खोल्**—खोल, **दुयार**—दरवाजा, **से . . ये**—वह कब आती-जाती जान नही पाती, **हयतो . . .नाड़ा**—हो सकता है गोपन भाव से मन के भीतर को आन्दोलित कर देती; **हयतो.... ..घटात**—हो सकता है कि घर के काम मे अचानक त्रुटि करा देती, **हयतो.... ..व्यथा**—हो सकता है जन्मान्तर की व्यथा आघात कर जाती, **भोला**—भुला हुआ; **हयत .. ...फाल्गुने**—हो सकता है कि विह्वल फाल्गुन मे जैसे किसी के पैरो के शब्द को सुन कर प्राण देखते रहते;

तुमि आसते आपिस थेके, येते सन्ध्यावेलाय
पाडाय कोथा सतरञ्ज-खेलाय।
थाक् से कथा।
आजके केन मने आसे प्राणेर यत क्षणिक व्याकुलता।।

प्रथम आमार जीवने एइ बाइश बछर परे
वसन्तकाल एसेछे मोर घरे।
जानला दिये चेये आकाश-पाने
आनन्दे आज क्षणे क्षणे जेगे उठछे प्राणे—
आमि नारी, आमि महीयसी,
आमार सुरे सुर बेधेछे ज्योत्स्नावीणाय निद्राविहीन शशी।
आमि नइले मिथ्या ह'त सन्ध्यातारा-ओठा,
मिथ्या ह'त कानने फुल-फोटा।।

बाइश बछर ध'रे
मने छिल, बन्दी आमि अनन्तकाल तोमादेर एइ घरे।

---

**तुमि......खेलाय**—तुम आफिस से आते और सन्ध्या समय शतरंज खेलने मुहल्ले में कही जाते; **थाक् से कथा**—रहने दो वह बात; **आजके. ... व्याकुलता**—प्राण की जितनी क्षणिक व्याकुलताएँ थी आज क्यों मन मे आ रही है।

**प्रथम .. परे**—इन बाईस वर्षो के बाद पहली बार मेरे जीवन में; **एसेछे ..... घरे**—मेरे कमरे मे आया है, **जानला . .. .महीयसी**—खिडकी से आकाश की ओर देखते हुए आनन्द आज क्षण-क्षण प्राणों मे जग उठता है (कि) मैं नारी हूँ, मै महीयसी हूँ; **आमार. शशी**—निद्राविहीन चन्द्रमा ने (अपनी) ज्योत्स्ना (चाँदनी रूपी) वीणा का सुर मेरे सुर में बाँधा है, **आमि.. . ओठा**—मेरे नहीं होने से सन्ध्या-तारा का उदय होना मिथ्या (व्यर्थ) होता, **मिथ्या ......फोटा**—कानन मे फूलो का प्रस्फुटित होना व्यर्थ होता।

**बाइश......ध'रे**—बाईस वर्षों से, **मने छिल**—मन मे था; **बन्दी.... घरे**—तुमलोगो के इस घर मे मै अनन्त काल के लिये बन्दी हूँ;

दु:ख तबु छिल ना तार तरे—
असाड़ मने दिन केटेछे, आरो काटत आरो बाँचले परे।
येथाय यत ज्ञाति
लक्ष्मी ब'ले करे आमार ख्याति;
एइ जीवने सेइ येन मोर परम सार्थकता—
घरेर कोणे पाँचेर मुखेर कथा।
आजके कखन् मोर
काटल बाँधन-डोर।
जनम मरण एक हयेछे ओइ-ये अकूल विराट मोहानाय,
ओइ अतले कोथाय मिले याय
भाँड़ार-घरेर देओयाल यत
एकटु फेनार मतो ॥

एतदिने प्रथम येन बाजे
बियेर बाँशि विश्व-आकाश-माझे।
तुच्छ बाइश बछर आमार घरेर कोणेर धुलाय पड़े थाक्।
मरण-बासर-घरे आमाय ये दियेछे डाक

---

**दु:ख.... .तरे**—तौभी उसके लिये (कोई) दु:ख नही था; **असाड़ .. परे**—अनुभूतिहीन मन से दिन बीते है, और बँचने (और अधिक दिनो जिन्दा रहने) पर और भी (दिन) कटते; **येथाय.....ख्याति**—जहाँ जितने अपने वंश वाले है लक्ष्मी कह कर मेरी प्रशंसा करते है, **एइ. .कथा**—घर के कोने मे पाँच आदमियो के मुँह की बात ही मानो इस जीवन की परम सार्थकता थी; **आजके ...डोर**—आज कब मेरे बंधन की डोरी कटी, **जनम. ...मोहानाय**—उस अकूल विराट् मुहाने पर जन्म और मरण एक हुए है; **ओइ . मतो**—उस अतल (सागर) मे भाडार-गृह की जितनी दीवारे है थोडे-से फेन के समान कहाँ मिल जाती है ।

**एतदिने**—इतने दिनो बाद; **प्रथम... .माझे**—जैसे प्रथम प्रथम ब्याह की बाँसुरी (बाजे) ससार रूपी आकाश मे बज रही है; **तुच्छ. ....थाक्**—घर के कोने मे मेरे तुच्छ बाईस वर्ष धूल मे पडे हुए रहें, **मरण-बासर-घरे**—मरण रूपी वासर-गृह (सुहाग रात बिताने वाला घर) मे, **आमाय ....डाक**—मुझे जिसने पुकारा है;

द्वारे आमार प्रार्थी से ये, नय से केवल प्रभु—
हेला आमाय करबे ना से कभु।
चाय से आमार काछे
आमार माझे गभीर गोपन ये सुधारस आछे।
ग्रहतारार सभार माझारे से
ओइ-ये आमार मुखे चेये दाँड़िये होथाय रइल निर्निमेषे।
मधुर भुवन, मधुर आमि नारी,
मधुर मरण, ओगो आमार अनन्त भिखारि।
दाओ, खुले दाओ द्वार—
व्यर्थ बाइश बछर हते पार करे दाओ कालेर पारावार।।

[अक्टूबर १९१८] 'पलातका'

---

**द्वारे......कभु**—द्वार पर मेरे लिये वह प्रार्थी है, वह केवल प्रभु (मालिक) नही है, वह कभी मेरी अवहेलना नही करेगा; **चाय. .काछे**—मेरे निकट (मुझसे) वह चाहता है; **आमार ....आछे**—मेरे भीतर गभीर गोपन (भाव से) जो अमृत रस है; **ग्रह .....से**—ग्रहतारा की सभा के बीच मे वह है, **ओइ...... निर्निमेषे**—वह जो मेरे मुँह की ओर निर्निमेष दृष्टि से देखता हुआ वहाँ खड़ा है; **आमि**—मै; **ओगो...... भिखारि**—ओ मेरे अनन्त (काल तक बने रहने वाले) भिखारी; **दाओ**—दो; **खुले. .द्वार**—द्वार खोल दो; **व्यर्थ ....पारावार** —व्यर्थ के इन बाईस वर्षों से (दूर कर) काल-पारावार को पार करा दो।

## हारिये-याओया

छोट आमार मेये
सङ्गिनीदेर डाक शुनते पेये
सिड़ि दिये नीचेर तलाय याच्छिल से नेमे
अन्धकारे भये भये, थेमे थेमे।
हाते छिल प्रदीपखानि,
आँचल दिये आड़ाल क'रे चलछिल सावधानी॥

आमि छिलाम छाते
ताराय-भरा चैत्रमासेर राते।
हठात् मेयेर कान्ना शुने,उठे
देखते गेलेम छुटे।
सिड़िर मध्ये येते येते
प्रदीपटा तार निबे गेछे बातासेते।
शुधाइ तारे, 'की हयेछे बामी ?'
से केंदे कय नीचे थेके, 'हारिये गेछि आमि !'

---

**हारिये-याओया**—खो जाना; **छोट.... .मेये**—छोटी मेरी लड़की; **सङ्गिनी-देर.. ...पेये**—सङ्गिनियो की पुकार सुन कर; **सिड़ि. ...नेमे**—सीढी से नीचले तले मे उतरने जा रही थी; **अन्धकारे.. ..थेमे**—अन्धकार मे भय से रुक-रुक कर; **हाते. ...खानि**—हाथ मे प्रदीप था; **आँचल. .. सावधानी**—आँचल से ओट कर सावधानी से चल रही थी।

**आमि .. ..छाते**—मैं छत पर था; **ताराय.....राते**—तारो से भरी चैत-महीने की रात्रि मे; **हठात्.....छुटे**—हठात् लडकी का क्रन्दन (रोना) सुन जल्दी से देखने गया; **सिड़िर.....बातासेते**—सीढी के बीच जाते-जाते हवा से उसका प्रदीप बुझ गया है; **शुधाइ......बामी**—उससे पूछता हूँ, 'क्या हुआ, बामी'; **से. .....आमि**—वह रो कर नीचे से कहती है, 'मैं खो गई हूँ'।

तारायभरा चैत्रमासेर राते
फिरे गिये छाते
मने हल आकाश-पाने चेये,
आमार बामीर मतोइ येन अमनि के एक मेये
नीलाम्बरेर आँचलखानि घिरे
दीपशिखाटि बाँचिये एका चलछे धीरे धीरे।
निबत यदि आलो, यदि हठात् येत थामि,
आकाश भरे उठत केंदे, 'हारिये गेछि आमि!'

[अक्टूबर १९१८] 'पलातका'

## मने पड़ा

माके आमार पड़े ना मने।
शुधु कखन खेलते गिये हठात् अकारणे
एकटा की सुर गुन्गुनिये काने आमार बाजे,
मायेर कथा मिलाय येन आमार खेलार माझे।
मा बुझि गान गाइत आमार दोलना ठेले ठेले—
मा गियेछे, येते येते गानटि गेछे फेले॥

---

**फिरे....छाते**—छत पर लौटने पर, **मने....चेये**—आकाश की ओर देखने पर मन मे हुआ, **आमार . धीरे**—मेरी बामी के समान ही जैसे उसी प्रकार एक कोई लडकी नीलाम्बर आँचल से घेर कर दीपशिखा को बँचाती हुई अकेले धीरे धीरे चल रही है; **निबत ... आलो**—यदि आलोक (दीप) बुझ जाता; **यदि.....थामि**—यदि हठात् रुक जाती; **आकाश ..आमि**—आकाश भर कर रो उठती, 'मै खो गयी हूँ'।

**मने पड़ा**—याद आना, **माके .. मने**—माँ का मुझे स्मरण नहीं आता; **शुधु......बाजे**—केवल कभी खेलते जाने पर हठात् अकारण एक कौन-सा सुर गुन गुन कर मेरे कानों मे ध्वनित होता है; **मायेर . माझे**—जैसे मेरे खेल मे माँ के शब्द मिल जाते है; **मा.... ठेले**—लगता है जैसे माँ मेरे झूले को ठेल-ठेल कर गान गाती; **मा......फेले**—माँ चली गई है, जाते जाते (जैसे) गान फेंक (रख) गई है।

माके आमार पडे ना मने ।
शुधु यखन आश्विनेते भोरे शिउलिवने
शिशिर-भेजा हाओया बेये फुलेर गन्ध आसे
तखन केन मायेर कथा आमार मने भासे ।
कबे बुझि आनत मा सेइ फुलेर साजि बये—
पुजार गन्ध आसे ये ताइ मायेर गन्ध हये ।।

माके आमार पडे ना मने ।
शुधु यखन बसि गिये शोबार घरे कोणे,
जानला थेके ताकाइ दूरे नील आकाशेर दिके—
मने हय, मा आमार पाने चाइछे अनिमिखे ।
कोलेर 'परे ध'रे कबे देखत आमाय चेये—
सेइ चाउनि रेखे गेछे सारा आकाश छेये ।।

२५ सितम्बर १९२१ 'शिशु भोलानाथ'

---

**शुधु.. ...भासे**—केवल जब आश्विन के महीने मे भोर के समय हरसिंगार के वन मे ओस कण से भीगी हुई हवा फूलो के गन्ध को ले कर आती है तब क्यो माँ की बात मेरे मन मे उडती-फिरती है, **कबे......हये**—माँ कभी उन फूलों की डाली ले आती, इसीलिये पूजा का गन्ध माँ का गन्ध बन कर आता है।

**शुधु ...कोणे**—केवल जब सोने के कमरे के कोने मे जा कर बैठता हूँ; **जानला ......दिके**—खिडकी से दूर नील आकाश की ओर देखता हूँ, **मने ... अनिमिखे**—मन में होता है (जैसे) माँ मेरी ओर अनिमेष दृष्टि से देख रही है; **कोलेर ....छेये**—गोद मे रख कभी मुझे देखती उस 'देखने' (की क्रिया) को समस्त आकाश मे जैसे फैला कर रख गई है।

## तपोभङ्ग

यौवनवेदनारसे-उच्छल आमार दिनगुलि
हे कालेर अधीश्वर, अन्यमने गियेछ कि भुलि,
हे भोला संन्यासी ?
चञ्चल चैत्रेर राते किंशुकमञ्जरि-साथे
शून्येर अकूले तारा अयत्ने गेल कि सब भासि ?
आश्विनेर वृष्टिहारा शीर्णशुभ्र मेघेर भेलाय
गेल विस्मृतिर घाटे स्वेच्छाचारी हाओयार खेलाय
निर्मम हेलाय ?।

एकदा से दिनगुलि तोमार पिङ्गल जटाजाले
श्वेत रक्त नील पीत नाना पुष्पे विचित्र साजाले,
गेछ कि पासरि ?
दस्यु तारा हेसे हेसे हे भिक्षुक, निल शेषे
तोमार डम्बरु शिङा, हाते दिल मञ्जीरा-बाँशरि;
गन्धभारे आमन्थर वसन्तेर उन्मादनरसे
भरि तव कमण्डलु निमज्जिल निबिड़ आलसे
माधुर्यरभसे ।।

---

**उच्छल**—उफनाए हुए; **आमार दिनगुलि**—मेरे दिन, **अन्यमने......भुलि**—अन्य मनस्क हो क्या भूल गए हो, **भोला**—आत्म-विस्मृत; **शून्येर......भासि**—क्या वे सभी अवहेलना के कारण शून्य की असीमता मे बह गए; **भेला**—भेलक—नदी आदि पार करने का केले के थंभ, लकडी आदि का बना बेडा; **गेल**—गया; **हाओयार**—हवा का; **हेलाय**—अवहेलना से।

**एकदा**—एक समय, **तोमार**—तुम्हारे, **जटाजाले**—जटा-जाल मे; **साजाले**—सजाते थे; **गेछ.. ..पासरि**—क्या भूल गए; **तारा**—वे; **हेसे हेसे**—हँस हँस कर; **निल**—लिया; **शेषे**—अन्त मे, **डम्बरु**—डमरू; **शिङा**—सिंगा; **हाते दिल.......बाँशरि**—हाथ मे मञ्जीर की बाँसुरी दी; **भरि**—भर कर; **निमज्जिल**—निमज्जित किया; **रभसे**—मिलन, सम्भोग।

सेदिन तपस्या तव अकस्मात् शून्ये गेल भेसे
शुष्कपत्रे घूर्णवेगे गीतरिक्त हिममरुदेशे,
उत्तरेर मुखे।
तव ध्यानमन्त्रटिरे आनिल बाहिर-तीरे
पुष्पगन्धे लक्ष्यहारा दक्षिणेर वायुर कौतुके।
से मन्त्रे उठिल माति सेउति काञ्चन करबिका,
से मन्त्रे नवीन पत्रे ज्वालि दिल अरण्यवीथिका
श्याम वह्निशिखा॥

वसन्तेर वन्यास्रोते सन्यासेर हल अवसान,
जटिल जटार बन्धे जाह्नवीर अश्रुकलतान
शुनिले तन्मय।
सेदिन ऐश्यर्य तव उन्मेषिल नव नव,
अन्तरे उद्वेल हल आपनाते आपन विस्मय।
आपनि सन्धान पेले आपनार सौन्दर्य उदार,
आनन्दे धरिले हाते ज्योतिर्मय पात्रटि सुधार
विश्वेर क्षुधार॥

सेदिन उन्मत्त तुमि ये नृत्ये फिरिले वने वने
से नृत्येर छन्दे-लये सगीत रचिनु क्षणे क्षणे
तव सङ्ग धरे।

---

**सेदिन**—उस दिन; **शुन्ये. भसे**—शून्य मे बह गया, **आनिल**—लाया, **तव......कौतुके**—तुम्हारा ध्यान, मन्त्र पुष्पगन्ध से लक्ष्य को खो देने वाली दक्षिण वायु को बाहर के तट पर कौतुक के साथ लाया, **से मन्त्रे... .करबिका**—उस मन्त्र से सेवन्ती (सफेद गुलाब), कचनार और कनेर मत्त हो उठे; **पत्रे**—पत्तो मे; **ज्वालि दिल**—प्रज्वलित कर दिया।

**वन्या**—बाढ़, **हल**—हुआ, **बन्धे**—बन्धन मे; **शुनिले**—सुना, **आपनाते आपन**—अपने आप; **आपनि**—अपने ही; **पेले**—पाया, **धरिले हाते**—हाथ मे पकडा।

**ये......वने**—जिस नृत्य मे वन वन फिरे; **रचिनु**—रचा;

ललाटेर चन्द्रालोके नन्दनेर स्वप्नचोखे
नित्यनूतनेर लीला देखेछिनु चित्त मोर भरे।
देखेछिनु सुन्दरेर अन्तर्लीन हासिर रङ्गिमा,
रेखेछिनु लज्जितेर पुलकेर कुण्ठित भङ्गिमा—
रूपतरङ्गिमा ।।

सेदिनेर पानपात्र, आज तार घुचाले पूर्णता ?
मुछिले—चुम्बनरागे-चिह्नित वंकिम रेखालता
रक्तिम अंकने ?
अगीत सगीतधार अश्रुर सञ्चयभार,
अयत्ने लुण्ठित से कि भग्नभाण्डे तोमार अङ्गने ?
तोमार ताण्डवनृत्ये चूर्ण चूर्ण हयेछे से धूलि ?
नि स्व कालवैशाखीर निश्वासे कि उठिछे आकुलि
लुप्त दिनगुलि ?

नहे, नहे, आछे तारा, नियेछ तादेर सहरिया
निगूढ ध्यानेर रात्रे, नि.शब्देर माझे सम्बरिया
राख सगोपने।

---

**देखेछिनु**—देखा था; **चित्त......भरे**—जी भर के, **हासिर रङ्गिमा**—हँसी की रंगीनी।

**सेदिनेर पानपात्र**—उस दिन के पीने के पात्र को, **तार**—उसकी, **घुचाले**—शेष की, विनष्ट की, **मुछिले**—पोछा, **अंकने**—चित्रण से; **अयत्ने . अङ्गने**—क्या तुम्हारे आगन मे वह टूटे हुए बर्तन मे अवहेला के साथ पडा हुआ है; **तोमार**—तुम्हारा; **हयेछे**—हुई है; **से**—वह, **कालवैशाखी**—चैत-वैशाख के महीने मे अपराह्ण मे जो आँधी-पानी आती है उसे काल-वैशाखी कहते हैं; **कि..... दिनगुलि**—क्या वे सभी दिन जो लुप्त हो गए है आकुल हो उठते है।

**नहे . तारा**—नही नही, वे (दिन) है, **नियेछ .... रात्रे**—निगूढ़ ध्यान की रात्रि मे उन्हे प्रत्याकर्षित कर संयत कर लिया है; **निःशब्देर ...संगोपने**—संयमित कर नीरवता के भीतर (उन्हे) संपूर्ण रूप से गोपन कर रखते हो;

तोमार जटाय-हारा गङ्गा आज शान्तधारा,
तोमार ललाटे चन्द्र गुप्त आजि सुप्तिर बन्धने।
आबार की लीलाच्छले अकिञ्चन सेजेछ बाहिरे।
अन्धकारे नि:स्वनिछे यत दूरे दिगन्ते चाहि रे—
'नाहि रे, नाहि रे।।'

कालेर राखाल तुमि, सन्ध्याय तोमार शिङा बाजे;
दिनधेनु फिरे आसे स्तब्ध तव गोष्ठगृह-माझे
उत्कण्ठित वेगे।
निर्जन प्रान्तरतले आलेयार आलो ज्वले,
विद्युत्वह्निर सर्प हाने फणा युगान्तेर मेघे।
चञ्चल मुहूर्त यत अन्धकारे दु:सह नैराशे
निबिड़निबद्ध हये तपस्यार निरुद्ध निश्वासे
शान्त हये आसे।।
जानि जानि, ए तपस्या दीर्घरात्रि करिछे सन्धान
चञ्चलेर नृत्यस्रोते आपन उन्मत्त अवसान
दुरन्त उल्लासे।

---

**तोमार......हारा**—तुम्हारी जटा मे खोई हुई; **आजि**—आज; **सुप्तिर बन्धने**—सुप्ति के बन्धन में; **गुप्त**—छिपा हुआ; **आबार.. ...बाहिरे**—अब फिर किस लीला का भान किए हुए बाहर से भिखारी का वेश बनाया है; **अन्धकारे ...नाहि रे**—अन्धकार मे जितनी दूर दिगन्त मे देखता हूँ, 'नही रे, नही रे' की ध्वनि आ रही है।

**कालेर.. .बाजे**—काल (समय) के तुम चरवाहे हो, सन्ध्या समय तुम्हारी सिंगा बजती है; **दिनधेनु.... .वेगे**—दिन रूपी गाय उत्कण्ठा के साथ वेगपूर्वक तुम्हारे निस्तब्ध गोहाल मे लौट आती है; **प्रान्तरतले**—प्रान्तर मे; **आलेया**—अगिया बैताल—दलदल के किनारे दीख पड़ने वाला ज्वलन्त गैस-विशेष जिस से पथिको को भ्रम उत्पन्न हो जाता है, **आलेयार आलो**—मिथ्या माया, **ज्वले**—जलती है, **हाने फणा**—फन मारता है; **यत**—जितने; **नैराशे**—नैराश्य मे; **हये**—हो कर; **शान्त .आसे**—शान्त होता आता है।

**जानि**—जानता हूँ, **ए ..उल्लासे**—यह तपस्या रूपी दीर्घरात्रि दुर्दमनीय उल्लास के साथ चञ्चल के नृत्य के स्रोत मे अपना उन्मत्त अवसान ढूँढ रही है;

बन्दी यौवनेर दिन आबार शृङ्खलहीन
बारे बारे बाहिरिबे व्यग्रवेगे उच्च कलोच्छ्वासे।
विद्रोही नवीन वीर स्थविरेर-शासन-नाशन
बारे बारे देखा दिबे; आमि रचि तारि सिहासन—
तारि सम्भाषण ॥

तपोभङ्गदूत आमि महेन्द्रेर, हे रुद्र संन्यासी,
स्वर्गेर चक्रान्त आमि। आमि कवि युगे युगे आसि
तव तपोवने।
दुर्जयेर जयमाला पूर्ण करे मोर डाला,
उद्दामेर उतरोल बाजे मोर छन्देर क्रन्दने।
व्यथार प्रलापे मोर गोलापे गोलापे जागे वाणी,
किशलये किशलये कौतूहलकोलाहल आनि
मोर गान हानि ॥

हे शुष्कवल्कलधारी वैरागी, छलना जानि सब—
सुन्दरेर हाते चाओ आनन्दे एकान्त पराभव
छद्मरणवेशे।
बारे बारे पञ्चशरे अग्नितेजे दग्ध क'रे
द्विगुण उज्ज्वल करि बारे बारे बाँचाइबे शेषे।

---

**बन्दी . .दिन**—बन्दी यौवन का दिन; **आबार**—फिर से; **बारे बारे बाहिरिबे**—बार बार बाहर होगा; **देखा दिबे**—दिखलाई देगा; **आमि ....सम्भाषण** मै उसी के सिहासन, उसी के सम्भाषण की रचना करता हूँ।

**चक्रान्त**—षड्यन्त्र, **आसि**—आता हूँ, **पूर्ण ... डाला**—मेरी डलिया को पूर्ण करती है; **उतरोल**—कोलाहल, **गोलाप**—गुलाब; **किशलय**—किसलय; **आनि**—ला कर; **हानि**—आघात करता हूँ।

**छलना .. सब**—(तुम्हारी) सब छलना को जानता हूँ; **सुन्देरेर.. ... वेशे**—छद्म रण के वेश मे सुन्दर के हाथो आनन्द के साथ सम्पूर्ण रूप से पराजय चाहते हो; **बारे. .. क रे**—बार बार पञ्चशर (कामदेव) को अग्नि-तेज से जला कर; **द्विगुण. . शेषे**—बार बार दुगुना उज्ज्वल कर अन्त मे (उसे) बचाओगे;

बारे बारे तारि तूण सम्मोहने भरि दिब ब'ले
आमि कवि सगीतेर इन्द्रजाल निये आसि चले
मृत्तिकार कोले ।।

जानि जानि, बारम्बार प्रेयसीर पीड़ित प्रार्थना
शुनिया जागिते चाओ आचम्बिते ओगो अन्यमना,
नूतन उत्साहे ।
ताइ तुमि ध्यानच्छले  विलीन विरहतले;
उमारे काँदाते चाओ विच्छेदेर दीप्तदु खदाहे ।
भग्नतपस्यार परे मिलनेर विचित्र से छवि
देखि आमि युगे युगे, वीणातन्त्रे बाजाइ भैरवी—
आमि सेइ कवि ।

आमारे चेने ना तव श्मशानेर वैराग्यविलासी—
दारिद्र्येर उग्र दर्पे खलखल ओठे अट्टहासि
देखे मोर साज ।

---

**बारे ..कोले**—बार बार उसके (तूण) तरकस को सम्मोहन से भर दूँगा (ऐसा जान) मै कवि मिट्टी की गोद मे चल सगीत का इन्द्रजाल ले आता हूँ ।

**जानि......उत्साहे**—हे अन्यमनस्क, जानता हूँ, जानता हूँ (तुम) प्रेयसी की पीडित प्रार्थना को सुन कर नूतन उत्साह मे (भर) हठात् जागना चाहते हो; **ताइ..... तले**—इसीलिये तुम ध्यान का भान किए हुए (वास्तव मे) विरह मे डूबे हुए रहते हो, **उमारे. ..दाहे**—विरह के दीप्त दु ख से जला कर उमा को रुलाना चाहते हो; **भग्नतपस्यार ... युगे**—तपस्या के भग्न होने पर मिलन की वह विचित्र तस्वीर मै युग-युग देखता हूँ; **वीणा... ..कवि**—वीणा के तारो मे भैरवी बजाता हूँ, मै वही कवि हूँ ।

**आमारे . .. विलासी**—तुम्हारे श्मशान के वैराग्य-विलासी (वैराग्य मे ही आनन्द लेने वाले) मुझे पहचानते नही; **दारिद्र्येर. .साज**—मेरी साज-सज्जा को देख कर दारिद्र्य के उग्र दर्प से खल खल अट्टहास कर उठते है,

हेनकाले मधुमासे मिलनेर लग्न आसे,
उमार कपोले लागे स्मितहास्यविकशित लाज।
सेदिन कविरे डाक' विवाहेर यात्रापथतले,
पुष्पमाल्यमाङ्गल्येर साजि लये सप्तर्षिर दले।
कवि सङ्गे चले।।

भैरव, सेदिन तव प्रेतसङ्गीदल रक्त-आँखि
देखे तव शुभ्रतनु रक्तांशुके रहियाछे ढाकि
प्रात सूर्यरुचि।
अस्थिमाला गेछे खुले माधवीवल्लरीमूले,
भाले माखा पुष्परेणु—चिताभस्म कोथा गेछे मुछि!
कौतुके हासेन उमा कटाक्षे लक्षिया कवि-पाने—
से हास्ये मन्द्रिल बाँशि सुन्दरेर जयध्वनिगाने
कविर पराने।।

अक्टूबर—नवम्बर १९२३ 'पूरबी'

---

**हेनकाले**—ऐसे ही समय; **मधुमासे**—वसन्त ऋतु मे, **मिलनेर आसे**—मिलन का लग्न (शुभ मुहूर्त) आता है, **से दिन .. तले**—उस दिन कवि को विवाह के यात्रा पथ पर पुकारते हो, **पुष्प . चले**—मगल की पुष्पमाला की डलिया लिए हुए सप्तर्षि के दल मे कवि साथ साथ चलता है।

**सेदिन ...देखे**—उस दिन तुम्हारे सगी प्रेतगण लाल नेत्रो से देखते है, **तव.. ...रुचि**—तुम्हारा शुभ्र (उज्ज्वल) शरीर प्रात.कालीन सूर्य की दीप्ति वाले लाल वस्त्र से ढँका हुआ है, **अस्थि .. मूले**—हड्डियो की माला माधवी लता के नीचे खुल (दूर हो) गई है, **भाले मुछि**—ललाट पर फूलो की धूलि (पराग) लगी हुई है, चिता भस्म (न-जाने) कहाँ पुँछ गया है, **कौतुके... .पाने**—कवि की ओर कटाक्ष से देखती हुई उमा कौतुक से हँसती है, **से हास्ये पराने**—उस हास्य से कवि के प्राणो मे सुन्दर की जयध्वनि के गान से बाँसुरी गुञ्जित हो उठी।

## पूर्णता

१

स्तब्ध राते एक दिन
निद्राहीन
आवेगेर आन्दोलने तुमि
बलेछिले नतशिरे
अश्रुनीरे
धीरे मोर करतल चुमि—
'तुमि दूरे याओ यदि,
निरवधि
शून्यतार सीमाशून्य भारे
समस्त भुवन मम
मरुसम
रुक्ष हये याबे एकेबारे।
आकाश-विस्तीर्ण क्लान्ति
सब शान्ति
चित्त हते करिबे हरण—
निरानन्द निरालोक
स्तब्ध शोक
मरणेर अधिक मरण।'

---

**आवेगेर. . .चुमि**—व्याकुलता से आलोडित हो, सिर झुका, आँखो मे आँसू भर, धीरे से मेरे करतल का चुम्बन कर तुमने कहा था, **तुमि ... एकेबारे**—तुम अगर दूर चले जाओ तो असीम शून्यता (सूनेपन) के भार से मेरा समस्त ससार सपूर्ण रूप से मरुभूमि के समान अनन्त काल के लिये रूखा हो जाएगा; **आकाश. ....हरण**—आकाश के सदृश फैली हुई (मेरी) क्लान्ति मेरे चित्त की सम्पूर्ण शान्ति को हरण कर लेगी; **मरणेर... .मरण**—मरण से भी बढ कर मरण।

२

शुने, तोर मुख खानि
        वक्षे आनि
                बलेछिनु तोरे काने काने—
'तुइ यदि यास दूरे
        तोरि सुरे
                वेदना-विद्युत् गाने गाने
झलिया उठिबे नित्य,
        मोर चित्त
                सचकिबे आलोके आलोके।
विरह विचित्र खेला
        सारा वेला
                पातिबे आमार वक्षे चोखे।
तुमि खुँजे पाबे प्रिये,
        दूरे गिये
                मर्मेर निकटतम द्वार—
आमार भुवने तबे
        पूर्ण हबे
                तोमार चरम अधिकार।'

---

**शुने**—सुन कर; **तोर   काने**—तुम्हारे मुख को वक्ष पर (खीच) ला कर कानों-कानो मे तुम से कहा था; **तुइ . . दूरे**—तू यदि दूर चली जा, **तोरि .. नित्य**—तुम्हारे ही सुर मे वेदना की बिजली गान-गान मे नित्य चमक उठेगी; **मोर ...आलोके**—मेरा चित्त प्रत्येक आलोक से त्रस्त हो उठेगा, **विरह... .. चोखे**—सब समय विरह के रग-बेरग के खेल मेरे वक्ष और मेरी आँखो को (स्मरण कर) ले कर खेलोगी; **तुमि. . द्वार**—दूर जा कर प्रिये, तुम मर्म (हृदय) के निकटतम द्वार को खोज पाओगी; **आमार.... अधिकार**—मेरी दुनिया पर तब तुम्हारा अधिकार पूर्ण हो जाएगा।

३

दुजनेर सेइ वाणी
        कानाकानि,
                शुनेछिल सप्तर्षिर तारा,
रजनीगन्धार वने
        क्षणे क्षणे
                बहे गेल से वाणीर धारा।
तार परे चुपे चुपे
        मृत्युरूपे
                मध्ये एल विच्छेद अपार।
देखा शुना हल सारा,
        स्पर्शहारा
                से अनन्ते वाक्य नाहि आर
तबु शून्य शून्य नय,
        व्यथामय
                अग्निवाष्पे पूर्ण से गगन।
एका-एका से अग्निते
        दीप्त गीते
                सृष्टि करि स्वप्नेर भुवन॥

१ अक्टूबर १९२४ 'पूरबी'

**दुजनेर . . तारा**—हम दोनो की कानो कानो की वे बाते सप्तर्षिमडल के तारागणो ने सुनी थी, **रजनी. ..धारा**—रजनीगन्धा के वन मे वाणी की वह धारा क्षण-क्षण बहती रही; **तार ..अपार**—इसके बाद चुपके-चुपके अपार विच्छेद मृत्यु के रूप मे बीच में आया, **देखा.. सारा**—देखना-सुनना खतम हो गया; **स्पर्श. ..आर**—स्पर्शहीन (हम दोनों के ससर्ग से विच्युत) वह वाक्य (हमारी वाणी) अब और अनन्त (आकाश) मे नही है।

# आशा

मस्त ये-सब काण्ड करि, शक्त तेमन नय,
जगत्-हितेर तरे फिरि विश्व जगत्मय।
सङ्गीर भिड़ बेड़े चले; अनेक लेखापड़ा,
अनेक भाषाय बकाबकि, अनेक भाङागडा।
क्रमे क्रमे जाल गेँथे याय, गिँठेर परे गिँठ,
महल परे महल ओठे, इँटेर परे इँट।
कीर्तिरे केउ भालो बले, मन्द बले केह,
विश्वासे केउ काछे आसे, केउ करे सन्देह।
किछु खाँटि, किछु भेजाल, मसला येमन जोटे,
मोटेर 'परे एकटा किछु हये ओठेइ ओठे।

किन्तु ये-सब छोटो आशा करुण अतिशय,
सहज बटे शुनते लागे, मोटेइ सहज नय।

---

**मस्त. ....नय**—बड़े-बडे काम करता हूँ (वे) उतने कठिन नही है; **जगत् . मय**—संसार की भलाई के लिये समस्त विश्व मे घूमता हूँ; **सङ्गीर ....चले**—साथियो की भीड बढती चलती है; **अनेक लेखापड़ा**—बहुत लिखना पढना (चलता है); **अनेक... .बकाबकि**—अनेक भाषाओ मे गिटपिट (चलता है), **अनेक भाङागड़ा**—अनेक विनाश और निर्माण (के कार्य चलते रहते है), **क्रमे .. .गिँठ**—क्रम-क्रम से जाल बुनता जाता है, गाँठों पर गाँठे (बैठती जाती है), **महल. . इँट**—महल के ऊपर महल उठते जाते है, ईँट के ऊपर ईँटे (सजती जाती है); **कीर्तिरे .सन्देह**—कीर्ति को कोई अच्छा कहता है, कोई खराब कहता है, कोई विश्वास कर निकट आता है, कोई सन्देह करता है; **किछु ... ओठे**—कुछ विशुद्ध, कुछ मिलावट, जैसा मसाला जुटता है, अन्त मे एक कुछ उठता ही उठता है।

**किन्तु. . नय**—किन्तु जितनी छोटी आशाएँ है वे अत्यन्त करुण है, सुनने मे तो सहज अवश्य लगती है लेकिन एकदम सहज नही है;

एकटुकु सुख गाने सुरे फुलेर गन्धे मेशा,
गाछेर-छायाय-स्वप्न-देखा अवकाशेर नेशा,
मने भाबि चाइले पाब; यखन तारे चाहि,
तखन देखि चञ्चला से कोनोखानेइ नाहि।
अरूप अकूल वाष्पमाझे विधि कोमर बेँधे
आकाशटारे काँपिये यखन सृष्टि दिलेन फेँदे,
आद्ययुगेर खाटुनिते पाहाड़ हल उच्च,
लक्ष युगेर स्वप्ने पेलेन प्रथम फुलेर गुच्छ।

बहुदिन मने छिल आशा
धरणीर एक कोणे
रहिब आपन मने;
धन नय, मान नय, एकटुकु बासा
करेछिनु आशा।
गाछटिर स्निग्ध छाया, नदीटिर धारा,
घरे आना गोधूलिते सन्ध्याटिर तारा,

---

**एकटुकु.....मेशा**—फूलो के गन्ध से घुले-मिले गान और सुर का थोडा-सा आनंद; **गाछेर.....देखा**—पेड़ो की छाया मे स्वप्न देखना; **अवकाशेर नेशा**—छुट्टी का नशा; **मने. ...नाहि**—मन मे सोचता हूँ इच्छा होने से ही पाऊँगा (लेकिन) जब उन्हे खोजता हूँ तब देखता हूँ कि वह चञ्चला (आशा) कही नही है; **अरूप.....फेँदे**—अरूप, अकूल वाष्प के बीच आकाश को कँपा ब्रह्मा ने जब कमर बाँध सृष्टि का निर्माण आरम्भ कर दिया; **आद्ययुगेर. ...गुच्छ**—(उस) आदि युग के (ब्रह्मा के) कठिन परिश्रम से पहाड ऊँचा हुआ (और) लाखो युग स्वप्न देखने के बाद उन्होने प्रथम फूलो का गुच्छा पाया।

**बहुदिन.....मने**—बहुत दिनो (तक) मन मे आशा थी कि धरती के एक कोने मे अपने मन से, अपनी इच्छा के अनुसार रहूँगा, **धन... ..आशा**—धन की नही, मान की नही, एक छोटे से वासस्थान की आशा की थी; **गाछटिर**—पेड़ की; **घरे तारा**—गोधूलि वेला मे सन्ध्या के तारा को घर मे ले आना (घर से देखना);

चामेलिर गन्धटुकु जानालार धारे,
भोरेर प्रथम आलो जलेर ओ पारे।
ताहारे जडाये घिरे
भरिया तुलिबे धीरे
जीवनेर कदिनेर काँदा आर हासा;
धन नय, मान नय, एकटुकु बासा
करेछिनु आशा।

बहुदिन मने छिल आशा
अन्तरेर ध्यानखानि
लभिबे सम्पूर्ण वाणी;
धन नय, मान नय, एकटुकु बासा
करेछिनु आशा।
मेघे मेघे एँके याय अस्तगामी रवि
कल्पनार शेष रङे समाप्तिर छवि,
आपन स्वप्नलोक आलोके छायाय
रङे रसे रचि दिब तेमनि मायाय।
ताहारे जडाये घिरे
भरिया तुलिबे धीरे
जीवने कदिनेर काँदा आर हासा।

---

**चामेलिर ...धारे**—खिडकी के किनारे मात्र चमेली का गन्ध, **भोरेर .... पारे**—प्रात.काल का प्रथम आलोक जल के उस पार; **ताहारे... हासा**—हास्य और क्रन्दन इन सबो को अपने मे लिपटाए हुए (मेरे) जीवन के (इन) कै दिनो (कुछ दिनो) को धीरे से भर देगे।

**अन्तरेर ... वाणी**—अन्तर का चिन्तन सम्पूर्ण रूप से वाणी प्राप्त करेगा (वाणी के द्वारा चिन्तन सम्पूर्ण रूप से प्रकाश पाएगा), **मेघे .छवि**—अस्ताचल-गामी सूर्य मेघों मे समाप्ति के चित्र को कल्पना के शेष रंग से अकित कर जाता है, **आपन... मायाय**—अपने स्वप्न-लोक को आलोक और छाया में रङ्ग और रस से उसी प्रकार के इन्द्रजाल-जैसा निर्मित कर दूंगा,

धन नय, मान नय, घेयानेर भाषा
करेछिनु आशा।

बहुदिन मने छिल आशा
प्राणेर गभीर क्षुधा
पाबे तार शेष सुधा,
धन नय, मान नय, किछु भालोबासा
करेछिनु आशा।
हृदयेर सुर दिये नामटुकु डाका,
अकारणे काछे एसे हाते हात राखा,
दूरे गेले एका बसे मने मने भाबा,
काछे एले दुइ चोखे कथा-भरा आभा।
ताहारे जड़ाये घिरे
भरिया तुलिबे धीरे
जीवनेर कदिनेर काँदा आर हासा।
धन नय, मान नय, किछु भालोबासा
करेछिनु आशा।

१९ अक्टूबर १९२४ 'पूरबी'

---

**घेयानेर भाषा**—गभीर चिन्ता की भाषा (गभीर चिन्ता को प्रकाश करने वाली भाषा)।

**प्राणेर... सुधा**—प्राणो की गभीर क्षुधा अपनी (तृप्ति के लिये) शेष सुधा पाएगी; **किछु भालोबासा**—थोडा-सा प्यार; **हृदयेर.... डाका**—हृदय का सुर दे कर (अतरगता के साथ) सिर्फ नाम ले कर पुकारना; **अकारणे... राखा**—अकारण पास आ कर हाथों मे हाथ रखना, **दूरे... भाबा**—दूर जाने पर अकेले बैठ मन ही मन चिन्ता करना; **काछे.. .आभा**—पास आने पर दोनो आँखो मे वाणी से पूर्ण चमक (बोलती-सी आँखे)।

## आशंका

भालोबासार मूल्य आमाय दु-हात भर
    यतइ देबे बेशी करे,
ततइ आमार अन्तरेर एइ गभीर फॉकि
    आपनि धरा पड़बे ना कि ?
ताहार चेये ऋणेर राशि रिक्त करि
    याइ ना निये शून्य तरी।
वर रब क्षुधाय कातर भालो से-ओ,
    सुधाय भरा हृदय तोमार
        फिरिये निये चले येयो।

पाछे आमार आपन व्यथा मिटाइते
    व्यथा जागाइ तोमार चिते,
पाछे आमार आपन बोझा लाघव तरे
    चापाइ बोझा तोमार 'परे,
पाछे आमार एकला प्राणेर क्षुब्ध डाके
    रात्रे तोमाय जागिये राखे,

---

**भालोबासार करे**—(मेरे) प्रेम का मूल्य (अपने) दोनो हाथ भर जितना ही बेशी (बढा कर) मुझे दोगी, **ततइ . कि**—उतनाही क्या मेरे अन्तर की यह गभीर वञ्चना पकडाई नही देगी, **ताहार तरी**—उससे (अच्छा तो यह है कि) ऋण की राशि (धन) को खाली कर सूनी नौका ले जॉय; **वरं**—वरन्, **रब. से-ओ**—क्षुधासे पीडित रहूँगा वह भी अच्छा, **सुधाय. येयो**—सुधा से भरे हुए अपने हृदय को लौटा कर लिए चली जाना।

**पाछे ..चिते**—पीछे (कही) मै अपनी व्यथा मिटाने (जा कर) तुम्हारे चित्त मे व्यथा (न) जगा दूँ; **पाछे. 'परे**—पीछे मै अपना बोझा हल्का करने के लिये तुम्हारे ऊपर बोझा (न) लाद दूँ; **पाछे . राखे**—पीछे (कही) मेरे अकेले (नि सग) प्राण की क्षुब्ध पुकार रात्रि मे तुम्हे जगा (न) रखे;

सेइ भयेतेइ मनेर कथा कइ ने खुले;
भुलते यदि पार तबे
सेइ भालो गो येयो भुले।

विजन पथे चलेछिलेम, तुमि एले
मुखे आमार नयन मेले।
भेबेछिलेम बलि तोमाय, सङ्गे चलो,
आमाय किछु कथा बलो।
हठात् तोमार मुखे चेये की कारणे
भय हल ये आमार मने।
देखेछिलेम सुप्त आगुन लुकिये ज्वले
तोमार प्राणेर निशीथ रातेर
अन्धकारेर गभीर तले।

तपस्विनी, तोमार तपेर शिखागुलि
हठात् यदि जागिये तुलि,
तबे ये सेइ दीप्त आलोय आड़ाल टुटे
दैन्य आमार उठबे फुटे।

---

**सेइ.... खुले**—इसी भय से ही मन की बात खुल कर नही कही; **भुलते भुले**—अगर भूल सको तो वही अच्छा, भूल जाना।

**विजन......चलेछिलेम**—विजन पथ मे चला था, **तुमि . मेले**—मेरे मुख की ओर आँखे खोले हुए (मेरे मुख की ओर देखती हुई) तुम आई, **भेबेछिलेम .चलो**—सोचा था तुमसे कहूँ, (मेरे) साथ चलो, **आमाय. .बलो**—मुझसे कुछ कहो; **हठात् . मने**—हठात् तुम्हारे मुख की ओर देखने पर (न-जाने) किस कारण से मेरे मन मे भय हुआ; **देखेछिलेम .तले**—देखा था, तुम्हारे प्राणो की गभीर रात्रि मे अन्धकार के गहरे तल मे सोई हुई अग्नि छिप कर जल रही है।

**तोमार......तुलि**—तुम्हारे तप की शिखाओ को हठात् अगर जाग्रत कर दूँ, **तबे......फुटे**—तब उस दीप्त आलोक मे मेरा आवरण टूट जाएगा (दूर हो जाएगा) और मेरा दैन्य स्पष्ट हो उठेगा;

हवि हबे तोमार प्रेमेर होमाग्निते
एमन की मोर आछे दिते।
ताइ तो आमि बलि तोमाय नतशिरे
तोमार देखार स्मृति निये
एकला आमि याब फिरे।

१७ नवम्बर १९२४ 'पूरबी'

## बिदाय

कालेर यात्रार ध्वनि शुनिते कि पाओ।
तारि रथ नित्यइ उधाओ
जागाइछे अन्तरीक्षे हृदयस्पन्दन,
चक्रे-पिष्ट आँधारेर वक्ष-फाटा तारार क्रन्दन।

ओगो बन्धु, सेइ धावमान काल
जड़ाये धरिल मोरे फेलि तार जाल—,
तुले निल द्रुत रथे
दु साहसी भ्रमणेर पथे
तोमा हते बहुदूरे।
मने हय अजस्र मृत्युरे

---

**हवि ...दिते**—ऐसा क्या देने को मेरे पास है जो तुम्हारे प्रेम की होमाग्नि मे हविस् होगा, **ताइ. .फिरे**—इसीलिये तो नत मस्तक हो मै तुमसे कहता हूँ कि तुम्हारे दर्शन की स्मृति को ले कर मै अकेला लौट जाऊँगा।

**कालेर... .पाओ**—काल की यात्रा की ध्वनि को क्या सुन पा रहे हो, **तारि उधाओ**—उसी का रथ बराबर भागता रहता है; **जागाइछे**—जगा रहा है; **चक्रे-पिष्ट**—पहिये से चूर्ण-विचूर्ण, **आँधारेर**—अधकार का; **वक्ष-फाटा**—फटे हुए वक्ष वाले, **तारार**—ताराओ का।

**सेइ**—वही; **जड़ाये ..जाल**—अपना जाल फेक कर मुझे जकड़ लिया, **तुले निल**—उठा लिया; **तोमा .. . दूरे**—तुम से बहुत दूर, **मने. . .चूड़ाय**—लगता है असख्य मृत्युओं को पार कर आज नव प्रभात की शिखर-चूडा पर

पार हये आसिलाम
आजि नव प्रभातेर शिखरचूडाय,
रथेर चञ्चल वेग हाओयाय उडाय
आमार पुरानो नाम।
फिरिबार पथ नाहि,
दूर हते यदि देख चाहि
पारिबे ना चिनिते आमाय।
हे बन्धु, बिदाय।

कोनोदिन कर्महीन पूर्ण अवकाशे,
वसन्त बातासे
अतीतेर तीर हते ये-रात्रे बहिबे दीर्घश्वास,
झरा बकुलेर कान्ना व्यथिबे आकाश,
सेइक्षणे खुँजे देखो, किछु मोर पिछे रहिल से
तोमार प्राणेर प्रान्ते, विस्मृतप्रदोषे
हयतो दिबे से ज्योति,
हयतो धरिबे कभु नामहारा स्वप्नेर मुरति।

---

आया, **हाओयाय . नाम**—मेरे पुराने नाम को हवा मे उडाता है; **फिरिबार. . नाहि**—लौटने का रास्ता नही है, **दूर. आमाय**—दूर से यदि देखो (तो) मुझे पहचान नही सकोगे; **बिदाय**—बिदाई।

**कोनोदिन**—किसी दिन, **पूर्ण अवकाशे**—पूरी छुट्टी पा कर, **बातासे**—हवा मे, **अतीतेर .. दीर्घश्वास**—अतीत के तीर से जिस रात्रि मे दीर्घश्वास बहेगी, **झरा ..आकाश**—झडे हुए बकुल (मौलसिरी) का क्रन्दन आकाश को व्यथित करेगा; **सेइक्षणे. देखो**—उसी क्षण मे खोज कर देखना, **किछु......प्रान्ते**—तुम्हारे प्राणों के उस प्रान्त मे कुछ मेरा पीछे रह गया है; **विस्मृत.. ...ज्योति**—विस्मृत सन्ध्या मे हो सकता है वह प्रकाश दे; **हयतो. . मुरति**—हो सकता है कि कभी बिना नाम के स्वप्न की मूर्ति धारण करेगा;

तबु से तो स्वप्न नय,
सब-चेये सत्य मोर, सेइ मृत्युञ्जय,
से आमार प्रेम।
तारे आमि राखिया एलेम
अपरिवर्तन अर्घ्य तोमार उद्देशे
परिवर्तनेर स्रोते आमि याइ भेसे
कालेर यात्राय।
हे बन्धु, बिदाय।

तोमार हय नि कोनो क्षति
मर्त्येर मृत्तिका मोर, ताइ दिये अमृत-मुरति
यदि सृष्टि करे थाक, ताहारि आरति
ह'क तव सन्ध्यावेला।
पूजार से-खेला
व्याघात पाबे ना मोर प्रत्यहेर म्लान स्पर्श लेगे,
तृषार्त आवेगवेगे
भ्रष्ट नाहि हबे तार कोनो फुल नैवेद्येर थाले।

**तबु . नय**—तौभी वह तो स्वप्न नही है, **सब .प्रेम**—सब से बढ कर (वह) मेरा सत्य है, वह मृत्युञ्जय मेरा प्रेम है, **तारे एलेम**—उसे मै रख आया, **तोमार उद्देशे**—तुम्हारे लिये, **परिवर्तनेर. . भेसे**—परिवर्तन के स्रोत मे मैं बह जाऊँ, **कालेर यात्राय**—काल की यात्रा (के साथ)।

**तोमार क्षति**—तुम्हारी कोई क्षति नही हुई है, **मर्त्येर. . थाक**—मृत्युलोक की मेरी मृत्तिका से अगर अमर मूर्ति की सृष्टि (तुमने) कर ली हो, **ताहारि . सन्ध्यावेला**—सन्ध्या वेला मे उसीकी आरती तुम उतारो, **पूजार . ..लेगे**—मेरे प्रति दिन के म्लान स्पर्श के लगने से पूजा के उस खेल मे विघ्न नही होगा, **तृषार्त.. .थाले**—नैवेद्य की थाली मे उसका कोई भी फूल तृषातुर आवेग के वेग से भ्रष्ट नही होगा।

तोमार मानसभोजे सयत्ने साजाले
ये भावरसेर पात्र वाणीर तृषाय,
तार साथे दिब ना मिशाये
या मोर धूलिर धन, या मोर चक्षेर जले भिजे।
आजो तुमि निजे
हयतो वा करिबे रचन
मोर स्मृतिटुकु दिये स्वप्नाविष्ट तोमार वचन।
भार तार ना रहिबे, ना रहिबे दाय।
हे बन्धु, बिदाय।

मोर लागि करियो ना शोक,
आमार रयेछे कर्म, आमार रयेछे विश्वलोक।
मोर पात्र रिक्त हय नाइ,
शून्येरे करिब पूर्ण, एइ व्रत बहिब सदाइ।
उत्कण्ठ आमार लागि केह यदि प्रतीक्षिया थाके
से-इ धन्य करिबे आमाके।
शुक्ल पक्ष हते आनि
रजनीगन्धार वृन्तखानि

---

**तोमार .... तृषाय**—जिस भाव-रस के पात्र को वाणी की तृषा से अपने मानस भोज के लिये (तुमने) यत्नपूर्वक सजाया, **तार... ..भिजे**—जो मेरी धूलि का धन है, जो मेरी आँखो के जल से भीगा हुआ है उसके (मानस भोज के) साथ मिला नही दूँगा, **आजो . वचन**—हो सकता है कि आज भी तुम स्वयं ही मेरी स्मृति के द्वारा स्वप्नाविष्ट अपने वचनो (शब्दो) की सृष्टि करोगे; **भार.. दाय**—न उसका बोझ रहेगा और न उसका दायित्व।

**मोर.... .शोक**—मेरे लिये शोक न करना; **आमार . . विश्वलोक**—मेरे लिये (मेरा) कार्य है, मेरा ससार है, **मोर . . नाइ**—मेरा पात्र खाली नही हुआ है; **शून्येरे. ... सदाइ**—शून्य को पूर्ण करूँगा, यही व्रत सदा धारण करूँगा, **उत्कण्ठ......आमाके**—मेरे लिये उत्कण्ठित हो यदि कोई प्रतीक्षा करता रहेगा, वही मुझे धन्य करेगा, **हते**—से; **आनि**—ला कर;

ये पारे साजाते
अर्घ्यथाला कृष्णपक्ष राते,
ये आमारे देखिबारे पाय
असीम क्षमाय
भालोमन्द मिलाये सकलि,
एबार पूजाय तारि आपनारे दिते चाइ बलि।
तोमारे या दियेछिनु, तार
पेयेछ नि.शेष अधिकार।
हेथा मोर तिले तिले दान,
करुण मुहूर्तगुलि गण्डूष भरिया करे पान
हृदय-अञ्जलि हते मम।
ओ गो तुमि निरुपम,
हे ऐश्वर्यवान,
तोमारे या दियेछिनु से तोमारि दान;
ग्रहण करेछ यत ऋणी तत करेछ आमाय।
हे बन्धु, बिदाय।

२५ जून १९२८ 'महुया'

---

**ये.. साजाते**—जो सजा सकता है, **ये . सकलि**—भला बुरा सब को मिला कर जो असीम क्षमा के साथ मुझे देख पाएगा; **ए बार .. बलि**—इस बार उसकी पूजा मे अपने को बलि देना चाहता हूँ; **तोमारे. ..अधिकार**—तुम्हे जो दिया था उसका नि.शेष अधिकार (तुमने) पाया है, **हेथा ..दान**—यहाँ मेरा क्षण-क्षण दान है; **करुण ... मन**—करुण मुहूर्त मुख भर-भर मेरी हृदय-अञ्जलि से पान करता है; **तोमारे...दान**—तुम्हे जो दिया था वह तुम्हारा ही दान था, **ग्रहण.....आमाय**—(तुमने) जितना ग्रहण किया है उतना ही मुझे ऋणी बनाया है।

# पान्थ

शुधायो ना मोरे तुमि मुक्ति कोथा, मुक्ति कारे कइ,
आमि तो साधक नइ, आमि गुरु नइ।
आमि कवि, आछि
धरणीर अति काछाकाछि,
ए पारेर खेयार घाटाय।
सम्मुखे प्राणेर नदी जोयार-भाँटाय
नित्य बहे निये छाया आलो,
मन्द भालो,
भेसे-याओया कत की ये, भुले-याओया कत राशिराशि
लाभक्षति कान्नाहासि,—
एक तीर गडि तोले अन्य तीर भाङिया भाङिया,
सेइ प्रवाहेर 'परे उषा ओठे राङिया राङिया
पडे चन्द्रालोकरेखा जननीर अङ्गुलिर मतो,
कृष्णराते तारा यत
जप करे ध्यानमन्त्र, अस्तसूर्य रक्तिम उत्तरी
बुलाइया चले याय, से-तरङ्गे माधवीमञ्जरि

---

**शुधायो कइ**—मुझ से न पूछना कि मुक्ति कहाँ है (और) मुक्ति किसे कहता हूँ, **आमि. . नइ**—मै तो साधक नही हूँ, मै गुरु नही हूँ, **आमि .काछा-काछि**—मै कवि हूँ, धरती के अत्यन्त निकट हूँ, **ए पारेर घाटाय**—इस पार, नौका के घाट पर, **सम्मुखे . भालो**—सामने ज्वार-भाटा वाली प्राणो की नदी, प्रकाश और छाया तथा अच्छे और बुरे को ले कर बराबर बहती है, **भेसे . ये**—बह जाने वाला कितना क्या, **भुले हासि**—विस्मृत हो जाने वाले कितने राशि-राशि लाभ और हानि, क्रन्दन और हँसी; **एक . भाङिया**—एक तीर (तट) को काट-काट कर दूसरे तीर को गढ (निर्माण कर) डालती है, **सेइ मतो**—उसी प्रवाह पर उषा लाल हो उठती है—तथा जननी की उगली के समान चन्द्रमा के प्रकाश की रेखा पडती है; **कृष्ण . मन्त्र**—(उसी प्रवाह पर) काली रात मे जितने तारा है वे ध्यान मन्त्र का जप करते है; **अस्त याय**—(उस प्रवाह को) अस्त होने वाला सूर्य अपने रक्तिम उत्तरीय से छू कर चला जाता है,

भासाय माधुरीडालि,
पाखि तार गान देय ढालि ।

से तरङ्गनृत्यछन्दे विचित्र भङ्गीते
चित्त यबे नृत्य करे आपन सङ्गीते
ए विश्व प्रवाहे,
से छन्दे बन्धन मोर, मुक्ति मोर ताहे ।
राखिते चाहि ना किछु, आँकड़िया चाहि ना रहिते,
भासिया चलिते चाइ सबार सहिते
विरहमिलनग्रन्थि खुलिया खुलिया,
तरणीर पालखानि पलातका बातासे तुलिया ।

हे महापथिक,
अवारित तव दशदिक ।
तोमार मन्दिर नाइ, नाइ स्वर्गधाम,
नाइको चरम परिणाम;
तीर्थ तव पदे पदे;

---

**से . डालि**—उस तरङ्ग मे माधवी मञ्जरी सुन्दर डाली को बहाती है, **पाखि .. ढालि**—पक्षी अपने गान (उस तरङ्ग मे) ढाल देते है ।

**से....प्रवाहे**—उस तरङ्ग के नृत्य के छन्द मे जब चित्त इस विश्व-प्रवाह मे अपने सङ्गीत के साथ विचित्र भगी मे नृत्य करता है; **से. . ताइ**—उस छन्द मे मेरा बन्धन है (और) उसी मे मेरी मुक्ति है, **राखिते . ..रहिते**—(मैं) कुछ रखना नही चाहता (और) न चिपटा रहना चाहता हूँ; **भासिया . . सहिते**—सभी के साथ बहता चलना चाहता हूँ; **विरह..... .खुलिया**—विरह मिलन की गाठ को खोल कर; **तरणीर..... तुलिया**—नौका के पाल को भागती हुई हवा मे उडा कर ।

**अवारित ... दिक**—तुम्हारी दसो दिशाएँ बाधाहीन है, **तोमार परिणाम**—तुम्हारा न मन्दिर है, न स्वर्गधाम है और न शेष परिणति है; **तीर्थ ....पदे**—पद पद पर तुम्हारा तीर्थ है;

चलिया तोमार साथे मुक्ति पाइ चलार सम्पदे,
चञ्चलेर नृत्ये आर चञ्चलेर गाने,
चञ्चलेर सर्वभोला दाने—
आँधारे आलोके,
सृजनेर पर्वे पर्वे, प्रलयेर पलके पलके।

७ मई १९३१ 'परिशेष'

## प्रश्न

भगवान, तुमि युगे युगे दूत पाठायेछ बारे बारे
दयाहीन संसारे—
तारा बले गेल, 'क्षमा करो सबे', बले गेल, 'भालोबासो—
अन्तर हते विद्वेषविष नाशो।'
वरणीय तारा, स्मरणीय तारा, तबुओ बाहिर-द्वारे
आजि दुर्दिने फिरानु तादेर व्यर्थ नमस्कारे॥

आमि ये देखेछि, गोपन हिंसा कपट रात्रि-छाये
हेनेछे निःसहाये;

---

**चलिया .....सम्पदे**—तुम्हारे साथ चल कर चलने के एश्वर्य मे ही मुक्ति पाता हूँ; **आर**—और; **सर्वभोला दाने**—सब कुछ को भूल जाने वाले दान मे; **सृजनेर ... पलके**—सृजन के प्रत्येक पर्व मे और प्रलय के प्रत्येक क्षण मे।

**भगवान .. संसारे**—भगवान, (इस) दयाहीन ससार मे तुमने युग-युग मे बार बार दूत भेज दिये है; **तारा.. सबे**—वे कह गए, सब को क्षमा करो; **भालोबासो**—प्रेम करो; **अन्तर. .. नाशो**—अन्तर से विद्वेष के विष का नाश करो; **वरणीय**—पूजनीय; ; **तारा**—वे; **तबुओ. . . .नमस्कारे**—तौभी आज (इस) अशुभ समय में बाहर के दरवाजे से एक निरर्थक नमस्कार कर उन्हे लौटा दिया है।

**आमि . .. देखेछि**—मैंने देखा है; **रात्रि-छाये**—रात्रि की छाया मे; **हेनेछे**—आघात किया है; **निःसहाये**—असहायो को;

आमि ये देखेछि, प्रतिकारहीन शक्तेर अपराधे
विचारेर वाणी नीरवे निभृते काँदे
आमि ये देखिनु, तरुण बालक उन्माद हये छुटे
की यन्त्रणाय मरेछे पाथरे निष्फल माथा कुटे ।।

कण्ठ आमार रुद्ध आजिके, बाँशि संगीतहारा,
अमावस्यार कारा
लुप्त करेछे आमार भुवन दुःस्वप्नेर तले,
ताइ तो तोमाय शुधाइ अश्रुजले—
याहारा तोमार विषाइछे वायु, निभाइछे तव आलो,
तुमि कि तादेर क्षमा करियाछ, तुमि कि बेसेछ भालो ?।

दिसंबर-जनवरी १९३१–३२ 'परिशेष'

---

**प्रतिकारहीन**—जिसका प्रतिकार न किया जा सके; **शक्तेर अपराधे**—शक्ति-शाली के अपराध से; **विचारेर वाणी**—न्याय की वाणी, **काँदे**—रोती है; **देखिनु**—देखा है; **उन्माद हये छुटे**—पागलो की तरह भागता है; **की यन्त्रणाय . . . कुटे**—पत्थर पर व्यर्थ माथा पटक कर कितनी यन्त्रणा सह कर मरा है।

**कण्ठ. . . . आजिके**—आज मेरा कण्ठ बंद है; **बाँशी**—बाँसुरी; **संगीत-हारा**—संगीत खोई हुई; **अमावस्या . तले**—अमावस्या के कारागृह ने मेरे भुवन को दु:स्वप्न के तल मे लुप्त कर दिया है; **ताइ.... अश्रुजले**—इसीलिये तो आँखो मे आँसू भर तुमसे पूछता हूँ; **याहारा .... भालो**—जो लोग तुम्हारी वायु को विषाक्त कर रहे है, तुम्हारे प्रकाश को बुझा रहे है, तुमने क्या उन्हे क्षमा किया है, तुमने क्या (उन्हें) प्यार किया है।

## मृत्युञ्जय

दूर हते भेबेछिनु मने—
दुर्जय निर्दय तुमि, काँपे पृथ्वी तोमार शासने।
तुमि विभीषिका,
दु खीर विदीर्ण वक्षे ज्वले तव लेलिहान शिखा।
दक्षिण हातेर शेल उठेछे झड़ेर मेघ-पाने,
सेथा हते वज्र टेने आने।
भये भये एसेछिनु दुरुदुरु बुके
तोमार सम्मुखे।
तोमार भ्रुकुटिभङ्गे तरङ्गिल आसन्न उत्पात,
नामिल आघात।
पाँजर उठिल केँपे,
वक्षे हात चेपे
शुधालेम, 'आरो किछु आछे नाकि,
आछे बाकि
शेष वज्रपात ?'
नामिल आघात ।।

---

**दूर हते.. . मने**—दूर से मन मे सोचा था, **दुःखीर . शिखा**—दु.खी के विदीर्ण वक्ष मे तुम्हारी लपलपाती लौ जलती है, **दक्षिण ...पाने**—दाहिने हाथ का शेल झझा के मेघ की ओर उठा है; **सेथा ....आने**—वहाँ से वज्र को खीच लाता है, **भये. .सम्मुखे**—तुम्हारे सामने कांपती छाती से डरता-डरता आया था; **तोमार .. उत्पात**—तुम्हारी भृकुटि की भङ्गिमा से आसन्न उत्पात तरङ्गित हो उठा, **नामिल**—उतरा, **पाँजर. . .केँपे**—पञ्जर काँप उठा, **वक्षे. ... नाकि**—छाती हाथ से दबा कर (मैंने) पूछा, 'और (भी) कुछ है न क्या', **आछे बाकि**—बाकी है।

एइमात्र ? आर-किछु नय ?
भेङ्गे गेल भय।
यखन उद्यत छिल तोमार अशनि
तोमारे आमार चेये बड़ो बले नियेछिनु गणि।
तोमार आघात-साथे नेमे एले तुमि
येथा मोर आपनार भूमि।
छोटो हये गेछ आज।
आमार टुटिल सब लाज।
यत बड़ो हओ,
तुमि तो मृत्युर चेये बडो नओ।
'आमि मृत्यु चेये बड़ो' एइ शेष कथा ब'ले
याब आमि चले।।

१ जुलाई १९३२ 'परिशेष'

---

**एइमात्र**—(बस) इतना ही; **आर. ..नय**—और कुछ नही; **भेङ्गे ....भय**—भय छूट गया, **यखन .गणि**—जब तुम्हारा वज्र प्रस्तुत था (मैंने) तुमको अपने से बडा समझ लिया था, **तोमार. .भूमि**—अपने प्रहार के साथ तुम नीचे उतर आए जहाँ मेरी अपनी भूमि है; **छोटो. . आज**—आज छोटे हो गए हो; **आमार. ..लाज**—मेरी सब लज्जा छूट गई, **यत .. नओ**—जितने बडे होओ तुम तो मृत्यु से बडे नही; **आमि .. चले**—'मै मृत्यु से बडा हूँ' यह अन्तिम बात बोल मै चला जाऊँगा।

## प्रथम पूजा

त्रिलोकेश्वरेर मन्दिर।
लोके बले स्वय विश्वकर्मा तार भित-पत्तन करेछिलेन
कोन् मान्धातार आमले,
स्वय हनुमान एनेछिलेन तार पाथर वहन करे।
इतिहासेर पण्डित बलेन, ए मन्दिर किरात जातेर गड़ा,
ए देवता किरातेर।
एकदा यखन क्षत्रिय राजा जय करलेन देश
देउलेर आङिना पुजारिदेर रक्ते गेल भेसे,
देवता रक्षा पेलेन नतुन नामे नतुन पूजाविधिर आड़ाले—
हाजार वत्सरेर प्राचीन भक्तिधारार स्रोत गेल फिरे।
किरात आज अदृश्य, ए मन्दिरे तार प्रवेशपथ लुप्त।

किरात थाके समाजेर बाइरे,
नदीर पूर्वपारे तार पाड़ा।
से भक्त, आज तार मन्दिर नेइ, तार गान आछे।
निपुण तार हात, अभ्रान्त तार दृष्टि।

---

**त्रिलोकेश्वरेर**—त्रिलोकेश्वर का; **लोके बले**—लोगो का कहना है; **तार**—उसका, **भित-पत्तन करेछिलेन**—शिलान्यास किया था; **कोन्.... ..आमले**—किसी मान्धाता के शासन-काल मे (अति प्राचीन काल मे); **एनेछिलेन.... .करे**—उसका पत्थर वहन कर ले आए थे; **बलेन**—कहते है, **ए**—यह; **जातेर गड़ा**—जाति का निर्माण किया हुआ है, **एकदा**—एक समय; **यखन**—जब; **करलेन**—किया; **देउलेर.. . भेसे**—देवालय का ऑगन पुजारियों के रक्त मे बह गया, **देवता. ..आड़ाले**—नूतन नाम, नूतन पूजा विधि की आड़ मे देवता ने रक्षा पाई; **हाजार वत्सरेर**—हजार वर्षो का; **गेल फिरे**—पलट गया, बदल गया; **ए मन्दिरे**—इस मन्दिर मे, **तार**—उसका।

**किरात . बाइरे**—किरात समाज के बाहर रहता है, **पाड़ा**—मुहल्ला; **से**—वह; **नेइ**—नही है; **आछे**—है; **हात**—हाथ,

से जाने की क'रे पाथरेर उपर पाथर बाँधे,
की करे पितलेर उपर रूपोर फुल तोला याय—
कृष्णशिलाय मूर्ति गड़बार छन्दटा की।
राजशासन तार नय अस्त्र तार नियेछे केड़े,
वेशे बासे व्यवहारे सम्मानेर चिह्न हते से वञ्चित
वञ्चित से पुँथिर विद्याय।
त्रिलोकेश्वर मन्दिरेर स्वर्णचूड़ा पश्चिम दिगन्ते याय देखा,
चिनते पारे निजेदेरइ मनेर आकल्प,
बहुदूरेर थेके प्रणाम करे।

कार्तिक पूर्णिमा, पूजार उत्सव।
मञ्चेर उपरे बाजछे बाँशि मृदङ्ग करताल,
माठ जुड़े कानातेर पर कानात,
माझे माझे उठेछे ध्वजा।
पथेर दुइ धारे व्यापारीदेर पसरा—
तामार पात्र, रूपोर अलंकार, देवमूर्तिर पट, रेशमेर कापड़,

---

**से... बाँधे**—वह जानता है कैसे पत्थर के ऊपर पत्थर बाँधा जाता है, **की..... याय**—कैसे पीतल के ऊपर चाँदी का फूल काढा जाता है, **कृष्ण. .. .की**—काली शिला पर मूर्ति गढने का छन्द क्या है; **नय**—नही है, **नियेछे केड़े**—काढ़ लिया है, ले लिया है; **वेशे ...वञ्चित**—वह वेश, वासस्थान और व्यवहार मे सम्मान के चिह्न से वञ्चित है, **वञ्चित.... .विद्याय**—पोथी की विद्या से वह वञ्चित है, **चिनते. .आकल्प**—अपने ही लोगो के मन के कल्पादर्श को पहचान पाता है, **बहु . करे**—बहुत दूर से ही प्रणाम करता है।

**मञ्चेर उपरे**—मञ्च के ऊपर; **बाजछे**—बज रहे है, **बाँशि**—बशी, **माठ .. ध्वजा**—(समस्त) मैदान को घेर कर एक के बाद एक तम्बू (लगे हुए है), बीच-बीच मे ध्वजा फहरा रही है, **पथेर . पसरा**—रास्ते के दोनो किनारे व्यापारियो की बिक्री वाली वस्तुओ का ढेर; **तामार**—ताँबे का; **रूपोर अलंकार**—चाँदी के गहने, **कापड़**—कपडा,

छेलेदेर खेलार जन्ये काठेर डमरु, माटिर पुतुल, पातार बाँशि,
अर्घ्येर उपकरण, फल माला धूप बाति, घडा घडा तीर्थवारि।
बाजिकर तारस्वरे प्रलापवाक्ये देखाच्छे बाजि,
कथक पडछे रामायणकथा।
उज्ज्वलवेशे सशस्त्र प्रहरी घुरे बेड़ाय घोडाय चड़े,
राज-अमात्य हातिर उपर हाओदाय,
सम्मुखे बेजे चलेछे शिङा।
किखाबे ढाका पाल्किते धनीघरेर गृहिणी,
आगे पिछे किकरेर दल।
संन्यासीर भिड़ पञ्चवटेर तलाय,
नग्न, जटाधारी, छाइमाखा;
मेयेरा पायेर काछे भोग रेखे याय—
फल, दुध, मिष्टान्न, घि, आतप तण्डुल।

थेके थेके आकाशे उठछे चीत्कारध्वनि,
जय त्रिलोकेश्वरेर जय।
काल आसबे शुभलग्ने राजार प्रथम पूजा,

---

**छेलेदेर ....डमरु**—लडको के खेलने के लिये लकडी के डमरू, **माटिर पुतुल**—मिट्टी के खिलौने; **पातार बाँशि**—पत्तों के बाजे, **बाति**—बत्ती; **घड़ा घड़ा**—घड़े के घड़े; **बाजिकर**—बाजीगर; **तारस्वरे**—उच्च स्वर से; **देखाच्छे बाजि**—इन्द्रजाल दिखला रहा है; **कथक पड़छे**—कथा-वाचक पढ रहा है, **घुरे. . चड़े**—घोडा पर चढ़ कर (इधर उधर) घूम रहा है; **हातिर उपर**—हाथी के ऊपर, **हाओदाय**—हौदे मे; **सम्मुखे. . . शिङा**—सामने सिगा बजता हुआ चल रहा है; **किखाबे**—कीमख़ाब, **ढाका**—ढकी हुई, **पाल्कीते**—पालकी मे; **पिछे**—पीछे, **भिड़**—भीड; **पञ्चवटेर तलाय**—पञ्चवट (अश्वत्थ, वट, बिल्व, आँवला और अशोक से निर्मित बन) के नीचे, **छाइमाखा**—भस्म लगाए हुए, **मेयेरा . याय**—स्त्रियाँ पैरो के पास भोग रख जाती है, **घि**—घी; **आतप तण्डुल**—अरवा चावल।

**थेके. . .ध्वनि**—रह-रह कर आकाश मे जोर से ध्वनि उठती है; **आसबे**—आएगी,

स्वय आसबेन महाराजा राजहस्तीते चड़े ।
तॉर आगमन-पथेर दुइ धारे
सारि सारि कलार गाछे फुलेर माला,
मङ्गल घटे आम्रपल्लव ।
आर क्षणे क्षणे पथेर धुलाय सेचन करछे गन्धवारि ।

शुक्ल त्रयोदशीर रात ।
मन्दिरे प्रथम प्रहरेर शङ्ख घण्टा भेरी पटह थेमेछे ।
आज चॉदेर उपरे एकटा घोला आवरण,
ज्योत्स्ना आज झापसा—
येन मूर्छार घोर लागल ।

बातास रुद्ध—
धोॅया जमे आछे आकाशे,
गाछपालागुलो येन शंकाय आड़ष्ट ।
कुकुर अकारणे आर्तनाद करछे
घोडागुलो कान खाडा करे उठछे डेके
कोन अलक्ष्येर दिके ताकिये ।

---

**आसबेन**—आएगे, **राजहस्तीते चड़े**—राजहस्ती पर चढ कर, **तॉर**—उनके; **दुइ धारे**—दोनो ओर, **सारि सारि**—पक्ति की पक्ति; **कलार.. ..माला**—केले के पेड मे फूल की माला, **आर**—और, **क्षणे . वारि**—क्षण-क्षण पथ की धूल सुगन्धित जलसे सीची जा रही है ।

**थेमेछे**—रुक गए है; **एकटा**—एक; **झापसा**—धुंधला, **येन .....लागल**—जैसे मूर्च्छा का नशा लगा हो, **बातास**—हवा, **धोंया . .आकाशे**—धुँआ आकाश मे जमा हुआ है, **गाछ . .आड़ष्ट**—वृक्ष-लतादि जैसे शका से जड बने है; **कुकुर**—कुत्ता, **करछे**—कर रहा है, **घोड़ा .डेके**—घोडे कान खडे कर हिनहिना उठते है, **कोन ......ताकिये**—किस अलक्ष्य (शून्य) की ओर देख कर;

हठात् गम्भीर भीषण शब्द शोना गेल माटिर नीचे—
पाताले दानवेरा येन रणदामामा बाजिये दिले—
गुरु-गुरु गुरु-गुरु ।
मन्दिरे घन्टा बाजते लागल प्रबल शब्दे ।

हाति बाँधा छिल,
तारा बन्धन छिँड़े गर्जन करते करते
छुटल चार दिके
येन घूर्णि-झड़ेर मेघ ।
तुफान उठल माटिते—
छुटल उट महिष गरु छागल भेड़ा
ऊर्ध्वश्वासे, पाले पाले ।
हाजार हाजार दिशाहारा लोक
आर्तस्वरे छुटे बेड़ाय—
चोखे तादेर धाँधा लागे,
आत्मपरेर भेद हारिये के काके देय द'ले ।
माटि फेटे फेटे ओठे धोँया, ओठे गरम जल—
भीम सरोवरेर दिघि बालिर नीचे गेल शुषे ।

---

**शोना......निचे**—मिट्टी के नीचे सुना गया; **दानवेरा ..दिले**—दानव गण ने जैसे रण का नगाडा बजा दिया; **बाजते लागल**—बजने लगा ।

**हाति ..छिल**—हाथी बँधे हुए थे; **तारा...दिके**—बन्धन तोड कर गर्जन करते हुए वे चारो ओर भागे; **येन...मेघ**—जैसे बवडर के मेघ हो; **तुफान .माटिते**—मिट्टी मे तूफान उठा; **छुटल**—भागे; **उट**—ऊँट; **महिष**—भैंस; **गरु**—गाय, **छागल**—बकरी; **भेड़ा**—भेड; **पाले पाले**—दल के दल, **हाजार**—हजार, **दिशाहारा**—दिग्भ्रान्त, **लोक**—लोग; **छुटे बेड़ाय**—भागते फिरते है; **चोखे ..लागे**—उनकी आँखो मे चौध लगती है, **आत्म. ....द'ले**—अपने पराये का भेद भुला कर कोई किसीको रौद देता है, **माटि .. जल**—धरती फट कर धुआँ उठता है, गरम जल निकलता है, **भीम.. ...शुषे**—बडा सरोवर बालू के नीचे सूख गया है;

मन्दिरेर चूड़ाय बाँधा बड़ो घण्टा दुलते दुलते
बाजते लागल ट टं।
आचम्का ध्वनि थामल एकटा भेङे-पड़ार शब्दे ।

पृथ्वी यखन स्तब्ध हल
पूर्णप्राय चाँद तखन हेलेछे पश्चिमेर दिके।
आकाशे उठछे ज्वले-ओठा कानातगुलोर धोँयार कुण्डली,
ज्योत्स्नाके येन अजगर सापे जड़ियेछे।

परदिन आत्मीयदेर विलापे दिग्विदिक् यखन शोकार्त
तखन राजसैनिकदल मन्दिर घिरे दाँड़ालो,
पाछे अशुचितार कारण घटे।
राजमन्त्री एल, दैवज्ञ एल, स्मार्त पण्डित एल।
देखले बाहिरेर प्राचीर धूलिसात्।
देवतार वेदिर उपरेर छाद पड़ेछे भेङे ।
पण्डित बलले, 'संस्कार करा चाइ आगामी पूर्णिमार पूर्वेइ,
नइले देवता परिहार करबेन ताँर मूर्तिके।'

---

**मन्दिरेर.......टं टं**—मन्दिर की चूडा पर बँधा हुआ घण्टा झुलते झुलते ढ ढ बजने लगा, **आचम्का . शब्दे**—टूट कर गिरने के शब्द के साथ हठात् आवाज बन्द हो गई।

**यखन**—जब, **हल**—हुई; **पूर्ण... .दिके**—प्राय पूर्ण चाँद उस समय पश्चिम की ओर झुक गया था; **आकाशे .. कुण्डली**—जलते हुए तम्बुओ से निकलने वाले धुआँ की कुण्डली आकाश मे उठ रही है, **ज्योत्स्ना जड़ियेछे**—चाँदनी से जैसे अजगर साँप लिपटा हुआ हो।

**परदिन.. ...शोकार्त**—दूसरे दिन आत्मीय स्वजनो के लिये (होने वाले) विलाप से जब दिग्विदिक् शोकार्त था; **तखन**—उस समय; **घिरे दाँड़ालो**—घेर कर खडा हो गया, **पाछे. घटे**—पीछे अशुचिता का कारण (न) उपस्थित हो जाय (अर्थात् कोई अछूत मन्दिर में घुस कर उसे अपवित्र न कर दे), **एल**—आया; **दैवज्ञ**—ज्योतिषी, **देखले**—देखा; **छाद ...भेङ्गे**—छत टूट कर गिर गई है; **बलले**—बोले, **संस्कार... पूर्वेइ**—आगामी पूर्णिमा के पहले ही मरम्मत करना चाहिए; **नइले. मूर्तिके**—नही तो देवता अपनी मूर्ति को त्याग देगे।

राजा बललेन, 'सस्कार करो।'
मन्त्री बललेन, 'ओइ किरातरा छाड़ा के करबे पाथरेर काज।
ओदेर दृष्टिकलुष थेके देवताके रक्षा करब की उपाये,
की हबे मन्दिर सस्कारे यदि मलिन हय देवतार अङ्गमहिमा।'
किरात-दलपति माधवके राजा आनलेन डेके।
वृद्ध माधव, शुक्लकेशेर उपर निर्मल सादा चादर जड़ानो—
परिधाने पीतधडा, ताम्रवर्ण देह कटि पर्यन्त अनावृत
दुइ चक्षु सकरुण नम्रताय पूर्ण।
सावधाने राजार पायेर काछे राखले एकमुठो कुन्दफूल,
प्रणाम करले स्पर्श बाँचिये।
राजा बललेन, 'तोमरा ना हले देवतालय-संस्कार हय ना।'
'आमादेर 'परे देवतार ऐ कृपा'
एइ ब'ले देवतार उद्देशे माधव प्रणाम जानाले।
नृपति नृसिहराय बललेन, 'चोख बेँधे काज करा चाइ,
देवमूर्तिर उपर दृष्टि ना पड़े। पारबे ?'

---

**राजा ...करो**—राजा बोले, 'मरम्मत करो'; **ओइ......काज**—उन किरातों को छोड कर कौन पत्थर का काम करेगा, **ओदेर ..उपाये**—उन सबो की कलुष दृष्टि से देवता की रक्षा किस उपाय से करूँगा; **की.. .महिमा**—मन्दिर को मरम्मत करने से क्या होगा अगर देवता की अङ्ग-महिमा मलिन हो, **आनलेन डेके**—बुलवा लिया, **शुक्लकेशेर उपर**—उजले केशो के ऊपर, **सादा**—उजली, **जड़ानो**—लिपटी हुई, **परिधाने पीतधड़ा**—पीले रग का कौपीन पहने हुए, **दुइ**—दोनों; **नम्रताय पूर्ण**—विनम्रता से पूर्ण; **सावधाने... फूल**—सावधानी से राजा के पैरो के पास एक मुट्ठी कुन्द फूल रखा; **प्रणाम . . बाँचिये**—स्पर्श बचा कर प्रणाम किया, **राजा......ना**—राजा बोले, 'तुमलोगो के बिना देवालय मरम्मत नही होगा'; **आमादेर.. कृपा**—हमलोगों के ऊपर देवता की यही कृपा है; **एइ. ....जानाले**—यह कह देवता को लक्ष्य कर माधव ने प्रणाम जनाया; **चोख ....चाइ**—आँख बाँध कर काम करना होगा, **देवर्मातर. ...पड़े**—देव-मूर्ति पर दृष्टि न पडे, **पारबे**—(कर) सकोगे,

माधव बलले, 'अन्तरेर दृष्टि दिये काज करिये नेबेन अन्तर्यामी।
यतक्षण काज चलबे, चोख खुलब ना।'

बाहिरेर काज करे किरातेर दल,
मन्दिरेर भितरे काज करे माधव,
तार दुइचक्षु पाके पाके कालो कापडे बाँधा।
दिनरात से मन्दिरेर बाहिरे याय ना—
ध्यान करे, गान गाय, आर तार आङुल चलते थाके।
मन्त्री एसे बले, 'त्वरा करो, त्वरा करो—
तिथिर परे तिथि याय, कबे लग्न हबे उत्तीर्ण।'
माधव जोडहाते बले, 'याँर काज ताँरइ निजेर आछे त्वरा,
आमि तो उपलक्ष्य।'

अमावस्या पार हये शुक्लपक्ष एल आबार।
अन्ध माधव आङुलेर स्पर्श दिये पाथरेर सङ्गे कथा कय,
पाथर तार साडा दिते थाके।

---

**अन्तरेर अन्तर्यामी**—अन्तर की दृष्टि से अन्तर्यामी काम करा लेंगे; **यतक्षण . . ना**—जब तक काम चलेगा आँखे नही खोलूँगा।

**बाहिरेर . दल**—किरातो का दल बाहर का काम करता; **भितरे**—भीतर; **तार.. बाँधा**—उसकी दोनो आँखे ऐंठ ऐंठ कर काले कपडे से बँधी हुई थी; **से .. ना**—वह मन्दिर के बाहर नही जाता, **गाय**—गाता, **आर . .. थाके**—और उसकी उगलियाँ चलती रहती, **मन्त्री करो**—मन्त्री आ कर कहता, 'जल्दी करो, जल्दी करो', **तिथिर. ..उत्तीर्ण**—तिथि के बाद तिथि (बीतती) जाती है (पता नही) कब लग्न आजाय, **जोड बले**—हाथ जोड़ कर कहता; **याँर. ..उपलक्ष्य**—जिनका कार्य है उन्हे स्वय जल्दबाजी है, मैं तो उपलक्ष्य (मात्र हूँ)।

**पार हये**—पार हो कर; **एल आबार**—फिर आया, **दिये**—से, **पाथरेर .. कय**—पत्थर के साथ बातें करता; **पाथर . थाके**—पत्थर अपनी प्रतिक्रिया बताता रहता,

काछे दाँड़िये थाके प्रहरी
पाछे माधव चोखेर बाँधन खोले ।
पण्डित एसे बलले, 'एकादशीर रात्रे प्रथम पूजार शुभक्षण ।
काज कि शेष हबे तार पूर्वे ?'
माधव प्रणाम करे बलले, 'आमि के ये उत्तर देब ।
कृपा यखन हबे संवाद पाठाब यथासमये,
तार आगे एले व्याघात हबे, विलम्ब घटबे ।'

षष्ठी गेल, सप्तमी पेरोल—
मन्दिरेर द्वार दिये चाँदेर आलो एसे पड़े
माधवेर शुक्लकेशे ।
सूर्य अस्त गेल । पाण्डुर आकाशे एकादशीर चाँद ।
माधव दीर्घनिश्वास फेले बलले,
'याओ प्रहरी, संवाद दिये एसो गे
माधवेर काज शेष हल आज ।
लग्न येन बये ना याय ।'

---

**काछे......प्रहरी**—पास मे प्रहरी खडा रहता; **पाछे..... खोले**—पीछे (कही) माधव आँख का बंधन (पट्टी) न खोल दे; **एसे बलले**—आ कर बोला, **काज....... पूर्वे**—उस के पहले क्या कार्य शेष होगा, **माधव... .देब**—माधव प्रणाम कर बोला, 'मै कौन (हूँ) जो उत्तर दूँ'; **कृपा .. समये**—कृपा जब होगी यथासमय सवाद भेजूँगा; **तार.. . घटबे**—उसके पहले आने से व्याघात होगा, विलंब होगा ।

**षष्ठी गेल**—षष्ठी (तिथि) गई; **पेरोल**—पार हुई; **दिये**—हो कर, से; **चाँदेर . केशे**—माधव के उजले केशों पर चाँदनी आ कर पडती है; **निश्वास फेले**—साँस ले कर; **बलले**—बोला; **याओ......आज**—जाओ प्रहरी, सवाद दे आओ माधव का कार्य आज समाप्त हो गया; **लग्न......याय**—लग्न जिस मे निकल न जाय ।

प्रहरी गेल।
माधव खुले फेलले चोखेर बन्धन।
मुक्त द्वार दिये पड़ेछे एकादशी-चाँदेर पूर्ण आलो
देवमूर्तिर उपरे।
माधव हाँटु गेडे बसल दुइ हात जोड करे
एकदृष्टे चेये रइल देवतार मुखे,
दुइ चोखे बइल जलेर धारा।
आज हाजार बछरेर क्षुधित देखा देवतार सङ्गे भक्तेर।

राजा प्रवेश करलेन मन्दिरे।
तखन माधवेर माथा नत वेदीमूले।
राजार तलोयारे मुहूर्ते छिन्न हल सेइ माथा।
देवतार पाये एइ प्रथम पूजा, एइ शेष प्रणाम।

१३ अगस्त १९३२ 'पुनश्च'

---

**खुले फेलले**—खोल डाला; **माधव ... करे**—दोनो हाथ जोड कर माधव घुटने टेक कर बैठ गया; **एक... मुखे**—देवता के मुख की ओर अनिमेष दृष्टि से देखता रहा; **दुइ .. धारा**—दोनो आँखों से आँसुओं की धारा बह चली, **हाजार बछरेर**—हजार वर्षों के, **देखा**—दर्शन, **देवतार सङ्गे**—देवता के साथ, **भक्तेर**—भक्त का।

**करलेन**—किया; **तखन..... मूले**—उस समय माधव का सिर वेदी के नीचे झुका हुआ था; **राजार......माथा**—राजा की तलवार से मुहूर्त भर मे वह सिर छिन्न हुआ; **देवतार . पूजा**—देवता के पैरो मे यह प्रथम पूजा (थी); **एइ ... प्रणाम**—यही अन्तिम प्रणाम (था)।

## याबार समय ह्ल विहङ्गेर

याबार समय ह्ल विहङ्गेर। एखनि कुलाय
रिक्त हबे। स्तब्धगीति, भ्रष्ट नीड़, पडिबे धुलाय
अरण्येर आन्दोलने। शुष्कपत्र जीर्णपुष्प-साथे
पथचिह्नहीन शून्ये याब उडे रजनीप्रभाते
अस्तसिन्धु-परपारे। कतकाल एइ वसुन्धरा
आतिथ्य दियेछे; कभु आम्रमुकुलेर-गन्धे-भरा
पेयेछि आह्वानवाणी फाल्गुनेर दाक्षिण्ये मधुर;
अशोकेर मञ्जरि से इङ्गिते चेयेछे मोर सुर,
दियेछि ता प्रीतिरसे भरि; कखनो वा झंझाघाते
वैशाखेर, कण्ठ मोर रुधियाछे उत्तप्त धुलाते,
पक्ष मोर करेछे अक्षम; सब निये धन्य आमि
प्राणेर सम्माने। ए पारेर क्लान्त यात्रा गेले थामि
क्षणतरे पश्चाते फिरिया मोर नम्र नमस्कारे
वन्दना करिया याब ए जन्मेर अधिदेवतारे॥

२८ अप्रील १९३४ 'प्रान्तिक'

---

**याबार. . .विहङ्गेर**—विहङ्ग के जाने का समय हुआ, **एखनि . . हबे**—अभी घोंसला खाली होगा, **पड़िबे धुलाय**—धूल मे गिरेगा, **अरण्येर आन्दोलने**—अरण्य के आलोडन से; **याब उड़े**—उड जाऊँगा; **परपारे**—दूसरे पार, **कत . . . दियेछे**—कितने दिनो इस वसुन्धरा ने आतिथ्य किया है; **कभु**—कभी; **गन्धे-भरा**—गन्ध से भरा; **पेयेछि**—पाया है; **दाक्षिण्ये**—दया से; **से. . .सुर**—उसने इङ्गित द्वारा मेरा सुर चाहा है, **दियेछि. . .भरि**—प्रीति रस से भर उसको (उसे) दिया है; **कखनो धुलाते**—अथवा कभी वैशाख की झंझा के आघात से उतप्त धूल से मेरा कण्ठ अवरुद्ध हुआ है; **पक्ष.. . अक्षम**—मेरे पखों को अक्षम बनाया है, **सब.. ....सम्माने**—प्राणो के सम्मान से सब ले कर मै धन्य हूँ, **ए.....थामि**—इस पार की क्लान्त यात्रा रुक जाने पर, **क्षणतरे......देवतारे**—क्षण भर के लिये पीछे की ओर फिर कर इस जन्म के अधिदेवता की विनम्र नमस्कार से वन्दना कर जाऊँगा।

## प्रहर शेषेर आलोय राङा··

प्रहर शेषेर आलोय राङा सेदिन चैत्र मास—
तोमार चोखे देखेछिलाम आमार सर्वनाश।
ए संसारेर नित्य खेलाय प्रतिदिनेर प्राणेर मेलाय
बाटे घाटे हाजार लोकेर हास्य-परिहास—
माझखाने तार तोमार चोखे आमार सर्वनाश।
आमेर वने दोला लागे, मुकुल पड़े झ'रे—
चिरकालेर चेना गन्ध हाओयाय ओठे भ'रे।
मञ्जरित शाखाय शाखाय, मउमाछिदेर पाखाय पाखाय,
क्षणे क्षणे वसन्तदिन फेलेछे निश्वास—
माझखाने तार तोमार चोखे आमार सर्वनाश॥

सितबर-अक्टूबर १९३४ 'गीतवितान ३'

---

**प्रहर......मास**—शेष प्रहर के आलोक से लाल उस दिन चैत्र मास मे, **तोमार. ....सर्वनाश**—तुम्हारी आँखो मे (मैने) अपना सर्वनाश देखा था, **ए.. खेलाय**—इस ससार के नित्य के खेल मे, **प्रतिदिनेर ..मेलाय**—प्रति दिन के प्राणों के मेले मे (नाना प्राणियो के समागम मे); **बाटे**—रास्ते मे, **लोकेर**—लोगो के; **माझखाने तार**—उसके मध्य, उसके बीच; **आमेर**—आम के; **दोला लागे**—(वायु का) झोका लगता है, **मुकुल .झ'रे**—मञ्जरि झर पडती है; **चिर-कालेर.... भ'रे**—चिर काल का परिचित गन्ध हवा मे भर जाता है; **मञ्जरित ... ..शाखाय**—मञ्जरि लगी हुई शाखाओ-शाखाओ मे; **मउमाछिदेर. पाखाय**—मधु-मक्खियों के पंखो मे, **फेलेछे निश्वास**—निश्वास लिया है।

# अवसन्न चेतनार गोधूलिवेलाय

देखिलाम, अवसन्न चेतनार गोधूलिवेलाय
देह मोर भेसे याय कालो कालिन्दीर स्रोत बाहि—
निये अनुभूतिपुञ्ज, निये तार विचित्र वेदना,
चित्र-करा आच्छादने आजन्मेर स्मृतिर सञ्चय,
निये तार बाँशिखानि। दूर हते दूरे येते येते
म्लान हये आसे तार रूप; परिचित तीरे तीरे
तरुच्छाया-आलिङ्गित लोकालये क्षीण हये आसे
सन्ध्या-आरतिर ध्वनि, घरे घरे रुद्ध हय द्वार,
ढाका पड़े दीपशिखा, नौका बाँधा पड़े घाटे।
दुइ तटे क्षान्त हल पारापार, घनालो रजनी,
विहङ्गेर मौनगान अरण्येर शाखाय शाखाय
महानि शब्देर पाये रचि दिल आत्मबलि तार।
एक कृष्ण अरूपता नामे विश्ववैचित्र्येर 'परे
स्थले जले। छाया हये, बिन्दु हये, मिले याय देह
अन्तहीन तमिस्राय। नक्षत्रवेदिर तले आसि

---

**देखिलाम**—देखा, **अवसन्न .. वेलाय**—अवसन्न चेतना की गोधूलि-वेला में; **मोर**—मेरी; **भेसे याय**—बह जाती है, **कालो**—काली, **स्रोत बाहि**—स्रोत के ऊपर; **निये**—ले कर; **तार**—अपनी; **चित्र.. ..सञ्चय**—आजन्म की स्मृति के संचय को चित्रित आच्छादन से ढँक कर; **बाँशिखानि**—बासुरी; **दूर. रूप**—दूर से दूर जाते-जाते उसका रूप म्लान हो आता है; **लोकालये**—नगर, ग्राम आदि मनुष्यो के निवास स्थान मे; **आरतिर**—आरती की; **घरे ..द्वार**—घर घर का दरवाजा बन्द होता है; **ढाका .. दीपशिखा**—दीप-शिखा ढँक (छिप) जाती है; **नौका—घाटे**—नौका घाट पर बाँध दी जाती है; **दुइ पार**—दोनो तटो पर आर पार (होने का क्रम) शान्त हुआ; **घनालो**—घनी हो आई, **महा. . तार**—महानि शब्द (निस्तब्धता) के पैरो मे अपनी आत्मबलि कर दी, **कृष्ण**—काली; **नामे**—उतरती है, **'परे**—ऊपर; **छाया हये**—छाया हो कर; **मिले याय**—मिल जाती है; **नक्षत्र... हाते**—नक्षत्र वेदी के नीचे आ कर अकेला स्तब्ध खडा हो कर

एका स्तब्ध दाँड़ाइया, ऊर्ध्वे चेये कहि जोडहाते—
हे पूषन्, सहरण करियाछ तव रश्मिजाल,
एबार प्रकाश करो तोमार कल्याणतम रूप,
देखि तारे ये पुरुष तोमार आमार माझे एक ।।

दिसेम्बर १९३७ 'प्रान्तिक'

## जन्मदिन

आज मम जन्मदिन। सद्यइ प्राणेर प्रान्तपथे
डुब दिये उठेछे से विलुप्तिर अन्धकार हते
मरणेर छाड़पत्र निये। मने हतेछे, की जानि,
पुरातन वत्सरेर ग्रन्थिबाँधा जीर्ण मालाखानि
सेथा गेछे छिन्न हये; नवसूत्रे पड़े आजि गाँथा
नव जन्मदिन। जन्मोत्सवे एइ-ये आसन पाता
हेथा आमि यात्री शुधु, अपेक्षा करिब, लब टिका
मृत्युर दक्षिण हस्त हते, नूतन अरुणलिखा
यबे दिबे यात्रार इङ्गित ।।

---

दोनो हाथ जोड ऊपर देख कहता हूँ; **संहरण ... जाल**—अपनी किरणो के जाल को समेट लिया है; **एबार . .रूप**—अब अपने कल्याणतम रूप को प्रकट करो, **देखि .....एक**—देखूँ उस पुरुष को जो तुम्हारे और मेरे भीतर एक है।

**सद्यइ......निये**—अभी अभी प्राणो के प्रान्त पथ (सीमा की ओर जाने वाले पथ) मे डुबकी लगा कर आगे चलने का अनुमति-पत्र मृत्यु से ले कर वह विलुप्ति के अन्धकार से बाहर निकला है, **मने हतेछे**—मन मे हो रहा है, लग रहा है, **की जानि**—क्या जाने, **ग्रन्थि बाँधा**—ग्रन्थि से बँधी हुई, **मालाखानि**—माला, **सेथा......हये**—वहाँ छिन्न हो गई है, **नवसूत्रे . ..गाँथा**—नये सूत्र (सूते) मे आज गूँथा जा रहा है, **जन्मोत्सवे. . . .शुधु**—जन्मोत्सव के लिये यह जो आसन बिछाया हुआ है, यहाँ मैं केवल यात्री मात्र हूँ। **अपेक्षा करिब**—प्रतीक्षा करूँगा; **लब. . .हते**—मृत्यु के दाहिने हाथ से टीका लूँगा, **नूतन . . इङ्गित**—नवीन अरुण रेखा जब यात्रा का इगित करेगी।

आज आसियाछे काछ
जन्मदिन मृत्युदिन, एकासने दोहे बसियाछे,
दुइ आलो मुखोमुखि मिलिछे जीवनप्रान्ते मम
रजनीर चन्द्र आर प्रत्युषेर शुकतारासम—
एक मन्त्रे दोंहे अभ्यर्थना ।।

प्राचीन अतीत, तुमि
नामाओ तोमार अर्घ्य, अरूप प्राणेर जन्मभूमि,
उदयशिखरे तार देखो आदि ज्योति। करो मोरे
आशीर्वाद, मिलाइया याक तृषातप्त दिगन्तरे
मायाविनी मरीचिका। भरेछिनु आसक्तिर डालि
काङालेर मतो—अशुचि सञ्चयपात्र करो खालि,
भिक्षामुष्टि धुलाय फिराये लओ, यात्रातरी बेये
पिछु फिरे आर्त चक्षे येन नाहि देखि चेये चेये
जीवनभोजेर शेष उच्छिष्टेर पाने ।।

हे वसुधा
नित्य नित्य बुझाये दितेछ मोरे—ये तृष्णा, ये क्षुधा

---

**आसियाछे काछे**—पास आए है, **एकासने बसियाछे**—एक ही आसन पर दोनो बैठे है, **दुइ. ...मम**—दोनो आलोक आमने-सामने मेरे जीवन की सीमा में मिलते है, **आर**—और; **दोंहे**—दोनो की।

**नामाओ**—नीचे उतारो, **तोमार**—अपना; **मोरे**—मुझे, **मिलाइया याक**—विलीन हो जाय, **भरेछिनु . . मतो**—आसक्ति की डाली को कङ्गाल के समान भरा था, **करो खालि**—खाली करो; **भिक्षामुष्टि. लओ**—भिक्षा की मुट्ठी धूल मे लौटा लो, **यात्रा. ...पाने**—यात्रा वाली नौका पर बहते, जीवन-भोज के उच्छिष्ट (जूठन) की ओर पीछे फिर कर कातर दृष्टि से बार बार न देखूं।

**नित्य. मोरे**—नित्य प्रति मुझे समझा दे रही हो, **ये**—जो;

तोमार ससाररथे सहस्रेर साथे बाँधि मोरे
टानायेछे रात्रिदिन स्थूल सूक्ष्म नानाविध डोरे,
नाना दिके नाना पथे, आज तार अर्थ गेल क'मे
छुटिर गोधूलिवेला तन्द्रालु आलोके। ताइ क्रमे
फिराये नितेछ शक्ति, हे कृपणा, चक्षुकर्ण थेके
आडाल करिछ स्वच्छ आलो; दिने दिने टानिछे के
निष्प्रभ नेपथ्य-पाने। आमाते तोमार प्रयोजन
शिथिल हयेछे, ताइ मूल्य मोर करिछ हरण,
दितेछ ललाटपटे वर्जनेर छाप। किन्तु, जानि
तोमार अवज्ञा मोरे पारे ना फेलिते दूरे टानि।
तव प्रयोजन हते अतिरिक्त ये मानुष, तारे
दिते हबे चरम सम्मान तव शेष नमस्कारे।
यदि मोरे पगु करो, यदि मोरे कर अन्धप्राय,
यदि वा प्रच्छन्न करो निःशक्तिर प्रदोषच्छायाय,
बाँध वार्धक्येर जाले, तबु भाङा मन्दिरवेदिते

---

**तोमार**–तुम्हारे, **बाँधि मोरे**–मुझे बाँध कर, **टानायेछे**–खीचता रहा है, **आज . आलोके**—छुट्टी की गोधूलि-वेला के तन्द्राविष्ट आलोक मे आज उसका अर्थ कम हो गया; **ताइ कृपणा**—इसीलिये हे कृपणा, क्रमश. शक्ति को लौटा ले रही हो, **चक्षु. . आलो**—आँख, कान से स्वच्छ आलोक को आड मे कर रही हो; **दिने. पाने**—दिन-दिन कौन निष्प्रभ नेपथ्य की ओर खीच रहा है, **आमाते... हरण**—तुम्हारे लिये मेरा प्रयोजन शिथिल हो गया (कम हो गया) इसीलिये मेरा मूल्य हरण कर रही हो, **दितेछ छाप**—ललाट पर परित्यक्त की छाप लगा रही हो, **किन्तु टानि**—लेकिन (मै) जानता हूँ तुम्हारी अवज्ञा मुझे दूर खीच कर नही फेक सकती, **तव. मानुष**—तुम्हारे प्रयोजन से अतिरिक्त जो मनुष्य है; **तारे ....नमस्कारे**—उसे अपने अन्तिम नमस्कार से सर्वोच्च सम्मान देना होगा; **कर**—करो, **यदि . .छायाय**—नि शक्ति (शक्ति हीनता) के प्रदोष-(सन्ध्या) की छाया से यदि ढक दो (छिपा दो), **बाँध ..जाले**—बुढापे के जाल मे बाँधो, **तबु सगौरवे**—तौभी टूटे-फूटे मन्दिर की वेदी पर गौरव के साथ ही

प्रतिमा अक्षुण्ण रबे सगौरवे—तारे केडे निते
शक्ति नाइ तव ।।

भाङो भाङो, उच्च करो भग्नस्तूप,
जीर्णतार अन्तराले जानि मोर आनन्दस्वरूप
रयेछे उज्ज्वल हये। सुधा तारे दियेछिल आनि
प्रतिदिन चतुर्दिके रसपूर्ण आकाशेर वाणी,
प्रत्युत्तरे नाना छन्दे गेयेछे से 'भालोबासियाछि'।
सेइ भालोबासा मोरे तुलेछे स्वर्गेर काछाकाछि
छाड़ाये तोमार अधिकार। आमार से भालोबासा
सब क्षयक्षतिशेषे अवशिष्ट रबे; तार भाषा
हयतो हाराबे दीप्ति अभ्यासेर म्लान स्पर्श लेगे,
तबु से अमृतरूप सङ्गे रबे यदि उठि जेगे
मृत्युपरपारे। तारि अङ्गे एँकेछिल पत्रलिखा
आम्रमञ्जरिर रेणु, एँकेछे पेलव शेफालिका
सुगन्धि शिशिरकणिकाय, तारि सूक्ष्म उत्तरीते
गेँथेछिल शिल्पकारु प्रभातेर दोयेलेर गीते

---

प्रतिमा अक्षुण्ण रहेगी, **तारे..... तव**—उसे काढ (निकाल) लेने की तुम्हे शक्ति नही है।

**भाङो भाङो**—तोडो तोडो, **जानि**—जानता हूँ, **रयेछे.....हये**—उज्ज्वल हो कर वर्तमान है; **तारे**—उसको; **दियेछिल आनि**—ला कर दिया था; **गेयेछे.....भालोबासियाछि**—उसने गाया है कि 'प्यार किया है'; **सेइ ...अधिकार**—उसी प्रेम ने तुम्हारे अधिकार से छुडा कर (हटा कर) मुझे स्वर्ग के पास उठाया है, **आमार.....रबे**—मेरा वह प्रेम सब कुछ नष्ट भ्रष्ट होने पर भी अवशिष्ट रहेगा; **तार.....लेगे**—हो सकता है कि उसकी भाषा अभ्यास के म्लान स्पर्श के लगने से (अपनी) दीप्ति खो देगी; **तबु ..पारे**—तौभी वह अमर रूप साथ रहेगा अगर मृत्यु के उस पार जग उठूँ; **तारि.... रेणु**—उसीके अंग पर आम्र-मञ्जरी की रेणु (पराग) ने चित्र रचना की थी; **एँकेछे**—अंकित किया है; **पेलव**—अत्यन्त कोमल; **कणिकाय**—छोटे कणों से; **तारि**—उसीके, **गेँथेछिल**—गूँथा था, **शिल्पकारु**—शिल्पकार, शिल्पी, **दोयेल**—एक पक्षी,

चकित काकलिसूत्रे, प्रियार विह्वल स्पर्शखानि
सृष्टि करियाछे तार सर्व देहे रोमाञ्चित वाणी—
नित्य ताहा रयेछे सञ्चित। येथा तव कर्मशाला
सेथा वातायन हते के जानि पराये दित माला
आमार ललाट घेरि सहसा क्षणिक अवकाशे—
से नहे भृत्येर पुरस्कार, की इङ्गिते, की आभासे
मुहूर्ते जानाये च'ले येत असीमेर आत्मीयता
अधरा अदेखा दूत, ब'ले येत भाषातीत कथा
अप्रयोजनेर मानुषेरे ॥

से मानुष, हे धरणी,
तोमार आश्रय छेड़े याबे यबे, नियो तुमि गणि
या-किछु दियेछ तारे, तोमार कर्मीर यत साज,
तोमार पथेर ये पाथेय, ताहे से पाबे ना लाज,
रिक्तताय दैन्य नहे। तबु जेनो, अवज्ञा करि नि
तोमार माटिर दान, आमि से माटिर काछे ऋणी—

---

**प्रियार**—प्रिया का, **स्पर्शखानि**—स्पर्श; **सृष्टि.... वाणी**—उसके सम्पूर्ण शरीर मे रोमाञ्चित वाणी की सृष्टि की है, **ताहा**—वह, **रयेछे सञ्चित**—सञ्चित है, **येथा**—जहा; **सेथा**—वहाँ, **वातायन . .अवकाशे**—वातायन से क्षण भर के अवकाश मे न-जाने कौन मेरे ललाट को घेर कर माला पहना देता; **से**—वह; **नहे**—नही है, **की**—किस, **जानाये**—जना कर, **च'ले येत**—चला जाता; **असीमेर**—असीम की; **अधरा**—पकडाई नही देने वाला; **अदेखा**—दिखलाई नही पडने वाला; **बले . .मानुषेरे**—(इस) अनावश्यक व्यक्ति से भाषातीत बात कह जाता।

**से मानुष**—वह मनुष्य (व्यक्ति); **तोमार. . ..यब**—जब तुम्हारे आश्रय को छोड कर चला जाएगा, **नियो .. तारे**—उसे तुमने जो कुछ दिया है (उसे) गिन लेना; **तोमार. . .साज**—कर्मचारी की तुम्हारी जितनी साज-सज्जा है, **तोमार ....पाथेय**—पथ का जो तुम्हारा पाथेय है, **ताहे . लाज**—उससे वह लज्जा नही अनुभव करेगा, **रिक्तताय**—रिक्तता मे, **नहे**—नही है; **तबु जेनो**—तौभी जान लो, **अवज्ञा ऋणी**—तुम्हारी मिट्टी के दान की (मैने)

जानायेछि बारम्बार, ताहारि बेड़ार प्रान्त हते
अमूर्तेर पेयेछि सन्धान। यबे आलोते आलोते
लीन हत जड़यवनिका, पुष्पे पुष्पे तृणे तृणे
रूपे रसे सेइ क्षणे ये गूढ रहस्य दिने दिने
ह'त निश्वसित, आजि मर्तेर अपर तीरे बुझि
चलिते फिरानु मुख ताहारि चरम अर्थ खुँजि ।।

यबे शान्त निरासक्त गियेछि तोमार निमन्त्रणे
तोमार अमरावती सुप्रसन्न सेइ शुभक्षणे
मुक्तद्वार, बुभुक्षुर लालसारे करे से वञ्चित,
ताहार माटिर पात्रे ये अमृत रयेछे सञ्चित
नहे ताहा दीन भिक्षु लालायित लोलुपेर लागि।
इन्द्रेर ऐश्वर्य निये, हे धरित्री, आछ तुमि जागि
त्यागीरे प्रत्याशा करि, निर्लोभेर सँपिते सम्मान,
दुर्गमेर पथिकेरे आतिथ्य करिते तव दान
वैराग्येर शुभ्र सिहासने। क्षुब्ध यारा, लुब्ध यारा,
मांसगन्धे मुग्ध यारा, एकान्त आत्मार दृष्टिहारा

---

अवज्ञा नही की है, मै उस मिट्टी के निकट ऋणी हूँ, **जानायेछि**—जताया है; **ताहारि. ....सन्धान**—उसीके घेरे की सीमा से अमूर्त का पता पाया है; **यबे**—जब; **आलोते**—आलोक मे, **हत**—होती; **सेइ क्षणे**—उसी क्षण मे, **ये**—जो; **आजि**—आज; **बुझि**—लगता है; **आजि..... खुँजि**—आज लगता है मृत्युलोक के दूसरे पार जाते (समय) उसीका चरम अर्थ खोजने के लिये मुख फेरा है।

**गियेछि.. .निमन्त्रणे**—तुम्हारे निमन्त्रण पर गया हूँ, **बुभुक्षुर ... वञ्चित**—भूखे की लालसा उससे वञ्चित कर देती है; **ताहार ....लागि**—उसकी मिट्टी के पात्र मे जो अमृत सञ्चित है वह दीन, लालायित, लोलुप भिक्षुक के लिये नही है, **इन्द्रेर. . करि**—हे धरित्री, इन्द्र का ऐश्वर्य लिए हुए तुम त्यागी की आशा (प्रतीक्षा) मे जगी हुई हो; **निर्लोभेर.. सम्मान**—निर्लोभी को सम्मान सौपने (देने) के लिये; **दुर्गमेर पथिकेरे**—दुर्गम के पथिक को, **करिते**—करने के लिये; **यारा**—जो; **एकान्त**—बिल्कुल, एकदम, **दृष्टिहारा**—दृष्टि को खोया हुआ,

श्मशानेर प्रान्तचर, आवर्जनाकुण्ड तव घेरि
बीभत्स चीत्कारे तारा रात्रिदिन करे फेराफेरि—
निर्लज्ज हिसाय करे हानाहानि ।।

शुनि ताइ आजि
मानुष—जन्तुर हुहुकार दिके दिके उठे बाजि ।
तबु येन हेसे याइ येमन हेसेछि बारे बारे
पण्डितेर मूढताय, धनीर दैन्येर अत्याचारे
सज्जितेर रूपेर विद्रूपे । मानुषेर देवतारे
व्यङ्ग करे ये अपदेवता बर्बर मुखविकारे
तारे हास्य हेने याब, ब'ले याब—'ए प्रहसनेर
मध्य अंके अकस्मात् हबे लोप दुष्ट स्वपनेर,
नाटयेर कबर-रूपे बाकि शुधु रबे भस्मराशि
दग्धशेष मशालेर, आर अदृष्टेर अट्टहासि ।'
बले याब, 'द्यूतच्छले दानवेर मूढ अपव्यय
ग्रन्थिते पारे ना कभु इतिवृत्ते शाश्वत अध्याय ।।'

---

**श्मशानेर प्रान्तचर**—श्मशान मे चलने वाला, **घेरि**—घेर कर; **तारा**—वे; **करे फेराफेरि**—चक्कर काटते है, **हिंसाय**—हिंसा से; **हानाहानि**—मारकाट ।

**शुनि. बाजि**—इसीलिये आज मनुष्य-जन्तु का दिशाओ दिशाओ मे ध्वनित हुकार सुनता हूँ; **तबु विद्रूपे**—तौभी जैसे हँसता जाऊँ, जिस प्रकार पडितो की मूढता, गरीबो पर धनियो के अत्याचार, तथा शृगार करने वालो के रूप के विद्रूप पर बार बार हँसा हूँ, **मानुषेर करे**—मनुष्य के (भीतर के) देवता को व्यङ्ग करता है, **ये**—जो, **अपदेवता**—अपकृष्ट देवता (दुष्ट प्रकृति के लोग), **मुखविकारे**—मुँह के विकार द्वारा (मुँह बना कर), **तारे याब**—उन्हे हास्य (उपहास) का आघात कर जाऊँगा, **ब'ले याब**—कह जाऊँगा, **ए**—इस, **हबे**—होगा, **नाट्येर मशालेर**—केवल जले हुए मशाल की भस्मराशि अभिनय की समाधि के रूप मे बाकी रह जाएगी, **आर...अट्टहासि**—और (रह जाएगा) भाग्य का अट्टहास, **बले याब**—कह जाऊँगा, **द्यूत.. अध्याय**—द्यूत के छल से दानव का मूढ अपव्यय कभी भी इतिहास मे शाश्वत अध्याय नही गूँथ सकता (अर्थात् दानव कल बल छल मे जितनी ही अपनी शक्ति का अपव्यय क्यो न करे वह इतिहास मे शाश्वत अध्याय नही जोड सकता) ।

वृथा वाक्य थाक् । तव देहलिते शुनि घण्टा बाजे,
शेष-प्रहरेर घण्टा, सेइ सङ्गे क्लान्त वक्षोमाझे
शुनि बिदायेर द्वार खुलिबार शब्द से अदूरे
ध्वनितेछे सूर्यास्तेर रङे राङा पुरबीर सुरे ।
जीवनेर स्मृतिदीपे आजिओ दितेछे यारा ज्योति
सेइ क'टि बाति दिये रचिब तोमार सन्ध्यारति
सप्तर्षिर दृष्टिर सम्मुखे, दिनान्तेर शेष पले
रबे मोर मौनवीणा मूर्छिया तोमार पदतले ।—
आर रबे पश्चाते आमार नागकेशरे चारा
फुल यार धरे नाइ, आर खेयातरीहारा
ए पारेर भालोबासा—विरहस्मृतिर अभिमाने
क्लान्त हये रात्रिशेषे फिरिबे से पश्चातेर पाने ।।

८ मई १९३८ 'सेंजुति'

---

**वृथा. ..... थाक्**—व्यर्थ की (इन) बातो को जाने दो, **तव.... घण्टा**—तुम्हारी देहली (दहलीज) पर सुनता हूँ घण्टा बजता है, शेष प्रहर का घण्टा, **सेइ ..शब्द**—उसीके साथ (अपने) क्लान्त वक्ष मे बिदाई के द्वार के खुलने का शब्द (की आवाज) सुनता हूँ, **से .. .सुरे**—वह अदूर (निकट ही) सूर्यास्त के रंग मे रंगा हुआ पुरबी (राग) के सुर मे ध्वनित हो रहा है; **जीवनेर. .. सम्मुखे**—जीवन के स्मृति-दीप मे जो आज भी ज्योति देते है उन कई बत्तियो को ले कर सप्तर्षियो की दृष्टि के सामने तुम्हारी सन्ध्या-आरती करूँगा; **दिनान्तेर .. .पदतले**—दिनान्त के शेष क्षण मे मेरी मौन वीणा तुम्हारे पदतल में मूर्च्छित पडी रहेगी, **आर .. नाइ**—और मेरे पीछे नागकेशर का नया पौधा रहेगा जिसमे फूल नही आए है; **आर. बासा**—और आर-पार होने वाली नौका को नही पाने वाला (मेरा) इसपार का प्यार रहेगा; **विरह. .. पाने**—विरह की स्मृति की मनोवेदना से क्लान्त हो कर रात्रि के शेष में वह (मेरा प्रेम) पीछे की ओर फिर कर (देखेगा), **अभिमान**—प्रियजन के त्रुटिपूर्ण आचरण के कारण मनोवेदना ।

## जपेर माला

एका बसे आछि हेथाय यातायातेर पथेर तीरे
यारा बिहान बेलाय गानेर खेया आनल बेये प्राणेर घाटे,
आलोछायार नित्य नाटे
साँझेर बेलाय छायाय तारा मिलाय धीरे ।।

आजके तारा एल आमार स्वप्नलोकेर दुयार घिरे,
सुरहारा सब व्यथा यत एकतारा तार खुँजे फिरे ।
प्रहर परे प्रहर ये याय, बसे बसे केवल गनि
नीरव जपेर मालार ध्वनि
अन्धकारेर शिरे शिरे ।।

३० अक्टूबर १९४० 'रोगशय्याय'

---

**जपेर माला**—जप की माला; **एका .तीरे**—यातायात के रास्ते के किनारे यहाँ अकेला बैठा हुआ हूँ; **यारा . घाटे**—जो भोर वेला मे गान की आर-पार करने वाली नौका को खेकर प्राणो के घाट पर ले आए; **आलोछायार**—प्रकाश और अंधकार के, **नाटे**—रगमञ्च पर, **साँझेर .... धीरे**—सन्ध्या वेला वे छाया मे धीरे-से विलीन हो जाते है ।

**आजके......घिरे**—आज वे सब मेरे स्वप्नलोक के द्वार को घेरते हुए आए, **सुरहारा......फिरे**—खोए हुए सुर की जितनी सब व्यथाएँ है अपने एकतारा को खोजती फिरती है; **प्रहर.... याय**—प्रहर के बाद प्रहर जाते है (बीतते है); **बसे....ध्वनि**—बैठा बैठा केवल नीरव जप की माला की ध्वनि को गिनता रहता हूँ; **अन्धकारेर ...शिरे**—अन्धकार की शिराओ-शिराओ मे ।

## ऋणशोध

अजस्र दिनेर आलो,
जानि, एकदिन
दु चक्षुरे दियेछिले ऋण।
फिराये नेबार दाबि जानायेछ आज
तुमि, महाराज।
शोध करे दिते हबे जानि,
तबु केन सन्ध्यादीपे
फेल छायाखानि।
रचिले ये आलो दिये तव विश्वतल
आमि सेथा अतिथि केवल।
हेथा होथा यदि पडे थाके
कोनो क्षुद्र फाँके
नाइ हल पुरा
सेटुकु टुकुरा—
रेखे येयो फेले
अवहेले,
येथा तव रथ
शेष चिह्न रेखे याय अन्तिम धुलाय
सेथाय रचिते दाओ आमार जगत्।

**अजस्र**—अपरिमित, **दिनेर आलो**—दिन का प्रकाश, **जानि**—जानता हूँ, **दु ...ऋण**—दोनो चक्षुओ को ऋण दिया था; **फिराये.... ..महाराज**—हे महाराज, लौटा लेने का दावा आज तुमने जताया है; **शोध.... .जानि**—जानता हूँ (ऋण) परिशोध कर देना होगा, **तबु.. .खानि**—तौभी क्यो सन्ध्या के दीपक मे छाया कर देते हो; **रचिले. . ..केवल**—जिस प्रकाश से (तुमने) जगत् की रचना की वहाँ मै केवल अतिथि हूँ; **हेथा .. ..टुकुरा**—यहाँ वहाँ अगर कोई छोटा छिद्र रह गया (और) उतना भर टुकडा पूरा नही हुआ हो; **रेखे. .. .अवहेले**—(तो) अवहेला के साथ फेक कर रख जाना; **येथा... .जगत्**—जहाँ तुम्हारा रथ अन्तिम धूलि मे शेष चिह्न रख जाय वहाँ मेरे जगत् की रचना करने दो,

अल्प किछु आलो थाक्,
अल्प किछु छाया,
आर किछु माया।
छायापथे लुप्त आलोकेर पिछु
हयतो कुडाये पाबे किछु—
कणामात्र लेश
तोमार ऋणेर अवशेष।

३ नवम्बर १९४० 'रोगशय्याय'

## आमार कीर्तिरे आमि करि ना विश्वास

आमार कीर्तिरे आमि करि ना विश्वास।
जानि, कालसिन्धु तारे
नियत तरङ्ग घाते
दिने दिने दिबे लुप्त करि।
आमार विश्वास आपनारे।
दुइ वेला सेइ पात्र भरि
ए विश्वेर नित्यसुधा
करियाछि पान।

---

**किछु**—कुछ, **थाक्**—रहे, **आर**—और; **माया**—ममता, **छायापथे.. पिछु**—छाया-पथ मे लुप्त आलोक के पीछे, **हयतो.. अवशेष**—हो सकता है कि चुनने से अपने ऋण के अवशेष का कण-मात्र लेश कुछ पाओगे।

**आमार. .विश्वास**—अपनी कीर्ति का मै विश्वास नही करता, **जानि**—जानता हूँ; **नियत**—नियमित; **नियत. . करि**—नियमित (रूप से) प्रत्येक दिन के तरङ्गो के आघात से लुप्त कर देगा, **आमार. आपनारे**—मेरा विश्वास अपने आप में है, **दुइ ... पान**—दोनों वेला उसी पात्र को भर कर इस विश्व की नित्य (अमर) सुधा का पान किया है,

प्रति मुहूर्तेर भालोबासा
तार माझे हयेछे सञ्चित।
दुःखभारे दीर्ण करे नाइ,
कालो करे नाइ धूलि
शिल्पेरे ताहार।
आमि जानि, याब यबे
ससारेर रङ्गभूमि छाडि,
साक्ष्य देबे पुष्पवन ऋतुते ऋतुते
ए विश्वेरे भालोबासियाछि।
